# आओ ! संस्कृत सीखें !

## भाग 2




लेखकः पं. शिवलालभाई नेमचंद शाह

भावानुवाद-संपादकः

आचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरिजी म.


1


2



3


4



5



6


13


14



15


16


17



18


25



26



हिन्दी साहित्यकार पू. पन्यासप्रवर
**श्री रत्नसेन विजयजी म.सा.का**
अनमोल साहित्य वैभव


27


28



35



36



37


38



39



40



47


48


49


50



51



52



59



60



61


62


63



64


आनंदघन चौवीसी
7
मानवता तब महक उठेगी
मुनि श्री रत्नसेन विजयजी म.
8
9
10
11
12
महाभारत
19
20
THE LIGHT OF HUMANITY
Muni Ratnasen Vijay
21
22
दिव्य संदेश
23
तब आंसू भी मोती बन जाते है
24
श्रावक जीवन दर्शन
29
30
THE MESSAGE FOR THE YOUTH
31
दिव्य संदेश
32
आनन्द की शोध
33
आग और पानी
34
भक्ति से मुक्ति
41
आओ ! प्रतिक्रमण करें
42
प्रिय कहानियाँ
43
अध्यात्म योगी पूज्य गुरुदेव
44
आओ ! श्रावक बनें !
45
46
सफलता की सीढ़ियाँ
53
54
देववंदन तपमाला
55
नवपद प्रवचन
56
ऐतिहासिक कहानियाँ
57
तेजस्वी सितारे
58
65
शंका-समाधान
66
67
68
69
भगवान महावीर
70

# आओ ! संस्कृत सीखें !!

(हैम–संस्कृत–प्रवेशिका भाग – II)

**–: लेखक :–**

**पंडितवर्य श्री शिवलाल नेमचंद शाह**

**145**

**–: हिन्दी अनुवादक – संपादक :–**

जैन शासन के महान ज्योतिर्धर, परमशासन प्रभावक, व्याख्यान वाचस्पति पूज्यपाद आचार्यदेव **श्रीमद्विजय रामचन्द्रसूरीश्वरजी** म.सा. के तेजस्वी शिष्यरत्न अध्यात्मयोगी, निःस्पृह शिरोमणि प्रशांतमूर्ति पूज्यपाद **पंन्यासप्रवर श्री भद्रंकरविजयजी** गणिवर्य के कृपापात्र प्रवचन प्रभावक मरुधर रत्न **पूज्यपाद पंन्यासप्रवर श्री रत्नसेनविजयजी गणिवर्य**


–: प्रकाशक :–

**दिव्य संदेश प्रकाशन**

**C/o. सुरेन्द्र जैन**

44, कोलभाट लेन, ऑफिस नं. 5,

आवृत्ति-प्रथम • मूल्य : 95/- रुपये

विमोचन : 20-1-2011, गुरुवार थाणा आचार्य पद प्रदान दिन

## आजीवन सदस्य योजना

आजीवन सदस्यता शुल्क - 2500/- रु.

- आप जैन धर्म के रहस्य - जैन इतिहास - जैन तत्त्वज्ञान - जैन आचार मार्ग, प्रेरणादायी कथाएँ आदि का अध्ययन करना चाहते हों तो आज ही आप दिव्य संदेश प्रकाशन मुम्बई की आजीवन सदस्यता प्राप्त कर लें। आजीवन सदस्यों को अध्यात्मयोगी नि:स्पृह शिरोमणि स्व. पूज्यपाद पंन्यासप्रवर श्री भद्रंकर विजयजी गणिवर्यश्री एवं उन्हीं के चरम शिष्यरत्न प्रवचन प्रभावक पू. पंन्यासश्री रत्नसेन विजयजी म. सा. का उपलब्ध हिन्दी साहित्य, प्रतिमास प्रकाशित अर्हद् दिव्य संदेश एवं भविष्य में प्रकाशित हिन्दी साहित्य घर बैठे पहुँचाया जाएगा। आप मुंबई या बेंगलोर के पते पर दिव्य संदेश प्रकाशन-मुंबई के नाम से चेक, ड्राफ्ट से रकम भर सकोगे।

**आजीवन सदस्यता शुल्क Rs. 2500/- भिजवाने का पता एवं पुस्तक प्राप्ति स्थान**

**दिव्य संदेश प्रकाशन**
C/o. सुरेन्द्र जैन,
47, कोलभाट लेन, ऑ. नं. 5,
डॉ. एम.बी. वेल्कर लेन,
ग्राउंड फ्लोर, मुंबई-400 002.
© 2203 45 29 Mob.: 98920 69330

## प्राप्ति स्थान

1. चंदन एजेंसी M. 9820303451
607, चीरा बाजार, ग्राउंड फ्लोर,
मुंबई - 400 002.
© R. : 2206 0674 O. 2205 6821

2. प्रकाश बडोल्ला
3, 3rd Cross, Shankarmart Road,
Shankarpura, Banglore-560 004.
Karnataka, M.: 9448277435
O.: 41247472

3. चेतन हसमुखलालजी मेहता
पवनकुंज, 303, A Wing,
नाकोड़ा हॉस्पिटल के पास,
भायंदर-401 101. © 2814 0706
M. 9867058940

4. राहुल बैद
C/o. अरिहंत मेटल को.,
4403, गली लोटन, जारवाडी, सदर बाजार
पहाड़ी-धीरज दिल्ली-110 006.
M. 9810353108

5. मुनिसुव्रत स्वामी जैन मित्र मंडल
Shop No. 8, सालासर प्लाजा,
बावन जिनालय के पीछे,
60 Feet Road, भायंदर,
जि.ठाणा-401 101.
C/o. धर्मेश रांका M. 98202 01534

6. श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर संघ
श्री सुरेशगुरुजी M.: 9844104021
नं.4, Old No. 38,
ग्राउन्ड फलोर, रंगराव रोड, शंकरपुरम
बेंगलोर- 560004 (कर्नाटक)

## प्रकाशक की कलम से....

जैन शासन के महान ज्योतिर्धर परम शासन प्रभावक सुविशाल गच्छ नायक दीक्षा के दानवीर स्व. पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् **विजय रामचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.** के तेजस्वी शिष्यरत्न अध्यात्मयोगी, निःस्पृह शिरोमणि, बीसवीं सदी के महान योगी, नवकार साधक पूज्यपाद **पंन्यासप्रवर श्री भद्रंकरविजयजी गणिवर्य** के चरम शिष्यरत्न, प्रवचन-प्रभावक, मरुधररत्न पूज्यपाद **पंन्यासप्रवर श्री रत्नसेन विजयजी म.सा.** के आचार्य पद प्रदान महोत्सव के पावन प्रसंग पर पंडितवर्य श्री शिवलालभाई द्वारा आलेखित एवं पूज्य पंन्यासजी म.सा. द्वारा हिन्दी भाषा में अनुदित एवं संपादित **'आओ! संस्कृत सीखें'** भाग-I एवं भाग-II का प्रकाशन करते हुए हमें अत्यंत ही हर्ष हो रहा है।

पूज्य श्री हिन्दी भाषा के प्रभावक प्रवचनकार एवं हिन्दी साहित्यकार है। आज तक उनके द्वारा आलेखित 143 पुस्तके प्रकाशित हो चूकी है।

प्रस्तुत पुस्तक का भी सरल-सुंदर हिन्दीकरण एवं संपादन पूज्यश्री ने अथक श्रम से किया है।

स्व. पूज्यपाद आचार्यदेव श्रीमद् विजय रामचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.के वर्तमान में विद्यमान ज्येष्ठ पूज्यों के निर्णयानुसार एवं निःस्पृहमूर्ति पूज्य पंन्यासप्रवर श्री वज्रसेनविजयजी म.सा. के शुभाशीर्वाद से शासन प्रभावक, खिवांदीरत्न पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय कनकशेखरसूरीश्वरजी म.सा. के वरद हस्तों से पूज्य पंन्यासजी म. को पोष कृष्णा एकम् संवत् 2067 दिनांक 20 जनवरी 2011 गुरुवार के शुभ दिन गुरुपुष्यामृत सिद्धियोग की मंगल बेला में वर्तमान में जैन शासन सर्वोच्च पद अर्थात् आचार्यपद पर प्रतिष्ठित किया जा रहा हैं, यह हमारे लिए खूब गर्व और गौरव की बात है।

मुंबई की धन्यधरा, कोंकण शत्रुंजय - 'थाणा' नगर में 58 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद में आचार्य पद प्रदान महोत्सव का सुअवसर हाथ में आया है।

इस महामंगलकारी महोत्सव प्रसंग में पूजा, पूजन, गौतमस्वामी संवेदना, नवकार जाप अनुष्ठान, श्रुतवंदना तथा जिन मंदिर शणगार, महापूजा के साथ में

ही पूज्यश्री द्वारा आलेखित संपादित एक साथ में पांच पुस्तकों का भव्य विमोचन भी होने जा रहा है। ऐसे पावन-प्रसंग दुर्लभता से ही प्राप्त होते है। वे कुशल प्रवचनकार और अवतरणकार भी हैं। सामायिक सूत्र, चैत्यवंदन सूत्र, आलोचना सूत्र, श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र, आनंदघन चौबीसी, आनंदघनजी के पद, पू. यशोविजयजी म. की चौबीसी आदि के ऊपर उन्होंने खूब सुंदर व सरलशैली में विवेचन भी किया है।

वे कुशल प्रवचनकार और अवतरणकार भी हैं। जैन रामायण और महाभारत पर दिए गए उनके जाहिर प्रवचनों का उन्होंने स्वयं ने आलेखन भी किया है।

वे कुशल भावानुवादक हैं-शांत सुधारस, श्राद्धविधि, गुणस्थानक क्रमारोह, प्रथम कर्मग्रंथ जैसे प्राचीन ग्रंथों का उन्होंने सरस भावानुवाद व विवेचन भी किया है।

वे प्रभावक कथा-आलेखक भी हैं-कर्मन् की गत न्यारी (महाबल-मलयासुंदरी चरित्र) आग और पानी (समरादित्य चरित्र) कर्म को नहीं शर्म (भीमसेन चरित्र) तब आँसू भी मोती बन जाते हैं। (सागरदत्त चरित्र) कर्म नचाए नाच (तरंगवती चरित्र) जैसे अनेक चरित्र ग्रंथों का धारावाहिक कहानी का उपन्यास शैली में आलेखन भी किया है।

वे प्रसिद्ध चिंतक भी हैं। प्रवचन मोती, प्रवचन रत्न, चिंतन मोती, प्रवचन के बिखरे फूल, अमृत की बूंदें, युवा चेतना जैसे प्रकाशनों में उनके हृदयस्पर्शी चिंतन भी प्रस्तुत हुए हैं।

वे कुशल प्रवचनकार भी हैं-सफलता की सीढ़ियाँ, श्रावक कर्तव्य, नवपद प्रवचन, प्रवचन-धारा, आनंद की शोध में, उनके प्रवचनों के सुंदर संकलन हैं।

वे प्रसिद्ध कहानीकार भी हैं, प्रिय कहानियाँ, मनोहर कहानियाँ, ऐतिहासिक कहानियाँ, मधुर-कहानियाँ, प्रेरक कहानियाँ आदि में उन्होंने अत्यंत ही सुंदर हृदयस्पर्शी कहानियों का आलेखन किया है।

जैन शासन के ज्योतिर्धर, महान् ज्योतिर्धर, तेजस्वी सितारे, गौतमस्वामी-जंबुस्वामी आदि में उन्होंने जैन शासन के महान् प्रभावक पुरुषों के जीवन चरित्रों का सुंदर आलेखन भी किया है।

वे कुशल संपादक भी है-युवाचेतना विशेषांक, जीवन निर्माण विशेषांक, आहार विज्ञान विशेषांक, श्रावकाचार विशेषांक, श्रमणाचार विशेषांक, सन्नारी विशेषांक, राजस्थान तीर्थ विशेषांक जैसे अनेक विशेषांकों का सफल संपादन भी किया है।

पूज्य श्री द्वारा आलेखित हिन्दी साहित्य अनेकों को सन्मार्ग की राह बता रहा है।

संस्कृत तो हमारी मातृभाषा थी। जैनो का अधिकांश साहित्य संस्कृत भाषा में ही है।

कलिकाल का प्रभाव समझो या हमारा पापोदय समझो, जिस संस्कृति में माता और मातृभाषा की खूब खूब महिमा थी, आज उसी देश में उनकी ही घोर उपेक्षा हो रही है।

पूज्यश्री के दिल में यह वेदना है। इसीलिए वे प्रवचन और लेखनी के माध्यम से माँ और मातृभाषा की महिमा समझाते है।

प्रस्तुत पुस्तक उन लोगों के लिए वरदान स्वरुप सिद्ध होगी, जिनके अन्तर्मन में जैन धर्म के गहन रहस्यों को जानने की तीव्र जिज्ञासा है।

संस्कृत भाषा को जानने-समझने वाला व्यक्ति जैन साहित्य का सरलता से बोध प्राप्त कर सकता है।

बस, प्रस्तुत पुस्तक का सदुपयोग कर सभी संस्कृत भाषाविद् बने और उस भाषा में उपलब्ध जैन साहित्य का गहन अध्ययन कर जैन धर्म के मर्म को अपने जीवन में उतारकर अपना आत्म कल्याण करें, इसी शुभ कामनाओं के साथ !

# लेखक की कलम से....

भारतवर्ष की और अपेक्षा से संपूर्ण जगत् की देशभाषा भिन्न भिन्न स्वरूपवाली प्राकृत भाषा रही है । शास्त्रीय रीति से विविध विज्ञानों को प्रस्तुत करने की भाषा, संपूर्ण देश में संस्कृत भाषा रही है, इस कारण यह भाषा विश्व की विशिष्ट भाषा हैं।

भारत देश की महान आर्य प्रजा के आध्यात्मिक महा संस्कृति के आदर्श पर विरचित मानव जीवन के प्रत्येक अंग-प्रत्यंग संबंधी गंभीर परिभाषाएँ प्राकृत और संस्कृत भाषा के शब्दकोश में संगृहीत हैं ।

जिस प्रकार संस्कृत भाषा का साहित्य विपुल प्रमाण में है, उसी प्रकार मानव हृदय पर उसका प्रभाव भी अत्यंत तेजस्वी है । मानव हृदय की भक्ति का प्रवाह उस ओर सदैव बहता रहा है ।

मानव बुद्धि को ग्राह्य ऐसा कोई विषय नहीं है, जिससे संबंधित वाङ्मय इस भाषा में न हो ।

शिल्प, ज्योतिष, संगीत, वैद्यक, निमित्त, इतिहास, नीति, धर्म, अर्थ, तत्त्वज्ञान, व्यवहार और अध्यात्म आदि संबंधी विविध कर्तृक अनेक ग्रंथ इस भाषा में हैं और आज भी विपुल प्रमाण में उपलब्ध हैं ।

दैनिक जीवन से संबंध रखनेवाले विषय, प्राचीन साहित्य-संशोधन, प्राचीन शोध, भाषा विज्ञान, तुलनात्मक भाषा शास्त्र आदि के अभ्यास के लिए इस भाषा के अभ्यास की आवश्यकता आज भी रही है ।

प्राकृत और संस्कृत भाषाएँ भारतीय संस्कृति का प्राण ही हैं, इतना ही नहीं, गहनता से विचार करें तो 'विश्व के सभी मनुष्य-जीवन का भी यह प्राण है' - यह कहना अधिक उचित और सत्य है ।

उत्तर और पूर्व भारत में संस्कृत भाषा का प्रभुत्व मध्य भारत और मालव देश में फैलने के बाद पिछले हजार वर्ष में गुजरात प्रदेश में भी खूब समृद्धि को बढ़ाता है।

कलिकालसर्वज्ञ महान् जैनाचार्य श्री हेमचंद्राचार्यजी के समय से तो सागर में आनेवाले ज्वार की तरह संस्कृत के शिष्ट साहित्य की रचना में भी ज्वार आता है, उस समय सोलंकी का राज्यकाल था।

सिद्ध हेमचन्द्र शब्दानुशासन नाम के प्रसिद्ध व्याकरण की रचना भी उसी काल में गुर्जरेश्वर सिद्धराज जयसिंह की विनंति से गुजरात के प्राचीन पाटनगर पाटण में हुई थी।

संस्कृत, प्राकृत, शौरसेनी, मागधी, पिशाची, अपभ्रंश इन छह: भाषाओं के नियमों से भरपूर अष्टाध्यायीमय तत्व प्रकाशिका प्रकाश महापर्व न्यास के साथ एक ही वर्ष में अकेले कलिकालसर्वज्ञ प्रभु ने वह महा व्याकरण तैयार किया था ।

विश्व वाङ्मय के अलंकारतुल्य उस महाव्याकरण को सिद्धराज जयसिंह महाराजा ने अपने पाटनगर पाटण (अणहिलपुर) में राज्य के ज्ञान कोशागार में बहुमानपूर्वक स्थापित किया था ।

चालू अभ्यासक्रम में उस महाव्याकरण को प्रवेश कराने के लिए उसकी अनेक नकलें तैयार कराई थीं और अन्य भी अनेक योजनाएँ प्रचार में रखी थीं । काकल और कायस्थ अध्यापक ने उसका अभ्यास कराने में अथक परिश्रम किया था । उस व्याकरण के अभ्यास से गुजरात और दूर दूर की भूमि गर्जना कर रही थी ।

काल के प्रवाह के साथ गुजरात ऊपर अनेक आक्रमण हुए । संस्कृतभाषा के अभ्यास में मंदता आने पर भी उसका प्रभाव प्रबल था । उसका वही

आकर्षण था ।

धीरे धीरे उसके पठन-पाठन में पुनः वेग आया है । वर्तमान में अनेक त्यागी व गृहस्थी, अनेक अभ्यासी उसका अभ्यास कर रहे हैं ।

संस्कृत भाषा के अभ्यासी विद्यार्थी उस महाव्याकरण में सरलता से प्रवेश कर सकें और अल्प समय में ही संस्कृत भाषा का अच्छा अभ्यास कर सकें, इसके लिए व्याकरण को लक्ष्य में रखकर सरल व रसमय प्रवेशिकाएँ लिखने का विचार मन में आया करता था ।

मैंने अनेक अभ्यासी जैन मुनियों और अन्य विद्वानों के आगे अपनी भावना व्यक्त की, उनकी हार्दिक प्रेरणा और मेरे उत्साह के फलस्वरूप जो फल प्राप्त हुआ है, इसे आप सभी के हाथों में रखते हुए आनंद अनुभव करता हूँ ।

परम पूज्य परम तपस्वी शांत महात्मा पंन्यासप्रवर श्री श्री 1008 श्री कांतिविजयजी म.सा. की असाधारण कृपादृष्टि, पंडितश्री प्रभुदास बेचरदास पारेख का संस्कारिक मार्गदर्शन, पंडितजी श्री वर्षानंद धर्मदत्तजी मिश्र की व्याकरण संबंधी स्खलनाओं के आगे लालबत्ती धरने की तत्परता आदि तत्त्वों का मैं ऋणी हूँ ।

विद्यार्थी, अध्यापक और विद्वानों की नजर में जहाँ कहीं स्खलनाएँ नजर में आए, इस संबंधी सूचनाएँ, सहृदय भाव से अवश्य सूचित करेंगे, इसी आशा के साथ विराम लेता हूँ ।

**पाटण (अणहिलपुर)** **शिवलाल नेमचंद शाह**
**(उत्तर गुजरात)**

# गुरुवंदना



जिनशासन के महान् ज्योतिर्धर
स्व. पूज्यपाद आचार्यदेव श्रीमद्
**विजय रामचन्द्रसूरीश्वरजी म.**



अध्यात्मयोगी
पूज्यपाद पंन्यासप्रवर
**श्री भद्रंकरविजयजी गणिवर्य म.**



प्रभावक प्रवचनकार
**आचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरिजी म.**



# पंडित शिवलाल नेमचंद शाह

पाटण ( उ.गु.)

## प्रकाशन - सहयोगी

- माणेकचंदजी सरेमलजी कोठारी - भिनमाल
- एन.बी. शाह जवेरचंदजी नथमलजी - कोसेलाव (भायखला )
- श्रीमती धाकुबाई मिश्रीमलजी सुंदेशा मुथा-रोहा (बिजोवा निवासी)
- स्व. पारसमलजी जीवराजजी खीचा - थाणा (आउवा-देवली निवासी)
- अ.सौ. निशाबेन राजेशभाई शाह - वालकेश्वर (सोनम-सेल, कुणाल)
- शा.रतनचंदजी केसरीमलजी-भायखला (तखतगढ निवासी)

# शुभ कामना

**लेखक : पूर्वदेश कल्याणकतीर्थोद्धारक पूज्यपाद आचार्यदेव श्रीमद्विजय मुक्तिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.**

कलिकाल सर्वज्ञ आचार्यप्रवर श्री हेमचन्द्रसूरिजी महाराजा ने श्री सिद्धहेम व्याकरण का निर्माण किया। जो महाग्रंथ ६ हजार गाथा प्रमाण है। टीका के साथ अठारह हजार गाथा प्रमाण भी होता है।

कहा जाता है कि चौलुक्य चूडामणि महाराजा कुमारपाल ने छ हजार श्लोक प्रमाण सिद्धहेम व्याकरण को कण्ठस्थ किया था एवं व्याकरण संशुद्ध संस्कृतभाषामय साधारण जिन स्तवन की इतनी सुंदर रचना की थी कि जो रचना आज जैनशासन के बड़े बड़े विद्वान आचार्य के श्रीमुख से भी सुनने को मिलती है।

व्याकरण सीखे बिना संस्कृत भाषा पर प्रभुत्व पाना मुश्किल है लेकिन सभी की यह ताकत नहीं होती है कि वे व्याकरण कण्ठस्थ कर संस्कृत भाषा में निष्णात बन सके। संस्कृतप्रेमी विद्यार्थियों के लिये अणहिलपुर (पाटण) निवासी विद्वान पंडित श्री शिवलाल नेमचंद शाह ने व्याकरण के अति उपयोगी नियमों को गुजराती भाषा में परावर्तित कर हैम संस्कृत प्रवेशिका नामक अध्ययन बुक बनायी जिस के तीन भाग है प्रथमा, मध्यमा एवं उत्तमा ।

संस्कृत भाषा के अध्ययन के लिये पहले भांडारकर की टेक्सबुकों का उपयोग होता था, आज पूरे जैन समाज में साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका एवं मुमुक्षुगण पं. शिवलाल की बुक का उपयोग करते है।

लेकिन जो साधु-साध्वी या मुमुक्षु हिन्दीभाषी होते है उनको गुजराती बुक को पढ़ना बहुत ही मुश्किल होता था । इस बात का अनुभव आज तक बहुत से विद्यार्थियों को बहुत बार हो चुका था फिर भी इस दिशा में निर्णयात्मक कदम उठाने की पहल आज तक किसी

ने नहीं की थी जो पहल पंन्यासजी श्री रत्नसेन विजयजी ने की है।

बाते करना आसान है, कार्य करना आसान नही है । परंतु **संकल्पित कार्य के प्रति उत्साह उत्स्फूर्त चेतना व अप्रमादभाव पंन्यासजी म. का दूसरा पर्याय है। अत: वे कोई भी कार्य उठाने के बाद पूर्ण कर के ही रहते है ।**

अपने पास पढ़ने के लिये आये हुए एक हिन्दीभाषी जिज्ञासु की वेदना को अपनी संवेदना का स्वरुप देकर पंन्यासजी म. ने हैम संस्कृत प्रवेशिका को हिन्दी में रुपान्तरित करने का जो प्रयत्न किया है, वह अत्यन्त सराहनीय एवं सहज अनुमोदनीय है।

संस्कृत अध्ययन का अभिलाषी अगर हिन्दीभाषी है तो उसके लिये ये हिन्दी हैम संस्कृत प्रवेशिकाएँ नितान्त आशीर्वाद रुप बन पाएगी ।

संस्कृत भाषा ही एक सर्वांगसुंदर भाषा है। या सरस्वती जिस के उपर प्रसन्न हो, वही यह भाषा सीखने में समर्थ बन पाता है ।

साधु-साध्वी एवं मुमुक्षु आत्माएं इस पुस्तक के माध्यम से संस्कृतज्ञ बनकर अपनी अपनी योग्यता के अनुसार शास्त्र ग्रंथों का ज्ञान प्राप्त कर आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ें यही शुभकामना ।

**– विजयमुक्तिप्रभसूरि**

मनमोहन पार्श्वनाथ जैन मंदिर
टिंबर मार्केट, पूना-४२
दि. १५-१०-२०१०

संपादक की कलम से....

# संस्कृत भाषा ज्ञान की आवश्यकता

**– पूज्य पंन्यास श्री रत्नसेनविजयजी म.**

तारक तीर्थंकर परमात्मा जगत् के जीवों के कल्याण के लिए धर्मोपदेश देते हैं। वास्तविक मोक्षमार्ग दिखलाकर परमात्मा जगत् के जीवों पर जो महान् उपकार करते हैं, उसकी तुलना अन्य किसी से नहीं की जा सकती है ।

भूखे को भोजन देने से, प्यासे को पानी पिलाने से, वस्त्र रहित को वस्त्र देने से उपकार अवश्य होता है, परंतु वह उपकार क्षणिक और अस्थायी है। क्योंकि भूखे को भोजन देने से उसकी भूख अवश्य शांत होती है, परंतु कुछ देर के लिए । १०–१२ घंटे का समय बीतने पर भूख की पीड़ा पुन: जागृत हो जाती है। परंतु तारक परमात्मा जो मोक्षमार्ग बताते हैं, उसकी विशेषता यह है कि वहाँ सभी समस्याओं का सदा के लिए अंत हो जाता है। वहाँ सदा के लिए भूख की पीड़ा शांत हो जाती है।

**जहाँ समस्याओं का पार नहीं, उसी का नाम संसार है और जहाँ समस्याओं का नामोनिशान नहीं, उसी का नाम मोक्ष है।**

अरिहंत परमात्मा ने जो मोक्षमार्ग बताया उसी मार्ग को गणधर भगवंत सूत्र के रूप में गूंथते हैं, जिसे द्वादशांगी भी कहते हैं ।

इन द्वादशांगी रूप आगमों की मुख्य भाषा अर्धमागधी अर्थात् **प्राकृत** है और उनके ऊपर जो टीकाएँ-विवेचन लिखे गए, उनकी भाषा मुख्यतया **संस्कृत** है।

सारांश यह है कि यदि आपको वीतराग परमात्मा कथित मोक्षमार्ग को जानना-समझना है तो आपको संस्कृत-प्राकृत भाषा का ज्ञात होना अनिवार्य है।

विक्रम की 17वीं – 18वीं सदी तक हुए अनेक अनेक महापुरुषों ने मोक्ष-मार्ग की आराधना-साधना हेतु जो भी ग्रंथ रचे, उनकी मुख्य भाषा संस्कृत या प्राकृत ही थी। उसके

बाद के महापुरुषों ने गुजराती-हिन्दी आदि प्रांतीय भाषाओं में भी काव्य-ग्रंथ आदि रचे हैं।

एक मात्र कलिकालसर्वज्ञ हेमचन्द्राचार्यजी ने संस्कृत-प्राकृत में साढे तीन करोड श्लोक प्रमाण साहित्य का नवसर्जन किया था।

वाचकवर्य उमास्वातिजी ने 500 ग्रंथ एवं सूरिपुरंदर श्री हरिभद्रसूरिजी म. ने 1444 धर्मग्रंथों का सर्जन किया था।

हमारे-अपने दुर्भाग्य से उनमें से अधिकांश ग्रंथ काल-कवलित हो चुके हैं, फिर भी जो भी बचे हैं, वे भी खूब महत्त्वपूर्ण हैं - परंतु दुर्भाग्य है कि आज जैनों में से ही संस्कृत भाषा लुप्त प्रायः हो चुकी है।

मात्र जैन दर्शन ही नहीं, बौद्ध, न्याय, वेदांत, सांख्य आदि दर्शनों का भी बोध प्राप्त करना हो तो उसके लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान बहुत जरूरी है परंतु आज संस्कृत भाषा का ज्ञान धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।

महापुरुषों का अमूल्य खजाना हमें विरासत में मिला है, परंतु हम उसके लाभ से सर्वथा वंचित हैं।

भोजन पास में होकर भी भूखे मर जाय या पानी पास में होने पर भी प्यासे मर जायें, ऐसी हमारी हालत है।

महापुरुषों ने कठोर श्रम करके, रात के उजागरे करके हमारे हित के लिए उन ग्रंथों का सर्जन किया, परंतु भाषा ज्ञान के अभाव के कारण वे सब ग्रंथ हमारे लिए **'काला अक्षर भैंस बराबर'** ही हैं। आज जैन संघ में संस्कृत भाषा का अभ्यास मात्र साधु संस्था तक सीमित रह गया है और उसमें भी धीरे धीरे कटौती होती जा रही है। श्रावक संघ का तो उस भाषाज्ञान की ओर किसी प्रकार का लक्ष्य ही नहीं हैं।

जरा भूतकाल के इतिहास की ओर नजर करें - कुमारपाल महाराजा ने 70 वर्ष की उम्र में भी संस्कृत व्याकरण सीखा था और संस्कृत भाषा में प्रभु-स्तुतियाँ रची थी।

मंत्रीश्वर वस्तुपाल-तेजपाल ने भी संस्कृत भाषा सीखकर आदिनाथ आदि के चरित्र संस्कृत भाषा में रचे थे।

अपना दुर्भाग्य है कि पूर्वाचार्यों के द्वारा विरचित ग्रंथ हमारे लिए दुर्बोध होते जा रहे हैं।

वि.सं. 2064 में मेरा चातुर्मास कल्याण में था। जोधपुर (राज.) से 16 वर्षीय जिज्ञासु अक्षय वंदनार्थ आया।

बात ही बात में मैंने उसे कहा, "जैन दर्शन के मर्म को अच्छी तरह से जानना-समझना हो तो महापुरुषों के द्वारा रचे गए संस्कृत-प्राकृत ग्रंथों का अभ्यास जरूरी है।"

उसने कहा, "मुझे संस्कृत नहीं आती है।" मैंने कहा- "तुम्हें संस्कृत भाषा सीखनी चाहिए। संस्कृत भाषा सीख लोगे तो उन ग्रंथों का रसास्वाद न कर सकोगे।"

उसने कहा- "संस्कृत भाषा कैसे सीखूँ?"

मैंने कहा- संस्कृत सीखने के लिए **सिद्धहेमचन्द्र शब्दानुशासनम्** पर आधारित हेम संस्कृत प्रवेशिका भाग-१-२ का अभ्यास करना चाहिए, जो गुजराती में है। उसने कहा, "**मुझे गुजराती आती नहीं है, आप हिन्दी में तैयार करें ।**"

मैंने कहा- "तुम्हारी भावना ध्यान में रखूंगा।" उसकी भावना को ध्यान में रखकर उन संस्कृत पुस्तकों के हिन्दी अनुवाद का कार्य प्रारंभ किया, जो आज पूर्ण हो रहा है।

वि.सं. 1193 में गुजरात के महाराजा सिद्धराज जयसिंह ने कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्यजी भगवंत को संस्कृत-व्याकरण रचने के लिए विनंती की थी । बुद्धिनिधान हेमचंद्रसूरिजी म. ने एक वर्ष की अल्पावधि में लघुवृत्ति, बृहद्वृत्ति और बृहन्न्यास युक्त '**सिद्धहेम शब्दानुशासनम्**' व्याकरण की रचना की थी ।

18 देशों के अधिपति सम्राट् कुमारपाल महाराजा ने भी इस व्याकरण का अभ्यास कर संस्कृत भाषा पर प्रभुत्व प्राप्त किया था।

इसी व्याकरण को सरलता से समझने के लिए **उपाध्याय श्री मेघविजयजी म.** ने

**चंद्रप्रभा हैमकौमुदी** की रचना की और **पू. उपाध्याय श्री विनयविजयजी म.** ने **'हैमलघुप्रक्रिया'** की रचना की थी ।

गुजराती भाषा समझनेवाला भी धीरे-धीरे प्रयत्न कर संस्कृत भाषा सीख सके, इसी ध्येय को नजर समक्ष रखकर पाटण (गुज.) निवासी पंडितवर्य श्री शिवलालभाई ने हैम संस्कृत प्रवेशिका भाग 1-2 व 3 की रचना की थी ।

मैंने अपनी मुमुक्षु अवस्था में प.पू. विद्वद्वर्य मुनिराजश्री धुरंधरविजयजी म.सा. एवं सौजन्यमूर्ति पू.मु.श्री वज्रसेन विजयजी म.सा. के पास सिद्धहैम संस्कृत प्रवेशिका भाग-I व II का अभ्यास किया था । फिर दीक्षा के बाद वि.सं. 2033-34 में पाटण स्थिरता दरम्यान पंडितजी शिवलालभाई के पास सिद्धहैम शब्दानुशासनम् - लघुवृत्ति का अभ्यास किया था।

हिन्दीभाषी प्रजा के हित को ध्यान में रखकर उन्हीं दो भागों का हिन्दी अनुवाद संपादन करने का मैंने यह प्रयास किया है। देव-गुरु की असीम कृपा के बल से तैयार हुए इन दो भागों का व्यवस्थित अभ्यास कर हिन्दी भाषी वर्ग भी संस्कृत भाषा को जाने-समझे और उसके फलस्वरूप पूर्वाचार्य विरचित महान् ग्रंथों का स्वाध्याय कर सभी अपना आत्मकल्याण साधे, इसी शुभ-कामना के साथ।

भवोदधितारक
अध्यात्मयोगी पूज्यपाद
**पंन्यासप्रवर श्री भद्रंकरविजयजी गणिवर्य**
कृपाकांक्षी
**रत्नसेन विजय**

श्रावण पूर्णिमा, 2066
दि. 24-8-2010
ओसवाल भवन,
रोहा (रायगढ़), महाराष्ट्र

# प्रवचन प्रभावक मरुधररत्न-हिन्दी साहित्यकार पूज्य पंन्यासप्रवर श्री रत्नसेनविजयजी म.सा. का बहुरंगी-वैविध्यपूर्ण साहित्य


| | तत्त्वज्ञान विषयक | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | जैन विज्ञान | 38 |
| 2. | चौदह गुणस्थानक | 96 |
| 3. | आओ ! तत्त्वज्ञान सीखें | 79 |
| 4. | कर्म विज्ञान | 102 |
| 5. | नवतत्त्व विवेचन | 122 |
| 6. | जीव विचार विवेचन | 123 |
| 7. | तीन भाष्य | 127 |
| 8. | आध्यात्मिक पत्र | 146 |

| | प्रवचन साहित्य | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | मानवता तब महक उठेगी | 8 |
| 2. | मानवता के दीप जलाएँ | 9 |
| 3. | महाभारत और हमारी संस्कृति-भाग-1 | 18 |
| 4. | महाभारत और हमारी संस्कृति-भाग-2 | 19 |
| 5. | रामायण में संस्कृति का अमर संदेश-भाग 1 | 27 |
| 6. | रामायण में संस्कृति का अमर संदेश-भाग 2 | 28 |
| 7. | सफलता की सीढ़ियाँ | 53 |
| 8. | नवपद प्रवचन | 56 |
| 9. | श्रावक कर्तव्य-भाग-1 | 74 |
| 10. | श्रावक कर्तव्य-भाग-2 | 75 |
| 11. | प्रवचन रत्न | 78 |
| 12. | प्रवचन मोती | 72 |
| 13. | प्रवचन के बिखरे फूल | 103 |
| 14. | प्रवचन धारा | 67 |
| 15. | आनंद की शोध | 33 |
| 16. | भाव श्रावक | 85 |
| 17. | पर्युषण अष्टाह्निका प्रवचन | 97 |
| 18. | कल्पसूत्र के हिन्दी प्रवचन | 104 |
| 19. | संतोषी नर सदा सुखी | 87 |
| 20. | जैन पर्व प्रवचन | 115 |
| 21. | गुणवान् बनो | 126 |
| 22. | विखुरलेले प्रवचन मोती | 117 |
| 23. | सुखी जीवन की चाबियाँ | 137 |
| 24. | पाँच प्रवचन | 138 |
| 25. | गुणानुवाद | 141 |

| | धारावाहिक कहानी | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | कर्मन् की गत न्यारी | 6 |
| 2. | जिंदगी जिंदादिली का नाम है | 10 |
| 3. | आग और पानी भाग-1 | 34 |
| 4. | आग और पानी भाग-2 | 35 |
| 5. | मनोहर कहानियाँ | 50 |
| 6. | ऐतिहासिक कहानियाँ | 57 |
| 7. | तेजस्वी सितारे | 58 |
| 8. | जिनशासन के ज्योतिर्धर | 81 |
| 9. | प्रेरक कहानियाँ | 91 |
| 10. | मधुर कहानियाँ | 98 |
| 11. | महासतियों का जीवन संदेश | 93 |
| 12. | आदिनाथ शांतिनाथ चरित्र | 105 |
| 13. | सरस कहानियाँ | 111 |
| 14. | पारस प्यारो लागे | 99 |
| 15. | शीतल नहीं छाया रे | 25 |
| 16. | आवो वार्ता कहुं | 63 |
| 17. | महान् चरित्र | 129 |
| 18. | सरस कहानियाँ | 142 |

| | युवा-युवति प्रेरक | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | युवानो जागो | 12 |
| 2. | जीवन की मंगल यात्रा | 17 |
| 3. | तब चमक उठेगी युवा पीढी | 20 |
| 4. | युवा चेतना | 23 |
| 5. | युवा संदेश | 26 |
| 6. | जीवन निर्माण विशेषांक | 30 |
| 7. | The Message for the youth | 31 |
| 8. | How to Live true life | 40 |
| 9. | यौवन सुरक्षा विशेषांक | 32 |
| 10. | सन्नारी विशेषांक | 59 |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | माता-पिता | 77 |
| 12. | आहार क्यों और कैसे ? | 82 |
| 13. | आहार विज्ञान | 39 |
| 14. | ब्रह्मचर्य | 106 |
| 15. | Duties Towards Parents | 95 |
| 16. | क्रोध आबाद तो जीवन बरबाद | 80 |
| 17. | राग म्हणजे आग | 108 |
| 18. | आई वडिलांचे उपकार | 92 |
| 19. | अमृत की बूंदें | 64 |
| 20. | The Light of Humanity | 21 |
| 21. | Youth Will shine then | 121 |

| | अनुवाद-विवेचनात्मक | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | सामायिक सूत्र विवेचना | 2 |
| 2. | चैत्यवंदन सूत्र विवेचना | 3 |
| 3. | आलोचना सूत्र विवेचना | 4 |
| 4. | श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र विवेचना | 5 |
| 5. | चेतन ! मोहनींद अब त्यागो | 11 |
| 6. | आनंदघन चौबीसी विवेचन | 7 |
| 7. | अँखियाँ प्रभुदर्शन की प्यासी | 22 |
| 8. | श्रावक जीवन दर्शन | 29 |
| 9. | भाव सामायिक | 107 |
| 10. | आनंदघनजी पद विवेचन | 94 |
| 11. | भाव चैत्यवंदन | 120 |
| 12. | विविध पूजाएँ | 125 |
| 13. | भाव प्रतिक्रमण भाग-1 | 132 |
| 14. | भाव प्रतिक्रमण भाग-2 | 133 |
| 15. | श्रीपाल-रास और जीवन-चरित्र | 134 |
| 16. | दंडक-विवेचन | 135 |

| | विधि-विधान उपयोगी | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | भक्ति से मुक्ति | 41 |
| 2. | आओ ! प्रतिक्रमण करें | 42 |
| 3. | आओ ! श्रावक बनें | 45 |
| 4. | हंस श्राद्धव्रत दीपिका | 48 |
| 5. | Chaitya Vandan Sootra | 42 |
| 6. | विविध देववंदन | 55 |
| 7. | आओ ! पौषध करें | 71 |
| 8. | प्रभु दर्शन सुख संपदा | 84 |
| 9. | आओ ! पूजा पढाएँ | 88 |
| 10. | Panch Pratikraman Sootra | 61 |
| 11. | शत्रुंजय यात्रा | 36 |
| 12. | प्रतिक्रमण उपयोगी संग्रह | 73 |
| 13. | आओ ! उपधान पौषध करें | 109 |
| 14. | विविध तप माला | 128 |
| 15. | आओ ! भावयात्रा करें | 130 |
| 16. | आओ ! पर्युषण प्रतिक्रमण करें | 131 |
| 17. | सज्झायों का स्वाध्याय | 139 |

| | अन्य प्रेरक साहित्य | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | वात्सल्य के महासागर | 1 |
| 2. | रिमझिम रिमझिम अमृत बरसे | 15 |
| 3. | अध्यात्मयोगी पूज्य गुरुदेव | 44 |
| 4. | बीसवीं सदी के महान् योगी | 100 |
| 5. | महान ज्योतिर्धर | 86 |
| 6. | मिच्छा मि दुक्कडम् | 60 |
| 7. | क्षमापना | 69 |
| 8. | सवाल आपके जवाब हमारे | 37 |
| 9. | शंका-समाधान-I | 66 |
| 10. | जैनाचार विशेषांक | 47 |
| 11. | जीवन ने जीवी तुं जाण | 62 |
| 12. | धरती तीरथ'री | 68 |
| 13. | चिंतन रत्न | 116 |
| 14. | अमरवाणी | 101 |
| 15. | महावीरवाणी | 114 |
| 16. | शंका-समाधान-II | 118 |
| 16. | सुख की खोज | 143 |
| 17. | आओ संस्कृत सीखें । भाग-I | 144 |
| 18. | आओ संस्कृत सीखें । भाग-II | 145 |
| 19. | आध्यात्मिक का पत्र | 146 |
| 20. | शंका समाधान । भाग-III | 147 |

| | वैराग्यपोषक साहित्य | S.No. |
|---|---|---|
| 1. | मृत्यु महोत्सव | 51 |
| 2. | श्रमणाचार विशेषांक | 54 |
| 3. | सद्गुरु उपासना | 113 |
| 4. | चिंतन मोती | 90 |
| 5. | मृत्यु की मंगल यात्रा | 16 |
| 6. | प्रभो ! मन मंदिर पधारो | 110 |
| 7. | शांत सुधारस भाग-1 | 13 |
| 8. | शांत सुधारस भाग-1 | 14 |
| 9. | भव आलोचना | 124 |
| 10. | वैराग्य शतक | 140 |

प्रवचन प्रभावक पूज्य पंन्यासप्रवर

## श्री रत्नसेनविजयजी म.सा. द्वारा आलेखित

### 145 पुस्तकों में से प्राप्य पुस्तकों की सूची

| Sr. No. | पुस्तक क्रमांक | पुस्तक का नाम | मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 36 | शत्रुंजय यात्रा | 25/- |
| 2 | 42 | आओ प्रतिक्रमण करें | 25/- |
| 3 | 55 | विविध-देववंदन | 30/- |
| 4 | 97 | पर्युषण-अष्टाह्निक-प्रवचन | 50/- |
| 5 | 100 | बीसवीं सदी के महान् योगी | 300/- |
| 6 | 104 | कल्पसूत्र के हिन्दी प्रवचन | 150/- |
| 7 | 84 | प्रभु दर्शन सुख संपदा | 30/- |
| 8 | 117 | विखुरलेले प्रवचन मोती (मराठी) | 30/- |
| 9 | 119 | श्रमणशिल्पी प्रेमसूरिजी दादा | 25/- |
| 10 | 121 | Youth will Shine then | 25/- |
| 11 | 127 | तीन-भाष्य | 40/- |
| 12 | 128 | विविध-तपमाला | 30/- |
| 13 | 131 | मंगल स्मरण | 30/- |
| 14 | 132 | भाव प्रतिक्रमण (भाग-1) | 60/- |
| 15 | 133 | भाव प्रतिक्रमण (भाग-2) | 60/- |
| 16 | 135 | दंडक विवेचन | 25/- |
| 17 | 136 | आओ ! पर्युषण-प्रतिक्रमण करें | 55/- |
| 18 | 137 | सुखी जीवन की चाबियाँ | 100/- |
| 19 | 138 | पाँच प्रवचन | 50/- |
| 20 | 140 | वैराग्य शतक | 35/- |
| 21 | 141 | गुणानुवाद | 70/- |
| 22 | 142 | सरल कहानियाँ | 30/- |
| 23 | 143 | सुख की खोज | 35/- |
| 24 | 144 | आओ ! संस्कृत सीखें ! भाग-१ | 55/- |
| 25 | 145 | आओ ! संस्कृत सीखें ! भाग-२ | 95/- |

# अनुक्रमणिका


| पाठ | क्या ? | कहाँ |
|---|---|---|
| 1. | पहला गण भ्वादि | 1 |
| 2. | पहला गण चालू | 8 |
| 3. | दिवादि चौथा गण | 12 |
| 4. | तुदादि छठा गण | 16 |
| 5. | चुरादि दसवाँ गण | 19 |
| 6. | कर्मणि भावे प्रयोग | 22 |
| 7. | सु आदि पाँचवा गण | 26 |
| 8. | तनादि आठवाँ गण | 33 |
| 9. | क्री आदि नौवाँ गण | 38 |
| 10. | कद् आदि सातवाँ गण | 45 |
| 11. | अदादि दूसरा गण | 52 |
| 12. | दूसरा गण | 62 |
| 13. | दूसरा गण | 71 |
| 14. | ह्वादि तीसरा गण | 85 |
| 15. | तीसरा गण चालू | 91 |
| | धातु के 10 गण | 104 |
| 16. | स्वरांत नाम के रूप | 106 |
| 17. | व्यंजनांत क रूप | 113 |
| 18. | श्वस्तनी | 123 |
| 19. | श्वस्तनी | 134 |
| 20. | धातुरूप शब्द | 141 |
| 21. | व्यंजनांत धातुरूप शब्द | 148 |

| | | |
|---|---|---|
| 22. | तद्धित शब्द | 154 |
| 23. | सामासिक संख्यावाचक | 162 |
| 24. | परोक्ष भूतकाल | 168 |
| 25. | परोक्ष भूतकाल | 178 |
| 26. | परोक्ष भूतकाल | 183 |
| 27. | अद्यतन भूतकाल | 194 |
| 28. | अनिट् धातुओं का दूसरा भाग | 200 |
| 29. | अद्यतन भूतकाल | 210 |
| 30. | आशीर्वाद | 218 |
| 31. | बहुव्रीहि समास | 224 |
| 32. | अव्ययीभाव समास | 232 |
| 33. | तत्पुरुष समास | 237 |
| 34. | इतरेतर द्वंद्व | 252 |
| 35. | इच्छा दर्शक | 256 |
| 36. | प्रेरक | 263 |
| | परिशिष्ट 1<br>पाठ 1 से 36 तक के संस्कृत वाक्यों का हिन्दी अनुवाद एवं हिन्दी वाक्यों का संस्कृत अनुवाद | 279 |

# पाठ – 1

## पहला गण – भ्वादि[1]

### वर्तमान काल – प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मि (मिव्)[2] | वस् | मस् | ए | वहे | महे |
| सि (सिव्) | थस् | थ | से | आथे | ध्वे |
| ति (तिव्) | तस् | अन्ति | ते | आते | अन्ते |

### ह्यस्तनी काल – प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अम् (अम्व्) | व | म | इ | वहि | महि |
| स् (सिव्) | तम् | त | थास् | आथाम् | ध्वम् |
| द् (दिव्) | ताम् | अन् | त | आताम् | अन्त |

### सप्तमी–विध्यर्थ–प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| याम् | याव | याम् | ईय | ईवहि | ईमहि |
| यास् | यातम् | यात | ईथास् | ईयाथाम् | ईध्वम् |
| यात् | याताम् | युस् | ईत | ईयाताम् | ईरन् |

### आज्ञार्थ–पंचमी–प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आनि (आनिव्) | आव(आवव्) | आम (आमव्) | ऐ (ऐव्) | आवहै (आवहैव, | आमहै (आमहैव्) |
| हि | तम् | त | स्व | आथाम् | ध्वम् |
| तु (तुव्) | ताम् | अन्तु | ताम् | आताम् | अन्ताम् |

**टिपण्णी :** 1. धातु पाठ में पहले गण का पहला धातु भू है, अतः पहला गण भ्वादि कहलाता है।

2. यहाँ कोष्ठक में दिए गए प्रत्यय इत् वर्ण सहित हैं। जैसे मि (मिव्) – इसमें व् इत् है। अतः वे प्रत्यय वित् हैं, उसके सिवाय के प्रत्यय अवित् हैं। वित् को विकारक और अवित् को अविकारक भी कहते हैं ।

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर धातु से अ **(शव्)** विकरण प्रत्यय लगता है। दूसरे और तीसरे गण में विकरण प्रत्यय नहीं लगते हैं। चौथे आदि गण में भिन्न भिन्न विकरण प्रत्यय लगते हैं।

उदा. नम् + अ (शव्) + ति = नमति

**वर्तमान कृदन्त =** नम् + अ + अत् (शतृ) = नमत्

वन्द् + अ + ते = वन्दते

**वर्तमान कृदन्त =** वन्द् + अ + म् + आन् (आनश्) = वन्दमानः

2. अ के बाद में रहे हुए **आताम् आते** और **आथाम्–आथे** के **आ** का **इ** होता है।

उदा. वन्द् + अ + आते

वन्द् + अ + इते = वन्देते

इसी तरह वन्देथे, वन्देताम्, वन्देथाम् होते हैं।

3. अ के बाद में रहे हुए सप्तमी (विध्यर्थ) मे प्रत्ययों के **या** का **इ**, **याम्** का **इयम्** और **युस्** का **इयुस्** होता है।

उदा. नम् + अ + यात्

नम् + अ + इत् = नमेत्, नमेयाम्, नमेयुः

4. **अ** प्रत्यय के बाद में रहे हुए **हि** का लोप होता है।

उदा. नम् + अ + हि

नम् + अ = नम

5. **वित्** सिवाय के **शित्** प्रत्यय **ङित्** समझने चाहिए।

6. **कित्** और **ङित्** सिवाय के प्रत्ययों पर धातु के अंत्य ह्रस्व या दीर्घ नामि स्वर तथा उपांत्य ह्रस्व नामि स्वर का गुण होता है।

उदा. 1. नी + अ (शव्) ति

ने + अ + ति = नयति

2. सृ + अ (शव्) + ति = सरति

3. बुध् + अ (शव्) + ति = बोधति

(अ (शव्) विकरण प्रत्यय वित्–शित् होने से ङित् नही है, अत: गुण हुआ है।

नी + तुम् = नेतुम्

नी + तव्य = नेतव्य ।

(ये प्रत्यय कित् – ङित् नहीं होने से गुण हुआ है।)

नी + त्वा (क्त्वा) = नीत्वा ।

नी + त (क्त) = नीत:, नीतवान् ।

(ये प्रत्यय कित् होने से गुण नहीं हुआ है।)

7. कर्मणि तथा भावे प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर धातु को **य (क्य)** प्रत्यय लगता है।

नी + य (क्य) + ते = नीयते, नीयमान:

भू + य (क्य) + ते = भूयते, भूयमानम्

य प्रत्यय कित् होने से गुण नहीं हुआ है।

8. धातु को अन (अनट्) तथा त (क्त) प्रत्यय लगने से भाववाचक नपुंसक नाम बनता है।

गम् + अन = गमनम्

पत् + अन = पतनम्

नृत् + त = नृत्तम् (नाच)

9. धातु के अंत में रहे संध्यक्षर का आ होता है।

त्रै + अन = त्राणम्

ध्यै + त्वा = ध्यात्वा, ध्यानम्, ध्यायते

10. शित् प्रत्ययों पर धातु के अंत्य संध्यक्षर का आ नहीं होता है।

त्रै + अ (शव्) + ते = त्रायते

ध्यै + अ (शव्) + ति = ध्यायति

यहाँ संधि के नियमानुसार **ऐ** का **आय्** हुआ है।

11. परा और वि उपसर्ग के बाद **जि** धातु आत्मनेपदी होता है।

उदा. पराजयते, विजयते ।

12. सम्, वि, प्र तथा अव उपसर्ग के बाद **स्था** धातु आत्मनेपदी है।
उदा. प्र + स्था (तिष्ठ) + अ + ते = प्रतिष्ठते ।

13. वि, आ और परि उपसर्ग के बाद रम् धातु परस्मैपदी है।
वि + रम् + अ + ति = विरमति ।

14. अय् धातु पर उपसर्ग के र् का **ल्** होता है।
परा + अयते = पलायते ।

15. वर्तमाना, ह्यस्तनी, सप्तमी (विध्यर्थ) और पंचमी (आज्ञार्थ) इन चार विभक्तियों में धातुओं को अपने-अपने गण का विकरण प्रत्यय लगता है।

16. जिन प्रत्ययों में श् इत् हो वे शित् कहलाते हैं।
जिन प्रत्ययों में व् इत् हो वे वित् कहलाते हैं।
जिन प्रत्ययों में ङ् इत् हो वे ङित् कहलाते हैं।
जिन प्रत्ययों में क् इत् हो वे कित् कहलाते हैं।

17. चौथे गण का य (श्य) विकरण प्रत्यय
छठे गण का अ (श) विकरण प्रत्यय
पांचवें गण का नु (श्नु) विकरण प्रत्यय
नौवें गण का ना (श्ना) विकरण प्रत्यय
सातवें गण का न (श्न) विकरण प्रत्यय
ये सभी विकरण प्रत्यय शित् कहलाते हैं।

18. वर्तमाना, ह्यस्तनी, सप्तमी और पंचमी विभक्ति के प्रत्यय शित् कहलाते हैं।

19. वर्तमान कृदन्त के अत् (शतृ) तथा आन (आनश्) प्रत्यय भी शित् कहलाते हैं।

20. विकरण प्रत्यय अ (शव्), वर्तमाना विभक्ति के मि (मिव्) सि (सिव्) ति (तिव्), ह्यस्तनी के अम् (अम्व्) स् (सिव्) द (दिव्) प्रत्यय, पंचमी विभक्ति के आनि (आनिव्) आव (आवव्) आम (आमव्), तु (तुव्) तथा आत्मनेपदी के ऐ (ऐव्) आवहै (आवहैव्) तथा आमहै (आमहैव्) ये १३ प्रत्यय वित् हैं।

## पहले गण के धातु – अर्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अर्ज्** = पाना | (परस्मैपदी) | **प्र+शंस्** = प्रशंसा करना | (परस्मैपदी) |
| **अर्ह्** = योग्य होना | (परस्मैपदी) | **शस्** = हिंसा करना | (परस्मैपदी) |
| **इ** = जाना | (परस्मैपदी) | **आ+शंस्** =आशंसा करना | (आत्मनेपदी) |
| **उद्+इ** = उदय पाना | (परस्मैपदी) | **ईह्** = इच्छा करना | (आत्मनेपदी) |
| **कृष्** = खींचना | (परस्मैपदी) | **जृम्भ्** = प्रगट होना | (आत्मनेपदी) |
| **क्वथ्** = उबलना | (परस्मैपदी) | **त्रै** = रक्षण करना | (आत्मनेपदी) |
| **गम्** = जाना | (परस्मैपदी) | **त्वर्** = जल्दबाजी करना | (आत्मनेपदी) |
| **सम् + गम्** = मिलना | (परस्मैपदी) | **भ्राज्** = शोभा देना | (आत्मनेपदी) |
| **अधि + गम्** = जानना | (परस्मैपदी) | **भ्रास्** = शोभा देना | (आत्मनेपदी) |
| **ज्वल्** = जलना | (परस्मैपदी) | **लम्ब्** = लटकना | (आत्मनेपदी) |
| **धे** = दौड़ना | (परस्मैपदी) | **लोक्** = देखना | (आत्मनेपदी) |
| **भू** = होना | (परस्मैपदी) | **शङ्क्** = शंका करना | (आत्मनेपदी) |
| **प्रादुस्+भू** = प्रकट होना | (परस्मैपदी) | **श्लाघ्** = प्रशंसा करना | (आत्मनेपदी) |
| **आविस्+भू**=खुल्ला होना | (परस्मैपदी) | **सह्** = सहन करना | (आत्मनेपदी) |
| **भ्रम्** = भटकना | (परस्मैपदी) | **स्पन्द्** = फरकना | (आत्मनेपदी) |
| **म्लै** = मुरझाना | (परस्मैपदी) | **स्पर्ध्** = स्पर्धा करना | (आत्मनेपदी) |
| **लिङ्ग्** = आलिंगन करना | (परस्मैपदी) | **बुध्** = बोध करना | (उभयपदी) |
| **लुण्ट्** = लूटना | (परस्मैपदी) | **लष्** = अभिलाषा करना | (उभयपदी) |
| **शंस्** = कहना | (परस्मैपदी) | | |

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अम्भोधि** = समुद्र | (पुलिंग) | **भव** = संसार | (पुलिंग) |
| **ज्वलन** = आग | (पुलिंग) | **महीप** = राजा | (पुलिंग) |
| **परिषह** = कष्ट | (पुलिंग) | **वत्स** = पुत्र | (पुलिंग) |
| **पर्यंत** = किनारा | (पुलिंग) | **स्तन** = स्तन | (पुलिंग) |
| **पार्थिव** = राजा | (पुलिंग) | **प्रकृति** = स्वभाव | (स्त्री लिंग) |
| **पुरुषकार** = पुरुषार्थ | (पुलिंग) | **राजधानी** = मुख्य नगर | (स्त्री लिंग) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वत्सा** = पुत्री | (स्त्री लिंग) | **कथंचित्** = कभी | (अव्यय) |
| **अनागस्** = अपराध रहित | (विशेषण) | **नु** = वितर्क अर्थ में | (अव्यय) |
| **आर्त्त** = पीड़ित | (विशेषण) | **संप्रति** = अभी | (अव्यय) |
| **व्यवसायिन्** = व्यापारी | (विशेषण) | **आगस्** = अपराध | (नपुं. लिंग) |
| **क्षम** = समर्थ | (विशेषण) | **कुमुद** = चंद्रविकासी कमल | (नपुं.लिंग) |
| **अये** = हे | (अव्यय) | **पूरण** = भरना | (नपुं. लिंग) |
| **इव** = तरह | (अव्यय) | **मानस** = मन | (नपुं. लिंग) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. मुनि परिषह सहन करते हैं। **(सह्)**
2. सूर्य उदय होता है (उद्+इ) और कमल मुर्झाते हैं। **(म्लै)**
3. व्यवसायी लोग जल्दबाजी करते हैं। **(त्वर्)**
4. बाघ भी जलती अग्नि को देख भाग जाते हैं। **(परा + अम्)**
5. अपनी प्रशंसा न करें । **(श्लाघ्)**
6. सूर्य के ताप द्वारा तालाब का पानी उबलता हैं। **(उद् + क्वथ्)**
7. तुम्हारा शरीर चमकता हैं। **(वि+भ्राज्)**
8. कर्म के साथ स्पर्धा करनेवाले **(स्पर्ध्)** वर्धमान स्वामी को नमस्कार हो।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **धर्मः त्राणं च शरणं च ।**
2. **यमुना गङ्गां सङ्गच्छति[1] ।**
3. **विजयस्व राजन् !**
4. **वत्स ! किमीहसे ?**
5. **विरम त्वमिदानीमकार्यात् ।**
6. **वत्से ! अनुगच्छ माम् ।**
7. **बालः स्तनं धयति ।**
8. **प्रवर्त्ततां प्रकृति-हिताय पार्थिवः ।**
9. **वत्स ! रथमारुह्य ते राजधानीं प्रतिष्ठस्व ।**
10. **मातः ! एष कोऽपि पुरुषो मां पुत्र इत्यालिङ्गति ।**

11. महतां स्वयमेव गुणाः प्रादुर्भवन्ति ।
12. अये ! को नु खल्वयं बालः प्रक्रीडितुं सिंह–शिशुं बलात्कारेण कर्षति ?
13. आर्त्त–त्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि[2] ।
14. अर्थानामर्जने दुःखमर्जितानां च रक्षणे ।
15. भवाम्भोधौ भ्रमामि चेत् तत्कः पुरुषकारो मे ?
16. शरत्काल इव प्रातःकालोऽयं जृम्भतेऽधुना ।
17. मौनमालम्बसे पुत्रि ! हेतुना येन शंस तम् ।
18. मनोरथाय नाशंसे किं बाहो ! स्पन्दसे वृथा ?
19. भव हृदय ! साभिलाषं संप्रति संदेह–निर्णयो जातः ।
20. आशङ्कसे यदग्निं तदिदं [3]स्पर्शक्षमं रत्नम् ।।
21. भगवन्तः! सहध्वं तत् प्रमादाचरणं मम ।
22. [4]सर्वंसहा महान्तो हि सदा सर्वसहोपमाः[5] ।।
23. पर्यन्तो लभ्यते भूमेः, समुद्रस्य गिरेरपि ।
24. न कथञ्चिन्महीचस्य चित्तान्तः केनचित् क्वचित् ।।
25. याचमान–जन–मानस–वृत्तेः, पूरणाय बत जन्म न यस्य ।
26. तेन भूमिरतिभारवतीयं, न द्रुमै र्न गिरिभि र्न समुद्रैः ।।

---

टिप्पणी :

1. सम् + गच्छ् अकर्मक हो तो आत्मनेपदी होता है, सङ्गच्छते ।
2. न विद्यते आगः यस्मिन् स अनागाः तस्मिन् ।
3. स्पर्शाय क्षमम् = स्पर्शक्षमम् ।
4. सर्वं सहन्ते इति सर्वंसहाः ।
5. सर्वं सहायाः उपमा येषां ते = सव सहोपमाः ।

## पाठ – 2

1. **गुप्** रक्षण करना, **धूप्**, **विच्छ्** (गण 6) **पण्** और **पन्** धातु को अपने अपने अर्थ में अपना **'आय'** प्रत्यय लगता है।

    उदा. गुप् + आय + अ (शव्) + ति = गोपायति ।

    धूप् + आय् + अ (शव्) + ति = धूपायति ।

2. **पण** और **पन्** धातु **आय** प्रत्यय लगने पर परस्मैपदी होते हैं।

    उदा. पणायति, पनायति ।

    कभी – पणायते, पनायते ।

3. गुह् धातु के उपांत्य स्वर का गुण होने पर यदि उसके बाद स्वरादि प्रत्यय हो तो **ऊ** होता है।

    उदा. गुह् + अ + ति

    गोह् + अ + ति

    गूह् + अ + ति = गूहति ।

4. कृप् धातु के **ऋ** का **लृ** तथा **र्** का **ल्** होता है।

    कृप् + य + ते = क्लृपयते

    कृप् + अ + ते

    कर्प् + अ + ते

    कल्प् + अ + ते = कल्पते

5. **शद्** (शीय्) धातु, शित् प्रत्ययों पर आत्मनेपदी होता है।

    उदा. शीयते ।

6. **क्रम्** धातु के पहले उपसर्ग न हो तो आत्मनेपदी भी होता है– **क्रमते** ।

7. फैलना, उत्साह रखना तथा बढ़ने के अर्थ में **क्रम्** धातु आत्मनेपदी होता है।

    उदा. शास्त्रे अस्य क्रमते बुद्धिः ।

8. 'आरंभ करना' इस अर्थ में **प्र** तथा **उप** उपसर्ग सहित **क्रम्** धातु आत्मनेपदी होता है।

    उदा. प्रक्रमते उपक्रमते रन्तुं ।

9. सूर्य, चंद्र आदि के उगने के अर्थ में **आ** पूर्वक **क्रम्** धातु आत्मनेपदी होता है।
   उदा. आक्रमते सूर्य: ।

10. विकरण प्रत्यय लगने पर परस्मैपदी में **क्रम्** आदि का स्वर दीर्घ होता है।
    उदा. क्रामति, आत्मनेपद में क्रमते

11. विकरण प्रत्यय लगने पर **ष्ठिव्, क्लम्** गण ४ तथा **आ + चम्** दीर्घ होता है।
    उदा. ष्ठीवति । क्लाम्यति । आचामति ।

12. स्वर के बाद में **छ्** द्वित्व - Double होता है।
    उदा. तरु + छाया = तरुच्छाया ।

13. वर्ग के तीसरे और चौथे व्यंजन पर पूर्व के धुट् व्यंजन के बदले उसके वर्ग का तीसरा व्यंजन होता है।
    उदा. सस्ज्, सश्ज्
    इस नियम से सज्ज्, सज्ज् + अ + ति = सज्जति

## पहले गण के धातु

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ऋ (ऋच्छ्)** = जाना | (परस्मैपदी) | **यम् (यच्छ्)**= नियम में रखना | (परस्मैपदी) |
| **क्रम्** = पैदल चलना | (परस्मैपदी) | **शद् (शीय्)** = नष्ट होना | (परस्मैपदी) |
| **आ+क्रम्** = आक्रमण करना | (परस्मै.) | **ष्ठिव्** = थूकना | (परस्मैपदी) |
| **निस्+क्रम्** = निकलना | (परस्मैपदी) | **सञ्ज् (सज्)** = आसक्त होना | (परस्मैपदी) |
| **गुप्** = रक्षण करना | (परस्मैपदी) | **सस्ज्** = सज्ज होना | (परस्मैपदी) |
| **घ्रा (जिघ्र्)** = सूंघना | (परस्मैपदी) | **कृप्** = समर्थ होना | (आत्मनेपदी) |
| **चम्** = चाटना | (परस्मैपदी) | **पण्** = व्यापार करना | (आत्मनेपदी) |
| **दंश् (दश्)** = डंक मारना | (परस्मैपदी) | **पन्** = स्तुति करना | (आत्मनेपदी) |
| **ध्मा (धम्)** = फूंकना | (परस्मैपदी) | **गुह्** = छिपाना | (उभयपदी) |
| **म्ना (मन्)** = मानना | (परस्मैपदी) | **रञ्ज् (रज्)** = रागी होना | (उभयपदी) |

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **किञ्जल्क** = पराग | (पुलिंग) | **अगर** = अगरचंदन | (पुंलिंग) |
| **खर** = गधा | (पुलिंग) | **अंभोज** = कमल | (नपुं.) |
| **घनसार** = कपूर | (पुलिंग) | **आवरण** = ढक्कन | (नपुं.) |
| **दशन** = दाँत | (पुंलिंग) | **बिल** = बिल | (नपुं.) |
| **दन्दशूक** = सर्प | (पुंलिंग) | **जाया** = पत्नी | (स्त्री लिंग) |
| **दस्यु** = चोर | (पुंलिंग) | **तमिस्रा** = रात्रि | (स्त्री लिंग) |
| **नियम** = व्रत | (पुंलिंग) | **मिथस्** = परस्पर | (अव्यय) |
| **निर्झर** = झरना | (पुंलिंग) | **मुहुस्** = बारबार | (अव्यय) |
| **प्रकर** = समूह | (पुंलिंग) | **शनैस्** = धीरे | (अव्यय) |
| **मधुव्रत** = भ्रमर | (पुंलिंग) | **सधस्** = शीघ्र | (अव्यय) |
| **रजक** = धोबी | (पुंलिंग) | **भीम** = भयंकर | (विशेषण) |
| **रूप्यक** = रुपया | (पुंलिंग) | **विविध** = अनेक प्रकार का | (विशेषण) |
| **स्मर** = काम | (पुंलिंग) | **स्वीय** = अपना | (विशेषण) |
| **वल्लि** = बेल | (स्त्री लिंग) | **सान्द्र** = गाढ़ | (विशेषण) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. भयंकर भी सर्प को चींटियाँ डंक देती है। **(दंश्)**
2. लताएं पत्तों द्वारा फलों को छिपाती है। **(गुह्)**
3. कुमारपाल की कीर्ति की साधु भी प्रशंसा करते हैं। **(पण्)**
4. सिद्धराज ने अपने शत्रुओं को दुःखी किया। **(धूप्)**
5. हम जिन की स्तुति करते हैं। **(पन्)**
6. वणिक् लोग करोड़ों रुपयों द्वारा हमेशा व्यापार करते हैं। **(पण्)**
7. साँप बिल में से निकला और डंक मारा। **(दंश्)**
8. तुम अकार्य हेतु क्यों तैयार होते हो? **(सस्ज्)**
9. उसका चित्त पढ़ने में लगा। **(सञ्ज्)**
10. रंगरेज रानी के वस्त्र रंगता है। **(रञ्ज्)**

## हिन्दी अनुवाद करे :

1. साधवः सदाचारं गोपायन्ति ।
2. तृणमपि धेनूनां दुग्धाय कल्पते ।
3. खरा मिथो दशनैर्दशन्ति ।
4. तां कथामगूहमानां कथय ।
5. यो नियमे मनो यच्छति तस्य पापानि खलु शीयन्ते ।
6. याचकानामर्थं यच्छन्स परमां ख्यातिमार्च्छत् ।
7. अम्भोजस्य किञ्जल्कमाचम्याचम्य मोदन्तां मधुव्रताः ।
8. तौ जायापती[1] मुहुर्मुहुः स्वादूनि निर्झर-जलान्याचामन्तौ, पदे पदे सान्द्रासु तरुच्छायासु विश्राम्यन्तौ, विविधानि च कुसुमान्युपजिघ्रन्तौ, शनैः शनैर्गिरिमारोहताम् ।
9. ततो दस्यवः सर्वेषामपि जनानामलङ्कारादीन् लुण्टितुमुपाक्रमन्त ।
10. सूर्ये तपत्यावरणाय दृष्टेः, कल्पेत लोकस्य कथं तमिस्रा ?
11. धमेद् धमेन्नातिधमेदतिध्मातं न शोभते ।
12. चन्दनागरु-कस्तूरी-घनसारादि-गन्धतः[2] ।
    आक्रामति नरं सद्यो दन्दशूक इव स्मरः ।।

---

टिप्पणी :

1. जाया च पतिश्च = जायापती (द्वंद्व) ।
2. पंचमी विभक्ति और कभी कभी तृतीया व सप्तमी विभक्ति के अर्थ में नाम को **तस्** प्रत्यय लगकर अव्यय बनता है - गन्ध + तस् = गन्धतः ।

# पाठ-3

## दिवादि चौथा गण

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर चौथे गण के धातुओं को य (श्य) विकरण प्रत्यय लगता है।

    उदा. कुप् + य + ति = कुप्यति
    कुप्यत् - वर्तमान कृदन्त

2. धातु के ओ का य (श्य) प्रत्यय पर लोप होता है।

    उदा. सो + य + ति = स्यति, दो = द्यति, शो = श्यति
    छो = छ्यति

3. शम्, दम्, तम्, श्रम्, भ्रम्, क्षम् और मद् इन सात धातुओं का स्वर य (श्य) प्रत्यय पर दीर्घ होता है।

    उदा. शाम्यति, दाम्यति आदि

4. **भ्रास** गण 1, **भ्लास्** गण 1, **भ्रम्** गण 1, **क्रम्** गण 1, **लष्** गण 1, **क्लम्** गण 4, **त्रस्** गण 4, **त्रुट** गण 6, **यस्** गण 4 तथा **सम्** + **यस्** - इन धातुओं को विकल्प से **य (श्य)** विकरण प्रत्यय लगता है ।

    उदा. भ्रास्यते = भ्रासते । भ्लास्यते = भ्लासते ।भ्राम्यति = भ्रमति।
    क्राम्यति = क्रामति । क्लाम्यति = क्लामति ।
    त्रुट्यति = त्रुटति आदि ।

5. भू आदि सभी गण के धातुओं के **र्** और **व्** के बाद में व्यंजन आए तो **र्** और **व्** के पहले का नामि स्वर दीर्घ होता है ।

    उदा. दिव् + य + ति = दीव्यति, सिव् + य + ति = सीव्यति ।
    ष्ठिव् + य + ति = ष्ठीवति ।

6. दीर्घ ऋ कारांत धातुओं के **ॠ** का कित्-ङित् प्रत्यय पर **इर्** होता है ।

    उदा. जॄ+ य + ति
    जीर् + य् + ति = जीर्यति
    कर्मणि में जीर्यते   तॄ = तीर्यते

7. कित् - ङित् प्रत्यय पर **ज्या** गण ९ तथा **व्यध्** के स्वर सहित अंतस्था **य** का

**इ** होता है।

उदा. विध्यति, विध्यते । ज्या का जिनाति

8. व्यंजनांत धातु के उपांत्य **न्** तथा **न्** के स्थान पर हुए अनुस्वार या अनुनासिक व्यंजन का कित् - ङित् प्रत्ययों पर लोप होता है।
परंतु आशंस्, कम्प्, क्रन्द्, काङ्क्ष्, खण्ड्, चिन्त्, जृम्भ्, नन्द्, निन्द्, मण्ड्, लङ्घ्, लम्ब्, लिङ्ग्, वन्द्, वाञ्छ्, शङ्क्, स्पन्द्, हिंस् आदि धातुओं में अनुनासिक का लोप नहीं होता है।

उदा. भ्रंश् + य(श्य) + ति = भ्रश्यति । कर्मणि में भ्रश्यते ।
शंस् + य + ते = शस्यते । शंस् + त (क्त) = शस्तः, प्रशस्तः।
सञ्ज् + य + ते = सज्यते, सक्तः । आसक्तः

9. चौथे गण के सू, दू, दी, धी, मी, री, ली, डी, वी इन नौ धातुओं से जब त और तवत् प्रत्यय लगता है, तब **त** का **न** हो जाता है।

उदा. दूनः, दूनवान् ।
दीनः, दीनवान् स्त्री लिंग में **दीनवती** ।

10. र् और द् अंतवाले धातुओं से त तथा तवत् के **त** का **न** हो जाता है। उस समय धातु के अंत्य **द्** का भी **न्** हो जाता है।

उदा. पूर् + त = पूर्णः, पूर्णवान् ।
उत् + पद् + त = उत्पन्नः, उत्पन्नवान् ।

## चौथे गण के धातु

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अस्** = फेंकना | (परस्मैपदी) | **दम्** = दमन करना | (परस्मैपदी) |
| **इष्** = जाना | (परस्मैपदी) | **दिव्** = क्रीड़ा करना | (परस्मैपदी) |
| अनु+**इष्** =अन्वेषण करना | (परस्मैपदी) | **दो** = छेद करना | (परस्मैपदी) |
| **क्लम्** = थक जाना | (परस्मैपदी) | **भ्रम्** = भटकना | (परस्मैपदी) |
| **छो** = छेद करना | (परस्मैपदी) | **भ्रंश्** = भ्रष्ट होना | (परस्मैपदी) |
| **जॄ** = वृद्ध होना | (परस्मैपदी) | **यस्** = प्रयास करना | (परस्मैपदी) |
| **तम्** = दुःखी होना | (परस्मैपदी) | **व्यध्** = बींधना | (परस्मैपदी) |
| **त्रस्** = दुःखी होना | (परस्मैपदी) | **श्लिष्** = मिलना | (परस्मैपदी) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **शो** = पतला करना | (परस्मैपदी) | **पद्** = होना | (आत्मनेपदी) |
| **ष्ठिव्** = थूकना | (परस्मैपदी) | **वि + पद्** = नाश होना | (आत्मनेपदी) |
| **सिव्** = सीना | (परस्मैपदी) | **पुर्** = बढ़ना | (आत्मनेपदी) |
| **सो** = नाश होना | (परस्मैपदी) | **ली** = लीन होना | (आत्मनेपदी) |
| **स्निह्** = स्नेह करना | (परस्मैपदी) | **विद्** = विद्यमान होना | (आत्मनेपदी) |
| **क्षम्** = क्षमा करना | (परस्मैपदी) | **सू** = जन्म देना | (आत्मनेपदी) |
| **इ** = जाना | (आत्मनेपदी) | **रञ्ज्** = रागी होना | (उभयपदी) |

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **काय** = शरीर | (पुंलिंग) | **चक्षुस्** = आँख | (नपुं. लिंग) |
| **कीट** = कीड़ा | (पुंलिंग) | **चेतस्** = मन | (नपुं. लिंग) |
| **कुलाल** = कुम्हार | (पुंलिंग) | **वर्मन्** = कवच | (नपुं. लिंग) |
| **विधि** = भाग्य | (पुंलिंग) | **श्रोत्र** = कान | (नपुं. लिंग) |
| **गति** = शरण | (स्त्री लिंग) | **आरुढ** = चढ़ा हुआ | (विशेषण) |
| **पुरन्ध्री** = स्त्री | (स्त्री लिंग) | **नृशंस** = क्रूर | (विशेषण) |
| **रक्षा** = रक्षण | (स्त्री लिंग) | **शरीरिन्** = प्राणी | (विशेषण) |
| **कौतुक** = कुतूहल | (नपुं. लिंग) | **सुखिन्** = सुखी | (विशेषण) |

## संस्कृत में अनुवाद करें :

1. बंदर बालकों की ओर दौडा । बालक त्रस्त हुए (त्रस्) अतः रक्षण के लिए प्रयत्न करने लगे (यस्) और थक गए (क्लम्) ।
2. परंतु भीम परेशान नहीं हुआ (त्रस्) । अतः रक्षण के लिए प्रयत्न नहीं करता था, वह थका भी नहीं था । कुतूहल से बंदर को देखने के लिए प्रयत्न करता था । (सम् + यस्)
3. वह साथ में खेलते (दिव्) बालकों को फल देता है ।
4. युद्ध में योद्धा बाण फेंकते हैं (निर्+अस्) तथा बाण योद्धाओं को बींधते हैं ।
5. वृद्ध होनेवाले मनुष्य के केश जीर्ण होते हैं, दाँत जीर्ण होते हैं, चक्षु और कान जीर्ण होते हैं, परंतु एक तृष्णा जीर्ण नहीं होती है ।

## हिन्दी में अनुवाद करें :

1. कुलालचक्र आरूढमिव मे चेतश्चिरं भ्राम्यति ।
2. पुरन्ध्रीसेवायां भ्राम्यन्तो जीवा भवे भ्रमन्ति ।
3. यो महिलासु न रज्यति तस्य ज्ञानं विवेकश्चाभ्यागच्छति ।
4. किं नु खलु बालेऽस्मिन्नौरस इव पुत्रे स्निह्यति मे मनः ।
5. उत्पद्यन्ते विपद्यन्ते खलु जन्तवः ।
6. निर्धनानां मनोरथा हृदयेष्वेव लीयन्ते ।
7. सर्वः प्रार्थितमर्थमधिगम्य सुखी सम्पद्यते जन्तुः ।
8. अद्य मे मनो वैराग्ये लीनमस्ति ।
9. त्वमेवैकोऽसि मे बन्धु र्यन्मत्कार्याय[1] ताम्यसि ।
10. वन्द्यते यदवन्द्योऽपि स प्रभावो धनस्य हि ।
11. विद्यया शस्यते लोके पूज्यते चोत्तमैः सदा ।
    विद्याहीनो नरः प्राज्ञ–सभायां नैव शोभते ।।
12. आदौ चित्ते ततः काये सतां सम्पद्यते जरा ।
    असतां तु पुनः काये नैव चित्ते कदाचन ।।
13. विधौ विध्यति सक्रोधे वर्म धर्मः शरीरिणाम् ।
    स एव केवलं तस्मादस्माकं जायतां गतिः ।।
14. विषयेष्वति–दुःखेषु सुखमानी[2] मनागपि ।
    नाहो विरज्यति जनोऽशुचिकीट इवाशुचौ ।।
15. न सा दीक्षा न सा भिक्षा न तद्दानं न तत्तपः ।
    न तद् ध्यानं न तन्मौनं दया यत्र न विद्यते ।।

---

टिप्पणी : 1) मम कार्यम् – मत्कार्यम् = तस्मै
2) सुखं मन्यते इति सुखमानिन् = सुख मानने वाला

## पाठ 4

# तुदादि छठा गण

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर छठे गण के धातुओं को **अ (श)** विकरण प्रत्यय लगता है ।

   उदा. तुद् + अ (श) + ति = तुदति, तुदते

2. **श** विकरण प्रत्यय अवित् शित् होने से ङित् समान है, अतः गुण नहीं हुआ ।

3. धातु के इ वर्ण और उ वर्ण का स्वरादि प्रत्यय पर क्रमशः **इय्** और **उव्** होता हैं।

   उदा. रि + अ + ति । रिय् + अ + ति = रियति

   धू + अ + ति । धुव् + अ + ति = धुवति

4. अ (श) तथा य (क्य) प्रत्यय पर, ऋ कारांत धातु के **ऋ** का **रि** होता है।

   उदा. मृ + अ + ते । म्रि + अ + ते

   म्रिय् + अ + ते = म्रियते । कर्मणि में – म्रियते ।

   पृ का प्रियते । हृ का ह्रियते ।

**प्रबोध** = जगना (पुंलिंग)
**वंश** = वंश (पुंलिंग)
**गवेषणा** = शोध (स्त्री लिंग)
**गोणी** = गुणी (स्त्री लिंग)
**प्रवृत्ति** = खबर (स्त्री लिंग)
**मृगाक्षी** = मृग समान नेत्रवाली (स्त्री लिं.)
**अस्तु** = निषेध सूचक (अव्यय)
**परस्परम्** = परस्पर (अव्यय)
**मुधा** = व्यर्थ (अव्यय)
**ज्ञानपंचमी**=कार्तिक शुक्लापंचमी (स्त्रीलिंग)
**अनुशासन** = शिक्षा (नपुं. लिंग)
**तेजस्** = तेज (नपुं. लिंग)
**भाण्डागार** = भंडार (नपुं. लिंग)
**अभिराम** = सुंदर (विशेषण)
**आम** = कच्चा (विशेषण)
**एकाकिन्** = अकेला (विशेषण)
**कुशलिन्** = सुखी (विशेषण)
**चाटु** = मधुर वचन (विशेषण)
**नव** = नवीन (विशेषण)
**प्रौढ** = गंभीर (विशेषण)
**हत्याकृत्** = हत्या करनेवाला(विशेषण)

### संस्कृत में अनुवाद करो

1. हम कल ज्ञानपंचमी के दिन शुभ मुहूर्त में व्याकरण पढ़ने (अध्येतुम्) का प्रारंभ करेंगे। (प्र+आ+रभ्) व्याकरण पढ़कर सिद्धांत पढ़ेंगे।
2. यदि तुम सदाचार में रहोगे (वृत्) तो सरस्वती और लक्ष्मी से बढ़ोगे। **(वृध्)**
3. ये मुनि अपने तप तेज द्वारा कर्मों को जला देंगे (भ्रस्ज्) और शाश्वत सुख में मग्न बनेंगे **(मस्ज्)**।
4. तुम्हारे राजकुमारों के द्वारा थोड़े समय में ज्यादा विद्याएँ ग्रहण की जाएंगी, क्योंकि वे विनीत हैं। **(ग्रह्)**
5. ये बोए हुए धान्य पक जाएंगे तब किसानों द्वारा काटे जाएंगे **(लू)**।
6. अभी यह करता हूँ, बाद में यह करूंगा और यह करके (विधाय) फिर वह करूंगा स्वप्नतुल्य इस जीवलोक में कौन मानेगा?
7. यदि राम वन में नहीं गए होते और रावण द्वारा सीता का हरण नहीं हुआ होता तो रामायण में क्या लिखा जाता?

8. कल मजदूर अनाज की बोरियाँ उठायेंगे ।
9. तुम यदि अणहिलपुर पाटण जाओगे **(गम्)** तो वहाँ रहे हुए अति प्राचीन पुस्तक भंडार और ऐतिहासिक प्राचीन अवशेषों को देख सकोगे **(दृश्)** ।
10. रुक्मिणी ने नारदजी को कहा, हे आर्य ! मुझे आशा थी कि आप मेरे पुत्र के समाचार लाओगे ! **(आ+नी)**
नारदजी ने कहा, 'रुक्मिणी शोक छोड दे' तेरे पुत्र की शोध किए बिना मैं तुझे देखूंगा नहीं, यह निश्चय है' – इतना कहकर नारद आकाश मार्ग से उड़े।
11. इन फलों को छूना भी हमें नहीं कल्पता है तो फिर खाने की तो बात ही क्या? **(कृप्)**
12. जिस प्रकार सिंह को देखकर हिरण जंगल में से भाग जाते हैं, उसी प्रकार भीम को देखकर सभी योद्धा रणांगण में से भाग जाएंगे **(नश्)** ।

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **हस्तिभि र्हस्ति–भारो हि वोढुं शक्येत नापरैः ।**
2. **प्रक्ष्यामि तत्सर्वमेनं कृत्वा चाटु–शतान्यपि ।**
3. **कवलः शक्यते क्षेप्तुं नाक्रष्टुं हस्तिनो मुखात् ।**
4. **मरिष्यामो मरिष्याम इत्येवं भावनापराः ।**
**मुधैव जीवितं हित्वा म्रियन्ते सत्त्व–वर्जिताः ।।**
5. **तत्राहमभविष्यं चेत्तदा तेषां दुरात्मनाम् ।**
**अकरिष्यं नव–नवैर्निग्रहैरनुशासनम् ।।**
6. **भवं तरिष्याम्यज्ञोऽपि भवत्पादावलम्ब्यहम् ।**
**गोपुच्छ–लग्नो हि तरेन्नदीं गोपाल–बालकः ।।**
7. **दीक्षां सह त्वयाऽऽदास्ये विहरिष्ये सह त्वया ।**
**दुःसहांश्च सहिष्येऽहं त्वया सह परिषहान् ।।**
8. **त्वया सहोपसर्गांश्च सहिष्ये त्रिजगद्गुरो ! ।**
**कथंचिदपि न स्थास्याम्यहमत्र प्रसीद मे ।।**
9. **युष्मान्नष्टान् विनष्टान्वा हित्वा गतवतां मुखम् ।**
**कथं द्रक्ष्यति नः स्वामी ऋषि–हत्याकृतामिव ।।**

10. युष्मान्विना गतान्नोऽद्य लोकोप्युपहसिष्यति ।
हृदय ! स्फुट रे सद्यः पयःसिक्ताऽऽमकुम्भवत् ।।
11. मयैकाकिन्यसौ मुक्ता प्रबुद्धा मुग्धलोचना ।
मोक्ष्यते जीवितेनाऽपि स्पर्द्धयेव मया सह ।।
12. भर्त्तां तदेनां वञ्चित्वा नान्यतो गन्तुमुत्सहे ।
जीवितं मरणं वाऽपि मम स्तादनया सह ।।
13. अथवाऽनेक-दुःखानामरण्ये नरकोपमे ।
पात्रं नारकिक इव भवाम्येकोऽहमस्त्वसौ ।।
14. मया तु वस्त्र-लिखितामाज्ञां कृत्वा मृगाक्ष्यसौ ।
स्वयं गत्वा कुशलिनी वत्स्यति स्वजनौकसि ।।
15. इति निश्चित्य तां रात्रिमतिक्रम्य च नैषधिः ।
प्रबोध-समये पत्न्याः प्राचलत्त्वरितक्रमम् ।।
16. पूर्णोऽहमर्थैरिति मा प्रसीद रिक्तोऽहमर्थैरिति मा विषीद ।
रिक्तं च पूर्णं भरितं च रिक्तं करिष्यतो नास्ति विधे र्विलम्बः ।।
17. त्वया विना वीर ! कथं व्रजामो ! गृहेऽधुना शून्यवनोपमाने ।
गोष्ठी-सुखं केन सहाचरामो ! भोक्ष्यामहे केन सहाथ बन्धो ! ।।
18. अतिप्रियं बान्धव ! दर्शनं ते सुधाञ्जनं भावि कदास्मदक्ष्णोः ।
नीरागचित्तोऽपि कदाचिदस्मान्स्मरिष्यसि प्रौढगुणाभिराम ! ।।

## पाठ–20

## धातुरूप शब्द

1. 'धातु सूचित क्रिया को करनेवाला' इस अर्थ में धातु को **क्विप्** प्रत्यय लगता है।
   उदा. 1. विश्वं पाति इति क्विप् = विश्वपाः ।
   2. तत्त्वं वेत्ति इति क्विप् तत्त्वविद् ।
2. क्विप् प्रत्यय के सभी वर्ण इत् हैं अर्थात् सभी प्रत्यय उड़ जाते हैं, अतः क्विप् प्रत्ययांत शब्द, धातु जैसे होने से धातुरुप कहलाते हैं ।
3. ह्रस्व स्वरांत धातु को पित्कृत् प्रत्यय पर त् जुड़ता है ।
   उदा. 1. शत्रुं जयति क्विप् = शत्रुजित् ।
   अनु + सृ + क्त्वा = अनुसृत्य ।
4. **क्रुध्** आदि और **सं–पद्** आदि धातुओं को नित्य और **भी** आदि धातुओं के विकल्प से क्विप् प्रत्यय लगकर स्त्रीलिंग शब्द बनते हैं।
   उदा. क्रुध्, मुद्, संपद् विपद् आदि
   भीः, भीतिः, ह्रीः, ह्रीतिः आदि
5. **आकारांत शब्द**
   धुट् सिवाय के स्वरादि प्रत्ययों पर आ (आप्) प्रत्यय को छोड़कर आकारांत नामों से **आ** का लोप होता है ।
   उदा. विश्वपः

**पुंलिंग – स्त्री लिंग के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विश्वपाः | विश्वपौ | विश्वपाः |
| 2. | विश्वपाम् | विश्वपौ | विश्वपः |
| 3. | विश्वपा | विश्वपाभ्याम् | विश्वपाभिः |
| 4. | विश्वपे | विश्वपाभ्याम् | विश्वपाभ्यः |
| 5. | विश्वपः | विश्वपाभ्याम् | विश्वपाभ्यः |
| 6. | विश्वपः | विश्वपोः | विश्वपाम् |
| 7. | विश्वपि | विश्वपोः | विश्वपासु |
| **संबोधन** | विश्वपाः | विश्वपौ | विश्वपाः |

**नोट :** 1. सं+पद् आदि धातुओं में से कई धातुओं को ति प्रत्यय भी लगता है – संपत्तिः, विपत्तिः ।

8. नपुंसक लिंग नामों का अंत्य स्वर ह्रस्व होता है ।
उदा. विश्वप – वन के समान रूप होंगे ।

**ईकारांत – ऊकारांत शब्द**

9. क्विप् प्रत्ययांत नाम के साथ समास हुआ हो, उस समास संबंधी धातु के **इ वर्ण** और **उ** वर्ण का स्वरादि प्रत्ययों पर क्रमशः **य्** और **व्** होता है । परंतु **सुधी** शब्द में नहीं होता है ।
उदा. खलं पुनाति इति खलपूः ।
सुष्ठु ध्यायति दधाति वा सुधीः ।

**पुंलिंग – स्त्री लिंग में**

**खलपू के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | खलपूः | खलप्वौ | खलप्वः |
| 2. | खलप्वम् | खलप्वौ | खलप्वः |
| 3. | खलप्वा | खलपूभ्याम् | खलपूभिः |
| 4. | खलप्वे | खलपूभ्याम् | खलपूभ्यः |
| 5. | खलप्वः | खलपूभ्याम् | खलपूभ्यः |
| 6. | खलप्वः | खलप्वोः | खलप्वाम् |
| 7. | खलप्वि | खलप्वोः | खलपूषु |

**नपुंसक लिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | खलपु | खल्पुनी | खलपूनि |
| 2. | खलपु | खल्पुनी | खलपूनि |
| 3. | खलपुना | खलपुभ्याम् | खलपुभिः |
| 4. | खलपुने | खलपुभ्याम् | खलपुभ्यः |
| 5. | खलपुनः | खलपुभ्याम् | खलपुभ्यः |
| 6. | खलपुनः | खलपुनोः | खलपूनाम् |
| 7. | खलपुनि | खलपुनोः | खलपुषु |
| **संबोधन** | खलपो, पु | खलपुनी | खलपूनि |

**सुधी – पुंलिंग – स्त्री लिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सुधीः | सुधियौ | सुधियः |
| 2. | सुधियम् | सुधियौ | सुधियः |
| 3. | सुधिया | सुधीभ्याम् | सुधीभिः |
| 4. | सुधिये | सुधीभ्याम् | सुधीभ्यः |
| 5. | सुधियः | सुधीभ्याम् | सुधीभ्यः |
| 6. | सुधियः | सुधियोः | सुधियाम् |
| 7. | सुधियि | सुधियोः | सुधीषु |
| **संबोधन** | सुधीः | सुधियौ | सुधियः |

नपुंसक लिंग में सुधि के रूप खलपु समान हैं ।

7. **नी** शब्द से सप्तमी एकवचन **इ** का **आम्** होता है ।
ग्रामं नयति इति ग्रामणीः ।
सप्तमी एकवचन में **ग्रामण्याम्** ।
शेष रूप खलपू की तरह होंगे ।
नयति इति नीः, सप्तमी में **नियाम्** ।
शेष रूप सुधी की तरह होंगे । नीः, नियौ नियः ।

8. दृन्भू, पुनर्भू वर्षाभू और कारभू संबंधी भू धातु के ऊ का स्वरादि प्रत्यय पर व् होता है ।

**पुनर्भू – स्त्री लिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पुनर्भूः | पुनर्भ्वौ | पुनर्भ्वः |
| 2. | पुनर्भ्वम् | पुनर्भ्वौ | पुनर्भ्वः |
| 3. | पुनर्भ्वा | पुनर्भूभ्याम् | पुनर्भूभिः |
| 4. | पुनर्भ्वै | पुनर्भूभ्याम् | पुनर्भूभ्यः |
| 5. | पुनर्भ्वाः | पुनर्भूभ्याम् | पुनर्भूभ्यः |
| 6. | पुनर्भ्वाः | पुनर्भ्वोः | पुनर्भूणाम् |
| 7. | पुनर्भ्वाम् | पुनर्भ्वोः | पुनर्भूषु |
| **संबोधन** | पुनर्भू | पुनर्भ्वौ | पुनर्भ्वः |

दृन्भू स्त्री लिंग एवं वर्षाभू स्त्री लिंग के रूप पूनर्भू के समान होते हैं ।
वर्षाभू और कारभू – पुंलिंग के रूप खलपू की तरह होते हैं ।

### स्वयंभू – पुंलिंग के रुप

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वयंभूः | स्वयंभुवौ | स्वयंभुवः |
| 2. | स्वयंभुवम् | स्वयभुवौ | स्वयंभुवः |
| 3. | स्वयंभुवा | स्वयंभूभ्याम् | स्वयंभूभिः |
| 4. | स्वयंभुवे | स्वयंभूभ्याम् | स्वयंभूभ्यः |
| 5. | स्वयंभुवः | स्वयंभूभ्याम् | स्वयंभूभ्यः |
| 6. | स्वयंभुवः | स्वयंभुवोः | स्वयंभुवाम् |
| 7. | स्वयंभुवि | स्वयंभुवोः | स्वयंभूषु |

### संयोगान्त धातु रूप शब्द

यवान् क्रीणाति इति – यवक्रीः ।

कटं प्रवते कटप्रूः नदीतीरः ।

कटेन प्रवते इति कटप्रूः । कट से तैरने वाला

**रूप**

| | | |
|---|---|---|
| यवक्रीः | यवक्रियौ | यवक्रियः आदि |
| कटप्रूः | कटप्रुवौ | कटप्रुवः आदि |

### ईकारांत – ऊकारांत स्त्री लिंग शब्द

9. इय् और उव् जिसमें हों ऐसे ईकारांत और ऊकारांत स्त्री लिंग नामों से चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी और सप्तमी एकवचन में क्रमशः **ऐ, आस् आस्** और **आम्** विकल्प से होता है तथा षष्ठी बहुवचन में विकल्प से **आम्** का **नाम्** होता है। दधाति, ध्यायति वाः धीः । श्रयति इति श्रीः । भवति इति भूः ।

### श्री – स्त्रीलिंग रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीः | श्रियौ | श्रियः |
| 2. | श्रियम् | श्रियौ | श्रियः |
| 3. | श्रिया | श्रीभ्याम् | श्रीभिः |
| 4. | श्रियै, ये | श्रीभ्याम् | श्रीभ्यः |
| 5. | श्रियाः यः | श्रीभ्याम् | श्रीभ्यः |
| 6. | श्रियाः, यः | श्रियोः | श्रियाम् श्रीणाम् |
| 7. | श्रियाम् यि | श्रियोः | श्रीषु |

12. भ्रू शब्द के ऊ का स्वरादि प्रत्ययों पर उव् होता है ।

उदा. भ्रूः भ्रुवौ भ्रुवः आदि

**भू स्त्रीलिंग के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | भूः | भुवौ | भुवः |
| 2. | भुवम् | भुवौ | भुवः |
| 3. | भुवा | भूभ्याम् | भूभिः |
| 4. | भुवै, वे | भूभ्याम् | भूभ्यः |
| 5. | भुवाः, वः | भूभ्याम् | भूभ्यः |
| 6. | भुवाः, वः | भुवोः | भुवाम्, भूनाम् |
| 7. | भुवाम्, भुवि | भुवोः | भूषु |

**शब्दार्थ**

**आकर** = खान (पुंलिंग)
**कट** = चटाई (पुंलिंग)
**कमठ** = एक तापस (पुंलिंग)
**कर** = हाथ (पुंलिंग)
**कार** = निश्चय (पुंलिंग)
**कारभू** = दलाल (पुंलिंग)
**खलपू**=कचरा साफ करनेवाला (पुंलिंग)
**धरणेन्द्र** = इन्द्र का नाम (पुंलिंग)
**निर्वेद** = कंटाला (पुंलिंग)
**पार्श्वनाथ** = तेबीसवे तीर्थंकर (पुंलिंग)
**प्रतिभू** = साक्षी (पुंलिंग)
**भङ्ग** = नाश (पुंलिंग)
**भोग** = साप की फणा (पुंलिंग)
**भोगिन्** = सांप (पुंलिंग)
**मनोभू** = काम (पुंलिंग)
**विश्वपा**=विश्वका रक्षण करनेवाला(पुं.)
**वर्षाभू** = मेंढक (पुंलिंग)

**सोम** = चंद्र (पुंलिंग)
**सोमपा** = याज्ञिक (पुंलिंग)
**संगर** = युद्ध (पुंलिंग)
**स्वयंभू** = ब्रह्मा (पुंलिंग)
**केलि** = क्रीडा (स्त्री लिंग)
**छिद्** = छेद, नाश (स्त्री लिंग)
**धी** = बुद्धि (स्त्री लिंग)
**पुनर्भू**=दूसरीबार विवाहिता स्त्री (स्त्री लिंग)
**भी** = भय (स्त्री लिंग)
**भू** = पृथ्वी (स्त्री लिंग)
**भ्रू** = भ्रमर (स्त्री लिंग)
**सहचरी** = साथ में रहनेवाली (स्त्री लिंग)
**अस्त्र** = बाण (नपुं. लिंग)
**खल** = कचरा (नपुं. लिंग)
**उपज्ञ** = पहले कहा हुआ (विशेषण)
**खलपू** =कचरा निकालनेवाला (विशेषण)
**ग्रामणी** = गांव का नायक (विशेषण)

**निभ** = समान (विशेषण)

**निर्विण्ण** = कंटाला हुआ (विशेषण)

**सुधी** = विद्वान् (विशेषण)

**संनिभ** = समान (विशेषण)

### धातु

**ईर्ष्य्** = ईर्ष्या करना गण १ (परस्मैपदी)

**प्रु** = जाना गण १ (आत्मनेपदी)

**लस्** = आसक्त होना गण १ (परस्मैपदी)

**उद् + लस्** = उल्लास पाना, (परस्मैपदी)

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. दरिद्र लोगों **(खलपू)** की स्त्रियाँ जौ खरीदनेवाली होती हैं । **(यव क्री)**
2. राजा की रानियाँ अपने महल को छोडकर अन्य मार्ग या उन्मार्ग को नहीं जानती है, अत: कूपमंडूकी **(कूपवर्षाभू)** होती हैं ।
3. सौंदर्य द्वारा जिसने काम को हल्का किया है, ऐसे **(सौन्दर्य तर्जितस्मरम्)** उसे देखकर स्त्रियों की भौएं उल्लसित हो जाती हैं **(उल्लस्)** ।
4. दास की तरह (खलपू - चतुर्थ विभक्ति) बडी ऋद्धिवालों के ऊपर **(ग्रामणी)** यह राजा नि:स्पृही है और ईर्ष्या नहीं करता है **(ईर्ष्य)** ।
5. जैसे धन की इच्छा से कोई दरिद्र **(खलपू)** को नहीं चाहता है, उसी प्रकार यह राजा धन की इच्छा से गाँव के नेता **(ग्रामणी)** को भी नहीं चाहता है ।
6. सेना का नायक, गाँव के नायक में स्नेह रखता है **(स्नेह्)** ।
7. लक्ष्मी पाने के लिए (श्री) मनुष्य दौड़ते हैं, परंतु बुद्धि पाने के लिए नहीं दौड़ते हैं **(प्र+यत्)** ।
8. 'लक्ष्मी (श्री) या स्त्री कोई अपना नहीं है' - ऐसा, तत्त्व को जाननेवाले **(तत्त्वविद्)** कहते हैं ।

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **शरत्कालवशादिन्दुकरा: स्युरधिकश्रिय: ।**
2. **बलिनो यद्बलिभ्योऽपि बहुरत्ना भूरियम् ।**
3. **किं हि दु:साध्यं सुधियां धिय: ।**

4. पुण्यपुंसां विदेशेऽपि सहचर्यो ननु श्रियः ।

5. प्रायेण हि दरिद्राणां शीघ्रं गर्भभृतः स्त्रियः ।

6. श्री छिदेऽञ्जनलेशोऽपि धौतस्य श्वेतवाससः ।

7. कमठे धरणेन्द्रे च स्वोचितं कर्म कुर्वति ।
प्रभुस्तुल्यमनोवृत्तिः पार्श्वनाथः श्रियेऽस्तु वः ।।

8. धेहि धर्मे धनधियं मा धनेषु कदाचन ।
सेवस्व सद्गुरूपज्ञां शिक्षां मा तु नितम्बिनीम् ।।

9. कृतमोहास्त्रवैफल्यं ज्ञानवर्म बिभर्ति यः ।
क्व भीस्तस्य क्व वा भङ्गः कर्मसंगरकेलिषु ।।

10. आयुः पताकाचपलं तरङ्ग–तरलाः श्रियः ।
भोगि–भोग–निभा भोगाः संगमाः स्वप्नसंनिभाः ।।

11. याचकानां महतीनामाशानामेष पूरकः ।
ग्रामण्यां सोमपां नित्यं तद्वधूनां च पूजकः ।।

12. सृजति तावदशेषगुणाकरं पुरुषरत्नमलंकरणं भुवः ।
तदपि तत्क्षणभङ्गि करोति चेद् अहह कष्टमपण्डितता विधेः ।।

13. निर्द्रव्यो ह्रियमेति ह्रीपरिगतः प्रभ्रश्यते तेजसो ।
निस्तेजाः परिभूयते परिभवान्निर्वेदमागच्छति ।।

14. निर्विण्णः शुचमेति शोकविवशो बुद्ध्या परित्यज्यते ।
निर्बुद्धिः क्षयमेत्यहो निर्धनता सर्वाऽऽपदामास्पदम् ।।

# पाठ – 21

## व्यंजनांत धातुरूप शब्द

### चकारांत

प्राञ्चति इति क्विप् प्राच् ।

प्रत्यञ्चति इति क्विप् प्रत्यच् ।

उदञ्चति इति क्विप् उदच् ।

अवाञ्चति इति क्विप अवाच् ।

1. गत्यर्थक अञ्च् धातु के उपांत्य ञ् का कित् प्रत्ययों पर लोप होता है । पूजार्थ में नहीं, अञ्चिता गुरवः।
2. धुट् प्रत्ययों पर **अच्** धातु को धुट् व्यंजन से पहले **न्** जोड़ते हैं।
   उदा. प्राच् + स् = प्रान्च् + स् = प्रान्
3. **अञ्च्** धातु के न् का पद के अंत में **ङ्** होता है ।
   उदा. **प्राङ्**
4. धुट् सिवाय के स्वरादि प्रत्ययों पर **अच्** का च् होता है और पहले का स्वर दीर्घ होता है और **उदच्** का **उदीच्** होता है ।
   द्वितीया बहुवचन – प्राचः, प्रतीचः, उदीचः

### प्राच् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राङ् | प्राञ्चौ | प्राञ्चः |
| 2. | प्राञ्चम् | प्राञ्चौ | प्राचः |
| 3. | प्राचा | प्राग्भ्याम् | प्राग्भिः |
| 4. | प्राचे | प्राग्भ्याम् | प्राग्भ्यः |
| 5. | प्राचः | प्राग्भ्याम् | प्राग्भ्यः |
| 6. | प्राचः | प्राचोः | प्राचाम् |
| 7. | प्राचि | प्राचोः | प्राक्षु |

### प्रत्यच् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रत्यङ् | प्रत्यञ्चौ | प्रत्यञ्चः |
| 2. | प्रत्यञ्चम् | प्रत्यञ्चौ | प्रतीचः |

**उदच् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | उदङ् | उदञ्चौ | उदञ्चः |
| 2. | उदञ्चम् | उदञ्चौ | उदीचः |

**नपुंसक लिंग में**

| | | |
|---|---|---|
| प्राक्, प्राग् | प्राची | प्राञ्चि |
| उदक् ग् | उदीची | उदञ्चि |

4. अकारादि अञ्च् उत्तरपद में हो तो **तिरस्** का तिरि आदेश होता है ।
तिरः अञ्चति – **तिर्यच्**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रूप | तिर्यङ्, च् | तिर्यञ्चौ | तिर्यञ्चः |
| | तिर्यञ्चम् | तिर्यञ्चौ | तिरश्चः |
| नपुं. लिंग | तिर्यक् ग् | तिरश्ची | तिर्यञ्चि |

5. अञ्च् जिसके अंत में हो ऐसे नाम से स्त्री लिंग में ई (ङी) प्रत्यय होता है
प्राची । प्रतीची । उदीची । अवाची । तिरश्ची ।

**जकारांत – शकारांत शब्द**

देवं यजते इति देवेट् ड् ।
उदा. देवेजौ, देवेड्भ्याम् देवेट्सु, देवेड्त्सु ।
सम् (सम्यक्) राजते इति – सम्राट्, ड् । सम्राड्त्सु । सम्राट्सु ।
परि व्रजति – परिव्राट् ड्, परिव्राजः ।
विशति इति विट् ड्, विशौ, विशः, विड्भ्याम् ।

**नकारांत शब्द**

6. हन् अंतवाले नामों का स्वर प्रथमा एकवचन में ही दीर्घ होता है ।
उदा. वृत्रं हतवान् – वृत्रहा

| | | | |
|---|---|---|---|
| रुप | वृत्रहा | वृत्रहणौ | वृत्रहणः |
| | वृत्रहणम् | वृत्रहणौ | वृत्रघ्नः |
| | वृत्रघ्ना | वृत्रहभ्याम् | वृत्रहभिः |

भ्रूणं हतवान् – भ्रूणहा । स्त्री लिंग में भ्रूणघ्नी ।

**र कारान्त शब्द**

7. भू आदि प्रत्येक गण के धातुओं के ऊपर से बने शब्दों के पदांत र्, के पूर्व का

नामि स्वर दीर्घ होता है ।

उदा. गीर्यते इति क्विप् गीः

रूप गीः गिरौ गिरः

पिपर्ति इति पूः, पूरौ, पुरः । पूर्भ्याम् ।

धूर्वति इति धूः, धुरौ, धुरः, धूर्भ्याम् ।

आशास्यते इति आशीः, आशिषौ, आशिषः । आशीर्भ्याम्

8. र् अंतवाले नाम के **र्** का **सु** प्रत्यय पर **र्** ही रहता है ।

उदा. गीर्षु, पूर्षु, द्वार्षु

आशीस्, पयस् आदि शब्द सकारांत होने से वहाँ पर नहीं होगा

आशीष्षु, आशीःषु । पयःसु, पयस्सु ।

**हकारांत शब्द**

मधु लेढि – मधुलिट्,ड्, मधुलिहौ । मधुलिड्भ्याम्

मधुलिड्त्सु । मधुलिट्सु ।

गां दोग्धि– गोधुक्, ग् गोदुहौ । गोधुग्भ्याम् । गोधुक्षु ।

धर्मं बुध्यते इति धर्मभुत्, द् धर्मबुधौ, धर्मभुद्भ्याम्, धर्मभुत्सु ।

मित्राय दुह्यति – मित्रध्रुक्, ग्, ट्, ड् ।

मित्रध्रुग्भ्याम् – ड्भ्याम् । मित्रद्रुहः ।

मित्रध्रुक्षु मित्रध्रुड्त्सु, मित्रधुट्सु

उपनह्यति पादम् – उपानत्, द् उपानद्भिः । उपानहि । उपानत्सु

**अपवाद**

9. ऋत्विज्, दिश्, दृश्, स्पृश्, स्रज्, दधृष् और उष्णिह् इन शब्दों के अंत्य व्यंजन के पद के अंत में ग् होता है ।

ऋत्विक्, ग् ।

ऋत्विजौ, ऋत्विक्षु ।

दिक्, ग्, दिशौ, दिग्भ्याम्, दिक्षु आदि

10. उपमा प्रदान करने में उपयोगी **तद्** आदि सर्वनाम से तथा **अन्य** और **समान** शब्द से दृश धातु को कर्मणि प्रयोग में अ (टक्) स (सक्) तथा क्विप् प्रत्यय होता है ।

अन्य और तद् आदि शब्दों के अंत्य अक्षर का **आ** होता है ।
इदम् का **ई** तथा किम् का **की** होता हैं, समान का **स** होता है ।
उदा.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स | इव | दृश्यते | तादृशः-तादृक्षः | तादृक्, ग् | उसके जैसा |
| अयम् | इव | दृश्यते | ईदृशः, ईदृक्षः | ईदृक्, ग् | इसके जैसा |
| क | इव | दृश्यते | कीदृशः, कीदृक्षः | कीदृक्, ग् | किसके जैसा |
| वयम् | इव | दृश्यते | अस्मादृशः | अस्मादृक्, ग् | हमारे जैसा |
| अन्य | इव | दृश्यते | अन्यादृशः | अन्यादृक्, ग् | अन्य जैसा |
| समान | इव | दृश्यते | सदृशः-सदृक्षः | सदृक्, ग् | समान जैसा |

**शब्दार्थ**

**अक्षत** = चावल (पुंलिंग)
**अरुण** = सूर्य का सारथि (पुंलिंग)
**आयुध** = हथियार (पुंलिंग)
**उद्गार** = उद्गार (पुंलिंग)
**ऋत्विक्** = याज्ञिक (पुंलिंग)
**जनक** = सीता के पिता (पुंलिंग)
**जाल** = समूह (पुंलिंग)
**तुराषाह्** = इंद्र (पुंलिंग)
**दधृष्** = होशियार (पुंलिंग)
**देवेज्** = देव को पूजनेवाला (पुंलिंग)
**परिव्राज्** = साधु (पुंलिंग)
**भ्रूण** = गर्भ (पुंलिंग)
**मधुलिह्** = भ्रमर (पुंलिंग)
**वरिवस्यक** = सेवक (पुंलिंग)
**विश्** = व्यापारी (पुंलिंग)
**वृत्र** = दानव (पुंलिंग)
**शूद्र** = हल्की जाति (पुंलिंग)
**सम्राज्** = बड़ा राजा (पुंलिंग)

**सवितृ** = सूर्य (पुंलिंग)
**सहस्रकिरण** = सूर्य (पुंलिंग)
**अवाची** = दक्षिण दिशा (स्त्री लिंग)
**आशिस्** = आशीर्वाद (स्त्री लिंग)
**उदीची** = उत्तर दिशा (स्त्री लिंग)
**उपानह्** = जूते (स्त्री लिंग)
**उष्णिह्** = छंद का नाम (स्त्री लिंग)
**दिश्** = दिशा (स्त्री लिंग)
**धुर्** = अग्रणी (स्त्री लिंग)
**प्रतीची** = पश्चिम दिशा (स्त्री लिंग)
**प्राची** = पूर्व दिशा (स्त्री लिंग)
**पुर्** = नगरी (स्त्री लिंग)
**शर्वरी** = रात्रि (स्त्री लिंग)
**अवाच्** = बाद का देश काल (विशेषण)
**इच्छु** = इच्छा करनेवाला (विशेषण)
**उचित** = योग्य (विशेषण)
**तिर्यच्** = तिर्यंच (विशेषण)
**प्रत्यच्** = पश्चिम देशकाल (विशेषण)

प्राच् = पूर्व देशकाल (विशेषण)
स्पृश् = स्पर्श करनेवाला (विशेषण)
सुनृत = सत्य (विशेषण)
हन्त = खेद अर्थ में (अव्यय)
**धातु–अञ्च्–गण 1 (परस्मै)**= जाना, पूजा करना
**धूर्व्–गण 1 (परस्मै)** = हिंसा करना, धूर्वति

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. सूर्य (अर्यमन्) पूर्व दिशा में उगता है (उद्+इ) और पश्चिम (प्रत्यच्) दिशा में अस्त होता है (अस्तम् + इ) ।
2. उत्तर दिशा (उदच्) में मेरु है, और दक्षिण दिशा (अवाच्) में लवण समुद्र है ।
3. पुष्पों को छोडकर प्रौढ़ स्त्रियों के मुख को सूंघने के लिए भ्रमर (मधुलिह्) बार बार आते हैं ।
4. इन महाराजाओं से (सम्राज्) इन्द्र (तुराषाह्) लज्जा पाता है ।
5. इस नगरी के लोग शास्त्र शम, समाधि और सत्य में आगे हैं (प्राच्)
6. धर्म के ज्ञाता (धर्मबुध्) साधुओं (परिव्राज्) द्वारा धर्म का उपदेश दिया जाता है।
7. काव्य कवि की कीर्ति को सभी दिशाओं में फैलाता है (तन्) ।
8. इन्द्र (वृत्रहन्) के आयुध को वज्र कहते हैं ।
9. जयसिंह के राज्याभिषेक के बाद मंत्र का उच्चारण करते हुए याज्ञिक पुरोहित ने मंत्र से पवित्र किए हुए (मन्त्रपूत) पानी, अक्षत आदि द्वारा मंगल किया ।
10. जैन साधु पाँव में जूते (उपानह) नही पहिनते है ।
11. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं ।

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **किं वाऽभविष्यदरुणस्तमसां विभेत्ता तं चेत्सहस्रकिरणो धुरि नाकरिष्यत्।**
2. **भवतीनां सूनृतयैव गिरा कृतमातिथ्यम् ।**
3. **आहार इवोद्गारै र्गिरा भावोऽनुमीयते ।**
4. **उपादेया शास्त्र–लोकव्यवहारानुगा[1] गीः ।**
5. **तिर्यञ्चोऽपि रक्षन्ति पुत्रान्प्राणानिवात्मनः ।**
6. **त्वमपि सम्राजं सुतमवाप्स्यसि ।**
7. **यस्य यादृशी भावना सिद्धि र्भवति तादृशी[2] ।**

8. राज्येच्छुः स मृत्वा मिथिलायां महापुरि जनक-भार्याया गर्भे सुतोऽभवत्।
9. जडानामुदये हन्त ! विवेकः कीदृशो भवेत् ।
10. इन्द्रियार्थेषु धावन्ति त्यक्त्वा ज्ञानामृतं जडाः ।
इन्द्रियै र्न जितो योऽसौ धीराणां धुरि गण्यते ।।
11. भास्वन्तं सवितारं तं विनाऽहरपि शर्वरी ।
जाता यन्मे तमोजालैः किलान्धाः सकला दिशः ।।
12. गीर्षु चेतःसु च स्वच्छा महत्सु वरिवस्यकाः ।
धूर्षूचितासु च दृढा राजद्वार्षु नरा इह[3] ।।

---

नोट : 1. अनुगच्छति इति अनुगः ।
2. अ (टक्) प्रत्यय टित् है ।
3. टित् प्रत्ययांत नामों को स्त्री लिंग में ई (ङी) प्रत्यय होता है ।

## पाठ– 22

## तद्धित शब्द

1. दो में निश्चय करना हो तब **एक, यत् तद्, किम्** और **अन्य** सर्वनामों को अतर (डतर) प्रत्यय विकल्प से होता है ।

उदा. एकतरो भवतो: पटु:, एको भवतो: पटु: ।

**आप दो में एक होशियार है ।**

यतरो भवतो: पटु: ततर आगच्छतु । यो भवतो: पटु: स आगच्छतु ।

कतरो भवतो: पटु:? को भवतो: पटु:? ।

अन्यतर: अन्य: पटु: ।

2. बहुत में से निश्चय करना हो तब **यत्, तद्, किम्** और **अन्य** सर्वनामों को अतर (डतर) और अतम (डतम) और एक को अतम (डतम) प्रत्यय विकल्प से होता है ।

यतमो यतरो वा भवतां पटु: ततमस्ततरो वा आगच्छतु ।

यो भवतां पटु: स आगच्छतु ।

कतम: कतरो वा भवतां पटु: ? को भवतां पटु: ? ।

अन्यतम: अन्यतर:, अन्य: पटु: ।

एकतमो भवतां पटु:, एको भवतां पटु: ।

3. नपुंसक लिंग में **अन्य, अन्यतर, इतर** एवं **डतर–डतम** प्रत्यय जिसके अंत में हो ऐसे सर्वनामों में (एकतर शब्द छोडकर) प्रथमा और द्वितीया एकवचन का प्रत्यय **द्** है । उदा.

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा–द्वितीया | अन्यत्, द् | अन्ये | अन्यानि |
| | इतरत्, द् | इतरे | इतराणि |
| प्रथमा–द्वितीया | कतरत्, द् | कतरे | कतराणि |
| | एकतरम् | एकतरे | एकतराणि |

4. 'उसके भेद' (प्रकार) इस अर्थ में संख्यावाचक शब्दों से तय (तयट्) प्रत्यय होता है ।

---

**नोट :** अतर (डतर) अतम (डतम) प्रत्ययांत नाम सर्वनाम है, अत: उनके रूप 'सर्व' जैसे होंगे ।

**द्वि** – **त्रि** शब्द से **अय** (अयट्) प्रत्यय भी होता है । उदा.

पञ्च अवयवा अस्य पञ्चतयो यमः। – **पाँच प्रकार का यम है**

त्रयोऽवयवा यस्य त्रयं त्रितयं जगत् ।

द्वौ अवयवौ अस्य द्वयं द्वितयं तपः ।

5. नेम (सर्वनाम) अर्ध, प्रथम, चरम, अल्प, कतिपय तथा तय-अय जिसके अंत में हो ऐसे नामों से प्रथमा बहुवचन में **अस्** का विकल्प से **इ** होता है ।

उदा. नेमे – नेमाः ।

अर्धे – अर्धाः ।

प्रथमे – प्रथमाः ।

द्वितये – द्वितयाः ।

त्रये – त्रयाः ।

6. 'उसका प्रमाण' इस अर्थ में **इदम्** और **किम्** शब्द से **अत् (अतु)** प्रत्यय होता है । **इदम्** का **इय्** और **किम्** का **किय्** आदेश होता है ।

उदा. इदं मानं अस्य – इयत् जलं – इतना पानी

किं मानं अस्य – कियत् जलं – कितना पानी !

7. 'उतना प्रमाण' इस अर्थ में **यद्**, **तद्** और **एतद्** शब्द से आवत् (डावतु) प्रत्यय होता है ।

उदा. यावत्, तावत्, एतावत् ।

इन शब्दों के रूप भवत् (भवतु) सर्वनाम के अनुसार होते हैं ।

पुं. लिंग में इयान् ।

स्त्री लिंग में इयती, कियती ।

नपुं. लिंग में कियत्, कियती, कियन्ति । आदि

8. 'उसका संख्या प्रमाण' इस अर्थ में **यद् तद्** और **किम्** से **अति (डति)** प्रत्यय भी होता है। **डति** प्रत्ययांत शब्द अलिंग अर्थात् तीनों लिंगों में समान होते हैं।

उदा. या संख्या मानं एषां ते यति, यावन्तः ।

तति, तावन्तः ।

कति, कियन्तः ।

कति = कितना ।

---

**नोट :** तद्धित पर, अपद में रहे अ वर्ण और इ वर्ण का लोप होता है, त्रि+अयट्-इ का लोप-त्रयम्

तति = उतने ।

यति = जितने ।

कति, यति, तति शब्द से प्रथमा-द्वितीया बहुवचन का प्रत्यय 0 है।

कति, कति, कतिभिः आदि ।

9. **'पहले उस रूप में नहीं था, उसका उस रूप में होना'**-इस अर्थ में कृ धातु के योग में कर्म से तथा भू एवं अस् धातु के योग में कर्ता से **च्वि** प्रत्यय होता है। **च्वि** प्रत्यय के सभी वर्ण (अक्षर) **इत्** हैं, अतः पूरा प्रत्यय उड़ जाता है ।
10. **च्वि** प्रत्यय लगने पर स्वर दीर्घ होता है, **ऋ** का **री** होता है तथा अव्यय सिवाय के **अ** वर्ण का **ई** होता है।

   उदा.

   1. प्राग् अशुक्लं शुक्लं करोति इति **शुक्लीकरोति पटम्** ।
   2. प्रागशुक्लः पट इदानीं शुक्लो भवति इति **शुक्लीभवति पटः** ।
   3. प्रागशुक्लः पट इदानीं शुक्लः स्यादिति **शुक्लीस्यात् पटः** ।

      माला - मालीकरोति, मालीभवति, **मालीस्यात्** ।

      दिवाभूता रात्रिः दोषाभूतं अहः ।

      शुचि - शुचीकरोति, शुचीभवति, शुचीस्यात् । पितृ-पित्रीकरोति ।

      पित्री भवति । पित्री स्यात्

11. शिखा आदि शब्दों से **मत् (मतु)** प्रत्यय के अर्थ में **इन्** और **मत्** होता है ।

    उदा. शिखी, शिखावान् ।

    माली, मालावान् ।

12. ऊर्मि आदि शब्दों से मत् के म का व नहीं होता है ।

    उदा. ऊर्मिमान् । भूमिमान् । यवमान् । द्राक्षामान् । ककुद्मान् ।

13. **अस्** अंतवाले शब्द तथा माया, मेधा और स्रज् शब्द से मतु के अर्थ में विन् और मत् होता है ।

    उदा. यशस्वी, यशस्वान् । तपस्वी, तपस्वान्

    मायावी, मायावान् । मेधावी - मेधावान् ।

    स्रग्वी, स्रग्वान् ।

14. मत्वर्थ प्रत्यय पर **स्** या **त्** अंतवाला नाम पद नहीं होता है ।

    उदा. यशस्वी, तडित्वान् ।

15. इष्ठ और ईयस् (ईयसु) प्रत्यय पर विन् और मत् प्रत्यय का लोप होता है।
स्रग्विन्, स्रजिष्ठः, स्रजीयान् ।
बलवत्, बलिष्ठः । बलीयान् । बलीयसी । स्त्री ।
16. अल्प और युवन् का विकल्प से कन् होता है -
अल्प - कनिष्ठः । कनीयान् ।
अल्पिष्ठः । अल्पीयान् ।
युवन् - कनिष्ठः । कनीयान् ।
यविष्ठः । यवीयान् ।
17. प्रशस्य का **श्र** आदेश होता है ।
श्रेष्ठः । श्रेयान् ।
18. वृद्ध और प्रशस्य का **ज्य** आदेश होता है
ज्येष्ठः । ज्यायान्, । ज्यायसी (स्त्री लिंग)
19. बाढ और अन्तिक का **साध** और **नेद** आदेश होता है ।
साधिष्ठः । साधीयान्, नेदिष्ठः । नेदीयान् ।
20. 'पना' भाव अर्थ में पृथु आदि शब्दों से **इमन्, त्व** तथा **ता (तल्)** प्रत्यय होते हैं।
**इमन्** प्रत्ययांत शब्द पुंलिंग है
पृथोर्भावः प्रथिमा, प्रथिमानौ, । प्रथिमानः ।
पृथुत्वम् । पृथुता ।
21. **इमन्, इष्ठ** और **ईयस्** प्रत्यय लगने पर
1) अंत्य स्वर और उसके बाद में रहे व्यंजनों का लोप होता है -
पटु - पटिमा, पटिष्ठः । पटीयान् ।
महत् - महिमा, महिष्ठः । महीयान् ।
2) पृथु, मृदु, भृश, कृश, दृढ, परिवृढ के **ऋ** का **र** होता है।
उदा. प्रथिमा, प्रथिष्ठः, प्रथीयान् ।
म्रदिमा, म्रदिष्ठः, म्रदीयान्
3) स्थूल आदि में स्वर सहित अंतस्था और उसके बाद में रहे व्यंजन का लोप होता है एवं नामि स्वर का गुण होता है। उदा.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **स्थूल** – मोटा | | स्थविष्ठः । | स्थवीयान् । |
| 2. | **दूर** – दूर | | दविष्ठः । | दवीयान् । |
| 3. | **युवन्** – युवान | | यविष्ठः । | यवीयान् । |
| 4. | **ह्रस्व**– छोटा | ह्रसिमा । | ह्रसिष्ठः । | ह्रसीयान् । |
| 5. | **क्षिप्र** – जल्दी | क्षेपिमा । | क्षेपिष्ठः । | क्षेपीयान् । |
| 6. | **क्षुद्र** – हल्का | क्षोदिमा । | क्षोदिष्ठः । | क्षोदीयान् । |

4) **प्रिय** आदि का **प्रा** आदि आदेश होता है –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **प्रिय** – प्यारा | प्रेमा | प्रेष्ठः | प्रेयान् |
| 2. | **स्थिर**–निश्चल | स्थेमा | स्थेष्ठः | स्थेयान् |
| 3. | **स्फिर**–बहुत | | स्फेष्ठः | स्फेयान् |
| 4. | **उरु** – मोटा | वरिमा | वरिष्ठः | वरीयान् |
| 5. | **गुरु** – भारी | गरिमा | गरिष्ठः | गरीयान् |
| 6. | **बहुल**–ज्यादा | बंहिमा | बंहिष्ठः | बंहीयान् |
| 7. | **तृप्र**–दुःखी | त्रपिमा | त्रपिष्ठः | त्रपीयान् |
| 8. | **दीर्घ**–लंबा | द्राघिमा | द्राघिष्ठः | द्राघीयान् |
| 9. | **वृद्ध**–बूढ़ा | वर्षिमा | वर्षिष्ठः | वर्षीयान् |
| 10. | **वृन्दारक**–प्रशस्य | वृन्दिमा | वृन्दिष्ठः | वृन्दीयान् |

15. बहु का **इमन्** और **ईयस्** प्रत्यय पर **भू** आदेश होता है और प्रत्यय के **इ वर्ण** का लोप होता है।

इष्ठ पर भूय् होता है ।

उदा. बहु – ज्यादा – भूमा । भूयिष्ठः । भूयान् ।

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अहिमरुचि** = सूर्य | (पुंलिंग) | **तडित्वत्** = मेघ | (पुंलिंग) |
| **आयुष्मत्** = आप | (पुंलिंग) | **देवसूरि** = श्वेतांबर आचार्य | (पुंलिंग) |
| **ककुद्मत्** = बैल | (पुंलिंग) | **द्रुम** = वृक्ष | (पुंलिंग) |
| **कलापिन्** = मोर | (पुंलिंग) | **द्विप** = हाथी | (पुंलिंग) |
| **कुमुदचन्द्र** = दिगंबर आचार्य | (पुंलिंग) | **वाज** = वेग | (पुंलिंग) |
| **जीमूतमालिन्** = वर्षाऋतु | (पुंलिंग) | **वाजिन्** = घोड़ा | (पुंलिंग) |

**शतक्रतु** = इंद्र (पुंलिंग)
**सन्निधि** = पास में (पुंलिंग)
**स्तबक** = गुच्छा (पुंलिंग)
**हय** = घोडा (पुंलिंग)
**अङ्गुली** = अंगुली (स्त्री लिंग)
**कटि** = कमर (स्त्री लिंग)
**कदली** = केल का वृक्ष (स्त्री लिंग)
**भूयस्** = फिर से (अव्यय)
**तडित्** = बिजली (स्त्री लिंग)
**भागीरथी** = गंगा (स्त्री लिंग)
**अलंकरण** = अलंकार (नपुं. लिंग)
**ऊर्जस्** = बल (नपुं. लिंग)
**ककुद्** = बैल का स्कंध (नपुं. लिंग)
**परिधान** = वस्त्र (नपुं. लिंग)
**पीयूष** = अमृत (नपुं. लिंग)
**बर्ह** = पिंछ (नपुं. लिंग)
**लाङ्गूल** = पूंछ (नपुं. लिंग)
**शकट** = गाड़ी (नपुं. लिंग)

**कतिपय** = थोड़ा (विशेषण)
**चरम** = अंतिम (विशेषण)
**तनु** = पतला (विशेषण)
**परिवृढ** = समर्थ (विशेषण)
**प्रथम** = पहला (विशेषण)
**बाढ** = अच्छा (विशेषण)
**विपन्न** = मरा हुआ (विशेषण)
**सहाध्यायिन्** = साथ में पढ़नेवाला (विशे.)
**सन्नद्ध** = तैयार (विशेषण)
**नेम** = आधा (सर्वनाम) धातु
**गल्** = गलना गण1 परस्मैपदी
**खण्ड्** = खंडित करना गण1 आत्मनेपदी
**नह्** = बाँधना गण 4 उभयपदी
**सम् + नह्** = तैयार होना
**परि + छिद्** = जानना गण 7 उभयपदी
**लक्ष्** = देखना गण 10 उभयपदी

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. हमारे सैन्य में इतने शत्रु कितने हैं ? **(कति)**
2. थोड़े भी देव **(कतिपय)** और थोड़े भी नाग, इसके समान **(संनिभ)** नहीं है।
3. पर्वतों में मेरु सबसे बड़ा **(महत्)** और सबसे चौड़ा **(पृथु)** है।
4. अन्न में उड़द सबसे अधिक भारी **(गुरु)** और बहुत चिकने **(स्निग्धतम)** हैं।
5. पांडवों में भीमसेन सबसे अधिक मोटा, बहुत मजबूत **(दृढ)** और अतिशय बलवान **(बलवत्)** था।
6. हाथ में पाँच अंगुलियाँ हैं, उनमें सबसे छोटी **(अल्प)** अंगुली **(कतर या कतम)** कौनसी ?
7. बहुतसा काल **(अनेहस्)** गया तो भी **तदपि** रामराज्य की महिमा-महिमन् को

लोग आज भी याद करते हैं।

8. इस बैलगाड़ी में दो बैल जुड़े (संयोजित) हैं, उसमें एक (**एकतर**) मोटा (**गुरु**) है और दूसरा छोटा (**युवन्**) है।
9. कृष्ण को आठ अग्रमहिषियाँ थीं उनमें कृष्ण को अधिक प्रिय (**प्रिय**) कौन थी?
10. बंदर की पूंछ ज्यादा लंबी (दीर्घ) और ऊंट की पूंछ बहुत छोटी होती हैं (**हृस्व**)।
11. हिंदुस्तान के शहरों में सबसे बड़ा (**उरु**) शहर कौन सा है? (**कतर**) और जैनों के तीर्थस्थानों में सबसे बड़ा तीर्थ कौन सा? (**कतम**)
12. चाणक्य की बुद्धि अत्यंत स्थिर और परिपक्व थी (**वृद्ध**)।
13. सभी नदियों की अपेक्षा गंगा नदी की चौडाई (**पृथु**) और लंबाई ज्यादा है।
14. ये सात विद्यार्थी हैं उनमें पहले तीन ज्यादा होशियार (**पटु**) हैं और अंतिम तीन अतिमंद (**मन्दतम**) हैं।
15. मेरे पास व्याकरण की दो पुस्तकें थीं, उसमें से एक मैंने मेरे सहाध्यायी को दी।

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **कतरस्मिन् पथि वर्तामहे ।**
2. **स्वकार्यादधिको यत्नः परकार्ये महीयसाम् ।**
3. **अहो ! कामावस्था बलीयसी ।**
4. **दविष्ठं हि वाजिनां मरुतां च किम् ।**
5. **विपन्ने पितरि प्रायो ज्यायान्पुत्रो धुरन्धरः ।**
6. **बलीयसाऽवरुद्धानां त्राणं नान्य पलायनात् ।**
7. **बुद्धिसाध्येषु कार्येषु कुर्युरूर्जस्विनोऽपि किम् ।**
8. **कुमार ! गहनः सचिव–वृत्तान्तः, नैतावता परिच्छेत्तुं शक्यते ।**
9. **यत्तदलंकरणत्रयं क्रीतं तन्मध्यादेकं दीयताम् ।**
10. **देवोयमेवं स्वकुल–प्रशंसां कुरुतेतमाम् ।**
11. **एतावानेव शतक्रतोरायुष्मतश्च विशेषः ।**
12. **प्रगलिततारका तनिमानमभजत रजनिः ।**
13. **अस्मिन्नलक्षित–नतोन्नत–भूमिभागे मार्गे पदानि खलु ते विषमीभवन्ति।**

14. कुसुम–स्तबकस्येव द्वयी वृत्ति र्मनस्विनः ।
मूर्ध्नि वा सर्वलोकस्य शीर्यते वन एव वा ।।
15. [1]नैर्गुण्यमेव साधीयो धिगस्तु गुणगौरवम् ।
शाखिनोऽन्ये विराजन्ते खण्ड्यन्ते चन्दन–द्रुमाः ।।
16. मण्डलीकृत्य बर्हाणि कण्ठै र्मधुरगीतिभिः ।
कलापिनः प्रनृत्यन्ति काले जीमूतमालिनि ।।
17. यदि नाम कुमुदचन्द्रं नाऽजेष्यद् देवसूरिरहिमरुचिः ।
कटि–परिधानमधास्यत कतमः श्वेताम्बरो जगति ।।
18. कुसंसर्गात्कुलीनानां भवेदभ्युदयः कुतः ।
कदली नन्दति कियद् बदरी–तरु–सन्निधौ ।।
19. नेमे दासीकृता नेमा हताश्चानेन भूभुजः ।
अर्धे द्विपा हयाश्चार्धाः सन्नद्धाः सर्व एव न ।।
20. मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा–स्त्रिभुवनमुपकार–श्रेणिभिः प्रीणयन्तः।
परगुणपरमाणून्पर्वतीकृत्य नित्यं, निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः।।

---

नोट : 1. 'पना' अर्थ में य (ट्यण्) और अण् प्रत्यय भी लगता हैं।
निर्गुण – नैर्गुण्यम्, विषम – वैषम्यम् इत्यादि । गुरु, गौरवम् ।

## पाठ - 23

# सामासिक संख्यावाचक शब्द

| | | |
|---|---|---|
| एकश्च दश च | एकादश | 11 |
| चत्वारश्च दश च | चतुर्दश | 14 |
| पञ्च च दश च | पञ्चदश | 15 |
| षट् च दश च | षोडश | 16 |
| नव च दश च | नवदश | 19 |
| एकोना च असौ विंशतिश्च | एकोन विंशति: | 19 |
| एकश्च विंशतिश्च | एकविंशति: | 21 |
| चत्वारश्च विंशतिश्च | चतुर्विंशति: | 24 |
| चत्वारश्च त्रिंशश्च | चतुस्त्रिंशत् | 34 |
| एको ना पञ्चाशत् | एकोनपञ्चाशत् | 49 |
| चत्वारश्च षष्टिश्च | चतुष्षष्टि:, चतु:षष्टि: | 64 |
| त्रयश्च अशीतिश्च | त्र्यशीति: | 83 |
| षट् च अशीतिश्च | षडशीति: | 86 |
| नव च अशीतिश्च | नवाशीति: | 89 |
| षट् च नवतिश्च | षण्णवति: | 96 |
| नव च नवतिश्च | नवनवति: | 99 |
| एकश्च शतं च | एकशतम् | 101 |
| द्वौ च शतं च | द्विशतम् | 102 |
| अष्ट च शतं च | अष्टशतम् | 108 |
| एकविंशतिश्च शतं च | एकविंशतिशतम् | 121 |

**एकादशन् और षोडशन् ये दो शब्द स्वयंसिद्ध हैं ।**

1. शत पहले की संख्या उत्तर पद में हो तो द्वि, त्रि और अष्टन् के बदले द्वा, त्रयस् तथा अष्टा होता है, परंतु अशीति उत्तरपद में हो और बहुव्रीहि समास हो तो ऐसा नहीं होता है ।

   उदा. द्वौ च दश च द्वादशन्, त्रयोदशन्, अष्टादशन् ।

   द्वाविंशति, त्रयोविंशति, अष्टाविंशति ।

परंतु

द्वात्रिंशत्, त्रयस्त्रिंशत्, अष्टात्रिंशत् ।

2. चत्वारिंशत्, पञ्चाशत्, षष्टि, सप्तति और नवति उत्तरपद में हो तो द्वा, त्रयस् और अष्टा विकल्प से होता है ।

द्वाचत्वारिंशत्, द्विचत्वारिंशत् । त्रयश्चत्वारिंशत्, त्रिचत्वारिंशत् ।
अष्टाचत्वारिंशत्, अष्टचत्वारिंशत् । द्वापञ्चाशत्, द्विपञ्चाशत् ।
त्रयः पञ्चाशत्, त्रि पञ्चाशत् । अष्टा पञ्चाशत्, अष्ट पञ्चाशत् ।
द्वाषष्टि, द्विषष्टि । त्रयष्षष्टि, त्रयःषष्टि, त्रिषष्टि ।
अष्टाषष्टि, अष्टषष्टि । द्वा सप्तति, द्विसप्तति ।
त्रयस्सप्तति, त्रयःसप्तति, त्रिसप्तति । अष्टा सप्तति, अष्ट सप्तति ।
द्वानवति, द्विनवति । त्रयोनवति, त्रिनवति ।
अष्टानवति, अष्टनवति ।

## आवृत्ति दर्शक संख्यावाची शब्द

3. 'बार' अर्थ में संख्यावाचक शब्दों से कृत्वस् प्रत्यय होता है। द्वि त्रि और चतुर से स् (सुच्) प्रत्यय होता है। ये नाम अव्यय रूप हैं।

उदा. पञ्चकृत्वो भुङ्क्ते - पाँच बार खाता है

षट्कृत्वः, विंशतिकृत्वः, शतकृत्वः, कतिकृत्वः आदि ।

द्वि = दो बार

त्रिः = तीन बार

चतुः = चार बार

4. एक शब्द से 'बार' अर्थ में **सकृत** आदेश होता है ।

सकृत् = एक बार

## संख्या पूरक शब्द

5. संख्यापूरण अर्थ में

   1. संख्यावाचक शब्दों से अ (डट्) प्रत्यय होता है।

      उदा. एकादशः ग्यारहवाँ, एकादशी-ग्यारहवीं

      इसी प्रकार - द्वादशः द्वादशी ।

   2. विंशति आदि (नवनवति तम) शब्दों से विकल्प से **तम (तमट्)** होता है।

विंशते:पूरण: विंशतितम:, विकल्प से विंश: । (नियम १ से अ (डट्) हुआ।

स्त्री लिंग में – विंशतितमी विंशी ।

एकविंशतितम:, एकविंश:

त्रिंशत्तम:, त्रिंश:, त्रिंशत्तमी–त्रिंशी आदि ।

3. शत आदि सभी संख्यावाचक शब्दों से तथा मास, अर्धमास संवत्सर शब्दों से **तम (तमट्)** ही होता है।

उदा. शततम:, शततमी, एकशततम:, द्विशततम:, सहस्रतम:, सहस्रतमी आदि। मासस्य पूरण: – मासतमोदिन: = महीने का अंतिम दिन।

4. प्रारंभ में संख्यावाचक शब्द न हो तो षष्टि, सप्तति, अशीति और नवति शब्दों से तम (तमट्) ही होता है।
   उदा. षष्टितम: । ।सप्ततितम: । अशीतितम: । नवतितम: । नवतितमी
   विपरीत उदा. : एकषष्टितम:। एकषष्ट:। एकसप्ततितम: । एकसप्तत: ।

5. आदि में संख्यावाचक शब्द जुड़े न हों ऐसे पञ्चन्, सप्तन्, अष्टन्, नवन् और दशन् से **म (मट्)** प्रत्यय होता है ।
   उदा. पञ्चम:, सप्तम:, अष्टमी, नवमी, दशमी
   परंतु एकादश: द्वादश: आदि ।

6. षष्, कति, कतिपय से थ (थट्) प्रत्यय होता है ।
   उदा. षष्ठ:, षष्ठी, कतिथ:, कतिपयथी ।

7. चतुर् से थ (थट्) तथा **य** व **ईय** भी होता है ।
   उदा. चतुर्थ:, चतुर्थी । तुर्य:, तुरीय: । यहाँ चतुर के च का लोप होता है।

8. द्वि तथा त्रि से नीय होता है
   द्वितीय:, तृतीय : । द्वितीया, तृतीया । यहां त्रि का तृ होता है ।

9. तीय प्रत्ययांत नाम के रूप चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी व सप्तमी एक वचन में विकल्प से सर्वनाम की तरह होते हैं।

---

**टिप्पणी :** विंशति के ति का डित् प्रत्यय पर लोप होता है – विंश: ।

| पुं. लिंग | स्त्री लिंग |
|---|---|
| द्वितीयस्मै, द्वितीयाय | द्वितीयस्यै, द्वितीयायै |
| द्वितीयस्मात्, द्वितीयात् | द्वितीयस्याः, द्वितीयायाः |
| द्वितीयस्य | द्वितीयस्याः, द्वितीयायाः |
| द्वितीयस्मिन्, द्वितीये | द्वितीयस्याम्, द्वितीयायाम् |

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अमर** = देव | (पुंलिंग) | **धृति** = धैर्य | (स्त्री लिंग) |
| **अब्द** = वर्ष | (पुंलिंग) | **पर्वन्** = पर्व | (नपुं. लिंग) |
| **अंश** = भाग | (पुंलिंग) | **भवन** = घर | (नपुं. लिंग) |
| **गच्छ** = समुदाय | (पुंलिंग) | **युग्म** = जुड़ा हुआ, जोड़ा | (नपुं. लिंग) |
| **जिनवर** = जिनेश्वर | (पुंलिंग) | **अतुल** = बहुत ज्यादा | (विशेषण) |
| **तीर्थंकर** = तीर्थस्थापक | (पुंलिंग) | **अमर्षण** = सहन नहीं करनेवाला | (विशे.) |
| **परिमल** = सुगंध | (पुंलिंग) | **ऋजु** = सरल | (विशेषण) |
| **पुष्य** = पुष्यनक्षत्र | (पुंलिंग) | **धवल** = सफेद | (विशेषण) |
| **मर्त्य** = मनुष्य | (पुंलिंग) | **युत** = सहित | (विशेषण) |
| **वास** = निवास | (पुंलिंग) | **विश्रुत** = प्रसिद्ध | (विशेषण) |
| **अवसर्पिणी**=उतरता काल | (स्त्री लिंग) | **स्वाहा** = मंत्राक्षर | (अव्यय) |
| **जल्प् गण –1** (परस्मै) = कहेना | | | |

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. इस राजा का सैन्य उस राजा के बीसवें भाग जितना भी नहीं है ।
2. इस दिन से छठे या सातवें दिन वह तुम्हारे नगर में आएगा ।
3. एक बार – दो बार नहीं किंतु सौ बार सीधी की गई (ऋजुकृतम्) कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं रहती है । (स्था)
4. त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित के दश पर्व हैं, उनमें से चार पर्व मैं पढ़ा हूँ । (अधि+इ)
5. चौबीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्ती, नौ बलदेव, नौ वासुदेव और नौ प्रतिवासुदेव ये सब मिलकर तिरसठ शलाकापुरुष एक अवसर्पिणी और एक उत्सर्पिणी में होते हैं।

6. स्त्रियों की चौसठ कलाएँ और पुरुषों की बहोत्तर कलाएँ हैं ।
7. चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन भगवान महावीर का जन्म हुआ।
8. यह पाठ कितने नंबर का है ! यह पाठ तुम कितनी बार पढ़े हो?
9. इस आचार्य के गच्छ में एक सौ आठ साधु हैं।
10. सत्तावीसवें वर्ष में मैं उसे अलग करूंगा । (मुच्)
11. प्राय: करके वह बयासी दिन यहाँ रहेगा ।
12. भगवान महावीर बहोतरवें वर्ष में मोक्ष में गए ।

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **विनयेन विद्या ग्राह्या, पुष्कलेन धनेन वा ।**
**अथवा विद्यया विद्या, चतुर्थं नैव कारणम् ।।**
2. **प्रथमे वयसि ग्राह्या, विद्या सर्वात्मना बुधैः ।**
**धनार्जनं द्वितीये, तृतीये धर्मसङ्ग्रहः ।।**
3. **सकृज्जल्पन्ति राजानः, सकृज्जल्पन्ति साधवः ।**
**सकृत्कन्याः प्रदीयन्ते, त्रीण्येतानि सकृत्सकृत् ।।**
4. **द्वात्रिंशल्लक्षणो मर्त्यो, विनायु नैव शस्यते ।**
**सरोवरं विना नीरं, पुष्पं परिमलं विना ।।**
5. **द्वितीयस्यास्तृतीयाया नृपकीर्तेरमर्षणः ।**
**जगत्यस्मिन् द्वितीयस्मिंस्तृतीये चैष विश्रुतः ।।**
6. **देहीति वचनं श्रुत्वा, देहस्थाः पञ्च देवताः ।**
**नश्यन्ति तत्क्षणादेव श्रीह्रीधीधृतिकीर्तयः ।।**
7. **सकृद् द्विस्त्रिश्चतुः पञ्चकृत्वो वागः सहेन्महान् ।**
8. **आरोग्यं प्रथमं द्वितीयकमिदं लक्ष्मीस्तृतीयं यशः,**
**तुर्यं स्त्री पतिचित्तगा च विनयी पुत्रस्तथा पञ्चमम् ।**
**षष्ठं भूपतिसौम्यदृष्टिरतुला वासोऽभयः सप्तमं,**
**सप्तैतानि सुखानि यस्य भवने धर्मप्रभावः स्फुटम् ।।**
9. **पालयेत्पञ्चवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत् ।**
**प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रमिवाचरेत् ।।**
10. **षोडश विद्यादेव्यो रक्षन्तु वो नित्यं स्वाहा ।**

11. अपि द्वादशे चन्द्रे पुष्यः सर्वार्थसाधकः ।
12. चतुर्विंशतिरपि जिनवराः तीर्थंकरा मे प्रसीदन्तु ।
13. सप्ततिशतं जिनानां सर्वामरपूजितं वन्दे ।
14. इतो दिनाद् द्वाषष्टितमे दिने नृपो नूनं समेष्यति ।
15. इच्छति शती सहस्रं ससहस्रः कोटिमीहते कर्तुम् ।
कोटियुतोऽपि नृपत्वं नृपोऽपि बत चक्रवर्तित्वम् ।।
16. निर्वाणंगतस्य भगवतो महावीरस्याऽस्मिन्सप्ताधिक–द्वि–सहस्रतमे (2007 तमे) वैक्रमेऽब्दे सप्तसप्तत्युत्तरैश्चतुश्शतै–रधिके द्वे सहस्रे संवत्सराणां संजाते।

# पाँचवा प्रकरण

## पाठ - 24

## परोक्ष भूतकाल

### परोक्ष भूतकाल परस्मैपदी के प्रत्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | अ (णव्) | व | म |
| **द्वितीय पुरुष** | थ (थव्) | अथुस् | अ |
| **तृतीय पुरुष** | अ (णव्) | अतुस् | उस् |

### आत्मनेपदी प्रत्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | ए | वहे | महे |
| **द्वितीय पुरुष** | से | आथे | ध्वे |
| **तृतीय पुरुष** | ए | आते | इरे |

1. परोक्षा के प्रत्यय लगने पर धातु द्वित्व होता है, परंतु स्वरादि प्रत्यय हो तो पहले द्वित्व करे, फिर स्वर संबंधी कार्य करे ।

   उदा. भण् + अ (णव्)

   भण् भण् + अ

   भभण् + अ

   बभण् + अ = बभाण ।

2. **इन्ध्** धातु से तथा जिसके अंत में संयोग न हो ऐसे धातुओं से वित् सिवाय के परोक्षा के प्रत्यय कित् जैसे होते है, परंतु स्वञ्ज् धातु से विकल्प से कित् होते हैं। उदा.

   सम् + इन्ध् + ए = समीधे ।

   परिषस्वजे, परिषस्वञ्जे ।

   कित् होने से **न्** का लोप हुआ ।

   भिद् का बिभिदतुः (कित् होने से गुण नहीं हुआ)

   बिभेद (यहाँ प्रत्यय **कित्** नहीं **वित्** होने से गुण हुआ)

3. प्रथम पुरुष एकवचन का **अ (णव्)** प्रत्यय विकल्प से **णित्** होता है। णित् होने पर वृद्धि होगी ।

   **श्रि** - शिश्राय ।

4. कृ, सृ, वृ, भृ, स्तृ, श्रु तथा स्रु इन आठ धातुओं को छोडकर प्रत्येक धातु से परोक्षा के व्यंजनादि प्रत्यय के पहले इ (इट्) होता है ।

**भण् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | बभण, बभाण | बभणिव | बभणिम |
| **द्वितीय पुरुष** | बभणिथ | बभणथुः | बभण |
| **तृतीय पुरुष** | बभाण | बभणतुः | बभणुः |

**भिद् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | बिभेद | बिभिदिव | बिभिदिम |
| **द्वितीय पुरुष** | बिभेदिथ | बिभिदथुः | बिभिद |
| **तृतीय पुरुष** | बिभेद | बिभिदतुः | बिभिदुः |

**रुध् धातु के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | रुरोध | रुरुधिव | रुरुधिम |
| **द्वितीय पुरुष** | रुरोधिथ | रुरुधथुः | रुरुध |
| **तृतीय पुरुष** | रुरोध | रुरुधतुः | रुरुधुः |

**रुध् धातु के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | रुरुधे | रुरुधिवहे | रुरुधिमहे |
| **द्वितीय पुरुष** | रुरुधिषे | रुरुधाथे | रुरुधिध्वे |
| **तृतीय पुरुष** | रुरुधे | रुरुधाते | रुरुधिरे |

**सम् + इन्ध् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | समीधे | समीधिवहे | समीधिमहे |
| **द्वितीय पुरुष** | समीधिषे | समीधाथे | समीधिध्वे |
| **तृतीय पुरुष** | समीधे | समीधाते | समीधिरे |

**स्रंस् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | सस्रंसे | सस्रंसिवहे | सस्रंसिमहे |
| **द्वितीय पुरुष** | सस्रंसिषे | सस्रंसाथे | सस्रंसिध्वे |
| **तृतीय पुरुष** | सस्रंषे | सस्रंसाते | सस्रंसिरे |

टिप्पणी : कृ धातु के पहले स् आए तब इ होती है । उदा. सञ्चस्करिव

5. द्वित्व होने के बाद पहले के ऋ का अ होता है ।

उदा. सृ + अ (णव्) सृसृ + अ

स सृ + अ = ससार ।

6. द्वित्व होने के बाद पूर्व के शिट् का अघोष व्यंजन पर लोप होता है।

उदा. स्पृश् + अ

स्पृश् स्पृश् + अ

पृश् स्पृश् + अ + पृस्पृर्श् + अ = पस्पर्श ।

7. द्वित्व होने के बाद पूर्व के क का च होता है ।

उदा. कृ - कृ + अ

कृकृ + अ - ककृ + अ = चकृ + अ = चकार

**इष् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| इयेष | ईषिव | ईषिम |
| इयेषिथ | ईषथुः | ईष |
| इयेष | ईषतुः | ईषुः |

**सृ के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| ससर, ससार | ससृव | ससृम |
| ससर्थ | सस्रथुः | सस्र |
| ससार | सस्रतुः | सस्रुः |

8. र् कारांत धातु तथा नाम्यंत धातु परोक्षा, अद्यतनी और आशीर्वाद के प्रत्यय के ध् का ढ् होता है।

**कृ के रूप – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| चकर, चकार | चकृव | चकृम |
| चकर्थ | चक्रथुः | चक्र |
| चकार | चक्रतुः | चक्रुः |

**कृ – आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| चक्रे | चकृवहे | चकृमहे |
| चकृषे | चक्राथे | चकृढ्वे |
| ॰चक्रे | चक्राते | चक्रिरे |

**स्तु – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| तुष्टव तुष्टाव | तुष्टुव | तुष्टुम |
| तुष्टोथ | तुष्टुवथुः | तुष्टुव |
| तुष्टाव | तुष्टुवतुः | तुष्टुवुः |

**स्तु – आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| तुष्टुवे | तुष्टुवहे | तुष्टुमहे |
| तुष्टुषे | तुष्टुवाथे | तुष्टुद्वे |
| तुष्टुवे | तुष्टुवाते | तुष्टुविरे |

9. ह्कारांत और अंतस्था अंतवाले धातु के बाद **इ** (ञिट्) या **इ** (इट्) हो तो उसके बाद रहे परोक्षा, अद्यतनी और आशीर्वाद के प्रत्यय के **ध्** का **ढ्** विकल्प से होता है।

**ग्रह् के रूप – परस्मैपदी (पाठ 4 नियम 5)**

| | | |
|---|---|---|
| जग्रह, जग्राह | जगृहिव | जगृहिम |
| जग्रहिथ | जगृहथुः | जगृह |
| जग्राह | जगृहतुः | जगृहुः |

**आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| जगृहे | जगृहिवहे | जगृहिमहे |
| जगृहिषे | जगृहाथे | जगृहिढ्वे, ध्वे |
| जगृहे | जगृहाते | जगृहिरे |

**त्वर् के रूप – आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| तत्वरे | तत्वरिवहे | तत्वरिमहे |
| तत्वरिषे | तत्वराथे | तत्वरिध्वे, ढ्वे |
| तत्वरे | तत्वराते | तत्वरिरे |

**शी – आत्मनेपदी (पाठ 14, नियम 15)**

| | | |
|---|---|---|
| शिश्ये | शिश्यिवहे | शिश्यिमहे |
| शिश्यिषे | शिश्याथे | शिश्यिढ्वे, ध्वे |
| शिश्ये | शिश्याते | शिश्यिरे |

**श्रि – परस्मैपदी (पाठ 14, नियम 17)**

| | | |
|---|---|---|
| शिश्रय, शिश्राय | शिश्रियिव | शिश्रियिम |
| शिश्रियिथ | शिश्रियथुः | शिश्रिय |
| शिश्राय | शिश्रियतुः | शिश्रियुः |

**श्रि – आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| शिश्रिये | शिश्रियिवहे | शिश्रियिमहे |
| शिश्रियिषे | शिश्रियाथे | शिश्रियिढ्वे, ध्वे |
| शिश्रिये | शिश्रियाते | शिश्रियिरे |

**लू – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| लुलव, लुलाव | लुलुविव | लुलुविम |
| लुलविथ | लुलुवथुः | लुलुव |
| लुलाव | लुलुवतुः | लुलुवुः |

**लू – आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| लुलुवे | लुलुविवहे | लुलुविमहे |
| लुलुविषे | लुलुवाथे | लुलुविढ्वे, ध्वे |
| लुलुवे | लुलुवाते | लुलुविरे |

10. **सृज्, दृश्, स्कृ** धातु से, स्वरांत अनिट् धातुओं से तथा जिसमें **अ** हो ऐसे **अनिट्** धातुओं से **थ** के पहले विकल्प से **इ (इट्)** होता हैं।

    उदा. **सृज् –** सस्रष्ठ, ससर्जिथ ।

    **दृश् –** दद्रष्ठ, ददर्शिथ ।

    **स्कृ –** सञ्चस्कर्थ, सञ्चस्करिथ ।

    **नी –** निनेथ, निनयिथ ।

    **त्यज् –** तत्यक्थ, तत्यजिथ ।

    **सञ्ज् –** ससङ्क्थ, ससञ्जिथ ।

11. ह्रस्व ऋकारांत अनिट् धातुओं से **थ** के पहले **इ** नहीं होती है।

    उदा. ह = जहर्थ ।

12. ऋ, वृ, व्ये और अद् धातु से **थ** के पहले **इ** होती है ।

    उदा. आरिथ, ववरिथ, संविव्ययिथ, आदिथ ।

**नी के रूप परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| निनय, निनाय | निन्यिव | निन्यिम |
| निनेथ, निनयिथ | निन्यथुः | निन्य |
| निनाय | निन्यतुः | निन्युः |

**आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| निन्ये | निन्यिवहे | निन्यिमहे |
| निन्यिषे | निन्याथे | निन्यिढ्वे, ध्वे |
| निन्ये | निन्याते | निन्यिरे |

**सृज् – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| ससर्ज | ससृजिव | ससृजिम |
| सस्रष्ठ, ससर्जिथ | ससृजथुः | ससृज |
| ससर्ज | ससृजतुः | ससृजुः |

**दृश्**

| | | |
|---|---|---|
| ददर्श | ददृशिव | ददृशिम |
| दद्रष्ठ, ददर्शिथ | ददृशथुः | ददृश |
| ददर्श | ददृशतुः | ददशुः |

**प्रच्छ्**

| | | |
|---|---|---|
| पप्रच्छ | पप्रच्छिव | पप्रच्छिम |
| पप्रष्ठ, पप्रच्छिथ | पप्रच्छथुः | पप्रच्छ |
| पप्रच्छ | पप्रच्छतुः | पप्रच्छुः |

**मस्ज्**

| | | |
|---|---|---|
| ममज्ज | ममज्जिव | ममज्जिम |
| ममङ्क्थ, ममज्जिथ | ममज्जथुः | ममज्ज |
| ममज्ज | ममज्जतुः | ममज्जुः |

**भ्रस्ज् – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| बभ्रज्ज | बभ्रज्जिव | बभ्रज्जिम |
| बभ्रष्ठ, बभ्रज्जिथ | बभ्रज्जथुः | बभ्रज्ज |
| बभ्रज्ज | बभ्रज्जतुः | बभ्रज्जुः |

आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| बभर्ज | बभर्जिव | बभर्जिम |
| बभर्ष्ठ, बभर्जिथ | बभर्जथुः | बभर्ज |
| बभर्ज | बभर्जतुः | बभर्जुः |

आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| बभ्रज्जे, बभर्जे | बभ्रज्जिवहे, बभर्जिवहे | बभ्रज्जिमहे, बभर्जिमहे |
| बन्ध्, बबन्ध | बबन्धिव, बबन्धिम | बबन्धिथ, बबन्द्ध |

मुह्

| | | |
|---|---|---|
| मुमोह | मुमुहिव | मुमुहिम |
| मुमोहिथ | मुमुहथुः | मुमुह |
| मुमोह | मुमुहतुः | मुमुहुः |

व्रश्च्

| | | |
|---|---|---|
| वव्रश्च | वव्रश्चिव | वव्रश्चिम |
| वव्रश्चिथ | वव्रश्चथुः | वव्रश्च |
| वव्रश्च | वव्रश्चतुः | वव्रश्चुः |

तृप्

| | | |
|---|---|---|
| ततर्प | ततृपिव | ततृपिम |
| ततर्पिथ | ततृपथुः | ततृप |
| ततर्प | ततृपतुः | ततृपुः |

मृज्

| | | |
|---|---|---|
| ममार्ज | ममार्जिव, ममृजिव | ममार्जिम, ममृजिम |
| ममार्जिथ | ममार्जथुः, ममृजथुः | ममार्ज, ममृज |
| ममार्ज | ममार्जतुः, ममृजतुः | ममार्जुः, ममृजुः |

**टिप्पणी :** वेट् धातुओं को अन्य व्याकरण के मत से विकल्प से इट् होती है।

उदा. वव्रश्चिव, वव्रश्च्व । वव्रश्चिम, वव्रश्च्म । वव्रश्चिथ, वव्रष्ठ

मुमुहिव, मुमुह्व, मुमुहिम, मुमुह्म । मुमोहिथ, मुमोग्ध, मुमोढ ।

इसी तरह द्रुह्, स्नुह् और स्निह् ।

ततृपिव, ततृप्व, ततर्पिथ, ततर्प्थ, तत्रप्थ इसी तरह दृप् ।

मृज् – मृजिव, ममृज्व, ममार्जिथ, ममार्ष्ठ

**कर्मणि-भावे प्रयोग :**

कर्मणि व भावे प्रयोग में धातु से आत्मनेपद के प्रत्यय लगते हैं ।

उदा. सृ - सस्रे ।

रुध् - रुरुधे ।

स्रंस् = सस्रंसे ।

11. चित्तविक्षेप आदि कारण से क्रिया का स्मरण न हो अथवा की हुई क्रिया को छिपाना हो तो अद्यतनी (आज) सिवाय के भूतकाल में धातु से परोक्षा प्रत्यय लगते हैं ।

उदा. 1) सुप्तोऽहं किल विललाप ।

वास्तव में सोते हुए मैंने विलाप किया ।

2) मत्तोऽहं किल विचचार ।

वास्तव में उन्मत्त होकर मैं भटका हूँ ।

(दूसरों के कहने से विश्वास में आकर कर्ता यह प्रयोग करता है)

3) कलिङ्गेषु ब्राह्मणो हतस्त्वया

कलिंग देश में तुमने ब्राह्मण को मारा हैं

4) नाहं कलिङ्गान्जगाम

मैं कलिंग देशमें नही गया ।

14. अद्यतन (आज) सिवाय के परोक्ष (स्वयं ने नहीं देखे) भूतकाल में धातु से परोक्षा के प्रत्यय लगते हैं ।

उदा. धर्मं दिदेश तीर्थंकरः - तीर्थंकर ने धर्म का उपदेश दिया ।

कंसं जघान कृष्णः - कृष्ण ने कंस को मारा ।

15. परोक्ष भूतकाल में परोक्षा की विवक्षा न करे तो ह्यस्तनी होता है ।

अभवत् सगरो राजा - सगर राजा हुए

**शब्दार्थ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **इषुधि** = बाण | (पुंलिंग-स्त्री) | **दारक** = पुत्र | (पुंलिंग) |
| **चाप** = धनुष | (पुंलिंग-नपुं.) | **पक्ष** = पंख | (पुंलिंग) |
| **झंझावात** = प्रचंड पवन | (पुंलिंग) | **प्रलम्बघ्न** = कृष्ण | (पुंलिंग) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भास्कर** = सूर्य | (पुंलिंग) | **पङ्कज** = कमल | (नपुं. लिंग) |
| **समर** = युद्ध | (पुंलिंग) | **हर्म्य** = हवेली | (नपुं. लिंग) |
| **हाहाकार** = हाहाकार | (पुंलिंग) | **उत्तरीय** = खेश | (नपुं. लिंग) |
| **रुच्** = कांति | (स्त्री लिंग) | **चारु** = सुंदर | (विशेषण) |
| **वर्तनी** = मार्ग | (स्त्री लिंग) | **सित** = सफेद | (विशेषण) |
| **अन्तःपुर** = अंतपुर | (नपुं. लिंग) | **हाहा** = हाहाकार | (अव्यय) |

**धातु अर्थ**

**क्रन्द्** = पुकार करना गण १ परस्मैपदी **सम् + क्रम्** = गिरना गण १ परस्मैपदी

**गुञ्ज्** = गुंजन करना गण १ परस्मैपदी **निर् + नी** = निर्णय करना गण १ परस्मैपदी

**नाथ्** = प्रार्थना करना गण १ परस्मैपदी

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. स्वयंवर में भीमराज की पुत्री दमयंती ने नल का वरण किया (वृ)
2. अनुरागी (अनुरक्त) लोग हाहाकार करने लगे । उस हाहाकार को सुनकर वहाँ आकर दमयंती बोली (गद्), 'नाथ ! आपको प्रार्थना करती हूँ कि आप मुझ पर प्रसन्न बनो और द्यूत को छोड़ो ।
3. नल ने उसकी बात नहीं सुनी **(श्रु)** और उसे देखा भी नहीं । **(दृश्)**
4. नल ने अपने भाई पुष्कर के साथ जुआ खेला । (दिव्)
5. सीता ने सोने का मृग देखा **(दृश)** और राम उसे पकड़ने के लिए दौड़ा । **(धाव्)**
6. रावण सीता का हरण कर लंका में ले आया । **(आ + नी)**
7. राम ने रावण के साथ युद्ध किया और बहुत से योद्धा मारे गए । **(मृ)**
8. लक्ष्मण को मरा हुआ जानकर अंतःपुर की स्त्रियाँ क्रंदन करने लगीं ! **(क्रन्द)**
9. सीता को असती जानकर राम ने उसका त्याग किया था ! **(त्यज्)**
10. पके हुए धान्य को किसानों ने काट लिया । **(लू)**
11. भगवान का जन्म जानकर इन्द्र ने अपने सिंहासन से सात-आठ कदम दूर जाकर भगवान की स्तुति की **(स्तु)** ।
12. प्रचंड पवन ने बगीचे के सभी वृक्ष नष्ट कर दिए **(भञ्ज्)** ।

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. न तज्जलं यन्न सुचारुपङ्कजम्, न पङ्कजं तद् यदलीनषट्पदम् ।
न षट्पदोऽसौ कलगुञ्जितो न यो न गुञ्जितं तन्न जहार यन्मनः ।।
2. हिरण्यकशिपु दैंत्यो यां यां स्मित्वाऽप्युदैक्षत ।
भयभ्रान्तैः सुरैश्चक्रे तस्यै तस्यै दिशे नमः ।।
3. ददृशाते जनैस्तत्र यात्रायां सकुतूहलैः ।
बलभद्रप्रलम्बघ्नौ पक्षाविव सिताऽसितौ ।।
4. प्रणमन्तं च राजानं ऋषिः पस्पर्श पाणिना ।
मार्जन्निव तदङ्गेषु संक्रान्त-वर्तनीरजः ।।
5. तत्राऽऽश्रमे विविशतु र्भ्रातरौ तावुभावपि ।
तातं चाऽग्रे ददृशतु र्नयनाम्भोजभास्करम् ।।
6. ततश्च नवभिर्मासैः सार्ध-सप्तदिनाधिकैः ।
धारिणी सुषुवे सूनुं न्यूनीकृतरविं रुचा ।।
7. तं सार्थं लुण्टितुं तत्र चौरव्याघ्रा दधाविरे ।
मृगवच्च, पलायन्त सर्वे सार्थनिवासिनः ।।
8. विवाहलग्नं निर्णिन्ये तद्दिनात्सप्तमे दिने ।
9. उपजात-विस्मयो नरपति र्निरीक्ष्य चक्षुषा निश्चलेन तं हारमुत्तरीयाञ्चलैकदेशे बबन्ध।
10. क्षितिपालदारकैः सह क्रीडासुखमनेकप्रकारमनुभवतो निरङ्कुशप्रचारस्य पञ्चवर्षाणि तस्य बालस्यान्तःपुरेऽतिचक्रमुः ।
11. समरेष्वस्य वैरिभिश्चारु चापेषुधी त्यक्त्वा गुरु अबलता-भीती शिश्रियाते।

## पाठ - 25

# परोक्ष भूतकाल

1. परोक्षा प्रत्यय पर द्वित्व होने के बाद पहले के अ का आ होता है ।
   अ) उदा. अट् + अ (णव्)
      अ । अट् + अ = आ अट् + अ = आट । आटतुः, आटुः
   ब) ऋकारादि धातु, अश् धातु तथा संयोगांत धातु के पूर्व के **अ** का **आ** होता है और फिर न् जुड़ता है। परंतु **आ** के स्थान पर रहे **अ** का **आ** नहीं होता है।
      ऋध् + अ (णव्)
      अ ऋध् + अ = आन् ऋध् + अ = आनर्ध । आनृधतुः। आनृधुः।अनार्धिथ
      अश् का आनशे ।
      अञ्ज् – आनञ्ज, आनञ्जिथ । परंतु आञ्छ् का आञ्छ ।
   क) **भू** और **स्वप्** धातु के पूर्व के स्वर का क्रमशः **अ** और **उ** होता है ।
      भू + अ (णव्) । ब भू + अ = ब भाव् + अ = बभाव
2. परोक्षा और अद्यतनी में व् अंतवाले भू धातु के उपांत्य स्वर का दीर्घ ऊ होता है।
   उदा. बभूव। बभूवतुः। बभूवुः । बभुविथ ।
3. अ (ङ) सिवाय के प्रत्ययों पर द्वित्व के बाद, हि और हन् धातु के पूर्व से पर रहे ह् का **घ** होता है ।
   उदा. हि का जिघाय ।
      हन् का जघन्थ, जघनिथ ।
4. अ (णव्) प्रत्यय पर हन् का घन् आदेश होता है ।
   उदा. जघान
5. स (सन्) तथा परोक्षा में, द्वित्व होने के बाद
   अ) **जि** धातु के पूर्व से पर रहे **जि** का **गि** होता है ।
      उदा. विजिग्ये । जिगाय ।
   ब) **चि** धातु के पूर्व से पर रहे **चि** का **कि** विकल्प से होता हैं ।
      उदा. चिकाय, चिचाय ।
         चिकयिथ चिकेथ ।

चिचयिथ, चिचेथ ।

चिक्ये, चिच्ये ।

6. गम्, हन्, जन्, खन् और घस् धातु के उपांत्य स्वर का अ (अङ्) सिवाय के स्वरादि कित् ङित् प्रत्ययों पर लोप होता है ।

उदा. गम् + उस्

जगम् + उस् = जग्मुः। जग्मिव ।

हन् - जघ्नुः - घ्नन्ति ।

जन् - जज्ञे । खन् - चख्नुः ।

घस् - जक्षुः ।

परंतु जगमिथ, जगन्थ । जघनिथ - जघन्थ। चखनिथ। जघसिथ-जघस्थ। जगम, जगाम यहाँ कित् ङित् प्रत्यय नहीं होने से उपांत्य स्वर का लोप नहीं होगा ।

7. **अद्** धातु का परोक्षा में विकल्प से घस् होता है -

उदा. जघसिथ, जक्षथुः । विकल्प में - आदिथ, आदथुः ।

8. इ (जाना) धातु के इ का स्वरादि प्रत्ययों पर **इय्** होता है ।

उदा. इ + अतुस्

इ इ + अतुस्

इइय् + अतुस् = ईयतुः ।

इयय, इयाय, ईयिव, इययिथ, इयेथ ।

9. शित् सिवाय के कित् ङित् स्वरादि प्रत्यय तथा इ (इट्) और उस् (पुस्) प्रत्ययों पर आकारांत धातु के **आ** का लोप होता है ।

उदा. पपिव, पपिथ, पपुः ।

10. आ कार के बाद अ (णव्) प्रत्यय का **औ** होता हैं ।

**पा - कर्तरि में**

| | | |
|---|---|---|
| पपौ | पपिव | पपिम |
| पपिथ, पपाथ | पपथुः | पप |
| पपौ | पपतुः | पपुः |

**पा – कर्मणि में**

| | | |
|---|---|---|
| पपे | पपिवहे | पपिमहे |
| पपिषे | पपाथे | पपिध्वे |
| पपे | पपाते | पपिरे |

ध्यै का ध्या – दध्यौ आदि रूप होंगे ।

11. इ – (पढ़ना) धातु का परोक्षा में **गा** आदेश होता हैं ।
उदा. अधिजगे, अधिजगिवहे, अधिजगिमहे ।

12. **वस्** (क्वसु) तथा **आन** (कान) इन दो कृत् प्रत्ययों को छोड़कर परोक्षा में
अ) स्कृ, ऋच्छ् और दीर्घ ॠकारांत धातु के नामि स्वर का गुण होता है ।
उदा. सञ्चस्करिव, आनर्च्छिव ।
वि + कॄ = विचकरिव ।
ब) संयोग के बाद ह्रस्व ऋ अंत में हो ऐसे धातु तथा ॠ धातु का गुण होता है।
उदा. सस्मरथुः, आरथुः ।
स्कृ – सञ्चस्कर, सञ्चस्कार, सञ्चस्करिव सञ्चस्करिथ आदि
ऋच्छ् – आनर्च्छ, आनर्च्छिव, आनर्च्छिथ ।
वि + कॄ – विचकर, विचकार, विचकरिव, विचकरिथ ।
स्मृ – सस्मर, सस्मार, सस्मरिव, सस्मर्थ ।
ॠ – आर, आरतुः, आरिथ आदि

13. शॄ, दॄ व पॄ धातु का दीर्घ ॠ परोक्षा में विकल्प से ह्रस्व होता है ।
उदा. ह्रस्व हो तब विशश्रुः अन्यथा विशशरुः

**शॄ के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| शशर, शशार | शश्रिव, शशरिव | शश्रिम, शशरिम |
| शशरिथ | शश्रथुः, शशरथुः | शश्र, शशर |
| शशार | शश्रतुः शशरतुः | शश्रुः, शशरुः |

14. कुट्, स्फुट्, त्रुट्, स्फुर्, नू और धू आदि कुटादि छठे गंण के धातुओं से ञित् और णित् सिवाय के सभी प्रत्यय ङित् समान होते हैं ।
उदा. कुटिता, कुटितुम्, कुटितव्यम्, कुटित्वा । नुविता, नुवितुम् आदि
परोक्षा में प्रथम पुरुष एकवचन का प्रत्यय विकल्प से णित् है अतः विकल्प से

ङित् होगा। अत: विकल्प से गुण-वृद्धि होगी ।

उदा. उच्चुकुट, उच्चुकोट । नुनुव, नुनाव ।

उच्चुकुटिव, उच्चुकुटिथ । नुनुविव, नुनुविथ ।

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अर्भक** = बालक | (पुंलिंग) | **पारण** = तप पूर्ण करना | (नपुं. लिंग) |
| **द्विज्** = ब्राह्मण, दाँत | (पुंलिंग) | **माल्य** = माला | (नपुं. लिंग) |
| **राशि** = मेष आदि | (पुंलिंग) | **वाचिक** = संदेश | (नपुं. लिंग) |
| **सेनानी** = सेनापति | (पुंलिंग) | **शश्वत्** = हमेशा | (नपुं. लिंग) |

### धातुएँ

| | |
|---|---|
| **घस्** = खाना (गण 1 परस्मैपदी) | **प्र + क्रम्** = प्रारंभ करना |
| **आ + छिद्** = छीन लेना (गण 1) | **वि + अति + इ** = बिताना **गण** 2 |
| **नि+कृ**= पराभव करना (गण 8 उभय.) | **वि + कृ** = बिखरना (गण 6 परस्मैपदी) |

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. नल और दमयंती वन में भटके । **(अट्)**
2. कृष्ण ने कंस को मारा । **(हन्)**
3. राम ने रावण को जीता । **(जि)**
4. द्रोणाचार्य के पास अर्जुन ने धनुर्विद्या सीखी । **(अधि + इ)**
5. जिस प्रकार संप्रति महान् जैन राजा बना, उसी प्रकार कुमारपाल भी महान् जैन राजा हुआ । **(भू)**
6. चाणक्य ने नंद का राज्य लेने का (आच्छेतुम्) निश्चय किया । **(निस् + चि)**
7. अपने आसन के कंपन से इन्द्र ने प्रभु के जन्म को जाना । **(ज्ञा)**
8. भगवान के जन्म महोत्सव के प्रसंग पर स्वर्ग में से आते हुए असंख्य देवों से आकाश व्याप्त हो गया । **(वि + अश्)** (ग.5.आ.)
9. इन्द्र ने अपनी सभा में महावीर की वीरता की प्रशंसा की (नू) और देवों ने अपने मस्तक धुनाए । **(धू)**
10. सीता ने सेनापति के मुख से राम को संदेश भेजा । **(प्र + हि)**
11. राम के राज्य को किसने याद नहीं किया? **(स्मृ)**

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. अहो द्विज ! त्वया कलिङ्गेषु द्विजो हतः ? हे विभो ! नाहं कलिङ्गान्जगाम, 'ननु प्रया कलिङ्गेषु ब्राह्मणो हतः' इति त्वया सुप्तेन प्रलपितं तत्कथमिदमुच्यते, सुप्तोऽहं यद्विललाप तदनृतम् ।
2. तथा किं न विवेदिथै नं यथा स लवणो नाम दानवो विप्रान्निचकार जघान शश्वद् बुभुजे च ।
3. 'अतिवरीयसे वराय वयं प्रदत्ताः स्म' इति जज्ञिरे ताः कन्या मुदममन्दां च दधुः।
4. त्वचं कर्णः शिबि मांसं जीवं जीमूत–वाहनः ।
   ददौ दधिचिरस्थीनि, नास्त्यदेयं महात्मनाम् ।।
5. तत्राश्रमे दम्पती तौ, लालयन्तौ मृगार्भकान् ।
   तपःकष्टमजानन्तौ, कञ्चित्कालं व्यतीयतुः ।।
6. बुभुजे न भोज्यानि, पेयान्यपि पपौ न सः ।
   अवतस्थे च मौनेन, योगीव ध्यान–तत्परः ।।
7. तस्य रत्नाभरणानि, निस्तेजस्कानि जज्ञिरे ।
   मम्लुश्च मौलिमाल्यानि तद्वियोगभयादिव ।।
8. ते विजहुः पुरि पुरो, ग्रामे ग्रामाद्वने वनात् ।
   तिष्ठन्तो नियतं कालं, राशौ राशेरिव ग्रहाः ।।
9. अपीडयन्तो दातारं, प्राणधारणकारणात् ।
   पारणे जगृहु र्भिक्षां, ते मधुव्रतवृत्तयः ।।
10. सेनाङ्गानीव चत्वारि, मोहराजस्य सर्वतः ।
    चतुरोऽपि कषायांस्ते, जिग्युरस्त्रैः क्षमादिभिः ।।

## पाठ – 26

# परोक्ष भूतकाल

1. अवित् परोक्षा तथा सेट् थ (थव्) पर प्रारंभ में रहे व्यंजन का आदेश न होता हो ऐसे धातु के दो असंयुक्त व्यंजन के मध्य में रहे स्वर अ का ए होता है तथा द्विरुक्ति नहीं होती है।

उदा. पेचुः । पेचिथ । नेमुः । नेमिथ ।

विपरीत दृष्टांत : बभणतुः । ततक्षिथ । दिदिवतुः । पपक्थ ।

**यच् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| पपच, पपाच | पेचिव | पेचिम |
| पेचिथ, पपक्थ | पेचथुः | पेच |
| पपाच | पेचतुः | पेचुः |

**नश् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| ननश, ननाश | नेशिव | नेशिम |
| नेशिथ | नेशथुः | नेश |
| ननाश | नेशतुः | नेशुः |

2. तृ, त्रप्, फल् तथा भज् धातुओं के स्वर का ए होता है तथा द्विरूक्ति नहीं होती है।

उदा. तृ + उस्

तर् + उस् = तेर् + उस् = तेरुः। तेरिथ ।

त्रेपे। फेलुः। फेलिथ । भेजुः। भेजिथ ।

**तृ के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| ततर, ततार | तेरिव | तेरिम |
| तेरिथ | तेरथुः | तेर |
| ततार | तेरतुः | तेरुः |

**भज् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| बभज, बभाज | भेजिव | भेजिम |
| भेजिथ, बभक्थ | भेजथुः | भेज |
| बभाज | भेजतुः | भेजुः |

3. जॄ, भ्रम्, वम्, त्रस्, फण्, स्यम्, स्वन्, राज्, भ्राज्, भ्रास्, और भ्लास् - इन धातुओं के स्वर का विकल्प से ए होता है। ए होने पर द्विरुक्ति नहीं होती है।

उदा. जेरुः जजरुः । जेरिथ, जजरिथ ।

भ्रेमुः, बभ्रमुः । भ्रेमिथ, बभ्रमिथ । वेमुः, ववमुः, वेमिथ-ववमिथ ।

त्रेसुः, तत्रसुः। त्रेसिथ, तत्रसिथ । फेणिथ, पफणिथ । स्येमुः, सस्यमुः ।

फेणुः, पफणुः, स्वेनुः सस्वनुः । स्वेनिथ-सस्वनिथ। स्येमिथ, सस्यमिथ।

रेजुः, रराजुः, रेजिथ, रराजिथ ।

भ्रेजे, बभ्राजे, भ्रेसे, बभ्रासे ।

भ्लेसे - बभ्लासे ।

4. श्रन्थ् और ग्रन्थ् धातु के स्वर का विकल्प से **ए** होता है, ए होने पर न् का लोप होता है और द्विरुक्ति नहीं होती है।

उदा. श्रेथुः शश्रन्थुः, श्रेथिथ शश्रन्थिथ ।

ग्रेथुः जग्रन्थुः, ग्रेथिथ, जग्रन्थिथ ।

5. शस्, दद् तथा व से प्रारंभ होनेवाले धातु तथा गुणवाले धातुओं के स्वर **अ** का **ए** नहीं होता है।

उदा. विशशसुः, विशशसिथ । ददे ।

वल् - ववले ।

शॄ - विशशरुः, विशशरिथ ।

## य्वृत् विधान

6. यज् आदि (यजादि) धातु, वश् तथा वच् धातु का परोक्षा में द्वित्व होने के बाद पूर्व के स्वर सहित अंतस्था इ. उ तथा ऋ (य्वृत्) होता है।

उदा. 1) यज् + अ

यज्यज् + अ

ययज् + अ = इयाज ।

2) यज् + उस् - कित् प्रत्यय पर य्वृत् होता है ।

यज् + उस्

इज् + उस्

इज् इज् + उस् = ईजुः ।

**यज् – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| इयज, इयाज | ईजिव | ईजिम |
| इयजिथ, इयष्ठ | ईजथुः | ईज |
| इयाज | ईजतुः | ईजुः |

**यज् – आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| ईजे | ईजिवहे | ईजिमहे |
| ईजिषे | ईजाथे | ईजिध्वे |
| ईजे | ईजाते | ईजिरे |

**वप्** उवप, उवाप । ऊपिव । उवपिथ, उवप्थ, ऊपे ।

**वह्** उवह, उवाह । ऊहिव । उवहिथ, उवोढ, ऊहे ।

**वद्** उवद, उवाद । ऊदिव । उवदिथ, ऊदथुः ।

**वस्** उवस, उवास । ऊषिव । उवसिथ, उवस्थ, ऊषथुः ।

**वश्** उवश, उवाश । ऊशिव । उवशिथ ।

**वच्** उवच, उवाच । ऊचिव । उवचिथ, उवक्थ, ऊचथुः ।

**व्ये धातु**

4. परोक्षा में द्वित्व होने पर ज्या, व्ये, व्यध्, व्यच् और व्यथ् धातुओं के पूर्व के स्वर का इ होता है । उदा. संविव्याय ।

5. व्ये धातु के संध्यक्षर का थ (थव्) तथा अ (णव्) प्रत्यय पर आ नहीं होता है। उदा. संविव्ययिथ, संविव्याय ।

व्ये + अतुस्, वि + अतुस् वि वि + अतुस् = विव्यतुः ।

**व्ये के रूप – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| विव्यय, विव्याय | विव्यिव | विव्यिम |
| विव्ययिथ | विव्यथुः | विव्य |
| विव्याय | विव्यतुः | विव्युः |

**आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| विव्ये | विव्यिवहे | विव्यिमहे |
| विव्यिषे | विव्याथे | विव्यिढ्वे, ध्वे |
| विव्ये | विव्याते | विव्यिरे |

### वे धातु

6. वे धातु का परोक्षा में विकल्प से **वय्** होता है –

उवाय, उवयिथ । वय् + अतुस् – उय् + अतुस्

7. वय् के **य्** का य्वृत् नहीं होता है।

उय् उय् + अतुस्

उउय् + अतुस् = ऊयतुः । ऊयुः ।

8. 1) **वय्** का य्वृत् होता है, परंतु **वे** का नहीं होता है – ववौ ।

2) अवित् प्रत्ययों पर **वे** का विकल्प से य्वृत् होता है।

उदा. वे + अतुस् । उ + अतुस्

उउ + अतुस् = उउव् + अतुस् = ऊवतुः । ऊवुः ।

अथवा वे + अतुस् । वा + अतुस् ।

वावा + अतुस् । ववा + अतुस् ।

वव् + अतुस् = ववतुः, ववुः ।

### वे के रूप

वे – ववौ । वविव, ऊविव । ववाथ, वविथ

उवय, उवाय । ऊयिव, उवयिथ

ऊवे, वविवहे – ऊविवहे

ऊये, ऊयिवहे ।

9. ह्वे धातु का द्वित्व के प्रसंग में य्वृत् होता है।

### ह्वे के रूप

| | | |
|---|---|---|
| जुहव, जुहाव | जुहुविव | जुहुविम |
| जुहविथ, जुहोथ | जुहुवथुः | जुहुव |
| जुहाव | जुहुवतुः | जुहुवुः |

### आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| जुहुवे | जुहुविवहे | जुहुविमहे |
| जुहुविषे | जुहुवाथे | जुहुविध्वे, ढ्वे |
| जुहुवे | जुहुवाते | जुहुविरे |

10. श्वि धातु का परोक्षा में विकल्प से य्वृत् होता है।

**श्वि के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| शुशव, शुशाव | शुशुविव | शुशुविम |
| शुशविथ | शुशुवथुः | शुशुव |
| शुशाव | शुशुवतुः | शुशुवुः |

**विकल्प से रूप**

| | | |
|---|---|---|
| शिश्वय, शिश्वाय | शिश्वियिव | शिश्वियिम |
| शिश्वयिथ | शिश्वियथुः | शिश्विय |
| शिश्वाय | शिश्वियतुः | शिश्वियुः |

ज्या + अ (णव्)

ज्याज्या + अ

जज्या + अ

जिज्या + अ = जिज्यौ, जिज्यिव, जिज्यिम, जिज्यिथ, जिज्याथ ।

व्यध् का – विव्यध, विव्याध, विविधिव, विव्यधिथ, विव्यद्ध ।

व्यच् – विव्यच, विव्याच, विविचिव, विव्यचिथ ।

व्यथ् – विव्यथे, विव्यथिवहे, विव्यथिमहे ।

**स्वप् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| सुष्वप, सुष्वाप | सुषुपिव | सुषुपिम |
| सुष्वपिथ, सुष्वप्थ | सुषुपथुः | सुषुप |
| सुष्वाप | सुषुपतुः | सुषुपुः |

**आम् विधान**

11. अनेकस्वरी धातुओं का परोक्षा के प्रत्यय के बदले **आम्** लगता है और उसके बाद कृ, भू और अस् में से किसी एक के परोक्षा के रूप जुड़ते हैं।

12. आम् के पहले धातु परस्मैपदी हो तो परस्मैपदी कृ आदि के और आत्मनेपदी हो तो आत्मनेपदी **कृ** आदि के रूप जुड़ते हैं।

उदा. चकासाञ्चकार, चकासाम्बभूव ।

चकासामास, चकासामासिव, चकासामासिम ।

चकासामासिथ, चोरयाञ्चकार आदि

13. दय्, अय्, आस् और कास् धातु से परोक्षा के प्रत्ययों के बदले **आम्** होता है।
उदा. दयाञ्चके । पलायाञ्चक्रे । आसाञ्चके । कासाञ्चके
दयाम्बभूव । दयामास आदि ।

14. ऋच्छ् और ऊर्णु सिवाय जिन धातुओं का आदि स्वर गुरु नामि हो तो उन धातुओं से परोक्षा के प्रत्यय के बदले **आम्** होता है ।
(दीर्घ स्वर गुरु कहलाता है तथा संयुक्त व्यंजन के पूर्व का स्वर ह्रस्व हो तो भी गुरु कहलाता है।)
उदा. ईहाञ्चक्रे, ईहाम्बभूव, ईहामास, उक्षाञ्चकार ।

15. जागृ, उष्, सम्+इन्ध् धातु से परोक्षा के प्रत्यय के बदले आम् विकल्प से होता है।
उदा. जागराञ्चकार । जागराम्बभूव । जागरामास
विकल्प से - जजागार
ओषाञ्चकार - उवोष ।
समिन्धाञ्चक्रे - समीधे ।

16. अनेक स्वरी धातुओं का एक स्वरी प्रथम अंश द्विरुक्त होता है ।
उदा. जागृ = जजागृ + अ ।
जजा + अ = जजागार । जजागरतुः ।

1) भी, ह्री, भृ और हु धातुओं से परोक्षा के स्थान पर **आम्** विकल्प से होता है और वह 'तिव्' जैसा होता है। ('तिव् जैसा' अर्थात् इन धातुओं का तिव् प्रत्यय पर जो रूप बनता है वह आम् पर भी करे अर्थात् द्वित्व होगा और भृ धातु में **इ** भी होगा ।
उदा. बिभयाञ्चकार, बिभयाम्बभूव, बिभयामास पक्षे बिभाय ।
जिह्याञ्चकार, पक्षे जिह्राय ।
बिभराञ्चकार, पक्षे बभार ।
जुहवाञ्चकार, पक्षे जुहाव ।

18. विद् धातु से परोक्षा के स्थान पर आम् विकल्प से होता है और वह कित् होता है।
उदा. विदाञ्चकार । पक्षे विवेद ।

## परोक्ष भूतकृदन्त

19. परस्मैपदी धातुओं से [1]**वस्** (क्वसु) तथा आत्मनेपदी धातुओं से **आन** (कान) कृत्, प्रत्यय लगकर परोक्ष भूतकृदन्त बनता है।

**आन** (कान) प्रत्यय आत्मनेपदी होने से कर्मणि व भावे प्रयोग में भी यह प्रत्यय लगेगा ।

**वस् (क्वसु)** तथा **आन (कान)** प्रत्ययों में भी परोक्षा की तरह द्विरुक्ति आदि होगी। उदा. पच् - पेचानः ।

कृ = चक्राणः । स्वञ्ज् = सस्वजानः ।

कर्मणि में - पृ = पपुराणः ।

20. **घस्** धातु एक स्वरी धातु तथा आकारांत धातुओं से ही **वस् (क्वसु)** प्रत्यय के पहले इ (इट्) होता है ।

उदा. घस् - जक्षिवस् ।

आकारांत में - पा - पपिवस् । स्था - तस्थिवस्

एक स्वरी में

**अद्** - आदिवस् । **अश्** - गण-९ आशिवस् । **अञ्ज्** - आजिवस्

**वच्** - ऊचिवस् । **शक्** - शेकिवस् । **इ** - ईयिवस् । **ऋ** - आरिवस्

परंतु भिद् का बिभिद्वस् ।

तॄ - तितीर्वस् । भू - बभूवस् । श्रु - शुश्रुवस् ।

दरिद्रा - दरिद्राञ्चकृवस् ।

21. गम्, हन्, विद् गण ६, विश् और दृश् धातु से वस् (क्वसु) के पहले विकल्प से **इ** (इट्) होती है ।

उदा. जग्मिवस् - जगन्वस् ।

जघ्निवस् - जघन्वस् ।

विविदिवस् - विविद्वस् ।

विविशिवस् - विविश्वस् । म् का न् होता है ।

---

**टिप्पणी :** 1) वस् (क्वसु) प्रत्यय परस्मैपदी है, अतः कर्त्तरि में होगा आन (कान) प्रत्यय आत्मनेपदी है, अतः भावे व कर्मणि में भी होगा ।

22. विद् गण[2] धातु से वर्तमानकाल में वस् (क्वसु) प्रत्यय होता है ।
वेत्ति इति विद्वस्

23. धुट् को छोड स्वरादि प्रत्ययों पर **वस्** का **उष्** होता है, यदि **वस्** के पहले **इ** हो तो **इ** सहित **उष्** करे ।
उदा. विद्वस् + अस् - विदुषः ।
तस्थिवस्, तस्थुषः, बभूवुषः ।
स्त्री लिंग में - विदुषी, तस्थुषी, जग्मुषी, बभूवुषी ।

24. वस् (क्वसु) के स् का पद के अंत में द् होता है ।
उदा. विद्वद्भ्याम्, विद्वत्सु ।
तस्थिवद्भ्याम् ।
नपुंसक में - तस्थिवत् द्, तस्थुषी, तस्थिवांसि ।
शेष धुट् प्रत्ययों में पटीयस् की तरह रूप करें

**विद्वस् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्वान् | विद्वांसौ | विद्वांसः |
| 2. | विद्वांसम् | विद्वांसौ | विदुषः |
| 3. | विदुषा | विद्वद्भ्याम् | विद्वदिभः |
| 4. | विदुषे | विद्वद्भ्याम् | विद्वद्भ्यः |
| 5. | विदुषः | विदुषोः | विद्वद्भ्यः |
| 6. | विदुषः | विदुषोः | विदुषाम् |
| 7. | विदुषि | विदुषोः | विद्वत्सु |
| संबोधनः | हे विद्वन् | विद्वांसौ | विद्वांसः |

**शब्दार्थ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अधीश** = राजा | (पुंलिंग) | **खेचर** = विद्याधर | (पुंलिंग) |
| **अध्वन्** = मार्ग | (पुंलिंग) | **गीर्वाण** = देव | (पुंलिंग) |
| **अनुज** = छोटा भाई | (पुंलिंग) | **नाद** = आवाज | (पुंलिंग) |
| **अहंयु** = अहंकारी | (पुंलिंग) | **मणक** = मणक मुनि | (पुंलिंग) |
| **ईश्वर** = राजा | (पुंलिंग) | **मनुज** = मनुष्य | (पुंलिंग) |
| **उदन्वत्** = समुद्र | (पुंलिंग) | **महीधर** = पर्वत | (पुंलिंग) |

**राघव** = राम (पुंलिंग)
**विद्याधर** = विद्याधर (पुंलिंग)
**विप्लव** = नाश (पुंलिंग)
**व्याध** = शिकारी (पुंलिंग)
**सौमित्रि** = लक्ष्मण (पुंलिंग)
**स्यन्दन** = रथ (पुंलिंग)
**उपविद्या** =नजदीक की विद्या(स्त्रीलिंग)
**चेटी** = दासी (स्त्री लिंग)
**दशा** = हालत (स्त्री लिंग)
**सन्धा** = प्रतिज्ञा (स्त्री लिंग)
**अंशुक** = कपड़ा (नपुं. लिंग)
**अधीन** = आधीन (नपुं. लिंग)
**अम्बर** = आकाश (नपुं. लिंग)
**ख** = आकाश (नपुं. लिंग)
**तूर्य** = वाद्ययंत्र (नपुं. लिंग)
**सारथ्य** = सारथीपना (नपुं. लिंग)
**आहत** = मरा हुआ (विशेषण)
**आहृत** = लाया हुआ (विशेषण)
**कष्ट** = कष्टकारी (विशेषण)
**दुर्धर** = कठिनाई से अधीन हो ऐसा (विशे.)
**निरवशेष** = संपूर्ण (विशेषण)
**भूरि** = ज्यादा (विशेषण)
**शारद** = शरद ऋतु संबंधी

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. दीक्षा ग्रहण करने के लिए राजा दशरथ ने रानी पुत्र और अमात्यों को पूछा (आ+प्रच्छ्)
2. नमस्कार करके भरत बोला (भाष्), 'हे प्रभो ! मैं आपके साथ दीक्षा लूंगा । (उप+आ+दा)
3. उसे सुनकर कैकेयी ने 'मेरे पति और पुत्र निश्चितरूप से नहीं रहेंगे – इस प्रकार विचार किया (ध्यै) और बोली (वच्) 'हे स्वामी ! आप को याद है? (स्मरसि) आपने स्वेच्छा से मुझे वरदान दिया था।' (दा) – वह वरदान मुझे दो' । दशरथ ने कहा, (कथ्) 'मुझे याद है (स्मरामि) व्रतनिषेध को छोडकर जो मेरे हाथों में है, वह मांगो'। कैकेयी ने मांगा 'यदि आप दीक्षा लेते हो तो 'यह पृथ्वी (राज्य) भरत को प्रदान करो।'

   'आज ही यह भूमि (राज्य) भरत द्वारा ग्रहण की जाय' – इस प्रकार उसे कहकर **(अभिधाय)** राजा दशरथ ने लक्ष्मण सहित राम को बुलाया (आ + ह्वे) और कहा (अभि+धा) 'इसके सारथीपने से संतुष्ट होकर पहले मैंने इसे वरदान दिया था (अर्प्) । वह वरदान कैकेयी द्वारा आज मांगा गया कि 'यह पृथ्वी भरत को दो।'

यह सुनकर राम खुश हुए और बोले, 'माता ने मेरे भाई भरत के लिए राज्य मांगा, (मार्ग) वह अच्छा किया है । (कृ)

राम के इस वचन को सुनकर दशरथ ने जैसे ही मंत्रियों को आदेश (आ+दिश्) दिया, उसी समय भरत बोला, 'हे स्वामी! मैंने तो पहले से ही आपके साथ दीक्षा लेने की प्रार्थना **(प्रार्थितुम्)** की है, अतः हे तात ! किसी के वचन से विपरीत करना योग्य नहीं हैं। **(नार्हति)**

राजा ने कहा (वच्) हे वत्स ! 'मेरी प्रतिज्ञा को तू मिथ्या मत कर ।'

राम ने राजा को कहा 'मेरे होते हुए भरत राज्य ग्रहण नहीं करेगा । अतः मैं वनवास में जाता हूँ ।'

इस प्रकार राजा को कहकर (आपृच्छ्य) और नमस्कार करके भरत द्वारा जोर से रोने पर भी राम वनवास की ओर जाने के लिए निकल पड़े । (निर्+या)

**हिन्दी में अनुवाद करो**

1. **अथ रामः ससौमित्रिः सुग्रीवाद्यै र्वृतो भटैः ।**
   **लङ्काविजय–यात्रायै प्रतस्थे गगनाध्वना ।।**
2. **महाविद्याधराधीशाः कोटिशोऽन्येपि तत्क्षणम् ।**
   **चेलू रामं समावृत्य स्वसैन्यैश्छन्नदिङ्मुखाः ।।**
3. **विद्याधरैराहतानि यात्रातुर्याण्यनेकशः ।**
   **नादैरत्यन्तगम्भीरै र्बिभराञ्चक्रुरम्बरम् ।।**
4. **विमानैः स्यन्दनैरश्वैर्गजैरन्यैश्च वाहनैः ।**
   **खे जग्मुः खेचराः स्वामिकार्यसिद्धावहंयवः ।।**
5. **उपर्युदन्वतो गच्छन् ससैन्यो राघवः क्षणात् ।**
   **वेलन्धरपुरं प्राप वेलन्धर–महीधरे ।।**
6. **समुद्र–सेतू राजानौ समुद्राविव दुर्धरौ ।**
   **तत्र रामाग्रसैन्येनारेभाते योद्धुमुद्धतौ ।।**
7. **तेषां चतुर्णां चतस्रः पुत्र्यो यूयं भविष्यथ ।**
   **मर्त्यत्वमीयुषा भावी तत्र वोऽनेन सङ्गमः ।।**

8. विपेदाने तु मणके श्रीशय्यम्भवसूरय: ।
अवर्षन् नयनैरश्रुजलं शारदमेघवत् ।।
9. चत्वारो वणिजस्तस्मिन्पुरे [1]सवयसोऽभवन् ।
उद्यानद्रुमवद् वृद्धिं जग्मिवांस: सहैव हि ।।
10. ततश्च सेवावसरे, मन्त्रिण: समुपेयुष: ।
प्रणामं कुर्वतो राजा, कोपात्तस्थौ पराङ्मुख: ।।
11. किमत्र यामि याम्यत्र, किं वेति सकले पुरे ।
उत्प्रेक्षमाणो हर्म्याणि, बभ्राम मुनिपुङ्गव: ।।
12. उवाच स फलान्येतान्याहृतानि मया वनात् ।
यूयमश्नीत पक्वानि, मधुराणि महर्षय: ! ।।
13. रत्नै र्महाब्धेस्तुतुषु र्न देवा:, न भेजिरे भीमविषेण भीतिम् ।
सुधां विना न प्रययु र्विरामं, न निश्चितार्थाद् विरमन्ति धीरा: ।।
14. स गृहीतमहाभाण्ड, उत्साह इव मूर्तिमान् ।
ईहाञ्चक्रेऽन्यदा गन्तुं, वसन्तपुरपत्तनम् ।।
15. प्रतिस्थानं च चैत्यानि, बभञ्जुस्ते दुराशया: ।
तेषां ह्याजन्म[1] संपद्भ्योऽप्यभीष्टो धर्मविप्लव: ।।
16. रामोऽथोचे दशरथं, म्लेच्छोच्छेदाय चेत्स्वयम् ।
तातो यास्यति तद्राम:, सानुज: किं करिष्यति ।।
17. भ्रूभङ्गमप्यकुर्वाणो, गीर्वाण इव भूगत: ।
रामस्तान्कोटिशोप्यस्त्रै, र्विव्याध व्याधवन्मृगान् ।।
18. विद्वत्त्वं च नृपत्वं च, नैव तुल्यं कदाचन ।
स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान्सर्वत्र पूज्यते ।।
19. सामान्यमनुजेश्वरगृहदुर्लभै: पुष्पै: फलै: पत्रैरंशुकै रत्नाभरणैश्च भूरिभि: परमया भक्त्या रोमाञ्चिततनू राजा मुनिमर्चयाञ्चकार।
20. दशभिरब्दैश्चतुर्दशाऽपि विद्यास्थानानि सह सर्वाभिरुपविद्याभि र्विदाञ्चकार, कला: शास्त्रं च निरवशेषं विवेद, विशेषतश्चित्रकर्मणि वीणावाद्ये च प्रवीणतां प्राप स कुमार:।

## पाठ - 27

# अद्यतन भूतकाल

### परस्मैपदी

| | | |
|---|---|---|
| अम् | व | म |
| स (सि) | तम् | त |
| द् (दि) | ताम् | अन् |

### आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| इ | वहि | महि |
| थास् | आथाम् | ध्वम् |
| त | आताम् | अन्त |

1. अद्यतनी के प्रत्यय ह्यस्तनी जैसे हैं, सिर्फ द् (दि) स् (सि) व अम् - वित् नहीं हैं।
2. अद्यतनी में धातु के पहले अ आता है, परंतु **मा** (माङ्) के योग में नही आता है।
3. स्वर से धातु का प्रारंभ हो तो अ न आकर आदि स्वर की वृद्धि होती हैं, परंतु **मा** के योग में वृद्धि नहीं होती है।
4. अद्यतनी प्रत्ययों पर धातु से स् (सिच्) प्रत्यय होता है।
5. स् (सिच्) अंतवाले स्कारांत धातु से द् (दि), स् (सि) प्रत्यय पर ई (ईत्) होता है।

   स् + द् । स् + ई + द् = सीद्      स् + स् - स् + ई + स् = सीस् ।
6. **भू** धातु को छोड़ **स्** (सिच्) प्रत्यय के बाद अन् का **उस्** **(पुस्)** होता है।

### पहला प्रकार (सेट् धातु)

1. इसमें स् (सिच्) प्रत्यय के पहले इ (इट्) होता है ।
2. इ (इट्) पर के बाद स् का ई (ईत्) पर लोप होता है ।

   उदा. इस् + ईद् = ईद् ।
   
   इस् + ईस् = ईस् ।

## उपर्युक्त नियम के बाद बने प्रत्यय

### परस्मैपदी प्रत्यय

| | | |
|---|---|---|
| इषम् | इष्व | इष्म |
| ईस् | इष्टम् | इष्ट |
| ईद् | इष्टाम् | इषुस् |

### आत्मनेपदी प्रत्यय

| | | |
|---|---|---|
| इषि | इष्वहि | इष्महि |
| इष्ठास् | इषाथाम् | इध्वम्, इड्ढ्वम् |
| इष्ट | इषाताम् | इषत |

### परस्मैपदी – क्रीड्

| | | |
|---|---|---|
| अक्रीडिषम् | अक्रीडिष्व | अक्रीडिष्म |
| अक्रीडी: | अक्रीडिष्टम् | अक्रीडिष्ट |
| अक्रीडित् | *अक्रीडिष्टाम्* | *अक्रीडिषु:* |

### आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| आर्चिषम् | आर्चिष्व | आर्चिष्म |
| आर्ची: | आर्चिष्टम् | आर्चिष्ट |
| आर्चीत् | आर्चिष्टाम् | आर्चिषु: |

### बुध् – गण 1 परस्मैपद

| | | |
|---|---|---|
| अबोधिषम् | अबोधिष्व | अबोधिष्म |
| अबोधी: | अबोधिष्टम् | अबोधिष्ट |
| अबोधीत् | अबोधिष्टाम् | अबोधिषु: |

### बुध् गण 1 आत्मनेपद

| | | |
|---|---|---|
| अबोधिषि | अबोधिष्वहि | अबोधिष्महि |
| अबोधिष्ठा: | अबोधिषाथाम् | अबोधिध्वम्, इड्ढ्वम् |
| अबोधिष्ट | अबोधिषाताम् | अबोधिषत |

**इष् – आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| ऐषिषम् | ऐषिष्व | ऐषिष्म |
| ऐषीः | ऐषिष्टम् | ऐषिष्ट |
| ऐषीत् | ऐषिष्टाम् | ऐषिषुः |

**ईक्ष् – आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| ऐक्षिषि | ऐक्षिष्वहि | ऐक्षिष्महि |
| ऐक्षिष्ठाः | ऐक्षिषाथाम् | ऐक्षिध्वम्, इढ्वम् |
| ऐक्षिष्ट | ऐक्षिषाताम् | ऐक्षिषत |

**परस्मैपद में वृद्धि**

6. परस्मैपद में **स् (सिच्)** प्रत्यय पर धातु के अंत में रहे समान स्वर की वृद्धि होती है परंतु स् (सिच्) प्रत्यय ङित् है। (पाठ 25 नियम 14 से कुटादि) तब वृद्धि नहीं होती है । अलावीत् ।

**लू के रूप – परस्मैपद**

| | | |
|---|---|---|
| अलाविषम् | अलाविष्व | अलाविष्म |
| अलावीः | अलाविष्टम् | अलाविष्ट |
| अलावीत् | अलाविष्टाम् | अलाविषुः |

**आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अलविषि | अलविष्वहि | अलविष्महि |
| अलविष्ठाः | अलविषाथाम् | अलविड्ढ्वम्, ध्वम्, ढ्वम् |
| अलविष्ट | अलविषाताम् | अलविषत |

7. परस्मैपद में सेट् स् (सिच्) पर
   1) व्यंजनादि धातु के उपांत्य **अ** की विकल्प से वृद्धि होती है ।
      उदा. अगादीत्, अगदीत् ।
      अनादीत्, अनदीत् परंतु – अनन्दीत् ।
   2) वद्, व्रज् तथा ल् और र् अंतवाले धातुओं के उपांत्य **अ** की नित्य वृद्धि होती है ।
      उदा. अवादीत् । अव्राजीत्। अज्वालीत्। अस्खालीत्। अक्षारीत् ।

8. श्वि, जागृ, शस्, क्षण् तथा ह्, म् और य् अंतवाले धातु तथा कग्, रग्, लग्, कख्, हस् आदि धातुओं की सेट् स् (सिच्) पर वृद्धि नहीं होती है।
उदा. अश्वयीत् । अजागरीत् । अशसीत् । अक्षणीत् ।
अग्रहीत् । अवमीत् । अहयीत् । अहसीत् आदि

9. तनादि (तनादि 8वाँ गण) धातुओं से स् (सिच्) का आत्मनेपद के त तथा थास् प्रत्यय पर विकल्प से लोप होता है। लोप होने पर धातु के अंत्य न् या ण् का लोप होता है और इ (इट्) नहीं होता है ।
तन् – अतत, अतनिष्ट । अतथाः – अतनिष्ठाः ।
क्षण् – अक्षत, अक्षणिष्ट । अक्षथाः – अक्षणिष्ठाः ।

10. आत्मनेपद तृतीय पुरुष एक वचन के त प्रत्यय पर दीप्, जन्, बुध् (गण 4) पुर् ताय् और प्याय् धातुओं से स् (सिच्) के बदले इ (ञिंच्) विकल्प से होता है और त का लोप होता है ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **दीप्** | अदीपि | अदीपिष्ट | अदीपिषाताम् | अदीपिषत |
| **जन्** | अजनि | अजनिष्ट | अजनिषाताम् | अजनिषत |
| **पूर्** | अपूरि | अपूरिष्ट | अपूरिषाताम् | अपूरिषत |
| **ताय्** | अतायि | अतायिष्ट | अतायिषाताम् | अतायिषत |
| **प्याय्** | अप्यायि | अप्यायिष्ट | अप्यायिषाताम् | अप्यायिषत |

अबोधि, बुध (गण 4) धातु अनिट् है, उसके रूप दूसरे प्रकार में आएंगे ।
**कर्मणि प्रयोग :** धातु को आत्मनेपद के प्रत्यय लगने से कर्मणि या भावे रूप बनते हैं।

11. सभी धातु से भावे और कर्मणि में तृतीय पुरुष एक वचन के त प्रत्यय पर स् (सिच्) के बदले इ (ञिच्) होता है और त का लोप होता है ।
उदा. आसि त्वया, ऐक्षि कटः ।

**ईक्ष् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| ऐक्षिषि | ऐक्षिष्वहि | ऐक्षिष्महि |
| ऐक्षिष्ठाः | ऐक्षिषाथाम् | ऐक्षिध्वम्, इढ्वम् |
| ऐक्षि | ऐक्षिषाताम् | ऐक्षिषत |

**वद् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अवदिषि | अवदिष्वहि | अवदिष्महि |
| अवदिष्ठाः | अवदिषाथाम् | अवदिध्वम् इढ्वम् |
| अवादि | अवदिषाताम् | अवदिषत |

**पाठ 19 नियम 18 से**

| | | |
|---|---|---|
| अलावि | अलाविषाताम् | अलाविषत |
| | अलविषातम् | अलविषत |
| अग्राहि | अग्राहिषाताम् | अग्राहिषत |
| | अग्रहीषाताम् | अग्रहीषत |

12. आज के भूतकाल में अद्यतनी विभक्ति होती है । व्याघ्रमैक्षिष्ट – उसने आज बाघ देखा ।
13. किसी भी विशेष भूतकाल की विवक्षा न करे तो भूतकाल में अद्यतनी विभक्ति होती है ।
    ऐक्षिष्ट मृगं सीता । ऐक्षिष्महि मृगम् ।
    विवक्षा करे तो
    ईक्षाञ्चक्रे मृगं सीता ! ऐक्षामहि मृगम् ।
14. दो भूतकाल इकट्ठे हों तो अद्यतनी होता है ।
    उदा. अद्य ह्यो वा ऐक्षिष्महि मृगम् ।
    आज अथवा कल हमने मृग को देखा ।
15. निषेध करना हो तब मा (माङ्) के योग मे अद्यतनी होती है ।
    मा वादीदधर्मम् – वे अधर्म न कहे ।

**शब्दार्थ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अश्वतर** = खच्चर | (पुंलिंग) | **सख्य** = मित्रता | (नपुं. लिंग) |
| **कर्णधार** = कप्तान | (पुंलिंग) | **ओजस्** = तेज | (नपुं. लिंग) |
| **बाहुबली** = ऋषभदेव के पुत्र | (पुलिंग) | **ऊर्ध्व** = ऊंचा | (नपुं. लिंग) |
| **भरत** = ऋषभदेव के पुत्र | (पुंलिंग) | **प्रेषित** = भेजा हुआ | (नपुं. लिंग) |
| **वज्रिन्** = इन्द्र | (पुंलिंग) | **सार्धम्** = साथ में | (अव्यय) |
| **वेला** = बार | (पुंलिंग) | | |

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. आज हम उद्यान में गए (व्रज्) वहाँ हम वृक्ष की छाया में बैठे । (आस्)
2. पक्षी मधुर मधुर बोल रहे थे (रु) । हमने नजदीक में आम के वृक्ष देखे । (ईक्ष)
3. हमने आम के फल ग्रहण किए (ग्रह्-कर्मणि) और खाए । (खाद्-कर्मणि)
4. फल खाकर हम उद्यान का सौंदर्य देखते हुए घूम रहे थे (भ्रम्) इसी बीच एक वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ महामुनि को हमने देखा (ईक्ष) ।
5. वे मुनि सूर्य की तरह देदीप्यमान (दीप्) थे, चंद्र की तरह प्रकाशमान थे । (प्र + काश्)
6. हमने मुनि को वंदन (वन्द्) किया और फिर घर की ओर चले। (चल्)
7. मनु ! तू पूरी रात भटक नहीं । (मा अट्)
8. मंगल पाठकों की स्तुति सुनकर राजा जग गया ! (जागृ)
9. मनुष्यभव में जन्म लेकर तुमने क्या ग्रहण किया (ग्रह्) पुण्य या पाप?
10. भरत के द्वारा प्रेषित दूत के वचन को सुनकर बाहुबली हँसे । (हस्)

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **तस्य कर्णधारेण सार्धं सख्यमजनि ।**
2. **न तावदेनां पश्यसि येनैवमवादीः ।**
3. **ईदृशानि वन-फलान्यहमग्रेऽप्यखादिषम् ।**
4. **सरोवराणि तान्येतान्यक्रीडं यत्र हंसवत् ।**
   **तेऽमी द्रुमाः कपिरिवाऽखादिषं यत्फलान्यहम् ।।**
5. **विदधानस्य वसुधामेकछत्रां महौजसः ।**
   **तस्याऽऽज्ञा वज्रिणो वज्रमिव नाऽस्खालि केनचित् ।।**
6. **अश्वैरश्वतरैरुष्ट्रैर्वाहनैरपरैरपि ।**
   **तस्य वेश्म व्यराजिष्ट यादोभिरिव सागरः ।।**
7. **तीर्थेऽतत स किं दानमतनिष्ट तपः स किम् ।**
   **अतनिष्ठा रतिं यस्मिन्नुत्कण्ठामतथास्तथा ।।**

पाठ– 28

# अनिट् धातुओं का दूसरा प्रकार

1. दूसरे प्रकार में **स् (सिच्)** प्रत्यय के पहले **इ (इट्)** नहीं होती है।

**परस्मैपद के प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| सम् | स्व | स्म |
| सीस् | स्तम् | स्त |
| सीत् | स्ताम् | सुस् |

**आत्मनेपद के प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| सि | स्वहि | स्महि |
| स्थास् | साथाम् | ध्वम्, स्ध्वम् |
| स्त | साताम् | सत |

**नी के रूप – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| अनैषम् | अनैष्व | अनैष्म |
| अनैषी: | अनैष्टम् | अनैष्ट |
| अनैषीत् | अनैष्टाम् | अनैषु: |

**आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| अनेषि | अनेष्वहि | अनेष्महि |
| अनेष्ठा: | अनेषाथाम् | अनेढ्वम्, इढ्वम् |
| अनेष्ट | अनेषाताम् | अनेषत |

**मा गण 3 आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अमासि | अमास्वहि | अमास्महि |
| अमास्था: | अमासाथाम् | अमाध्वम्-द्ध्वम् |
| अमास्त | अमासाताम् | अमासत |

2. परस्मैपद में अनिट् **स् (सिच्)** पर व्यंजनांत धातु के समान स्वर की वृद्धि होती है।

भिद् = अभैत्सीत् ।

रञ्ज् = अराङ्क्षीत् ।

3. धुट् व्यंजन अंत में हो तथा ह्रस्व स्वर अंत में हो ऐसे धातु के बाद में रहे अनिट्

स् (सिच्) का तादि और थादि प्रत्यय पर लोप होता है।

उदा. अभैत्ताम् । अकृत । अकृथाः ।

4. नामि स्वर उपांत्य में हो ऐसे धातुओं से आत्मनेपदी अनिट् स् (सिच्) प्रत्यय कित् जैसा होता है।

उदा. अभित्त ।

**भिद् के रूप परस्मैपद**

| | | |
|---|---|---|
| अभैत्सम् | अभैत्स्व | अभैत्स्म |
| अभैत्सीः | अभैत्तम् | अभैत्त |
| अभैत्सीत् | अभैत्ताम् | अभैत्सुः |

**आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अभित्सि | अभित्स्वहि | अभित्स्महि |
| अभित्थाः | अभित्साथाम् | अभिद्ध्वम्, अभिद्द्ध्वम् |
| अभित्त | अभित्साताम् | अभित्सत |

5. ऋ वर्ण अंत में हो ऐसे धातुओं से आत्मनेपदी अनिट् स् (सिच्) कित् जैसा होता हैं । अकृत । आस्तीर्ष्ट ।

**कृ – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| अकार्षम् | अकार्ष्व | अकार्ष्म |
| अकार्षीः | अकार्ष्टम् | अकार्ष्ट |
| अकार्षीत् | अकार्ष्टाम् | अकार्षुः |

**आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| अकृषि | अकृष्वहि | अकृष्महि |
| अकृथाः | अकृषाथाम् | अकृढ्वम्, अकृड्ढ्वम् |
| अकृत | अकृषाताम् | अकृषत |

**मृ के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अमृषि | अमृष्वहि | अमृष्महि |
| अमृथाः | अमृषाथाम् | अमृढ्वम्, अमृड्ढ्वम् |
| अमृत | अमृषाताम् | अमृषत |

6. गम् धातु से आत्मनेपदी स् (सिच्) विकल्प से **कित्** जैसा होता है। **कित्** होने से म् का लोप होता है और स् (सिच्) का लोप होगा ।
उदा. समगत, समगंस्त ।
7. हन् धातु से आत्मनेपदी स् (सिच्) कित् होता है ।
उदा. आहत, आहसाताम् । कित् होने से न् का लोप होता है ।
8. स्वीकार करना और लग्न करना – इस अर्थ में यम् धातु से **स् (सिच्)** विकल्प से कित् है।
उदा. उपायत, उपायंस्त कन्याम् ।
9. उप् + यम् – स्वीकार और लग्न करना अर्थ में आत्मनेपदी है ।
उदा. कन्यामुपयच्छते !
10. स्था धातु और दा संज्ञावाले धातुओं से आत्मनेपदी **स् (सिच्)** कित् होता है, उस प्रसंग पर धातु के अंत्य स्वर का **इ** होता है ।
उदा. उपास्थित, उपास्थिषाताम्, उपास्थिषत ।
आदित, आदिषाताम् ।
व्यधित, व्यधिषाताम्, व्यधिषत ।
11. अद्यतनी में **हन्** का **वध्** आदेश होता है। आत्मनेपद में विकल्प से **वध्** होता है। (वध् आदेश सेट् है, अत:वृद्धि नहीं होती है) उदा. अवधीत्–परस्मैपद में आत्मनेपद में – आवधिष्ट, आहत ।
आवधिषाताम्, आहसाताम् ।
अधि+इ – पढना – अध्यगीष्ट, अध्यैष्ट ।
अध्यगीषाताम्, अध्यैषाताम् । यहाँ गी का गुण नही होता है।

## विशिष्ट धातुओं के उदाहरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रच्छ्** | अप्राक्षीत् | अप्राष्टाम् | अप्राक्षुः । |
| **त्यज्** | अत्याक्षीत् | अत्याक्ताम् | अत्याक्षुः । |
| **पच् परस्मै.** | अपाक्षीत् | अपाक्ताम् | अपाक्षुः । |
| **आत्मने.** | अपक्त | अपक्षाताम् | अपक्षत । |
| **दह्** | अधाक्षीत् | अदाग्धाम् | अधाक्षुः । |
| **वस्** | अवात्सीत् | अवात्ताम् | अवात्सुः |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वह् | परस्मै. | अवाक्षीत् | अवोढाम् | अवाक्षुः । |
| | आत्मने | अवोढ | अवक्षाताम् | अवक्षत । |
| | | अवोढ्वम् | अवग्ड्ढ्वम् | अवग्ढ्वम् । |
| रुध् | परस्मै. | अरौत्सीत् | अरौद्धाम् | अरौत्सुः । |
| | आत्मने. | अरुद्ध | अरुत्साताम् | अरुत्सत । |
| मन् | | अमंस्त | अमंसाताम् | अमंसत । |
| रम् | | अरंस्त | अरंसाताम् | अरंसत । |
| लभ् | | अलब्ध | अलप्साताम् | अलप्सत । |

मस्ज् – (पाठ 19 नियम 14 से)

| | | |
|---|---|---|
| अमाङ्क्षीत् | अमाङ्क्ताम् | अमाङ्क्षुः । |
| अमाङ्क्ष्व, अमाङ्क्ष्म । | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सृज् | अस्राक्षीत् | अस्राष्टाम् | अस्राक्षुः । |
| दृश् | अद्राक्षीत् | अद्राष्टाम् | अद्राक्षुः । |

11. त प्रत्यय पर पद् धातु से स् (सिच्) के बदले इ (ञिच्) होता है और त का लोप होता है । उदा. उद् + पद् = उदपादि

**बुध् – आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अभुत्सि | अभुत्स्वहि | अभुत्स्महि |
| अबुद्धाः | अभुत्साथाम् | अभुद्ध्वम्, द्द्ध्वम् |
| अबोधि, अबुद्ध | अभुत्साताम् | अभुत्सत |

**वेट् धातुओं के दोनों प्रकार**

**मृज् धातु – पहला प्रकार**

| | | |
|---|---|---|
| अमार्जिषम् | अमार्जिष्व | अमार्जिष्म |
| अमार्जीः | अमार्जिष्टम् | अमार्जिष्ट |
| अमार्जीत् | अमार्जिष्टाम् | अमार्जिषुः |

**दूसरा प्रकार**

| | | |
|---|---|---|
| अमार्क्षम् | अमार्क्ष्व | अमार्क्ष्म |
| अमार्क्षीः | अमार्ष्टम् | अमार्ष्ट |
| अमार्क्षीत् | अमार्ष्टाम् | अमार्क्षुः |

**स्यन्द् – पहला प्रकार आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अस्यन्दिषि | अस्यन्दिष्वहि | अस्यन्दिष्महि |
| अस्यन्दिष्ठाः | अस्यन्दिषाथाम् | अस्यन्दिध्वम्, अस्मन्दिड्ढ्वम् |
| अस्यन्दिष्ट | अस्यन्दिषाताम् | अस्यन्दिषत |

**दूसरा प्रकार**

| | | |
|---|---|---|
| अस्यन्त्सि | अस्यन्त्स्वहि | अस्यन्त्स्महि |
| अस्यन्त्थाः | अस्यन्त्साथाम् | अस्यन्द्ध्वम्, अस्यन्ध्वम् अस्यन्द्द्ध्वम् |
| अस्यन्त्त | अस्यन्त्साताम् | अस्यन्त्सत |

**इ (इट्) का अपवाद**

12. वृ (वृ गण 5 उभयपदी, वृ गण 9 आत्मनेपदी) धातु से, दीर्घ ॠकारांत जिसके अंत मे हो ऐसे पर रहे धातुओं से आत्मनेपदी **स् (सिच्)** और आशीः के पहले **इ (इट्)** विकल्प से होती है।

**वृ**

| | | |
|---|---|---|
| अवृषि | अवृष्वहि | अवृष्महि |
| अवृथाः | अवृषाथाम् | अवृढ्वम्, अवृड्ढ्वम् |
| अवृत | अवृषाताम् | अवृषत |

**वृ – इट् होने पर**

| | | |
|---|---|---|
| अवरिषि | अवरिष्वहि | अवरिष्महि |
| अवरिष्ठाः | अवरिषाथाम् | अवरिध्वम्, ढ्वम्, ड्ढ्वम् |
| अवरिष्ट | अवरिषाताम् | अवरिषत |

**आस्तॄ**

| | | |
|---|---|---|
| आस्तीर्षि | आस्तीर्ष्वहि | आस्तीर्ष्महि |
| आस्तीर्ष्ठाः | आस्तीर्षाथाम् | आस्तीर्ढ्वम् ड्ढ्वम् |
| आस्तीर्ष्ट | आस्तीर्षाताम् | आस्तीर्षत |

**आ+स्तृ – इट् होने पर**

| | | |
|---|---|---|
| आस्तरिषि | आस्तरिष्वहि | आस्तरिष्महि |
| आस्तरिष्ठाः | आस्तरिषाथाम् | आस्तरिध्वम्, ढ्वम्, ड्ढ्वम् |
| आस्तरिष्ट | आस्तरिषाताम् | आस्तरिषत |

परस्मैपद में – अवारिषम्, अवारिष्व, अवारिष्म । इस प्रकार स्तृ धातु के रूप करें।

13. अञ्ज् धातु से स् (सिच्) के पहले नित्य इ होता है ।

| | | |
|---|---|---|
| आञ्जिषम् | आञ्जिष्व | आञ्जिष्म |
| आञ्जीः | आञ्जिष्टम् | आञ्जिष्ट |
| आञ्जीत् | आञ्जिष्टाम् | आञ्जिषुः |

14. धू (धूञ्) सु और स्तु धातु से परस्मैपद में स् (सिच्) के पहले इ (इट्) होता है।

**धू – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| अधाविषम् | अधाविष्व | अधाविष्म |
| अधावीः | अधाविष्टम् | अधाविष्ट |
| अधावीत् | अधाविष्टाम् | अधाविषुः |

**आत्मनेपद (1)**

| | | |
|---|---|---|
| अधविषि | अधविष्वहि | अधविष्महि |
| अधविष्ठाः | अधविषाथाम् | अधविध्वम् ढ्वम् इढ्वम् |
| अधविष्ट | अधविषाताम् | अधविषत |

**(2)**

| | | |
|---|---|---|
| अधोषि | अधोष्वहि | अधोष्महि |
| अधोष्ठाः | अधोषाथाम् | अधोढ्वम्, इढ्वम् |
| अधोष्ट | अधोषाताम् | अधोषत |

**सु**

| | | |
|---|---|---|
| असाविषम् | असाविष्व | असाविष्म |
| असावीः | असाविष्टम् | असाविष्ट |
| असावीत् | असाविष्टाम् | असाविषुः |

आत्मनेपद में – असोषि आदि

**स्तु**

| | | |
|---|---|---|
| अस्ताविषम् | अस्ताविष्व | अस्ताविष्म |
| अस्तावीः | अस्ताविष्टम् | अस्ताविष्ट |
| अस्तावीत् | अस्ताविष्टाम् | अस्ताविषुः |

आत्मनेपद में – अस्तोषि आदि

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्नु का | परस्मैपद | - | प्रास्नावीत् |
| | आत्मने | - | प्रास्नोषाताम् (कर्मणि) |
| क्रम | परस्मै | - | अक्रमीत् |
| | आत्मने | - | अक्रंस्त |

**कर्मणि में रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भिद् | अभेदि | अभित्साताम् | अभित्सत |
| नी | अनायि | अनेषाताम् | अनेषत |
| कृ | अकारि | अकृषाताम् | अकृषत |
| मा | अमायि | अमासाताम् | अमासत |
| दा | अदायि | अदिषाताम् | अदिषत |
| हन् | अघानि | अहसाताम् | अहसत |
| कृ | अकारि – | अकारिषाताम्, अकृषाताम् | – अकारिषत, अकृषत |
| दा | अदायि – | अदायिषाताम्, अदिषाताम् | – अदायिषत, अदिषत |
| दृश् | अदर्शि | अदर्शिषाताम्, अदृक्षाताम् । | |
| हन् | अघानि, अवधि । अघानिषाताम्, अवधिषाताम्, अहसाताम् आदि | | |

**तीसरा प्रकार (अनिट् धातुओं का)**

1. तीसरे प्रकार में **स् (सिच्)** के बदले **स (सक्)** होता है ।
2. ह् और शिट् (श्, ष् और स्) व्यंजन अंत में हो ऐसे उपांत्य नामि स्वरवाले अनिट् धातुओं से स (सक्) प्रत्यय होता है (दृश् धातु को छोड़कर) स् प्रत्यय कित् होने से गुण नहीं होगा ।

**परस्मैपद के प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| सम् | साव | साम |
| सस् | सतम् | सत |
| सत् | सताम् | सन् |

**आत्मनेपद के प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| सि | सावहि | सामहि |
| सथास् | साथाम् | सध्वम् |
| सत | साताम् | सन्त |

16. स्वरादि प्रत्यय पर स (सक्) के अ का लोप होता है ।
उदा. स्पृश् – अस्पृक्षत् । दुह्–अधुक्षत् । दिश्–अदिक्षत्। कृष्–अकृक्षत् ।

**दिश् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अदिक्षम् | अदिक्षाव | अदिक्षाम |
| अदिक्षः | अदिक्षतम् | अदिक्षत |
| अदिक्षत् | अदिक्षताम् | अदिक्षन् |

**आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अदिक्षि | अदिक्षावहि | अदिक्षामहि |
| अदिक्षथाः | अदिक्षाथाम् | अदिक्षध्वम् |
| अदिक्षत | अदिक्षाताम् | अदिक्षन्त |

17. स्पृश्, मृश् और कृष् धातु से दूसरे प्रकार के प्रत्यय विकल्प से होते हैं।
उदा. अस्प्राक्षीत् – अस्पार्क्षीत् ।
अस्प्राष्टाम्, अस्पार्ष्टाम् ।
अस्प्राक्षुः, अस्पार्क्षुः ।

18. दुह्, दिह्, लिह्, गुह् धातुओ से स (सक्) का आत्मनेपद के दन्त्यादि प्रत्ययों पर विकल्प से लोप होता है ।
दुह् + स + त = दुह् + त = अदुग्ध । पक्षे अधुक्षत ।
लिह् + स + थास् = अलीढाः पक्षे अलिक्षथाः ।
गुह् – न्यगुह्वहि, न्यधुक्षावहि ।

**दुह् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अधुक्षि | अदुह्वहि, अधुक्षावहि | अधुक्षामहि |
| अदुग्धाः अधुक्षथाः | अधुक्षाथाम् | अधुग्ध्वम्, अधुक्षध्वम् |
| अदुग्ध, अधुक्षत | अधुक्षाताम् | अधुक्षन्त |

**लिह्**

| | | |
|---|---|---|
| अलिक्षि | अलिह्वहि अलिक्षावहि | अलिक्षामहि |
| अलीढाः अलिक्षथाः | अलिक्षाथाम् | अलीढ्वम, अलिक्षध्वम् |
| अलीढ, अलिक्षत | अलिक्षाताम् | अलिक्षन्त |

कर्मणि में – अदोहि, अधुक्षाताम्, अधुक्षन्त ।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अश्ववार** = घुड़सवार | (पुंलिंग) | **वारण** = हाथी | (पुंलिंग) |
| **असु** = प्राण | (पुंलिंग) | **संमद** = हर्ष | (पुंलिंग) |
| **खल** = दुर्जन | (पुंलिंग) | **क्षोभ** = खलभलाहट | (पुंलिंग) |
| **गण्ड** = गाल | (पुंलिंग) | **रेखा** = रेखा | (स्त्री लिंग) |
| **दर्प** = अभिमान | (पुंलिंग) | **कटक** = सैन्य | (नपुं. लिंग) |
| **जयकेशिन्** = एक राजा | (पुंलिंग) | **बिस** = कमल का दंड | (नपुं. लिंग) |
| **न्यास** = न्यास | (पुंलिंग) | **ध्रुव** = निश्चय | (विशेषण) |

## धातु

**अव+मन्** = अपमान करना
**आ+विश्** = आवेश करना
**उप+यम्** = लग्न करना (आत्मनेपद)
**उप+रुध्** = आग्रह करना
**कुष्** = खींचना गण ९ परस्मैपदी
**नि+गुह्** = आच्छादित करना
**प्रति+पद्** = स्वीकार करना
**व्या+हन्** = व्याघात करना
**शप्** = शाप देना गण १ परस्मैपदी

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. जिसने समुद्र को दुहा (दुह्) (परस्मै) और पृथ्वी को दुहा (दुह् आ) उस जयकेशी राजा की यह पुत्री है ।
2. राजा भोजन आदि में राग नहीं करता था (रञ्ज्) जलक्रीड़ा आदि क्रीड़ाओं से खेलता नहीं था (दिव्) और कामविकार की चेष्टा को रोकता नहीं था (रुध्)।
3. उस कन्या ने 'मेरा पति कर्ण ही है' – ऐसा जाना (बुध् ग.4) अतः तू भी उस कन्या को वैसा मान (बुध्)।
4. हे राजन् ! इस कन्या के विषय में आप अंतराय व्याघात न करो! (मा व्या+हन्)।
5. वचन द्वारा किसी के मर्म को तुम मत भेदो **(मा भिद्)**
6. मैंने तुम को अभी याद किया (स्मृ) और तुम अभी दिखाई दीये । **(दृश्)**
7. दमयंती ने हंस से प्रशंसा सुनी **(श्रु)** और मन से नल को वरी । **(वृ)**

8. हे स्वामी! खलपुरुषों के वचन से आपने मेरा त्याग किया (त्यज्) उस तरह जिन भक्ति धर्म का त्याग मत करना। (मा त्यज्)
9. हमने हमारे खेत की भूमि को मापा । (मा)
10. ग्वाला शाम के समय गायों को अपने घर ले गया । (नी)
11. उसने प्राण छोड़े (मृ) परंतु प्रतिज्ञा नहीं छोड़ी । (त्यज्)

**हिन्दी में अनुवाद करो**

1. **अधिगतपरमार्थान्पण्डितान्मावमंस्थास्तृणमिव लघुलक्ष्मी नैव तान्संरुणद्धि ।**
   **अभिनव-मदरेखा-श्यामगण्डस्थलानां न भवति बिसतन्तुर्वारणं वारणानाम् ।।**
2. **दध्यौ चैवं स राजर्षिरहो तेषां कुमन्त्रिणाम् ।**
   **सन्मानो यो मयाऽकारि स भस्मनि-हुतं ध्रुवम् ।।**
3. **मा शाप्सीदेष इति तास्तस्मात्भीता द्रुतद्रुतम् ।**
   **नेशु र्मृग्य इव व्याधादमिलन्त्यः परस्परम् ।।**
4. **ये आविक्षंस्तमद्रिक्षंस्तमद्राक्षुश्च दर्पतः ।**
   **तान्यघुक्षच्छरैरेष न्यकोषीत्तदसूनपि ।।**
5. **उपायत नृपो रत्नान्युपायंस्त काञ्चनम् ।**
   **अदिताऽस्मै गृहीत्वाऽसौ प्रास्थिताथित संमदम् ।।**
6. **याचिष्ये समये स्वामिन्न्यासीभूतोऽस्तु मे वरः ।**
   **इत्यभाषत कैकेयी राजाऽपि प्रत्यपादि तत् ।।**
7. **अयमस्मद्वचोऽश्रौषीत् ।**
8. **दुष्यन्तः शकुन्तलां उपायंस्त ।**
9. **विद्यागुरवोऽशेषाण्यपि शास्त्राणि तस्मै क्रमेणोपादिक्षन् ।**
10. **अश्ववारावद्राक्षीदऽप्राक्षीच्च अरे ! किमेष कटकक्षोभः ।**
11. **मय्यप्रसादं मा कृथा मयि च मा विरुद्धा इति सोऽवादीत् सा च ह्रियमकृत सखीं च वक्तुमुपारुद्ध ।**

## पाठ – 29

## अद्यतन भूतकाल

### चौथा प्रकार – परस्मैपद का ही

1. चौथे प्रकार के अद्यतनी में धातु के अंत में **स्** जुडता है ।
2. यम्, रम्, नम् और आकारांत धातुओं से परस्मैपद में **स् (सिच्)** के पहले **इ (इट्)** होता है और धातुओं के अंत में **स्** जुड़ता है ।

**प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| सिषम् | सिष्व | सिष्म |
| सीस् | सिष्टम् | सिष्ट |
| सीत् | सिष्टाम् | सिषु: |

**यम् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अयंसिषम् | अयंसिष्व | अयंसिष्म |
| अयंसी: | अयंसिष्टम् | अयंसिष्ट |
| अयंसीत् | अयंसिष्टाम् | अयंसिषु: |

इसी तरह वि+रम् = व्यरंषिषम्

या – अयासिषम्, अयासिष्व, अयासिष्म, अयासी:

### पाँचवाँ प्रकार – परस्मैपद का ही

पाँचवें प्रकार में स् (सिच्) का लोप होता है ।

**प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| अम् | व | म |
| स् | तम् | त |
| द् | ताम् | उस् |

3. पा (पिब्), अधि+इ (स्मरण करना गण 2 परस्मैपद) इ (जाना गण 2 परस्मैपदी), दा संज्ञक धातु, भू तथा स्था धातु के बाद आए स् (सिच्) का परस्मैपदी में लोप होता है और लोप होने पर इ (इट्) नहीं होता है।
4. इ (जाना गण 2) तथा इ (स्मरण करना गण 2 का अद्यतनी में गा आदेश होता है।

**पा के रुप**

| | | |
|---|---|---|
| अपाम् | अपाव | अपाम |
| अपा: | अपातम् | अपात |
| अपात् | अपाताम् | अपु: |

**भू के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अभूवम् | अभूव | अभूम |
| अभू: | अभूतम् | अभूत |
| अभूत् | अभूताम् | अभूवन् |

5. भू धातु को सिच् का लोप होने के बाद गुण नहीं होता है ।
6. धे, घ्रा, शा, छा, और सा धातु से स् (सिच्) प्रत्यय का परस्मैपद में विकल्प से लोप होता है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उदा. **धे** | – | अधात् | पक्षे चौथा प्रकार अधासीत् |
| **घ्रा** | – | अघ्रात् | पक्षे चौथा प्रकार अघ्रासीत् |
| **शा** | – | अशात् | पक्षे चौथा प्रकार अशासीत् |
| **छा** | – | अच्छात् | पक्षे चौथा प्रकार अच्छासीत् |
| **सा** | – | असात् | पक्षे चौथा प्रकार असासीत् |

**छठा प्रकार – (कर्तरि का ही)**

7. छठे प्रकार में धातुओं से अ (अङ्) प्रत्यय होता है ।
8. अ (अङ्) पर ॠ वर्णांत धातु तथा दृश् धातु के स्वर का गुण होता है ।
   नश् का विकल्प से नेश् होता है ।
   श्वि का श्व, अस् (गण 4) का अस्थ, वच् का वोच और पत् का पप्त आदेश होता है।
   शास् के आस् का इस् होता है।

**निम्नलिखित धातु छठे प्रकार में हैं**

1. शास्, अस् (गण 4) वच् और ख्या
2. विकल्प से सृ और ॠ
3. ह्वे; लिप् और सिच्
4. आत्मनेपदी ह्वे, लिप् और सिच् विकल्प से .

5. गम् आदि (गम्, पत्, सृप्, शक्, मुच्, आप् इत्यादि)
6. द्युत् आदि (द्युत्, रुच्, शुभ्, भ्रंश्, स्रंस्, ध्वंस्, वृत्, स्यन्द्, वृध्, शृध्, कृप्)
7. पुष्य आदि (पुष्, उच्, लुट्, स्विद्, क्लिद्, मिद्, क्षुध्, शुध्, क्रुध्, सिध्, गृध्, तृप्, दृप्, कृप्, लुप, लुभ्, क्षुभ्, नश्, भ्रंश्, शुष्, दुष्, श्लिष्, प्लुष्, तृष्, तुष्, हृष्, रुष्, अस्, शम्, दम्, तम्, श्रम्, भ्रम्, क्षम्, मद्, क्लम्, मुह्, द्रुह्, स्नुह्, स्निह् इत्यादि ये सभी धातु परस्मैपदी हों तब ।
8. रुध आदि – रुध्, भिद्, दृश्, बुध् (गण 1 उभयपदी)
9. श्वि, स्तम्भ्, म्रुच्, म्लुच्, ग्रुच्, ग्लुच्, ग्लुञ्च्, जृ आदि परस्मैपद में हों तो विकल्प से ।

**शास् के रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अशिषम् | अशिषाव | अशिषाम |
| अशिषः | अशिषतम् | अशिषत |
| अशिषत् | अशिषताम् | अशिषन् |

**अप + अस् (उभयपदी) आत्मनेपद में**

| | | |
|---|---|---|
| अपास्थे | अपास्थावहि | अपास्थामहि |
| अपास्थथाः | अपास्थेथाम् | अपास्थध्वम् |
| अपास्थत | अपास्थेताम् | अपास्थन्त |

**आ+ह्वे**

| | | |
|---|---|---|
| आह्वे | आह्वावहि | आह्वामहि |
| आह्वथाः | आह्वेथाम् | आह्वध्वम् |
| आह्वत | आह्वेताम् | आह्वन्त |

**पक्षे – दूसरा प्रकार**

| | | |
|---|---|---|
| आह्वासि | आह्वास्वहि | आह्वास्महि |
| आह्वास्थाः | आह्वासाथाम् | आह्वाध्वम्, द्ध्वम् |
| आह्वास्त | आह्वासाताम् | आह्वासत |

**वच्** – अवोचत् आदि
**ख्या** – आख्यत् आदि
**सृ** – असरत् – पक्षे – असार्षीत, असार्ष्टाम्, असार्षुः ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ऋ | – | आरत् पक्षे (आर्षीत्, आर्ष्टाम, आर्षुः) | | |
| ह्वे | – | | आह्वत्, आह्वत | |
| लिप् | – | **उभयपदी** | अलिपत्, अलिपत । | |
| सिच् | – | | असिचत्, असिचत । | |
| गम् | – | अगमत् | | |
| पत् | – | अपप्तत् | | |
| द्युत् | – | पर–अद्युतत् – आत्मनेपद में पहला प्रकार – अद्योतिष्ट । | | |
| रुच् | – | अरुचत् – आत्मनेपद में पहला प्रकार – अरोचिष्ट | | |
| ध्वंस् | – | परस्मैपदी – अध्वसत् आत्मनेपद – अध्वंसिष्ट | | |
| पुष् | – | अपुषत् | | |
| तृप | – | अतृपत् | | |
| उच् | – | औचत् | | |
| दृप् | – | अदृपत् | | |
| नश् | – | अनेशत, अनशत् । | | |
| अस् | – | आस्थत्, अपास्थत् । | | |
| रुध् | – | अरुधत् | पक्षे | अरौत्सीत् |
| बुध् | – | अबुधत् | पक्षे | अबोधीत् |
| दृश् | – | अदर्शत् | पक्षे | अद्राक्षीत् |
| भिद् | – | अभिदत् | पक्षे | अभैत्सीत् |
| श्वि | – | अश्वत् | पक्षे | अश्वयीत् |
| स्तम्भ् | – | अस्तभत् | पक्षे | अस्तम्भीत् |
| म्रुच् | – | अम्रुचत् | पक्षे | अम्रोचीत् |
| म्लुच् | – | अम्लुचत् | पक्षे | अम्लोचीत् |
| ग्रुच् | – | अग्रुचत् | पक्षे | अग्रोचीत् |
| ग्लुच् | – | अग्लुचत् | पक्षे | अग्लोचीत् |
| ग्लुञ्च | – | अग्लुचत् | पक्षे | अग्लुञ्चीत |
| जॄ | – | अजरत् | पक्षे | अजारीत् |

### आत्मनेपद में रुध्

अरुद्ध अरुत्साताम् अरुत्सत । अभित्त । अबोधिष्ट ।

7. तृप् और दृप् धातु से पहले व दूसरे प्रकार के प्रत्यय होते हैं ये दोनों धातु वेट् है ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पहला प्रकार | अतर्पीत् | अतर्पिष्टाम् | अतर्पिषुः |
| | दूसरा प्रकार | अत्राप्सीत् | अत्राप्ताम् | अत्राप्सुः |
| | | अताप्र्सीत् | अतार्प्ताम् | अताप्र्सुः |
| दृप् | पहला प्रकार | अदर्पीत् | अदर्पिष्टाम् | अदर्पिषुः |
| | दूसरा प्रकार | अद्राप्सीत् | | |
| | | अदार्प्सीत् | | |
| | पक्षे | अतृपत् । अदृपत् आदि | | |

### सातवाँ प्रकार – कर्तरि प्रयोग में

सातवें प्रकार में धातु से अ (ङ) प्रत्यय होता है । ङ प्रत्यय पर धातु की द्विरुक्ति होती है ।

### निम्नलिखित धातुएँ 7वें प्रकार में हैं

1. इ (णिच् या णिग्) प्रत्यय जिसके अंत में हो (दसवें गण और प्रेरक भेद के धातु)
2. श्रि, द्रु, स्रु और कम्
3. धे, (ट्धे) और श्वि विकल्प से हैं

उदा. **श्रि** – अशिश्रियत् ।

**द्रु** – अदुद्रुवत् ।

**स्रु** – असुस्रुवत् ।

**कम्** – अचकमत ।

**धे (ट्धे)** अदधत् पक्षे अधात् अधासीत् (5वाँ प्रकार)

**श्वि** – अशिश्वियत् पक्षे – अश्वत् । अश्वयीत्

### श्रि के रूप

| | | |
|---|---|---|
| अशिश्रियम् | अशिश्रियाव | अशिश्रियाम |
| अशिश्रियः | अशिश्रियतम् | अशिश्रियत |
| अशिश्रियत् | अशिश्रियताम् | अशिश्रियन् |

### कम् के रूप

| | | |
|---|---|---|
| अचकमे | अचकमावहि | अचकमामहि |
| अचकमथाः | अचकमेथाम् | अचकमध्वम् |
| अचकमत | अचकमेताम् | अचकमन्त |

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **आन्ध्र** = आंध्र देश के राजा | (पुंलिंग) | **भुजा** = बाहु | (स्त्री लिंग) |
| **ईश** = प्रभु | (पुंलिंग) | **श्रुति** = श्रवण | (स्त्री लिंग) |
| **गण** = समूह | (पुंलिंग) | **क्ष्मा** = पृथ्वी | (स्त्री लिंग) |
| **गोचर** = विषय | (पुंलिंग) | **कैतव** = कपट | (नपुं. लिंग) |
| **ज्वर** = बुखार | (पुंलिंग) | **वार्** = पानी | (नपुं. लिंग) |
| **पलाश** = पलाश वृक्ष | (पुंलिंग) | **शून्य** = शून्य | (नपुं. लिंग) |
| **पात** = गिरना | (पुंलिंग) | **श्मश्रु** = मूछ, दाढ़ी | (नपुं. लिंग) |
| **पाप** = पापी | (पुंलिंग) | **सुभ्रू** = स्त्री | (स्त्री लिंग) |
| **प्रत्युपकार** = बदला | (पुंलिंग) | **अद्भुत** = आश्चर्यकारक | (विशेषण) |
| **फुत्कार** = फुत्कार | (पुंलिंग) | **अध्वग** = मुसाफिर | (विशेषण) |
| **बन्दिन्** = मंगलपाठक | (पुंलिंग) | **आतुर** = रोगी | (विशेषण) |
| **रसज्वर** = रस जन्य ताव | (पुंलिंग) | **घोर** = भयंकर | (विशेषण) |
| **वश** = आधीन | (पुंलिंग) | **दुःखित** = दुःखी | (विशेषण) |
| **कुटी** = झोपडी | (स्त्री लिंग) | **निवृत्त** = शांत | (विशेषण) |
| **धमनी** = धमण | (स्त्री लिंग) | **संपृक्त** = सहित | (विशेषण) |
| **मैत्री** = मैत्री भावना | (स्त्री लिंग) | **स्वैर** = स्वतंत्र | (विशेषण) |
| **प्रपा** = परब | (स्त्री लिंग) | **हास्यकार** = हंसी करनेवाला | (विशेषण) |

### धातु

**अव + इ** = जानना गण 2 पर । **द्रु** = जाना गण 1 पर.

**वञ्च्** = ठगना गण 10 आत्मने

**वि + नि + अस्** = स्थापना करना गण 4

### संस्कृत में अनुवाद करो

1. मुनि को देख राजा खुश हुआ (मुद्) और उनके अद्भुत तप सामर्थ्य का विचार

करता हुआ सभा में गया (इ)

2. वे वृक्ष हैं, जिनके ऊपर हम दोनों, बंदर की तरह स्वतंत्र रूप से खेलते थे। (रम्)
3. तुमने किस सुभग को दृष्टि से पीया है, (पा) जिसके कारण तुम्हारी यह दशा हुई है? (भू)
4. हे सुभ्रु ! क्या तूने किंपाक का फल तोड़ा (छो) और सूंघा या सप्तछद पुष्प तोड़ा और सूंघा जिस कारण तू इस प्रकार दुःखी हुई है। (आर्ता भवसि)
5. वह बहुत देशों में घूमा है (भ्रम्) (गण 4) और उसने बहुत ही आश्चर्यकारी वस्तुएँ देखी है। (दृश्)
6. युद्ध में जो भाग गए (नश्) उन्हें मैंने मारा नहीं (हन्) तथा मैं भी युद्ध में से भागा नहीं (नश्)।
7. मैंने पाप किया नहीं (कृ) तो फिर मैं दुःख के गर्त में क्यों गिरा ? (पत्)
8. उसने हाथ द्वारा मूछ का स्पर्श किया (स्पृश्) और उसके बाद धनुष का स्पर्श किया (स्पृश्)।
9. जो भुजा के बल से गर्व करते थे (दृप्) और मंत्र-अस्त्र द्वारा गर्व करते थे, उन सब को राजा ने वश में किया।
10. सिंह के भय से हाथी भाग गए (द्रु)। रहने के लिए (स्थातुम्) उन्होंने इच्छा नहीं की। (कम्)

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **मा कार्षीत्कोऽपि पापानि, मा च भूत्कोऽपि दुःखितः।**
   **मुच्यतां जगदप्येषा, मति मैत्री निगद्यते ॥**
2. **राम इव दशरथोऽभूद्दशरथ इव रघुरजोऽपि रघुसदृशः।**
   **अज इव दिलीपवंशश्चित्रं रामस्य कीर्तिरियम् ॥**
3. **वैराग्यरङ्गः परवञ्चनाय, धर्मोपदेशो जनरञ्जनाय।**
   **वादाय विद्याध्ययनं च मेऽभूत् कियद्ब्रुवे हास्यकरं स्वमीश !॥**
4. **हृदये वससीति मत्प्रियं, यदवोचस्तदवैमि कैतवम्।**
5. **जीवितेनाऽमुना किं मे, तपसा भूयसाऽपि किम् ?**
   **श्रुतिगोचरमायासीत् स्वसूनोर्यत्पराभवः ॥**

6. स आश्रमपदं किञ्चित्, चिरशून्यमशिश्रियत् ।
दुस्तपं च तपस्तेपे, शुष्कपत्रादिभोजनः ।।

7. पलाशपत्राण्यादाय, स आश्रमकुटीं व्यधात् ।
मृगाणामध्वगानां च, शीतच्छायाऽमृतप्रपाम् ।।

8. यावत्प्रत्युपकाराय क्षमीभूतोऽस्मि यौवने ।
दैवादिहागमं तावत्पापोहमजितेन्द्रियः ।।

9. अत्यन्तघोरनरकपातप्रतिभुवामहो ।
विषयाणां स्मरास्त्राणां, मा गास्त्वं भेदनीयताम् ।।

10. यौवने पर्यणेषीत्स, राजकन्याः कुलोद्भवाः ।
सम्पृक्तश्चाशुभत्ताभिर्लताभिरिव पादपः ।।

11. कुमार ! किन्तु पृच्छामि, प्रष्टुमेवाहमागमम् ।
रसज्वरातुरेणेव, किं त्वयाऽत्याजि भोजनम् ।।

12. उत्फणाःफणिनस्तं धमनीनिभैरास्यैः फुत्कारपवनानमुचन् ।

13. वचनं धनपालस्य चन्दनं मलयस्य च ।
सरसं हृदि विन्यस्य कोभून्नाम न निर्वृतः ।।

14. अलिप्तासिचतान्धः क्ष्मामसृजा मूर्च्छितस्तदा ।
असिक्तालिपतैनं वाश्चन्दनैर्बन्दिनां गणः ।।

15. कृष्णायास्मै द्वितीयस्मै, द्वितीयायासिना नृपाः ।
द्वितीयस्मात्तृतीयाच्च, देशादेत्य नमो व्यधुः ।।

## पाठ - 30

# आशीर्वाद

### परस्मैपदी - प्रत्यय

| | | |
|---|---|---|
| यासम् | यास्व | यास्म |
| यास् | यास्तम् | यास्त |
| यात् | यास्ताम् | यासुस् |

### आत्मनेपदी प्रत्यय

| | | |
|---|---|---|
| सीय | सीवहि | सीमहि |
| सीष्ठास् | सीयास्थाम् | सीध्वम् |
| सीष्ट | सीयास्ताम् | सीरन् |

परस्मैपद के प्रत्यय कित् हैं।

1. नामी उपांत्य अनिट् धातु से और ॠ वर्णांत अनिट् धातु से आत्मनेपद के प्रत्यय कित् जैसे होते हैं।

   उदा. भित्सीष्ट, कृषीष्ट, तीर्षीष्ट

2. गम् धातु से आत्मनेपद के प्रत्यय विकल्प से **कित्** जैसे होते है।

   उदा. संगसीष्ट, संगंसीष्ट

### परस्मैपद में विशेषता

3. ऋकारांत धातु से **ऋ** का, य से प्रारंभ होनेवाले आशीः के प्रत्ययों पर **रि** होता है।

   उदा. क्रियात्

4. संयोग के बार **ऋ** हो ऐसे ऋकारांत धातु से तथा ऋ धातु का,, य से प्रारंभ होनेवाले आशीः के प्रत्ययों पर गुण होता है।

   उदा. स्मर्यात्, अर्यात्

5. आदि में संयोग हो और अंत में **आ** हो ऐसे आकारांत धातु के आ का परस्मैपद में विकल्प से **ए** होता है।

   उदा. ग्लायात्, ग्लेयात्

6. गै (गा.), पा-पीना, स्था, सा (सो), दा संज्ञक, मा, हा (छोड़ना) ।

   का परस्मैपद में नित्य ए होता है ।

उदा. गेयात्, पेयात्

य कारादि आशी: के प्रत्ययों पर दीर्घ होते हैं।

उदा. जीयात् स्तूयात् ।

7. इ (ञिट्) सिवाय आशीर्वाद में **हन्** का **वध्** होता है।

उदा. वध्यात, आवधिषीष्ट

इ (ञिट्) में घानिषीष्ट

**कृ के रूप – परस्मैपद**

| | | |
|---|---|---|
| क्रियासम् | क्रियास्व | क्रियास्म |
| क्रिया: | क्रियास्तम् | क्रियास्त |
| क्रियात् | क्रियास्ताम् | क्रियासु: |

**आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| कृषीय | कृषीवहि | कृषीमहि |
| कृषीष्ठा: | कृषीयास्थाम् | कृषीढ्वम् |
| कृषीष्ट | कृषीयास्ताम् | कृषीरन् |

**दुह् के रूप – परस्मैपद**

| | | |
|---|---|---|
| दुह्यासम् | दुह्यास्व | दुह्यास्म |
| दुह्या: | दुह्यास्तम् | दुह्यास्त |
| दुह्यात् | दुह्यास्ताम् | दुह्यासु: |

**आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| धुक्षीय | धुक्षीवहि | धुक्षीमहि |
| धुक्षीष्ठा: | धुक्षीयास्थाम् | धुक्षीध्वम् |
| धुक्षीष्ट | धुक्षीयास्ताम् | धुक्षीरन् |

वह् – उह्यात्, वक्षीष्ट

मुद् – मोदिषीष्ट

दसवें गण के आशी: के रुप प्रेरक के पाठ में देंगे ।

**कर्मणि रूप**

आत्मनेपद के प्रत्यय तथा पाठ 19 के नियम 18, 19, 20 लगाकर करे।

उदा. नेषीष्ट, नायिषीष्ट

दासीष्ट, दायिषीष्ट ।

ग्रहीषीष्ट, ग्राहिषीष्ट ।

दर्शिषीष्ट, दृक्षीष्ट ।

घानिषीष्ट, वधिषीष्ट ।

नंसीष्ट ।

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ईश** = महादेव | (पुंलिंग) | **लब्धि** = विशिष्ट शक्ति | (स्त्री लिंग) |
| **पार** = अंत | (पुंलिंग) | **सान्निध्य** = निकटता | (नपुं. लिंग) |
| **उमा** = पार्वती | (स्त्री लिंग) | **सांध्य** = संध्या संबंधी | (विशेषण) |

### संस्कृत में अनुवाद करो

1. सभी लब्धियाँ जिनको वरी हैं, वे गौतम गणधर तुम्हारी लक्ष्मी को पुष्ट करें। (पुष्)
2. सरस्वती देवी हमेशा हमारे मुखकमल में सान्निध्य करे । (कृ)
3. यह पुत्र विद्या के पार को प्राप्त करे । (पारम् + या)
4. मैं लक्ष्मीवान् बनूँ (भू) और तू पुत्रवान बन ।
5. ये दुष्ट मर जाएँ । (मृ)
6. विवेक और पुरुषार्थ को नहीं छोड़नेवाले ऐसे तुम्हें तुम्हारा पुरुषार्थ सिद्धि प्रदान करे । (दा)

### हिन्दी में अनुवाद करो

1. **हे राजन् ! यूयं लक्ष्मीमवृढ्वं द्विषोऽस्तीढ्वं पृथिवीं ववृढ्वे तत्सुखमासिषीध्वं गुरून्स्तूयास्त तथा सान्ध्यविधिं कृषीढ्वं ततश्चैतद्भुवनं यशोभिः स्तीर्षीढ्वम्।**
2. **यथा समगतोमेशे श्रीः कृष्णे समगंस्त च ।**
**संगंसीष्ट त्वयि तथा सा शुभैः संगसीष्ट च ।।**

# समास

समास अर्थात् पदों का संक्षेप ।

समास से भाषा संक्षिप्त बनती है और थोड़े शब्दों में भी ज्यादा कह सकते हैं। हर भाषा में समास का प्रयोग होता है।

जो पद परस्पर अपेक्षित संबंधवाले हों, उन्हीं पदों का समास होता है।

पदों में परस्पर अपेक्षा न हो तो समास नहीं होता है।

उदा. **इदं देवदत्तस्य गृहं दृश्यते**

**इदं देवदत्तगृहं दृश्यते** – देवदत्त और गृह का संबंध होने से यहाँ समास होगा।

**पुस्तकं इदं देवदत्तस्य, गृहं इदं जिनदत्तस्य –**

यहाँ देवदत्त और गृह में संबंध नहीं होने से समास नहीं होगा ।

समास को एक पद भी कहते हैं, इसी कारण एक समास का दूसरे पद या समास के साथ समास हो सकता है।

समास एक पद कहलाता है अर्थात् एक स्वतंत्र शब्द बनता है अर्थात् समास होने पर भिन्न भिन्न विभक्तियों से प्रत्ययों का लोप हो जाता है और उस समास शब्द से ही विभक्ति के प्रत्यय लगते हैं।

समास के अंत में रहे शब्द के लिंग के अनुसार सामासिक शब्दों का लिंग होता है।

'देवदत्तस्य गृहम्' का समास होने पर 'देवदत्तगृह' – एक शब्द बनता है, अत: उससे विभक्ति के प्रत्यय आते हैं और रूप चलेंगे ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उदा. प्रथमा–द्वितीय | देवदत्तगृहम् | देवदत्तगृहे | देवदत्तगृहाणि |
| तृतीया | देवदत्तगृहेण | देवदत्तगृहाभ्यां | देवदत्तगृहै: |

नीलं च तद् उत्पलं च – नीलोत्पलम्

रूप – नीलोत्पलम्, नीलोत्पले, नीलोत्पलानि ।

रामश्च लक्ष्मणश्च – रामलक्ष्मणौ, रामलक्ष्मणाभ्याम्

धवश्च खदिरश्च पलाशश्च – धवखदिरपलाशा: धवखदिरपलाशान्, धवखदिरपलाशै: ।

धवश्च खदिरश्च अनयो: समाहार: धवखदिरम्, धवखदिरेण, धवखदिराय आदि

धवश्च खदिरश्च पलाशश्च एतेषां समाहार: धवखदिर पलाशम् धवखदिरपलाशेन, धवखदिरपलाशाय आदि ।

समास एक पद होता है, फिर भी उसमें अलग–अलग शब्द भी पद कहलाते हैं, अत: पद संबंधी कार्य, संधि आदि अवश्य होगी। समास में संधि अवश्य करें ।

उदा. नीलं च तद् उत्पलं च – नीलोत्पलम्

स्फुराणि च तानि छत्राणि – स्फुरच्छत्राणि

संश्चासौ जनश्च सज्जन:

मनस: भाव – मनोभाव: ।

राज्ञ: पुरुष – राजपुरुष: (न् का लोप)

गिर: अर्थ – गीरर्थ = (दीर्घ, पाठ २१ नियम ७)

विदुषां अनुचर: विद्वदनुचर: – स् का द् हुआ ।

## समास के चार प्रकार

बहुव्रीही, अव्ययीभाव, तत्पुरुष और द्वन्द्व ।

- तत्पुरुष समास के दो भेद कर्मधारय और द्विगु होने से समास के छह भेद होते हैं।
- कुछ समास नित्य होते हैं। नित्य समास का विग्रह नहीं होता है, परंतु उसके अर्थ के अनुसार वाक्य करते हैं। उदा. अनुरथम् का रथस्य पश्चात्
- कुछ समास में पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता है उसे अलुप् समास कहते हैं। उदा. – भस्मनि हुतम् – भस्मनिहुतम् ।
- समास के कई पूर्व पद और उत्तर पद में भी कई परिवर्तन होते हैं।
- समास के अंतिम पद को उत्तर पद और उसके पहले के पद को पूर्व पद कहते हैं।
- समास के अंत में भी कई समासांत प्रत्यय लगते हैं। समासांत प्रत्ययों का समावेश तद्धित के प्रत्ययों में किया गया है अत: तद्धित के प्रत्ययों पर जो नियम लगेंगे, वे समासांत प्रत्ययों पर भी लगेंगे ।
- एक समान दिखाई देने वाला समास भिन्न–भिन्न प्रकार का भी हो सकता है ।

उदा. महाबाहु – महांश्चासौ बाहुश्च महाबाहु: कर्मधारय

महान्तौ बाहू यस्य – महाबाहु: – बहुव्रीहि

मेघस्य नाद: – मेघनाद: षष्ठीतत्पुरुष

मेघवत् नाद: यस्य स मेघनाद: बहुव्रीहि

समासों का विग्रह करते समय निम्न बातें अवश्य जाननी चाहिए ।

1. समास का प्रकार, शब्दों के लिंग, वचन ।
संपूर्ण समास का लिंग, विभक्ति, वचन ।
विग्रह वाक्य का प्रयोग आदि ।

उदा. कमले इव नेत्रे यस्य सः = कमलनेत्रः
कमले इव नेत्रे यस्याःसा = कमलनेत्रा
कमले इव नेत्रे ययोः ते = कमलनेत्रे

कुक्कुटश्च मयूरी च = कुक्कुटमयूर्यौ
देवदत्तस्य गृहम् – देवदत्तगृहम्–तस्मिन् – देवदत्तगृहे
कमले इव नेत्रे यस्याः सा = कमलनेत्रा – तत्संबोधने – हे कमलनेत्रे ।
जनानां समूहः = जनसमूहः ।
जिताः अरयः येन स = जितारिः (कर्मणि)
नष्टं स्वं यस्य स = नष्टस्वः (कर्त्तरि)
प्रगता असवः यस्मात् स = प्रासुकः
विमलं यशो यस्य स = विमलयशाः
गतं यौवनं येषां ते = गतयौवनाः
सिद्धा विद्या यस्य सः = सिद्धविद्यः
लंबे समास में सर्व प्रथम मुख्य समास का विग्रह कर फिर छोटे समासों का विग्रह करना चाहिए ।

उदा. शुद्धाऽकषायहृदयः
शुद्धं अकषायं हृदयं यस्य स शुद्धाऽकषायहृदयः (बहुपद बहुव्रीहि)
न विद्यन्ते कषाया यस्मिन् तत् अकषायम् ।

2. स्वपापभरपूरितः
स्वपापभरेण पूरितः स्वपापभरपूरितः ।
विग्रह –
स्वस्य पापम् = स्वपापम्
स्वपापस्य भरः = स्वपापभरः

3. हर्षविषादपूरितहृदयः
हर्षश्च विषादश्च हर्षविषादौ
हर्षविषादाभ्यां पूरितं हृदयं यस्य सः = हर्षविषादपूरितहृदयः ।

## पाठ – 31

# बहुव्रीहि – समास

1. बार अर्थ में तथा विकल्प या संशय अर्थ में वर्तमान संख्यावाचक नाम, संख्येय (विशेषण) में वर्तमान संख्यावाचक नाम, संख्येय (विशेषण) में वर्तमान संख्यावाचक नाम के साथ बहुव्रीहि समास होता है।

उदा. द्विः दश – द्विदशाः वृक्षाः (बीस वृक्ष)
त्रिर्दश – त्रिदशा : (तीस वृक्ष)
द्विर्विंशतिः – द्विविंशा (चालीस वृक्ष)
द्वौ वा त्रयो वा – द्वित्राः जनाः (दो या तीन लोग)
सप्त वा अष्ट वा – सप्ताष्टाः
पञ्च वा षड् वा – पञ्चषाः
त्रयो वा चत्वारो वा – त्रि चतुराः ।

2. आसन्न, अदूर अधिक और अध्यर्ध नाम तथा अर्ध के बाद रहा पूरण प्रत्ययांत नाम, संख्यावाची नाम के साथ द्वितीया आदि विभक्तिवाले अन्य पद के संख्येय रूप विशेषण के रूप में बहुव्रीहि समास पाता है ।

उदा.
आसन्ना दश येषां येभ्यो वा ते आसन्नदशाः वृक्षाः (9 या 10 वृक्ष)
इसी प्रकार – आसन्नविंशाः, आसन्नत्रिंशाः, अदूरदशाः (9 या 10)
अधिका दश येभ्यो येषु वा ते अधिकदशाः (ग्यारह आदि)
अध्यर्धा विंशतिः येषां ते अध्यर्ध विंशाः (डेढबीस संख्या 30)
अर्धपञ्चमा विंशतयः येषां ते अर्ध पञ्चमविंशाः अश्वाः
(साढे चार बीस अर्थात् 90 घोड़े)

3. अव्यय नाम, संख्यावाचक नाम के साथ द्वितीया आदि विभक्तिवाले अन्य पद के संख्येय रूप विशेषण के रूप में बहुव्रीहि समास पाते हैं –

उप–समीपे दश येषां ते उपदशाः (9 या 11)
इसी प्रकार :
उपविंशाः उपचत्वारिंशाः उपचतुराः ।

**समानाधिकरण बहुव्रीहि :**

1. एक समान विभक्ति में रहा एक या अनेक नाम तथा अव्यय दूसरे नाम के साथ में द्वितीया आदि विभक्तिवाले अन्य पद के विशेषण के रूप में बहुव्रीहि समास पाता है –

एक नाम का दूसरे नाम के साथ

**द्विपद बहुव्रीहि**

1. आरूढो वानरो यं स आरूढवानरो वृक्षः ।
2. ऊढो रथो येन स ऊढरथोऽनड्वान् ।
3. उपहृतो बलिः अस्यै सा उपहृतबलिः यक्षी ।
4. भीताः शत्रवो यस्मात् स भीतशत्रुर्नृपः।
5. चित्रा गावो यस्य स चित्रगुश्चैत्रः ।
6. अर्ध तृतीयमेषाम् ते अर्धतृतीयाः द्वीपाः (ढाई द्वीप)।
7. वीराः पुरुषाः सन्ति अस्मिन् स वीर पुरुषको ग्रामः

**अनेक नाम का दूसरे नाम के साथ**

**बहुपद – बहुव्रीहि**

1. आरूढा बहवो वानरा यं स आरूढ बहु वानरो वृक्षः ।
2. पञ्च पूला धनमस्य स पञ्चपूल धनः ।
3. मत्ता बहवो मातङ्गा यत्र तन्मत्तबहुमातङ्गं वनम् ।

**अव्यय का दूसरे नाम के साथ**

**अव्यय बहुव्रीहि**

उच्चैर्मुखमस्य स उच्चैर्मुखः। – व्यधिकरण

अन्तरङ्गानि यस्य स अन्तरङ्गः ।

कर्तुं कामोऽस्य स कर्तुकामः ।

अस्ति क्षीरमस्याः सा अस्तिक्षीरा गौः – समानाधिकरण

**उष्ट्रमुखादि बहुव्रीहि**

उष्ट्रमुख आदि बहुव्रीहि समास स्वयंसिद्ध हैं ।

**उपमान – उपमेय बहुव्रीहि**

1. उष्ट्रस्य मुखमिव मुखं अस्य स उष्ट्रमुखः ।

2. हरिणाक्षिणी इव अक्षिणी यस्याः सा हरिणाक्षी ।
3. हंसगमनं इव गमनं यस्याः साः हंसगमना ।
4. इभकुम्भौ इव स्तनौ यस्याः सा इभकुम्भस्तनी ।
5. चन्द्र इव मुखं यस्याः सा चन्द्रमुखी ।
6. कमलमिव वदनं यस्याः सा कमलवदना ।

इस प्रकार भी विग्रह कर सकते हैं

उष्ट्रस्य इव मुखं यस्य स उष्ट्रमुखः ।

उष्ट्रवत् मुखं यस्य स उष्ट्रमुखः ।

### अलुप् बहुव्रीहि

उरसि (स्थितानि) लोमानि यस्य स उरसिलोमा

### प्रादि बहुव्रीहि

1. प्रपतितानि पर्णानि अस्य स प्रपर्णः ।
2. निर्गतं तेजो यस्मात् स निस्तेजाः ।
3. उद्गता कन्धरा यस्य स उत्कन्धरः ।
4. विगतो धवो यस्याः सा विधवा ।

### नञ् बहुव्रीहि

अविद्यमानः पुत्रोऽस्य सः अपुत्रः ।

न विद्यन्ते चौरा अस्मिन् सः अचौरः पन्थाः ।

नास्ति आदिर्यस्य सः अनादिः संसारः ।

असन् उत्सेध अस्य स अनुत्सेधः प्रासादः ।

### व्यधिकरण बहुव्रीहि

इन्दुर्मौलौ यस्य स इन्दुमौलिः ।

पद्मं हस्ते अस्य स पद्महस्तः ।

असिः पाणौ यस्य सः असिपाणिः ।

धनुः र्हस्ते यस्य स धनुर्हस्तः ।

इन्द्रस्य उपमा यस्य यस्मिन् वा स इन्द्रोपमो राजा ।

### सहार्थ बहुव्रीहि

1. सह अव्यय, तृतीयांत नाम के साथ अन्य पद के विशेषण रूप में बहुव्रीहि समास

होता है। उदा. सह पुत्रेण सपुत्रः आगतः । सह छात्रेण सच्छात्र आगतः । सह मदेन वर्तने समदः । सधनः । सस्मयः ।

7. लोक व्यवहार में प्रचलित दिशावाचक नाम दूसरे दिशावाचक नाम के साथ बहुव्रीहि समास होता है। यह समास उन उन दिशाओं के अंतराल को बताता है।

उदा. दक्षिणस्याः च पूर्वस्याः च दिशोर्यद् अन्तरालं सा दक्षिणपूर्वा दिक्-(अग्निकोण)

इसी प्रकार - पूर्वोत्तरा (ईशानकोण) उत्तर पश्चिमा । दक्षिण पश्चिमा ।

## समास उपयोगी विधि

8. उपमान वाचक शब्द के बाद रहे उरु शब्द से स्त्री लिंग में ऊ (ऊङ्) प्रत्यय होता है तथा सहित, संहित, सह, सफ, वाम और लक्ष्मण शब्द के बाद रहे उरु शब्द से भी ऊ होता है ।

उदा.

करभ इव उरू यस्याः सा करभोरूः। रम्भोरूः। वामौ (सुन्दरौ) उरू यस्याः सा वामोरूः ।

परंतु - वृत्तौ उरू यस्याः सा वृत्तोरुः । पीनोरुः ऊ नहीं होगा ।

9. गो शब्द ई (ङी), आ (आप्) और ऊ (ऊङ्) प्रत्ययांत स्त्री लिंग शब्द, समास के अंत में हों और गौण हो गए हो तो उनका स्वर ह्रस्व होता है। परंतु अंशि समास और ईयस् (ईयसु) प्रत्ययांत बहुव्रीहि मे स्वर ह्रस्व नही होता है ।

उदा. चित्रा गावो यस्य स चित्रगुः ।

प्रिया खट्वा यस्य स प्रियखट्वः ।

वाराणस्या निर्गतः - निर्वाराणसिः ।

खट्वामतिक्रान्तः - अतिखट्वः ।

वामोरूमतिक्रान्तः - अतिवामोरुः ।

परंतु

अर्ध पिप्पल्याः अर्धपिप्पली (अंशि तत्पुरुष)

बहवः प्रेयस्यो यस्य स बहुप्रेयसी ।

10. आ (आप्) प्रत्यय का स्वर, क (कच्) प्रत्यय पर विकल्प से ह्रस्व होता है ।

कान्ता भार्या यस्य स कान्तभार्यकः, कान्तभार्याकः ।

लक्ष्मीभार्यकः, लक्ष्मीभार्याक :।

प्रियखट्वकाः, प्रियवखट्वाका,

प्रियखट्विका (स्त्री लिंग में इ भी होता है)

**पूर्वपद विधि**

11. विशेषण स्त्री लिंग शब्द, समान विभक्ति में रहे स्त्री लिंग उत्तरपद पर पुंवत् होता है, परंतु ऊ (ऊङ्) प्रत्ययांत शब्द पुंवत् नहीं होता है।

उदा. दर्शनीया भार्या यस्य स दर्शनीयभार्यः ।

पट्वी भार्या यस्य स पटुभार्यः ।

परंतु करभोरू भार्यः यहां पुंवत् नहीं होगा ।

12. सर्वनाम स्त्री लिंग शब्द पुंवत् होता है।

उदा. दक्षिणपूर्वा । भवत्याः पुत्रः भवत्पुत्रः । (षष्ठी तत्पुरुष)

13. तुम् और सम् के म् का मनस् और काम उत्तरपद पर लोप होता है।

उदा. भोक्तुं मनः यस्य स भोक्तुमनः

गन्तुं कामः यस्य स गन्तुकामः

सम्यग् मनः यस्य समनाः । सकाम ।

14. धर्म आदि उत्तरपद में हो तो समान का स होता है।

उदा. समानो धर्मः यस्य स सधर्मा, सनामा, सरूपः, सवयाः ।

**समासांत प्रत्यय**

15. सक्थि और अक्षि अंतवाले बहुव्रीहि से अ (ट) होता है।

उदा. दीर्घं सक्थि यस्य स दीर्घसक्थः। स्त्री लिंग – दीर्घसक्थी ।

विशाले अक्षिणी यस्य यस्या वा विशालाक्षः, विशालाक्षी ।

कमले इव अक्षिणी यस्य यस्या वा कमलाक्षः, कमलाक्षी ।

16. संख्यावाचक शब्द अंत में हो ऐसे बहुव्रीहि से अ (ड) होता है।

उदा. द्विः दश = द्विदशाः ।

इसी प्रकार द्वित्राः, द्विचताः, पञ्चषाः ।

17. न, सु, वि, उप और त्रि शब्द के बाद चतुर् शब्द हो तो ऐसे बहुव्रीहि से अ **(अप्)** होता है ।

उदा. अविद्यमानानि चत्वारि यस्य सोऽचतुरः ।

शोभनानि चत्वारि यस्य स सुचतुरः ।

विगतानि चत्वारि यस्य स विचतुरः ।
उप-समीपे चत्वारो येषां ते उपचतुराः
त्रयो वा चत्वारो वा त्रिचतुराः ।

18. न, सु और दुर् के बाद प्रजा हो ऐसे बहुव्रीहि से अस् होता है ।
न विद्यन्ते प्रजा यस्य सः अप्रजाः अप्रजसौ अप्रजसः ।
सुप्रजाः, दुष्प्रजाः ।

19. न, सु, दुर् तथा मंद और अल्प के बाद मेधा हो ऐसे बहुव्रीहि से अस् होता है।
उदा. अमेधाः । मन्दमेधाः । आदि

20. धर्म शब्द अंत में हो ऐसे द्विपद बहुव्रीहि से **अन्** होता है।
समानो धर्मो यस्य स सधर्मा, सधर्माणौ, सधर्माणः ।

21. सु, पूति, उद् और सुरभि के बाद गंध हो ऐसे बहुव्रीहि से इ होता है ।
उदा. सुगन्धिः कायः ।

22. उपमान के बाद गंध शब्द हो ऐसे बहुव्रीहि से विकल्प से इ होता है।
उत्पलस्य इव गन्धः यस्य तद् उत्पलगन्धि, उत्पलगन्धम् मुखम् ।

23. बहुव्रीहि में धनुष् का धन्वन् और जाया का जानि होता है ।
उदा. पुष्पं धनुः यस्य पुष्पधन्वा (कामः) ।
उमा जाया यस्य उमाजानिः (शम्भुः)

24. इन् अंतवाले स्त्री लिंग बहुव्रीहि से **क (कच्)** होता है ।
बहवो दण्डिनोऽस्यां बहुदण्डिका सेना ।
बहुस्वामिका पुरी ।

25. ऋकारांत नाम तथा जिन नामों से ऐ, आस्, आस्, आम् प्रत्यय नित्य हों ऐसे नाम जिसके अंत में हों ऐसे बहुव्रीहि से **क (कच्)** होता है।
बहुकर्तृकः, बहुनदीको देशः, सवधूकः ।

26. **न** के बाद अर्थ हो, ऐसे बहुव्रीहि से क (कच्) होता है।
उदा. न विद्यते अर्थः यस्य तद् अनर्थकं वचः ।

27. कई बहुव्रीहि से विकल्प से **क (कच्)** होता है।
वीर पुरुष को, वीरपुरुषो ग्रामः ।
बहुस्वामिकं, बहुस्वामि नगरम् ।
सह कर्मणा वर्तते - सकर्मकः, सकर्मा । सपक्षक, सपक्षः ।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **आखण्डल** = इंद्र | (पुंलिंग) | **कन्धरा** = गर्दन | (स्त्री लिंग) |
| **आदि** = प्रारंभ | (पुंलिंग) | **खट्वा** = पलंग | (स्त्री लिंग) |
| **उत्सेध** = ऊंचाई | (पुंलिंग) | **चेष्टा** = प्रवृत्ति | (स्त्री लिंग) |
| **उरु** = जंघा | (पुंलिंग) | **जीविका** = आजीविका | (स्त्री लिंग) |
| **करभ** = जानवर का बच्चा | (पुंलिंग) | **तारा** = तारा | (स्त्री लिंग) |
| **कलम** = कलमी चावल | (पुंलिंग) | **मेधा** = बुद्धि | (स्त्री लिंग) |
| **कषाय** = राग-द्वेष | (पुंलिंग) | **रम्भा** = केल | (स्त्री लिंग) |
| **कुम्भ** = घड़ा | (पुंलिंग) | **आतपत्र** = छत्र | (नपुंसक लिंग) |
| **जन्तु** = जीवजंतु | (पुंलिंग) | **उरस्** = छाती | (नपुंसक लिंग) |
| **धव** = पति | (पुंलिंग) | **कज्जल** = काजल | (नपुंसक लिंग) |
| **निशाकर** = चंद्र | (पुंलिंग) | **करण** = इन्द्रिय | (नपुंसक लिंग) |
| **पूल** = घास का पूला | (पुंलिंग) | **गात्र** = शरीर | (नपुंसक लिंग) |
| **मातङ्ग** = हाथी | (पुंलिंग) | **पल** = मांस | (नपुंसक लिंग) |
| **लक्ष्मण** = सुंदर | (पुंलिंग) | **लोमन** = रोम | (नपुंसक लिंग) |
| **शशाङ्क** = चंद्र | (पुंलिंग) | **पूति** = खराब | (विशेषण) |
| **स्मय** = गर्व | (पुंलिंग) | **सहस्रजिह्व** = बृहस्पति | (पुंलिंग) |
| **सफ** = संक्लिष्ट | (पुंलिंग) | **सहस्राक्ष** = इंद्र | (पुंलिंग) |
| **हरिण** = हिरण | (पुंलिंग) | **अन्तर्** = अंदर | (अव्यय) |
| **उपमा** = सदृशता | (स्त्री लिंग) | **अस्ति** = है | (अव्यय) |

## धातु

**उद्+सह्** = उत्साह रखना गण 1 आत्मने. **काङ्क्ष्** = इच्छा करना - गण 1 परस्मै.
**उप+स्था** = हाजिर होना गण 1 आत्मने. **सम्+प्रथ्**=प्रख्यात होना गण 1 आत्मने.

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. नौ या ग्यारह गुर्जर सुभटों ने, मस्त हैं बहुत से हाथी ऐसे शत्रु के सैन्य में, चढ़े हुए सैनिकवाले नब्बे घोड़ों को मारा (हन्) ।
2. हे वामोरु और हे पीनोरु ! तुम यहाँ बैठो ।
3. तीव्र पाप के उदय में रंभा समान जंघावाली भार्यावाला अथवा शोभन भार्यावाला भी दु:ख का स्थान बनता है । (दु:खास्पदम्)
4. अग्निकोण में रहा अग्नि सतेज होता है।

5. अच्छे मनवाला प्रणाम करने की इच्छावाला कुमार पिता के पास (पितरि) आया।
6. समान धर्मवाले मनुष्य को देखकर समान धर्मवाले मनुष्य खुश होते हैं।
7. वह कुमार तीन जगत् में (उप चतुरेषु जगत्सु) प्रख्यात था । (सम्+प्रथ्)
8. इस जगत् में सर्वोत्तम पुरुष दो या तीन, दो या चार, तीन या चार अथवा पाँच-छह होते हैं ।
9. अच्छी गंधवाले दूध और सुगंधित चावल (कलम) को छोड़कर लोग खराब गंधवाले मांस (पल) को चाहते हैं। (काङ्क्ष्)
10. कुमारपाल राजा द्वारा सुस्वामीवाली इस पृथ्वी पर कोई भी मनुष्य किसी भी जीव को मारता नहीं था ।
11. बहुत हैं वीर पुरुष जिसमें, ऐसे इस गाँव को शत्रुओं का भय उपस्थित नही होता है। (उप+स्था)

**हिन्दी में अनुवाद करो**

1. **भूषणाद्युपभोगेन प्रभुर्भवति न प्रभुः ।**
   **परैरपरिभूताऽऽज्ञस्त्वमिव प्रभुरुच्यते ।।**
2. **अद्य मे सफलं जन्म, अद्य मे सफला क्रिया ।**
   **अद्य मे सफलं गात्रं, जिनेन्द्र ! तव दर्शनात् ।।**
3. **निरीक्षितुं रूपलक्ष्मी सहस्राक्षोऽपि न क्षमः ।**
   **स्वामिन्सहस्रजिह्वोऽपि, शक्तो वक्तुं न ते गुणान् ।।**
4. **खमिव जलं जलमिव खं, हंस इव शशी शशाङ्क इव हंसः ।**
   **कुमुदाकारास्तारा: ताराकाराणि कुमुदानि ।।**
5. **वदनस्य तवैणाक्षि ! लक्ष्यते पुरतः शशी ।**
   **पिण्डीकृतेन बहुना कज्जलेनेव निर्मितः ।।**
6. **सुप्तामेकाकिनींमुग्धां विश्वस्तां त्यजतः सतीम् ।**
   **उत्सेहाते कथं पादौ नैषधेरल्पमेधसः ।।**
7. **अखण्डशासने राज्ञि तस्मिन्नाखण्डलोपमे ।**
   **एकातपत्रैवाभूद् भूर्द्यौरिवैकनिशाकरा ।।**
8. **दुर्मेधसस्तस्य वचोऽल्पमेधसः, श्रुत्वेति राज्ञा जगदे सुमेधसा ।**
   **अमेधसो धिग्बत मन्दमेधसो, हिंसन्ति जन्तून्निजजीविकाकृते ।।**
9. **भद्र ! किमसि वक्तुकामः ? ।**
10. **शुद्धाऽकषायहृदयो जितकरणकुटुम्बचेष्टो मुक्तकुटुम्बस्नेहो योगी मोक्षपदं प्राप्य न संसारे समायाति ।**

## पाठ - 32

# अव्ययीभाव समास

1. परस्पर ग्रहण कर किया गया युद्ध - इस अर्थ में सप्तम्यंत नाम, दूसरे सप्तम्यंत नाम के साथ

   परस्पर प्रहार कर किया गया युद्ध - इस अर्थ में तृतीयांत नाम, दूसरे तृतीयांत नाम के साथ अव्ययीभाव समास होता है।

   उदा.

   1. केशेषु च केशेषु च मिथ: गृहीत्वा कृतं युद्धम्-केशाकेशि युद्धम्, कराकरि ।

   2. दण्डैश्च दण्डैश्च मिथ: प्रहृत्य कृतं युद्धं - दण्डादण्डि युद्धं, गदागदि ।

2. पारे, मध्ये, अग्रे और अन्तर् ये नाम षष्ठ्यंत नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से विकल्प से अव्ययीभाव समास होते हैं ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गङ्गाया: | पारम् | पारेगङ्गम् | पक्षे | गङ्गापारम् | (षष्ठीतत्पुरुष) |
| गङ्गाया: | मध्यम् | मध्येगङ्गम् | ,, | गङ्गामध्यम् | ,, |
| वनस्य | अग्रम् | अग्रेवणम | ,, | वनाग्रम् | ,, |
| गिरेरन्त: | | अन्तर्गिरि | ,, | गिर्यन्त: | ,, |

3. "अवधारण" दिखाई देता हो तो यावद् नाम दूसरे नाम के साथ पूर्वपद की मुख्यता से अव्ययी भाव समास होता है।

   उदा. यावन्ति अमत्राणि तावन्त इति-यावदमत्रम् अतिथिनाम् आमन्त्रयस्व । (बोलने वाले व्यक्ति को बर्तनों की संख्या मालूम है, अत: जितने बर्तन उतने अतिथि कहने से अतिथि की संख्या का निश्चय, जितने बर्तन उतने अतिथि का ख्याल आता है।

4. अकारांत सिवाय के अव्ययी भाव समास से विभक्ति के प्रत्यय का लोप होता है।

5. अव्ययी भाव समास नपुंसक लिंग में होता है ।

6. परि, अप, आ, बहिस् तथा अच् जिसके अंत में हो ऐसे अव्यय नाम, पंचम्यंत नाम के साथ पूर्वपद की मुख्यता से अव्ययीभाव समास होते हैं।

   उदा. परि त्रिगर्तेभ्य: परित्रिगर्तम्, अपत्रिगर्तम्, अपविचारम् ।

   आ ग्रामात् - आग्रामम्, बहिर्ग्रामम् ।

   प्राग् ग्रामात् - प्राग्ग्रामम् ।

7. अभिमुख अर्थ में विद्यमान अभि तथा प्रति नाम लक्षण चिह्नवाची नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से अव्ययी भाव समास होते हैं ।

अभि अग्निम् - अभ्यग्नि ।

प्रत्यग्नि शलभाः पतन्ति ।

(अग्नि की ओर पतंगे गिरते हैं)

8. अनु नाम दीर्घता सूचक लक्षण नाम के साथ पूर्वपद की मुख्यता से अव्ययी भाव समास होता है।

उदा. अनु गङ्गां दीर्घा - अनुगङ्गम् वाराणसी ।

गंगा जितनी काशी नगरी लंबी है अर्थात् गंगा के किनारे किनारे काशी है।

9. 'समीप' अर्थ में वर्तमान अनु नाम, दूसरे नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से समास होता है ।

उदा. अनुनृपस्य - अनुनृपं पिशुनाः (राजा के पास चापलूस लोग होते हैं)।

10. भिन्न भिन्न अर्थ में अव्यय नाम, दूसरे नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से नित्य अव्ययी भाव समास होते है । उदा.

| | |
|---|---|
| स्त्रीषु निधेहि | अधिस्त्रि निधेहि । |
| वेलायाम् | अधिवेलं भुङ्क्ष्व । |
| कुम्भस्य समीपम् | उपकुम्भम् उपारामम् । |
| मक्षिकाणाम् अभावः | निर्मक्षिकम्, निरालोकम् । |
| हिमस्य अत्ययः | अतिहिमम् । |
| रथस्य पश्चात् | अनुरथम् । |
| ज्येष्ठस्य अनुक्रमेण | अनुज्येष्ठं प्रविशन्तु । |
| वृद्धानुक्रमेण | अनुवृद्धं साधून् अर्चय । |
| तृणमपि परित्यज्य | सतृणं अभ्यवहरति । सतुषम् । |

11. योग्यता, वीप्सा, अर्थ की अनतिवृत्ति और सादृश्य अर्थ में वर्तमान अव्यय नाम, दूसरे नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से नित्य अव्ययीभाव समास होता है। उदा.

| | |
|---|---|
| रूपस्य योग्यम् | अनुरूपं चेष्टते । |
| अर्थं अर्थं प्रति | प्रत्यर्थम् । |

| | |
|---|---|
| दिनं दिनं प्रति | प्रतिदिनम् । |
| शक्तेः अनतिक्रमेण | यथाशक्ति पठ । |
| शीलस्य सादृश्यम् | सशीलं अनयोः । |

12. सादृश्य सिवाय उपर्युक्त अर्थ में **यथा** अव्यय, दूसरे नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से **नित्य अव्ययीभाव** समास होता है।

| | |
|---|---|
| रूपस्य अनुरूपम् | यथारूपम् चेष्टते । |
| ये ये वृद्धाः तान् | यथावृद्धम् अभ्यर्चय । |
| सूत्रस्य अनतिवृत्या | यथासूत्रम् अनुतिष्ठति । |

## समासांत प्रत्यय

13. युद्ध अर्थ में हुए समास के अंत में इ (इच्) होता है ।
उदा. केशाकेशि ।
14. प्रति, परस् और अनु पहले हो और अक्षि अंत में हो ऐसे अव्ययी भाव से अ होता है।
उदा. अक्षिणी प्रति - प्रत्यक्षम् ।
अक्ष्णोः परः - परोक्षम् ।
अक्ष्णोः समीपम् - अन्वक्षम् ।
15. अन् अंतवाले अव्ययीभाव से **अ** होता है ।
राज्ञः समीपम् - उपराजम् ।
आत्मनि - अध्यात्मम् ।
16. अन् अंतवाले नाम नपुंसक लिंग में हो तो विकल्प से **अ** होता है ।
उदा. उपचर्मम् - उपचर्म ।
अहः अहः प्रति - प्रत्यहम् - प्रत्यहः ।
17. कई अव्ययी भाव समास में नित्य या विकल्प से **अ** होता है ।
उदा. अक्ष्णोः समीपम् - समक्षम्, प्रतिशरदम् ।
अन्तर्गिरम्, अन्तर्गिरि ।
उपनदम् - उपनदि ।
उपककुभम् - उपककुभ् इत्यादि ।
18. इ (इच्) प्रत्ययांत व्यंजनादि उत्तर पद पर पूर्व पद का स्वर दीर्घ होता है अथवा उसके स्थान पर **आ** होता है ।
केशाकेशि, मुष्टीमुष्टि, मुष्टा मुष्टि ।
अस्यसि ।

तद्धित प्रत्यय पर न् कारांत नामों का अपद में रहा अंत्य स्वरादि अवयव का लोप होता है ।

उदा. उपराजम् ।

19. परि और अप के साथ जुडे नाम के साथ पंचमी विभक्ति होती है, परंतु वह नाम 'वर्ज्य' हो तो,

उदा. **परि अप वा पाटलिपुत्राद् वृष्टो मेघः ।**

पाटलिपुत्र को छोड़कर मेघ बरसा ।

20. **'अवधि'** अर्थ में वर्तमान में नाम से **आ** के योग में पंचमी विभक्ति होती है।

उदा. आ मुक्तेः संसारः । मुक्ति तक संसार है ।

**आ कुमारेभ्यो यशो गतं गौतमस्य ।**

(कुमार तक गौतम का यश फैला)

अवधि शब्द के दो अर्थ होते हैं – मर्यादा या अभिविधि

आ पाटलिपुत्राद् वृष्टो मेघः

(यहाँ दोनों अर्थ ले सकते हैं )

21. प्रभृति अर्थवाले शब्द, अन्य अर्थवाले शब्द, दिक् शब्द तथा बहिस् आरात् व इतर शब्दों के योग में पंचमी होती है ।

उदा. ततः प्रभृति । ग्रीष्माद् आरभ्य ।

मैत्रात् अन्यः, चैत्रात् भिन्नः ।

ग्रामात् पूर्वस्यां दिशि वसति ।

पश्चिमः रामात् युधिष्ठिरः ।

प्राग्र ग्रामात्, बहिर्ग्रामात् आराद् ग्रामात् क्षेत्रं, चैत्रात् इतरः ।

### शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अञ्जलि** = अंजलि | (पुंलिंग) | **वार्धि** = समुद्र | (पुंलिंग) |
| **अत्यय** = नाश | (पुंलिंग) | **शलभ** = पतंगा | (पुंलिंग) |
| **त्रिगर्त** = एक देश | (पुंलिंग) | **जाह्नवी** = गंगा | (स्त्री लिंग) |
| **पुरन्दरः** = इन्द्र | (पुंलिंग) | **शासन** = आज्ञा | (स्त्री लिंग) |
| **राघव** = राम | (पुंलिंग) | **आशंस्** = कहना, | (गण 1 परस्मैपद) |

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. प्रतिदिन शक्ति अनुसार पढो ।
2. शास्त्र के अनुसार तप करो ।
3. समय पर भोजन करो ।
4. मूर्खों के पास मत जाओ ।
5. स्त्रियों में विश्वास मत करो ।
6. आत्मा में लीन बनो ।
7. दंड द्वारा प्रहार कर युद्ध मत करो ।
8. जंगल में मत भटको ।
9. राजा के पास बहुत बार मत जा ।
10. बिना सोचे मत बोल ।
11. गाँव के बाहर न रह ।
12. रूप के अनुसार ज्ञान प्राप्त कर ।
13. ज्ञान के अनुसार गुण प्राप्त कर ।

## हिन्दी में अनुवाद करो

1. **प्रत्यहं प्रत्यवेक्षेत नरश्चरितमात्मनः**
   **किन्नु मे पशुभिस्तुल्यं किन्नु सत्पुरुषैरिति ।।**
2. **रामाय स्वस्त्यथाशंसेराशिषं लक्ष्मणस्य च ।**
   **शिवास्ते सन्तु पन्थानः वत्स ! गच्छोपराघवम् ।।**
3. **तेभ्यो नमोऽञ्जलिरयं तेषां तान्समुपास्महे ।**
   **त्वच्छासनाऽमृतरसै यैरात्माऽसिच्यताऽन्वहम् ।।**
4. **कर्माण्यवश्यं सर्वस्य फलन्त्येव चिरादपि ।**
   **आपुरन्दरमाकीटं संसारस्थितिरीदृशी ।।**
5. **गुणैरत्यन्तविमलैः सा शीलविनयादिभिः ।**
   **पत्युर्न्यलीयत हृदि मध्येवार्धीव जाह्नवी ।।**

## पाठ - 33

### तत्पुरुष समास

1. बहुव्रीहि, अव्ययीभाव समास से भिन्न लक्षणवाला जो समास होता है, उसका समावेश तत्पुरुष समास में होता है ।
   तत्पुरुष समास खूब व्यापक है ।

### गति तत्पुरुष

1. उपसर्ग उरी, उररी, श्रत्, प्रादुस् आदि, च्वि प्रत्ययांत शब्द अलम्, सत्, असत्, तिरस् आदि शब्द धातु के साथ संबंध रखते हों तब गति संज्ञक हैं और धातु से पहले जुड़ते हैं ।
2. गति संज्ञक नाम और **कु** नाम दूसरे नाम के साथ नित्य समास होता है ।
   उदा. प्रकृत्य, ऊरीकृत्य, उररीकृत्य, शुक्लीभूतम्
   अलङ्कृत्य, सत्कृत्य, असत्कृत्य
   कु अव्यय पाप या अल्प अर्थ में है ।
   कुत्सितः ब्राह्मणः - इसी प्रकार कुपुरुषः ।
   ईषद् उष्णं कोष्णं, कवोष्णं, कदुष्णम् ।
3. स्वरादि उत्तर पद पर तत्पुरुष समास में **कु** का **कद्** होता है ।
   उदा. कुत्सितः अश्वः - कदश्वः ।
   - अक्ष और पथिन् उत्तर पद में हो तो का होता है ।
     काक्षः कापथम् ।
   - पुरुष पर **कु** का विकल्प से **का** होता हैं ।
     कापुरुषः, कुपुरुषः ।
   - उत्तरपद पर अल्प अर्थ में **कु** का **का** होता है ।
     ईषद् मधुरम् - कामधुरम् ।
   - उष्ण शब्द पर **कु** का **का** और **कव** भी होता है।
     कोष्णम् कवोष्णम्, कदुष्णम्।
   - निंदा और कृच्छ्र अर्थ में रहा दुर् नाम दूसरे नाम के साथ नित्य समास होता है
     निन्दितः पुरुषः दुष्पुरुषः ।
     दुर्जनः

कृच्छेण कृतं – दुष्कृतम् । निन्दितं कृतं – दुष्कृतम् ।

पूजा अर्थ में रहा सु नाम, दूसरे नाम के साथ नित्य समास पाता है ।

शोभनः राजा – सुराजा, सुजनः ।

5. अल्पार्थ आ अव्यय दूसरे नाम के साथ नित्य समास होता है ।

उदा. ईषत् पिङ्गलः 'आपिङ्गलः ।

## प्र आदि तत्पुरुष

प्रगतः आचार्यः – प्राचार्यः । प्रवृद्धः गुरुः – प्रगुरुः।

विरुद्धः पक्षः – विपक्षः ।

अभिप्रपन्नः मुखम् – अभिमुखः ।

अनुगतं अर्थेन – अन्वर्थं नाम ।

वियुक्तं अर्थेन – व्यर्थं वचः ।

उद्युक्तः सङ्ग्रामाय – उत्सङ्ग्रामः नृपः ।

उत्क्रान्तं सूत्रात – उत्सूत्रम् वचः ।

| उप पद तत्पुरुष | कृत् प्रत्यय |
|---|---|
| कुम्भं करोति = कुम्भकार: । भारं वहति = भारवाह: । | |
| पापं हन्ति पापघातो यति: । | |
| तन्तून्वयति = तन्तुवाय: । | |
| द्वारं पालयति = द्वारपाल: । | अ (अण्) |
| साम गायति = सामग: । सामगी । | अ (टक्) |
| क्लेशं अपहन्ति = क्लेशापह: । | अ (ड) |
| तम: उपहन्ति = तमोपह: । | अ (ड) |
| जलं ददाति = जलद: । | अ (ड) |
| कुमारं हन्ति = कुमारघाती । | इन् (णिन्) |
| वातं हन्ति = वातघ्नं: तैलम् । | अ (टक्) |
| वृत्रं हन्ति = वृत्रघ्न: । | अ (टक्) |
| शत्रुं हन्ति = शत्रुघ्न: । | अ (टक्) |
| उदरं एव बिभर्ति = उदरम्भरि: । | इ (खि) |
| कुक्षिं एव बिभर्ति=कुक्षिम्भरि: । | अ (अच्) |
| पूजां अर्हति = पूजार्हा साध्वी । | अ (अच्) |
| धनुर्धरति = धनुर्धर: । | अ (अच्) |
| जलं धरति = जलधर: । | अ (अच्) |
| पय: धरति = पयोधर: । | अ (अच्) |
| मन: हरति = मनोहर: प्रासाद: । | अ (अच्) |
| फलानि गृह्णाति = फलेग्रहि: वृक्ष: । | इ |
| दिनं करोति = दिनकर: । | अ (ट) |
| निशां करोति = निशाकर: । | अ (ट) |
| रजनी करोति = रजनिकर: । | अ (ट) |
| यश: करोति = यशस्करी विद्या । | अ (ट) |
| क्रीडा करोति = क्रीडाकर: । | अ (ट) |
| कर्म करोति = कर्मकर: । | अ (ट) |
| तीर्थं करोति = तीर्थंकर: । | अ (ट) |

| | |
|---|---|
| क्षेमं करोति = क्षेमङ्करः । | अ (ट) |
| भद्रं करोति = भद्रङ्करः । | अ (ट) |
| प्रियं करोति = प्रियङ्करः । | अ (ट) |
| भयं करोति = भयङ्करः । | अ (ट) |
| प्रियं वदति = प्रियंवदः । | अ (ट) |
| कुलं कषति = कुलङ्कषा नदी । | अ (ख) |
| अभ्रं कषति = अभ्रंकषो गिरिः । (ऊंचा पर्वत) | अ (ख) |
| सर्वं कषति = सर्वंकषो खलः । | अ (ख) |
| सर्वं सहति = सर्वंसहो मुनिः । | अ (ख) |
| विश्वं भरति = विश्वंभरा वसुधा । | अ (ख) |
| पण्डितं मन्यते बन्धुम् = पण्डितमानी बन्धोः । | इ (णिन्) |
| पण्डितं आत्मानं मन्यते = पण्डितम्मन्यः । | अ (खश्) |
| स्तनं धयति = स्तनंधयः । | अ (खश्) |
| अभ्रं लेढि = अभ्रंलिहः प्रासादः । | अ (खश्) |
| विधुं तुदति = विधुन्तुदो राहुः । | अ (खश्) |
| ललाटं तपति = ललाटंतपः सूर्यः । | अ (खश्) |
| सूर्यमपि न पश्यन्ति = असूर्यम्पश्या राजदाराः । | अ (खश्) |
| अनन्धो अन्धः क्रियते अनेन = अन्धंकरणः शोकः । | अन (खनट्) |
| अप्रियः प्रियः क्रियते अनेन प्रियंकरणं शीलम् । | |
| विहायसा गच्छति = विहगः पक्षी । | अ (ड) |
| खे गच्छति = खगः । | अ (ड) |
| उरसा गच्छति = उरगः । | अ (ड) |
| आशु गच्छति = आशुगः शरः । | अ (ड) |
| सर्वं गच्छति = सर्वंगः । | अ (ड) |
| गुहायां शेते = गुहाशयः । | अ |
| वने चरति = वनेचरः | अ (ट) |
| निशायां चरति = निशाचरः । निशाचरीः । | अ (ट) |
| स्वर्गे तिष्ठति = स्वर्गस्थः । | अ (ट) |

| | |
|---|---|
| पादैः पिबति = पादपः । | अ (क) |
| नृन् पाति = नृपः । | अ (क) |
| आतपात् त्रायते = आतपत्रम् । | अ (क) |
| सरसि रोहति = सरसिरुहम्, सरोरुहम् पद्मम् । | अ (क) |
| आगमेन प्रजानाति = आगमप्रज्ञः । | अ (क) |
| अपो बिभर्ति = अभ्रं मेघः । | अ (क) |
| सुखं भजते = सुखभाक् । | (विण्) |
| तमः छिनत्ति = तमश्छिद् । | (क्विप्) |
| दिवि सीदति = दिविषद्, द्युसत् । | (क्विप्) |
| वीरं सूते = वीरसूः । | (क्विप्) |
| ग्रामं नयति = ग्रामणीः । | (क्विप्) |
| शत्रुं जयति = शत्रुजित् । | (क्विप्) |
| शकान् ह्वयति = शकहूः । | (क्विप्) |
| अक्षैः दीव्यति = अक्षद्यूः । | (क्विप्) |
| अन्य इव दृश्यते = अन्यादृशः । अन्यादृशी । | अ (टक्) |
| सिंह इव नर्दति = सिंहनर्दी । | इन् (णिन्) |
| गज इव गच्छति = गजगामिनी नारी । | इन् (णिन्) |
| उष्णं भुङ्क्ते इत्येवं शीलः = उष्णभोजी । | इन् (णिन्) |
| परेषां उपकरोति इत्येवं शीलः = परोपकारी । | इन् (णिन्) |
| वने वसति इत्येवं शीलः = वनवासी । | इन् (णिन्) |
| मधुं पिबति इत्येवं शीलः = मधुपायी भ्रमरः । | इन् (णिन्) |
| प्रतिष्ठते इत्येवं शीलः = प्रस्थायी । | इन् (णिन्) |
| वृत्रं हतवान् = वृत्रहा । | (क्विप्) |
| भ्रूणं हतवान् = भ्रूणहा । | (क्विप्) |
| मेरुं दृष्टवान् = मेरुदृश्वा । | वन (क्वनिप्) |
| अप्सु जातं = अप्सुजम्, अब्जम् । | अ (ड) |
| संतोषात् जातं = संतोषजं सुखम् । | अ (ड) |
| द्विर्जातः = द्विजः । | अ (ड) |
| अनुजातः = अनुजः । | अ (ड) |

मित्रं ह्वयति = मित्रह्वः । अ (ड)

जनान् अर्दयति = जनार्दनः । अ (ड)

मधुं सूदयति = मधुसूदनः । अ (ड)

हुतं अश्नाति = हुताशनो वह्निः । अन

दुःखेन गम्यते = दुर्गमः । अ (खल्)

दुःखेन जीयते = दुर्जयः ।

सुखेन गम्यते = सुगमः ।

सुखेन लभ्यते = सुलभः ।

### नञ् तत्पुरुष

8. **न (नञ्)** अव्यय का दूसरे नाम के साथ समास होता है ।

**न ब्राह्मणः** अब्राह्मणः तत्सदृशः क्षत्रियादिः

**न शुक्लः** अशुक्लः तत्सदृशः पीतादिः

**न धर्मः** अधर्मः तद्विरुद्धः पाप्मा

**न सितः** असितः तद्विरुद्धः कृष्णः

**न अग्निः** अनग्निः तदन्यः

**न वायुः** अवायुः तदन्यः

**न वचनम्** अवचनम् तदभावः

**न वीक्षणम्** अवीक्षणम् तदभावः

### अंशि तत्पुरुष

9. अंश (अवयव) अर्थवाले, पूर्व, अपर, अधर और उत्तर शब्द अभिन्न (एक) अंशी (अवयवी) नाम के साथ समास होता है। पूर्व, पूर्वो वा कायस्य–पूर्वकायः अपरकायः। अधरकायः ।

10. सायम् अह्नः – सायाह्नः ।

मध्यम अह्नः – मध्याह्नः ।

मध्यं दिनस्यः – मध्यन्दिनम् ।

मध्यं रात्रेः – मध्यरात्रः ।

11. सम अंश (समान भाग) में वर्तमान अर्ध (नपुं) शब्द अभिन्न अंशी नाम के साथ विकल्प से समास होता है ।

उदा. अर्धं पिप्पल्या: अर्धपिप्पली ।
पक्षे षष्ठी तत्पुरुष – पिप्पल्यर्धम् ।
इसी प्रकार अर्धग्राम: – ग्रामार्धम् ।
अर्धापूप: – अपूपार्धम् ।

असम अंश में अर्ध पुंलिंग है – ग्रामार्ध:, नगरार्ध: । (ष. तत्पुरुष)

**मेय तत्पुरुष**

12. एकवचन में रहा कालवाची नाम और द्विगु समास में रहा कालवाची नाम, मेयवाची नाम के साथ समास होता है ।

उदा. मासो जातस्य: मास जात: । एवं संवत्सरजात: ।
(एक महीने से जन्म हुआ, एक बरस से जन्म हुआ)

**द्विगु विषय :** एको मासो जातस्य एक मासजात:
द्वे अहनी सुप्तस्य द्वयह्नसुप्त: (दो दिन से सोया हुआ)
(द्वयो: अह्नो: समाहार: द्वयह: (प्रथम समाहार द्विगु कर फिर समास करे तो –
द्वयह: – सुप्तस्य – द्वयहसुप्त: ।

**विभक्ति तत्पुरुष**

**द्वितीया तत्पुरुष**

1. द्वितीयांत कालवाची नाम, व्यापक (उसमें व्याप्त रहे) नाम के साथ समास पाता है ।

मुहूर्तं सुखं – मुहूर्तसुखम् (मुहूर्त पर्यंत सुख)

2. द्वितीयांत नाम श्रित आदि नाम के साथ समास होता है ।

| | | |
|---|---|---|
| उदा. | धर्मं श्रित: | धर्मश्रित: । |
| | संसारं अतीत: | संसारातीत: । |
| | नरकं पतित: | नरकपतित: । |
| | निर्वाणं गत: | निर्वाणगत: । |
| | ओदनं बुभुक्षु: | ओदनबुभुक्षु: । |

**तृतीया तत्पुरुष**

3. तृतीयांत नाम, उससे कृत गुणवाचक विशेषण नाम के साथ समास होता है ।

उदा. शङ्कुलया कृतः खण्डः = शङ्कुलाखण्डः ।

कुसुमैः कृतः सुरभिः = कुसुमसुरभिः ।

4. तृतीयांत नाम ऊन और उसके अर्थवाले नामो के साथ तथा पूर्व आदि नामो के साथ समास होता है ।

उदा. माषेण ऊनम् = माषोणम्, माषविकलम् ।

मासेन पूर्वः = मासपूर्वः । मासावरः ।

भ्रात्रा तुल्यः = भ्रातृ तुल्यः ।

धान्येन अर्थः = धान्यार्थः ।

द्वाभ्यां अधिका दश = द्वादश ।

5. कर्ता और करण अर्थ में हुए तृतीया विभक्तिवाले नाम कृदन्त नाम के साथ समास होते है ।

उदा. आत्मना कृतं = आत्मकृतम् ।

नखैः निर्भिन्नः = नखनिर्भिन्नः ।

चैत्रेण नखनिर्भिन्नः = चैत्रनखनिर्भिन्नः ।

## चतुर्थी तत्पुरुष

1. विकारवाचक चतुर्थी अंत नाम, प्रकृतिवाची नाम के साथ समास होता है ।

उदा. कुण्डलाय हिरण्यम् = कुण्डलहिरण्यम् ।

यूपाय दारु = यूपदारु ।

2. चतुर्थी अंत नाम हित, सुख, रक्षित, बलि आदि नामों के साथ समास होता है।

उदा. गोभ्यः हितम् = गोहितम् ।

अश्वाय घासः = अश्वघासः ।

धर्माय नियमः = धर्मनियमः ।

देवाय देयम् = देवदेयम् ।

3. चतुर्थी अंत नाम, चतुर्थी के अर्थ में वर्तमान अर्थ नाम के साथ समास होता है।

उदा. पित्रे इदम् = पित्रर्थं पयः ।

आतुराय इयम् = आतुरार्था यवागूः ।

उदकाय अयम् = उदकार्थो घटः ।

### पंचमी तत्पुरुष

1. पंचम्यंत अंत नाम भय आदि शब्दों के साथ समास होता है ।
   उदा. वृकाद् भयम् = वृकभयम् । चौराद् भीति: = चौरभीति: ।
   भयाद् भीता = भयभीता । स्थानाद् भ्रष्ट: = स्थानभ्रष्ट: ।
2. शतात् परे - पर:शता: - 100 से ज्यादा (सबसे ज्यादा)
   पर: सहस्रा: । परोलक्षा: ।

### षष्ठी तत्पुरुष

बहुत से षष्ठ्यन्त नामों का दूसरे नामों के साथ समास होता है ।

राज्ञ: पुरुष: = राजपुरुष: । गवां स्वामी = गोस्वामी ।

मम पुत्र: = मत्पुत्र: । तव पुत्र: = त्वत्पुत्र: ।

गणधरस्य उक्ति : = गणधरोक्ति: ।

गुरूणाम् पूजक: = गुरुपूजक: । गुरो: सदृश: = गुरुसदृश: ।

भुवो भर्ता: = भूभर्ता । तीर्थस्य कर्ता = तीर्थकर्ता आदि ।

### सप्तमी तत्पुरुष

1. सप्तम्यंत नाम शौण्ड आदि नामों के साथ समास होता है ।
   उदा. पाने प्रसक्त: शौण्ड: = पानशौण्ड: (मद्यप-शराबी)
   अक्षेषु धूर्त: = अक्षधूर्त: । वाचि पटु: = वाक्पटु: ।
   अवसाने विरस: = अवसानविरस: ।
   पुरुषेषु उत्तम: = पुरुषोत्तम: । नृषु श्रेष्ठ: = नृश्रेष्ठ: ।
   समरे सिंह इव = समरसिंह: तीर्थे काक इव = तीर्थकाक:

### कर्मधारय तत्पुरुष

### विशेषण - विशेष्य कर्मधारय

1. एक समान विभक्ति में रहा विशेषण नाम विशेष्य नाम के साथ समास होता है।
   नीलं च तद् उत्पलं च = नीलोत्पलम् । हराकमल
   कृष्णश्चासौ सारङ्गश्च = कृष्णसारङ्ग: । श्यामहरिण
   शुक्लश्चासौ कृष्णश्च = शुक्लकृष्ण: । उज्ज्वल, श्याम
   नीले च ते उत्पले च = नीलोत्पले ।
   नीलानि च तानि उत्पलानि च = नीलोत्पलानि ।
   पट्वी चासौ भार्या च पटुभार्या ।

2. पूर्वं स्नातः पश्चाद् अनुलिप्तः = स्नातानुलिप्तः ।
पूर्वं छिन्नः पश्चाद् प्ररूढः = छिन्नप्ररुढो वृक्षः ।
3. को (कुत्सितः) राजा – किंराजा ।
कः (कुत्सितः) सखा – किंसखा ।
कः (कुत्सितः) पुरुषः – किंपुरुषः ।

### द्विगु कर्मधारय – समाहार द्विगु

20. संख्यावाचक नाम, दूसरे नाम के साथ समाहार के अर्थ में समाहार द्विगु समास होता है ।
(समाहार द्विगु नपुंसक लिंग में है, कभी स्त्री लिंग में भी होता है)
उदा. त्रयाणाम् भुवनानाम् समाहारः = त्रिभुवनम् ।
पञ्चानां कुमारीणां समाहारः = पञ्चकुमारि ।
पञ्चानां शतानां समाहारः = पञ्चशती ।
इसी प्रकार अष्टसहस्री । त्रयाणां लोकानां समाहारः = त्रिलोकी ।

### उपमान सामान्य धर्म कर्मधारय

21. उपमानवाचि नाम सामान्य धर्मवाचि नाम के साथ कर्मधारय समास होता है ।
उदा. मेघ इव श्यामः = मेघश्यामः, व्याघ्रशूरः ।
मृगीव (मृगीवत्) चपला = मृगचपला ।

### उपमेय – उपमान कर्मधारय

22. उपमेयवाचि नाम, उपमान वाचि व्याघ्र आदि शब्दों के साथ समास होता है, परंतु दोनों के सामान्य धर्म को कहना हो तो समास नही होता है।
पुरुषः व्याघ्र इव = पुरुषव्याघ्रः ।
इसी तरह नरसिंहः । सिंह जैसा नर
मुखं चन्द्र इव = मुखचन्द्रः । चंद्र जैसा मुँह
पादः पद्मम् इव = पादपद्मम् ।
परंतु – पुरुषः व्याघ्र इव शूरः यहाँ समास नहीं होगा, क्योंकि दोनों के सामान्य धर्म (शूरः) का कथन है ।

### मयूरव्यंसकादि तत्पुरुष

1. व्यंसकश्चासौ मयूरश्च = मयूरव्यंसकः । ठगनेवाला मोर ।

मुण्डश्चासौ यवनश्च = यवनमुण्ड: । (विशेष्य पूर्वनिपात)
शाकप्रिय: पार्थिव: = शाकपार्थिव: । घृतप्रधाना रोटि: = घृतरोटि: ।
एकाधिका दश = एकादश । एवं द्वादश । गुडमिश्रा धाना = गुडधाना: ।
अश्वयुक्तो रथ: = अश्वरथ: । श्री वीर: (मध्यमपद विलोपी)
मुखम् एव चन्द्र: = मुखचन्द्र: । स्नेहतन्तु: ।
प्रेम एव लतिका = प्रेमलतिका । (अवधारण तत्पुरुष)
दण्ड एव पाथ = दण्ड पाथ, दंड समान सरल मार्ग । वज्रकाय: ।
तृतीय: भाग = त्रिभाग: । अन्यो देश: = देशान्तरम् ।
आपात एव = आपातमात्रम् ।

## समासान्त

24. ऋच्, पुर्, पथिन्, अप् और धुर् अंतवाले किसी भी समास से अ होता है ।
ऋचोऽधर्म् = अर्धर्च: । ऋच: = समीपम् उपर्चम् ।
श्रिया: पू: = श्रीपुरम् । जलस्य पन्था: = जलपथ: । मोक्षपथ: ।
विशाला: पन्थान: यस्मिन् = विशालपथम् नगरम् ।
बहव आपो यस्मिन् = बह्वपं तडागम् । राज्यस्य धू: = राज्यधुरा ।
महती धूरस्य = महाधुरं शकटम् ।

25. गो अंतवाले तत्पुरुष से **अ (अट्)** होता है ।
राज्ञो गौ: = राजगव:, राजगवी । पञ्चानां गवांनां समाहार: = पञ्चगवम् ।

26. राजन् और सखि अंतवाले तत्पुरुष से अ (अट्) होता है ।
देवानां राजा = देवराज: । महांश्चासौ राजा च = महाराज: ।
राज्ञ: सखा = राजसख: ।

27. अहन् अंतवाले तत्पुरुष से **अ (अट्)** होता है ।
परमं च तद् अहश्च = परमाह:। उत्तमाह: (पुंलिंग) ।
पुण्यं च तद् अहश्च = पुण्याहम् ।

28. सर्व शब्द से, अंशवाचक शब्द से, संख्यावाचक शब्द से और अव्यय के बाद अहन् शब्द हो तो ऐसे तत्पुरुष से **अ (अट्)** होता है । अहन् का अह्न आदेश होता है। अह्न आदेश पुंलिंग है ।
उदा. सर्वं अह: = सर्वाह्न:, सर्वाहण:

पूर्वमहः = पूर्वाह्णः । अपराह्णः । मध्याह्नः । सायाह्नः ।
द्वे अहनी जातस्य द्वयह्नजातः ।
अहः अतिक्रान्ता = अत्यह्नी कथा ।

29. संख्यात, एक पुण्य, वर्षा, दीर्घ और उपर्युक्त सर्व आदि शब्दों के बाद रात्रि हो तो ऐसे तत्पुरुष से अ होते हैं ।

उदा. संख्यातरात्रः । एकरात्रः ।
पुण्या चासौ रात्रिश्च = पुण्यरात्रः ।
वर्षाणां रात्रिः = वर्षारात्रः । दीर्घरात्रः । सर्वरात्रः ।
रात्रेः पूर्वम् = पूर्वरात्रः । अर्धरात्रः ।
द्वयोः रात्र्योः समाहारः = द्विरात्रम् ।
रात्रिमतिक्रान्तः = अतिरात्रः ।

30. अन्नन्त और अहन् अंत समाहार द्विगु से अ (अट्) होता है ।
पञ्चानां तक्ष्णाम् समाहारः = पञ्चतक्षी (स्त्री), पञ्चतक्षम् (नपुं.)
सप्तानां अह्नाम् समाहार : सप्ताहः (पुं.)
द्वयोरह्नोः समाहारः द्वयहः ।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अनिल** = पवन | (पुंलिंग) | **प्लव** = कूदना | (पुंलिंग) |
| **अरिष्टनेमि** = 22वें तीर्थंकर | (पुंलिंग) | **प्लवग** = बंदर | (पुंलिंग) |
| **अग्निरथ** = आगगाडी | (पुंलिंग) | **मञ्च** = पलंग | (पुंलिंग) |
| **अरिष्ट** = अशुभ, पाप | (नपुं.लिंग) | **मलय** = पर्वत का नाम | (पुंलिंग) |
| **अर्घ** = पूजा की सामग्री | (पुंलिंग) | **यदु** = यदुराजा | (पुंलिंग) |
| **आङ्गलदेश** = युरोप | (पुंलिंग) | **यष्टि** = लाठी | (स्त्री लिंग) |
| **कक्ष** = सुखावन | (पुंलिंग) | **वृन्दारक** = देव | (पुंलिंग) |
| **पूर** = समूह | (पुंलिंग) | **सुहृद्** = मित्र | (पुंलिंग) |
| **जयंत** = इन्द्र का पुत्र | (पुंलिंग) | **श्यामल** = काला | (पुंलिंग) |
| **धुसद्** = देव | (पुंलिंग) | **हुताशन** = आग | (पुंलिंग) |
| **निमेष** = आंख का पलकारा | (पुंलिंग) | **क्षीरकण्ठ** = बालक | (पुंलिंग) |
| **पटल** = समूह | (पुंलिंग) | **आली** = श्रेणी | (स्त्री लिंग) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उपास्ति** = सेवा | (स्त्री लिंग) | **वक्षस्** = छाती | (नपुं. लिंग) |
| **त्रिदशी** = देवी | (स्त्री लिंग) | **वृन्द** = समूह | (नपुं. लिंग) |
| **पौलोमी** = इंद्राणी | (स्त्री लिंग) | **संपादन** = प्राप्त कराना | (नपुं. लिंग) |
| **व्रीडा** = लज्जा | (स्त्री लिंग) | **हैयङ्गवीन** = मक्खन | (नपुं. लिंग) |
| **सुधर्मा** = देव सभा | (स्त्री लिंग) | **उद्धूत** = उडा हुआ | (विशेषण) |
| **अरिष्ट** = पाप | (नपुं. लिंग) | **काञ्चन** = सोने का | (विशेषण) |
| **अवधान** = एकाग्रता | (नपुं. लिंग) | **कुब्ज** = कुबडा | (विशेषण) |
| **ही** = खेद के अर्थ में | (अव्यय) | **ग्रामीण** = ग्रामीण | (विशेषण) |
| **उपानयन** = भेंट | (नपुं. लिंग) | **निज** = अपना | (विशेषण) |
| **चूडारत्न**=मस्तक पर का रत्न | (नपुं.लिंग) | **प्रतिम** = समान | (विशेषण) |
| **तिलक** = तिलक | (नपुं. लिंग) | **मलीमस** = मैला | (विशेषण) |
| **निर्वाण** = मोक्ष | (नपुं. लिंग) | **विकल** = रहित | (विशेषण) |
| **प्राभृत** = भेंट | (नपुं. लिंग) | **श्यामल** = काला | (विशेषण) |
| **भरत** = भरतक्षेत्र | (नपुं. लिंग) | | |

**धातु**

**प्री** = खुश होना गण 4 आत्मनेपद । **ईर्** = बोलना गण 10 परस्मैपद ।
**अव+धू** = दूर करना गण 10 परस्मैपद ।

**संस्कृत में अनुवाद करो**

1. साधा है संपूर्ण भरत जिसने, ऐसा आकाश में रहा हुआ भरत चक्रवर्ती का चक्र अयोध्या के अभिमुख चला ।
2. आद्य प्रयाण के दिन से 60 हजार वर्ष बीतने पर चक्र मार्ग का अनुगामी भरत भी चला ।
3. सैन्य द्वारा उडी हुई धूल के संबंध से खेचरों को भी मलिन करता हुआ,
हर गोकुल में विकसित दृष्टिवाली गोपाल की स्त्रियों के मक्खन रूपी अर्घ को ग्रहण करता हुआ,
हर जंगल में हाथी के कुंभस्थल में पैदा हुए मोती आदि की भेंट को ग्रहण करता हुआ,
गाँव-गाँव में उत्कंठित गाँव के वृद्धों को ग्रहण किए (आत्त) और नहीं ग्रहण की गई भेंटों द्वारा अनुग्रह करता हुआ,

वृक्ष पर चढ़े हुए बंदर समान ऐसे ग्रामीण बच्चों को हर्षपूर्वक देखता हुआ, मलयानिल की तरह धीरे धीरे चलता, दुर्विनीत अरिशासन पृथ्वी का ईश भरत अयोध्या पहुँचा । (प्र + आप्)

4. आगगाड़ी द्वारा अहमदाबाद से आणंद पहुँचते हुए आधी रात हुई ।
5. युरोप में दस दिन रहकर जलमार्ग से हम हिंदुस्तान वापस लौटे ।
6. तीन लोक के विषय में तिलक समान श्री महावीर को मैं नमन करता हूँ ।
7. विक्रम संवत् के चार सौ सित्तर वर्ष पहले आश्विन, अमावस्या की अपर रात्रि में भगवान महावीर का निर्वाण हुआ ।

**हिन्दी में अनुवाद करो**

1. **रघु र्भृशं वक्षसि तेन ताडितः पपात भूमौ सह सैनिकाश्रुभिः ।**
**निमेषमात्रादवधूय च व्यथां सहोत्थितः सैनिकहर्षनिःस्वनैः ।।**
2. **मत्सूनोः क्षीरकण्ठस्य तैः शठैः पापकर्मभिः ।**
**राज्यमाच्छेत्तुमारेभे धिक् तान् विश्वास–घातकान् ।।**
3. **तेऽमी मे भ्रातर इव पांसुक्रीडासखा मृगाः ।**
**महिष्यस्ता इमा मातृनिभा यासामपां पयः ।।**
4. **कर्णपेया सुधेवान्या द्युसदां ददती मुदम् ।**
**मध्येसुधर्मं तत्कीर्तिरप्सरोभिरगीयत ।।**
5. **वपुः कुब्जीभूतं तनुरपि शनैर्यष्टिशरणा, विशीर्णा दन्ताली श्रवणविकलं कर्णयुगलम्।**
**निरालोकं चक्षुस्तिमिरपटलध्यामलमहो, मनो मे निर्लज्जं तदपि विषयेभ्यः स्पृहयति।।**
6. **नैवास्ति राजराजस्य यत्सुखं नैव देवराजस्य ।**
**तत्सुखमिहैव साधो र्लोकव्यापाररहितस्य च ।।**
7. **वसन्ते शीतभीतेन कोकिलेन वने रुतम् ।**
**अन्तर्जलगताः पद्माः श्रोतुकामा इवोत्थिताः ।।**
8. **मध्येजम्बूद्वीपमाद्यो गिरीणां मेरुर्नाम्ना काञ्चनः शैलराजः ।**
**यो मूर्तानामौषधीनां निधानं यश्चावासः सर्ववृन्दारकाणाम् ।।**
9. **आखण्डलसमो भर्ता जयन्तप्रतिमः सुतः ।**
**आशीरन्या न ते योग्या पौलोमीसदृशी भव ।।**

10. सीता-स्वयंवरायाथ विद्याधरनरेश्वराः ।
तत्रैत्य जनकाहूता अधिमञ्चमुपाविशन् ।।

11. ततः सखीपरिवृता दिव्यालङ्कारधारिणी ।
भूचारिणीव त्रिदशी तत्रोपेयाय जानकी ।।

12. यत्प्रातस्तन्न मध्याह्ने यन्मध्याह्ने न तन्निशि ।
निरीक्ष्यते भवेऽस्मिन्ही पदार्थानामनित्यता ।।

13. त्वदास्यलासिनी नेत्रे त्वदुपास्तिकरौ करौ ।
त्वद्गुणश्रोतृणी श्रोत्रे भूयास्तां सर्वदा मम ।।

14. यदुवंशसमुद्रेन्दुः कर्मकक्षहुताशनः ।
अरिष्टनेमि र्भगवान् भूयाद्वोऽरिष्टनाशनः ।।

15. भद्रे ! का त्वम् ? किमथवा देवतायतनमिदमागताऽसि? सा त्ववादीत् ! 'राजन्! न जानासि माम् ? अहं कि सकलभूपालवृन्दवन्दितपादा राजलक्ष्मीस्त्वदभिका-ङ्क्षितवस्तुसम्पादनार्थमागता, कथय, किं ते प्रियं कर्तव्यमिति'।

16. संभवन्ति च भवार्णवे विविधकर्मवशवर्तिनां जन्तूनामनेकशो जन्मान्तरजातसम्बन्धै र्बन्धुभिः सुहृद्भिरर्थैश्च नानाविधैः सार्धमबाधिताः पुनस्ते संबन्धाः।

17. अयं स बलभित्सखो दुष्यन्तः ।

18. श्रान्तसुप्तस्य निद्रा हि सज्यते वज्रलेपवत् ।

19. ॐ पुण्याहं पुण्याहं प्रीयन्ताम् प्रीयन्ताम् ।

## पाठ – 34

### इतरेतर द्वन्द्व और समाहार द्वन्द्व

1. एक साथ बोलते समय और (च) अव्यय से जुड़े नाम समास होते है, उसे द्वन्द्व समास कहते हैं ।

उदा. प्लक्षश्च न्यग्रोधश्च = प्लक्षन्यग्रोधौ (इतरेतर द्वन्द्व )

वाक् च त्वक् च (अनयोः समाहारः) वाक्त्वचम् (समाहार द्वन्द्व )

धवश्च खदिरश्च पलाशश्च – धवखदिरपलाशाः

पीठं च छत्रं च उपानच्च–(एतेषां समाहारः) पीठ च्छत्रोपानहम्

समाहार द्वंद्व नपुंसक लिंग एक वचन में ही होता है ।

**निम्न प्रसंगों में समाहार ही होता है :**

2. सेना के अंग और क्षुद्रजंतु का बहुवचन में समाहार ही होता है ।

उदा. अश्वाश्च रथाश्च = अश्वरथम् ।

रथिकाश्च अश्वारोहाश्च = रथिकाश्वरोहम् ।

हस्तिनश्च अश्वाश्च = हस्त्यश्वम् ।

यूकाश्च लिक्षाश्च = यूकालिक्षम् ।

इसी तरह

यूकामत्कुणम् । दंशमशकम् । कीटपिपीलिकम् ।

एकवचन में इतरेतर होता है – अश्वरथौ

3. प्राणी के अंग और वाद्ययंत्र के अंगों का समाहार ही होता है।

उदा. दन्ताश्च औष्ठौच = दन्तौष्ठम् ।

पाणी च पादौ च = पाणिपादम् ।

कर्णनासिकम् । शिरोग्रीवम् ।

शङ्खश्च पटहश्च = शङ्खपटहम् । भेरीमृदङ्गम् ।

4. नित्य वैरवाले शब्दों का समाहार ही होता है ।

उदा. अहिश्च नकुलश्च = अहिनकुलम् ।

एवं मार्जारमूषकम् ब्राह्मणश्रमणम् । अश्वमहिषम् । काकोलूकम् ।

## एकशेष

5. जिन शब्दों के विभक्ति के रूप समान होते हों उन शब्दों में से एक ही शब्द शेष रहता है ।

उदा. देवश्च देवश्च = देवौ ।

देवश्च देवश्च देवश्च = देवाः ।

6. स्वसृ अर्थवाले शब्दों के साथ भ्रातृ अर्थवाले शब्द और दुहितृ अर्थवाले शब्दों के साथ पुत्र अर्थवाले शब्द शेष रहते हैं ।

उदा. भ्राता च स्वसा च = भ्रातरौ ।

सोदर्यश्च स्वसा च = सोदर्यौ।

भ्राता च भगिनी च = भ्रातरौ ।

पुत्रश्च दुहिता च = पुत्रौ ।

सुतश्च दुहिता च = सुतौ ।

पुत्रश्च सुता च = पुत्रौ ।

7. माता के साथ पिता, विकल्प से शेष रहते हैं ।

उदा. माता च पिता च, पितरौ मातापितरौ ।

मातरपितरौ भी होता है ।

च वर्ग के व्यंजन तथा द्, ष् तथा ह् अंतवाले समाहार द्वंद समास से अ प्रत्यय होता हैं ।

उदा. संपच्च विपच्च (अनयोः समाहारः) = सम्पद्विपदम् ।

वाक् च त्विट् च (अनयोः समाहारः) = वाक्त्विषम् ।

छत्रं च उपाहनच्च (अनयोः समाहारः) = छत्रोपानहम् ।

विद्याकृत या योनिकृत संबंध के निमित्त से बने ऋकारांत शब्दों के द्वंद्व में पूर्वपद का **आ** होता है ।

उदा. होता च पोता च = होतापोतारौ ।

माता च पिता च = मातापितरौ ।

ऋकारांत नाम के द्वंद्व में पुत्र उत्तर पद में हो तो **आ** होता है ।

उदा. होतापुत्रौ, माता च पुत्रश्च = मातापुत्रौ । पितापुत्रौ ।

देवता द्वंद्व में पूर्वपद का **आ** होता है ।

सूर्याचन्द्रमसौ । इन्द्रासोमौ । इन्द्रावरुणौ ।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **इषु** = बाण | (पुंलिग) | **लक्ष** = एक राजा | (पुंलिग) |
| **कुमार** = शंकर का पुत्र | (पुंलिंग) | **व्रीहि** = चावल | (पुंलिंग) |
| **खदिर** = खेर का वृक्ष | (पुंलिग) | **व्यंसक** = ठग | (पुंलिग) |
| **दंश** = दंश | (पुंलिंग) | **व्यय** = नाश | (पुंलिग) |
| **द्वि जाति** = ब्राह्मण | (पुंलिग) | **विश** = व्यापारी | (पुंलिग) |
| **धव** = वृक्ष का नाम | (पुंलिग) | **शङ्ख** = शंख | (पुंलिंग) |
| **नकुल** = नेवला | (पुंलिग) | **शूद्र** = शूद्र | (पुंलिंग) |
| **न्यग्रोध** = वट वृक्ष | (पुंलिग) | **क्षत्रिय** = क्षत्रिय | (पुंलिंग) |
| **पत्रिन्** = बाण | (पुंलिग) | **पणाङ्गना** = वेश्या | (स्त्री लिंग) |
| **पलाश** = पलाश का वृक्ष | (पुंलिग) | **भेरी** = बड़ा नगाड़ा | (स्त्री लिंग) |
| **प्रद्युम्न** = कृष्ण का पुत्र | (पुंलिग) | **अपत्य** = संतान | (नपुं. लिंग) |
| **प्लक्ष** = पीपल | (पुंलिग) | **छत्र** = छत | (नपुं. लिंग) |
| **मशक** = मच्छर | (पुंलिग) | **द्वंद्व** = युगल | (नपुं.) |
| **मूलराज** =चौलुक्यवंशी आद्यराजा (पुं.) | | **पीठ** = आसन | (नपुं. लिंग) |

धृ.ग. 10 पर धारण करना

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. मानों बुद्धि से मयूर व्यंसक और छात्र व्यंसक न हों ऐसे वे दोनों राजा गिरते हुए बाणों द्वारा, ऊपर गिरते पक्षियों द्वारा पीपल और वटवृक्ष की तरह शोभते थे (राज्) ।
2. *स्निग्ध वाणी और चमडी को तथा आसन*, छत *और पादुका को धारण करते हुए* नारद ने उन दो राजाओं को शस्त्र के गिरने के भय से धव, खदिर और पलाश में प्रवेश कर देखा ।
3. वे दोनों, भाई-बहिन अथवा पुत्र-पुत्री के लिए मानों प्रहार कर रहे थे। (प्र+हृ)
4. 'कुमार के माता-पिता तथा प्रद्युम्न के माता-पिता तुझ पर क्रोध वाले हुए हैं' इस प्रकार मूलराज बोल रहा था । (ब्रू)
5. घोड़े और रथों के आश्रित रहे हुए शत्रुओं को दंश और मच्छर तुल्य भी नहीं मानते हुए लाखा राजा ने धनुष धारण किया ।

6. लाखा राजा के बाण बरसाते समय ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र त्रस्त हुए। (त्रस्)
7. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र का रक्षण करते हुए मूलराजा ने भी जय के लिए धनुष धारण किया और जय के लिए भेरी और शंख बजे। (वद्)
8. विरोध से मानों सर्प और नेवले न हों, ऐसे वे देव और असुर द्वारा स्तुति कराए गए।

### हिन्दी में अनुवाद करो

1. **तस्य सर्वदा देव-द्विजाति-श्रमण-गुरुशुश्रूषापरस्य निजभुजार्जितं पूर्वपुरुषोपार्जितं च प्राज्यमर्थमर्थिजनैः सुहृद्भि र्बान्धवै र्विद्वद्भिश्च भुक्तशेषमुपभुञ्जानस्य पश्चिमे वयसि वसुदत्ताभिधानायां गृहिण्यामपश्चिमः सर्वापत्यानां तारको नाम दारकः समुदपादि।**
2. **वधूवरं च गायन्त्यः सर्वास्तस्थुः पणाङ्गनाः ।**
3. **गगनं गगनाकारं सागरः सागरोपमः ।**
   **रामरावणयो र्युद्धं रामरावणयोरिव ।।**
4. **परस्पृहा महादुःखं निःस्पृहत्वं महासुखम् ।**
   **एतदुक्तं समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः ।।**
5. **द्विगुरपि सद्वन्द्वोऽहं गृहे च मे सततमव्ययीभावः ।**
   **तत्पुरुष ! कर्म धारय येनाहं स्यां बहुब्रीहिः ।।**

## पाठ – 35

### इच्छादर्शक् (सन्नन्त प्रक्रिया)

1. तुम् प्रत्यय के योग्य धातु से इच्छा के अर्थ **स (सन्)** प्रत्यय होता है ।
2. स् के पहले सेट् धातुओं को **इ** लगाएँ, अनिट् को न लगाएँ और वेट् को विकल्प से लगाएँ । शोभितुमिच्छति, शुभ्+इ+स । शयितुमिच्छति, शी+इ+स
3. **स (सन्)** अंतवाले धातु का एकस्वरी आद्य अंश द्विरुक्त होता है ।
   उदा. शुशुभ + इस = शुशोभिष । शीशी + इस = शिशयिष ।
   शुशोभिष + अ (शव) + ते = शुशोभिषते । शिशयिषते ।
4. अकारांत धातु से अशित् प्रत्यय आने पर अंत्य अ का लोप होता है ।
   उदा. शुशोभिषिष्यते, शुशोभिषिषीष्ट ।
   अटिटिषिष्यति, अटिटिष्यात्
5. स्वरादि धातुओं का एकस्वरी द्वितीय अंश डबल होता है –
   अटिष – अटिटिष – अटिटिषति ।

### कित् विधि

6. रुद्, विद्, मुष्, ग्रह्, स्वप् और प्रच्छ् धातु से **स (सन्)** और **त्वा (क्त्वा)** प्रत्यय कित् की तरह होते है। **कित्** होने से गुण नहीं होगा और य्वृत् होगा।
   उदा. **रुदित्वा** = रुरुदिषति । **विदित्वा** = विविदिषति ।
   **मुषित्वा** = मुमुषिषति । **गृहीत्वा** = जिघृक्षति ।
   **सुप्त्वा** = सुषुप्सति । **पृष्ट्वा** = पिपृच्छिषति ।
7. नाम्यंत धातुओं से अनिट् **स (सन्)** कित्वत् होता है ।
   उदा. निनीषति, ते
   तॄ – तितीर्षति, ते
8. नामि उपांत्य धातुओं से **अनिट् स (सन्)** कित्वत् होता है ।
   भिद् – बिभित्सति, ते
   बुध् – बुभुत्सते । ग. 4

### दीर्घ विधि

1. धुड् आदि **स (सन्)** पर स्वरांत धातु, हन् धातु और इ धातु के गम् (गमु) आदेश का स्वर दीर्घ होता है । तन् का विकल्प से दीर्घ होता है ।

उदा. चिचीषति, तुष्टूषति ।

**कृ** = चिकीर्षति ।

**हन्** का जिघांसति ।

**तन्** का तितांसति, तितंसति ।

8. सन् प्रत्यय पर **इ** पढना, जाना, स्मरण करना, **गम्** (गमु) और **अद्** का घस् आदेश होता है ।

उदा. अध्येतुं इच्छति = अधिजिगांसते विद्याम् । जिगमिषति ग्रामम् ।

अधिजिगमिषति मातरम् । जिघत्सति

**इ विधि**

9. **द्वित्व** होने के बाद पूर्व के **अ** का **स** (सन्) पर इ होता है ।

**पच्** = पिपक्षति । **पा** = पिपासति ।

**स्था** = तिष्ठासति ।

10. द्वित्व होने के बाद पूर्व के **उ** का, अवर्णांत **ज**, अंतस्था और पवर्ग पर स (सन्) पर **इ** होता है ।

उदा. यु + इस

युयुइस = यियविषति । **पू** का = पिपविषते ।

**इट् का अपवाद**

11. इव् अंतवाले धातु तथा ऋध्, भ्रस्ज, दम्भ्, श्रि, यु, ऊर्णु (गण 2) भृ, ज्ञपि (णिगंत ज्ञा धातु) सन्, तन्, पत्, वृ, दीर्घ ऋकारांत धातु तथा दरिद्रा धातु से स **(सन्)** के पहले **इट्** विकल्प से होती है ।

उदा. **दिव्** = दुद्यूषति, दिदेविषति ।

**भ्रस्ज्** = बिभर्क्षति, बिभर्जिषति ।

**श्रि** = शिश्रीषति, शिश्रयिषति ।

**यु** = युयूषति, यियविषति ।

**ऊर्णु** = प्रोर्णुनूषति, प्रोर्ण्णुनविषति ।

**भृ** = बुभूर्षति, बिभरिषति ।

**तन्** = तितंसति, तितनिषति ।

**वृ** = वुवूर्षते, विवरिषते ।

तॄ = तितीर्षति, तितरिषति ।

दरिद्रा = दिदरिद्रासति, दिदरिद्रिषति ।

12. ऋ, स्मि, पू (गण 1 आत्मनेपद) अञ्ज्, अश् (गण–5) कॄ, गॄ, दृ, धृ (गण 6 आत्मनेपद) और प्रच्छ् धातु से स (सन्) के पहले **इट्** होती है ।

**ऋ** = अरिरिषति ।

**स्मि** = सिस्मयिषते ।

**पू** = पिपविषते ।

**अञ्ज्** = अञ्जिजिषति ।

**अश्** = अशिशिषते ।

**प्रच्छ्** = पिपृच्छिषति ।

**नृत्** = निनृत्सति, निनर्तिषति ।

**गम्** = जिगमिषति ।

**क्रम्** = चिक्रमिषति ।

**वृत्–वृध्** = विवृत्सति ।

**कृप्** = चिक्लृप्सति ।

**स्यन्द्** = सिष्यन्त्सति ।

**कॄ** = चिकरिषति ।

**गॄ** = जिगरिषति ।

**दृ** = आदिदरिषते ।

**धृ** = आदिधरिषते ।

आत्मनेपद में

विवर्तिषते, विवर्धिषते ।

सिष्यन्स्यते, सिस्यन्दिषते ।

चिक्लृप्सते, चिकल्पिषते ।

13. ग्रह् गुह् और उवर्णांत धातुओं से **स (सन्)** के पहले **इ (इट्)** नहीं होती हैं। उदा. जिघृक्षति, जुघुक्षति, रुरूषति, लुलूषति, बुभूषति, पुपूषति

## द्विरुक्ति का अपवाद

14. सकारादि स (सन्) पर
    1. **ज्ञपि** का **ज्ञीप्** और **आप्** का **ईप्**
    2. **ऋध्** का **ईर्त्त्**
    3. दम्भ् का धिप् और धीप्
    4. अकर्मक **मुच् का** विकल्प से **मोक्**
    5. मि, मी, मा और दा संज्ञक धातु के स्वर का इत्
    6. रभ्, लभ्, शक्, पत् और पद् के स्वर का **इ** होता है और सर्वत्र द्विरुक्ति नहीं होती है ।

1. ज्ञीप्सति प्रति उदाहरण जिज्ञपयिषति
   ईप्सति
   ईर्त्सति — अर्दिधिषति
2. धिप्सति, धीप्सति — दिदम्भिषति
   मोक्षति, मुमुक्षति
   मित्सति, मित्सते
   दित्सति, धित्सति
3. आरिप्सते, लिप्सते, शिक्षति
   पित्सति — पिपतिषति
   पित्सते
   जि – जिगीषति
   चि – चिकीषति, चिचीषति ।

15. स्मृ और दृश् के इच्छादर्शक रूप आत्मनेपद में होते हैं ।
    उदा. सुस्मूर्षते, दिदृक्षते ।

## इच्छादर्शक – (सन्नन्त) नाम

16. सन्नंत धातु, भिक्ष् धातु तथा आशंस् धातु से उ प्रत्यय लगने पर कर्तृसूचक नाम बनता है ।
    उदा. लिप्सते इत्येवं शीलः लिप्सुः
    इसी प्रकार

चिकीर्षुः । जिगमिषुः । मुमुक्षुः

भिक्ष् भिक्षते इत्येवंशीलः – भिक्षुः । आशंसुः ।

17. सन्नंत धातु से आ प्रत्यय लगकर स्त्री लिंग नाम बनते हैं ।

पातुं इच्छा = पिपासा

जिज्ञासा, लिप्सा, विवक्षा, चिकीर्षा, बुभुक्षा इत्यादि

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अपहार** = नाश करना | (पुंलिंग) | **व्योमन्** = आकाश | (नपुं. लिंग) |
| **निर्घोष** = आवाज | (पुंलिंग) | **सलिल** = पानी | (नपुं. लिंग) |
| **पशु** = पशु | (पुंलिंग) | **क्षेम** = कुशल | (नपुं. लिंग) |
| **भवदत्त** = व्यक्ति का नाम | (पुंलिंग) | **आसन्न** = नजदीक | (विशेषण) |
| **व्यवहार** = व्यापार | (पुंलिंग) | **पङ्गु** = पंगु | (विशेषण) |
| **शश** = खरगोश | (पुंलिंग) | **प्रतिनिविष्ट** = कदाग्रही | (विशेषण) |
| **अरण्यानी** = बड़ा जंगल | (स्त्री लिंग) | **लोलुप** = लालची | (विशेषण) |
| **धरा** = पृथ्वी | (स्त्री लिंग) | **इतस्** = यहाँ से | (अव्यय) |
| **मृगतृष्णिका** = मृगजल | (स्त्री लिंग) | **अर्द्** = पीड़ा करना गण 10 आत्मनेपद | |
| **सिकता** = रेती | (स्त्री लिंग) | **आ+राध्** = आराधना करना गण 10 पर. | |
| **पत्रक** = पत्र | (नपुं. लिंग) | **गर्ह्** = निंदा करना (गण 1 आत्मनेपद, गण 10 उभयपद) | |
| **विषाण** = सींग | (नपुं लिंग) | | |

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. विद्यार्थी जिस प्रकार पढ़ने के लिए इच्छा रखते हैं, उस प्रकार प्रयत्न करने के लिए इच्छा नहीं रखते हैं । **(प्र+यत्)**
2. करने के लिए इच्छित काम अधूरे होते हैं और मनुष्य मरने की तैयारी मे होता है । **(मृ)**
3. यह प्रासाद गिरने की तैयारी में है, अतः तुम इसमें प्रवेश करने की इच्छा न करो **(प्र+विश्)**।
4. फूल इकट्ठे करने की इच्छा से सुधा बगीचे में गई **(अव+चि)** ।
5. चोरी करने की इच्छावाला चोरी करके, **(मुष्)**
   प्रश्न पूछने की इच्छावाला प्रश्न पूछकर (प्रच्छ) जानने की इच्छावाला जानकर

(विद्) ग्रहण करने की इच्छावाला ग्रहण कर (ग्रह्) सोने की इच्छावाला सोकर जिस प्रकार कृतकृत्य होता है, उसी प्रकार उसके दु:ख से बारबार रोने की इच्छावाला ऐसा मैं, उस कन्या का इस पट्ट में आलेखन कर यहाँ लाकर कृतकृत्य बना हूँ।

6. लोग धन इकट्ठा करने की इच्छावाले हैं किंतु देने की इच्छावाले नहीं हैं **(अर्प् – अर्पिपयिष)**
7. तुम मरने की इच्छा नहीं करते हो, उसी तरह दूसरों को मारने की इच्छा न करो **(मा हन् – अद्यतनी)**
8. शूर्पणखा के कहने से रावण ने सीता को अपने अन्त:पुर में लाने की इच्छा की **(आ+नी–परोक्षा)** और सीता के आग्रह से राम ने मृग को पकडने की इच्छा की **(ग्रह्)** ।
9. वल्लभ के साथ युद्ध कर के किसी राजा ने अपने हाथ की शक्ति देखने की इच्छा नहीं की **(दृश्)** किंतु सभी रक्षण के लिए अपने इष्ट देवता का स्मरण करने की इच्छा कर रहे थे **(स्मृ)**।

### हिन्दी में अनुवाद करो

1. **प्रारिप्सितस्य ग्रन्थस्य निर्विघ्नपरिसमाप्तये ग्रन्थकृदभीष्टदेवतां स्तौति ।**
2. **लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नत: पीडयन्, पिबेच्च मृगतृष्णिकासु सलिलं पिपासार्दित:।**
   **कदाचिदपि पर्यटञ्शशविषाणमासादयेत्, न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजन–चित्तमाराधयेत्।।**
3. **राजन्दुधुक्षसि यदि क्षितिधेनुमेनाम्, तेनाद्य वत्समिव लोकममुं पुषाण ।**
   **तस्मिंश्च सम्यगनिशं परिपुष्यमाणे नानाफलं फलति कल्पलतेव भूमि: ।।**
4. **क्वाहं पशोरपि पशु र्वीतराग–स्तव: क्व च ।**
   **उत्तितीर्षुररण्यानीं पद्भ्यां पङ्गुरिवास्म्यत: ।।**
5. **सूरिरूचे भवदत्त ! तरुण: कोऽयमागत: ।**
   **सोऽवददद्भगवन्दीक्षां जिघृक्षुर्मेऽनुजो ह्यसौ ।।**
6. **मृगा वायुमिवारूढा रथनिर्घोषभीरव: ।**
   **प्राय: प्रयान्त्यमी व्योम्नि जिहासन्तो महीमिव ।।**

7. व्यवहाराय दिग्यात्रां चिकीर्षन्नसि सुन्दर ! ।
क्षेमेण कृत्वा तां शीघ्र–मागच्छेरस्मदाशिषा ।।

8. मात्रयाऽप्यधिकं किञ्चिन्न सहन्ते जिगीषवः ।
इतीव त्वं धरानाथ ! धारानाथमपाकृथाः ।।

9. चिखादिषति यो मांसं प्राणिप्राणापहारतः ।
उन्मूलयत्यसौ मूलं दयाख्यं धर्मशाखिनः ।।

10. असौ धनः सार्थवाहो वसन्तपुरमेष्यति ।
ये केऽप्यत्र यियासन्ति ते चलन्तु सहामुना ।।

11. सर्वथा निर्जिगीषेण भीतभीतेन चागसः ।
त्वया जगत्त्रयं जिग्ये महतां काऽपि चातुरी ।।

12. क्रियाविरहितं हन्त ज्ञानमात्रमनर्थकम् ।
गतिं विना पथज्ञोऽपि नाप्नोति पुरमीप्सितम् ।।

13. न पिबामि तृषार्त्तोऽपि न च भुञ्जे बुभुक्षितः ।
रात्रावपि न सुप्तोहं धनोपार्जन–लोलुपः ।।

14. सपुत्रादि–परिवारो राजा दशरथोऽपि तम ।
गत्वा ववन्दे शुश्रूषु र्देशनां निषसाद च ।।

15. यथा भक्ति चिकीर्षौ आत्मभावस्तथा जिघांसावपि कर्तव्यः ।

16. स्वजनानित आसन्नान्दिदृक्षे युष्मदाज्ञया ।

17. धिग् धिग् मुमूर्षुरिवाहमकार्षं कर्म गर्हितम् ।

18. आदिशतु कुमारः सर्वमेवानुक्रमेण, किं तत्पत्रकम् ?
केन प्रेषितम् ? कस्य वा प्रेषितम् ? किमत्र कार्यं विविक्षितम् ?

## पाठ - 36

### प्रेरक - (णिगन्त प्रक्रिया)

क्रिया करनेवाला कर्ता कहलाता है, कर्ता को क्रिया के लिए प्रेरणा देनेवाला प्रेरक कर्ता कहलाता है ।

प्रेरक कर्ता की क्रिया बतानी हो तो धातु से **इ (णिग्)** प्रत्यय लगता है और धातु उभयपदी बनता है ।

उदा. **कृ** - करोति

प्रयुङ्क्ते कुर्वन्तं (प्रेरयति) - कृ + इ (णिग्) = कारि ।

**कारि** + अ (शव्) + ति = कारयति, कारयते

उदा. शिष्यः धर्मं बोधति - शिष्य धर्म को जानता है ।

धर्मं बोधन्तं शिष्यं गुरुः प्रेरयति

गुरुः शिष्यं धर्मं बोधयति।

इ (णि) प्रत्यय पर

घट् आदि धातुओं का स्वर ह्रस्व होता है ।

उदा. **घट्** - घटयति । **व्यथ्** - व्यथयति ।

**प्रथ्** - प्रथयति । **त्वर्** - त्वरयति ।

**हेड्** - हिडयति । **लग्** - लगयति ।

**नट्** - नटयति । **मद्** - मदयति ।

**ज्वर्** - ज्वरयति ।

2. कग्, वन्, जन्, जॄ (गण ४) क्नस् और रञ्ज् धातु का स्वर ह्रस्व होता है ।

उदा. कगयति, वनयति, जनयति, जरयति, क्नसयति ।

उदा. **रजयति मृगं व्याधः** = शिकारी मृग का शिकार करता है ।

रञ्ज् धातु का उपांत्य न् इ (णिग्) प्रत्यय पर मृग के शिकार अर्थ में लुप्त होता है। अन्यत्र नहीं ।

उदा. **रञ्जयति सभां नटः** = नट सभा को रंजित करता है

**रञ्जयति रजको वस्त्रम्** = रंगारे वस्त्र को रंगता है ।

3. कम्, अम् और चम् सिवाय के अम् अंतवाले धातु का स्वर ह्रस्व होता है।

उदा. **रम्** = रमयति, गमयति, शमयति ।

**कम्** = कामयति, **अम्** = आमयति ।

**चम्** = चामयति ।

4. ऋ (गण 1,3) री, ह्री और आकारांत धातुओं से **प्** **(पु)** जुड़ता है ।
उदा. अर्पयति । रेपयति । ह्रेपयति । दापयति । स्थापयति ।

5. पा, शो, छो, सो, वे, व्ये, ह्वे, से **य्** जुड़ता है ।
उदा. पाययति, शाययति, वाययति, व्याययति ह्वाययति ।

6. पा (रक्षण करना) से **ल्** जुड़ता है – पालयति ।

7. रुह् के ह् का विकल्प से **प्** होता है ।
उदा. रोपयति, रोहयति ।

8. क्री, जि तथा इ (पढ़ना) के अंत्यस्वर का **आ** होता है ।
उदा. क्रापयति, जापयति, अध्यापयति ।

9. स्वरादि प्रत्ययों पर रभ् और लभ् धातुओं से स्वर के बाद अनुनासिक होता है। (परोक्षा व अ (शव्) छोड़कर)
उदा. रम्भयति, लम्भयति, परंतु रेभे, रभते, लेभे, लभते आदि

10. ञित् या णित् प्रत्यय पर **हन्** का **घात्** होता है ।
उदा. हन्+अ (घञ्) घातः । हन् + इ (णिग्) घातयति ।

11. गत्यर्थ, बोधार्थ, आहारार्थ, शब्दकर्मक (जिन धातुओं की क्रिया या कर्म, शब्द रूप हो) और नित्य अकर्मक, धातुओं का मूल कर्ता प्रेरक भेद में कर्म होता है, परंतु नी, खाद्, अद्, ह्वे, शब्दाय् और क्रन्द् को छोडकर ।
उदा. **गमयति चैत्रं ग्रामम्** = चैत्र को गांव भेजते हैं ।
**बोधयति शिष्यं धर्मम्** = शिष्य को धर्म समझाते हैं ।
**भोजयति बटुं ओदनम्** = बालक को चावल खिलाते हैं

1. **जल्पयति मैत्रं द्रव्यम्** = मैत्र को द्रव्य बुलाता हैं ।
2. **अध्यापयति बटुं वेदम्** = बालक को वेद पढाते है ।
**शाययति मैत्रं चैत्र** = चैत्र मैत्र को सुलाता है ।

विरुद्ध उदाहरण :–

**पाचयति ओदनं चैत्रेण मैत्रः** = मैत्र चैत्र के पास चावल पकवाता है ।
**नाययति भारं चैत्रेण मैत्रः** = मैत्र चैत्र के पास भार ले जाता है ।
यहाँ मूलकर्ता को तृतीया होगी ।

6. सकर्मक धातुओं का मूलकर्ता, यदि कर्म का प्रयोग नहीं हुआ हो तो प्रेरक भेद में विकल्प से कर्म होता है ।

उदा. पाचयति चैत्रं चैत्रेण वा ।

7. हृ और कृ धातु का मूलकर्ता विकल्प से कर्म होता है ।

उदा. विहारयति देशं गुरुं गुरुणा वा ।

आहारयति ओदनं बालं बालेन वा ।

कारयति कटं चैत्रं चैत्रेण वा ।

## कर्मणि

8. अनिट् (जिसके पहले इ (इट्) न हो) तथा अशित् प्रत्ययों पर इ (णिच् या णिग्) का लोप होता है ।

उदा. चोरि (गण 10) + य (क्य) + ते = चोर्यते कर्मणि

प्र+ताडि+य (त्वा) = प्रताड्य परंतु चोरयित्वा ।

चोरि + इ (णिग्) चोरि = चोरयति, ते । प्रेरक

कारि + य (क्य) = कार्यते, हार्यते, योज्यते, वास्यते, दाप्यते, गम्यते ।

प्रेरक कर्मणि – आनाय्यते । प्रेरक संबंधक भूतकृदन्त प्रकार्य, कारयित्वा ।

9. सेट् त (क्त) तथा तवत् (क्तवतु) पर इ (णिच् या णिग्) का लोप होता है ।

उदा. चोरि + त = चोरितः, चोरितवान् ।

कारि + त = कारितः, कारितवान् ।

10. लघु स्वर के बाद रहे इ (णिच् या णिग्) का य (यप्) पर अय् होता है ।

उदा. सङ्कथय्य, प्रशमय्य ।

11. आम् पर इ (णिच् या णिग्) का अय् होता है ।

उदा. चोरयाञ्चकार

## प्रेरक कर्मणि प्रयोग रचना

गत्यर्थक और अकर्मक प्रेरक धातुओं का प्रधान कर्म को प्रथमा होती है ।

उदा. **गमयति मैत्रं ग्रामम्** = गम्यते मैत्रो ग्रामं चैत्रेण ।

**आसयति मासं मैत्रम्** = आस्यते मासं मैत्रश्चैत्रेण ।

**गमितो मैत्रो ग्रामं चैत्रेण ।**

बोधार्थ, आहारार्थ तथा शब्दकर्मक प्रेरक धातुओं के किसी भी कर्म को प्रथमा होती है।

उदा. बोधयति शिष्यं धर्मम् – बोध्यते शिष्यो धर्मम् – शिष्यं धर्म इति वा ।
भोजयति अतिथिं ओदनं–भोज्यते अतिथि: ओदनम्, – अतिथिं ओदनं वा
पाठयति शिष्यं ग्रन्थम्–पाठ्यते शिष्यो ग्रन्थम्–शिष्यं ग्रन्थ इति वा ।

अद्यतनी – पाठ 29 नियम 9

| | |
|---|---|
| आटि + अ (ङ) | कारि + अ (ङ) |
| यावि + ङ | लावि + ङ |

11. इ (णिच् या णिग्) के बाद में अ (ङ) आए तो

1. धातु का उपान्त्य स्वर ह्रस्व होता है, परंतु जिसके समान स्वर का लोप हुआ हो ऐसे धातु तथा शास्, ओण्, याच्, लोक्, ढौक् आदि धातुओं को छोड़कर ।

उदा. अटि + अ (ङ) – पाठ 35 नियम 3 से
अटिटि + अ – नियम 8 से अटिटत् ।
कृ कारि = चकरि + ङ
यवि = युयवि + ङ
लवि = लुलवि + ङ

2. द्वित्व होने के बाद पूर्व के स्वर का (दीर्घ न हो या बाद में संयोग न हो) लघु स्वर पर इच्छादर्शक की तरह कार्य होता है, परंतु समान स्वर का लोप हुआ हो, ऐसे धातुओं को छोडकर ।

उदा. चिकरि + ङ
यियवि + ङ
लिलवि + ङ

3. द्वित्व होने के बाद पूर्व के लघु स्वर का, यदि उसके बाद लघु स्वर हो तो दीर्घ होता है, परंतु स्वरादि धातु तथा समान लोपवाले धातुओं को छोड़कर ।

उदा. अचीकरत् । अयीयवत् । अलीलवत् ।

**नियम पहले के प्रत्युदाहरण :**

असुसूचत् – यहाँ समान का लोप है, क्यों कि सूच् धातु के अंत में अ समान स्वर है, अत: उपांत्य ह्रस्व नहीं हुआ ।

शास् = अशशासत् ओण् = मा ओणिणत्

याच् = अययाचत्

लोक् = अलुलोकत्

ढौक् = अडुढौकत्

**नियम दूसरे के प्रत्युदाहरण :**

अततक्षत्–उसमें बाद का स्वर लघु नहीं है, क्योंकि उसके बाद संयोग हैं। क्ष् (क् + ष्) संयुक्त हैं अतः पूर्व के **अ** का **इ** नहीं होगा ।

अचकथत् इसमें समान का लोप है, क्योंकि कथ के अंत में **अ** समान है। (अचीकथत् भी होता है) अचकमत – इसमें इ (णिग्) नहीं है, परंतु पाठ २९ नियम ९ से अ (ङ) प्रत्यय लगकर रूप बना है ।

णिग् में **अचीकमत** होगा ।

**नियम तीसरे के प्रत्युदाहरण :**

अचिक्वणत् – इसमें पूर्व का स्वर लघु नहीं है, क्योंकि उसके पीछे संयोग है, अतः दीर्घ नहीं हुआ ।

ऊर्णु – और्ण्णुनवत् – यहाँ धातु स्वरादि है, अतः पूर्व के णु का स्वर उ दीर्घ नही हुआ ।

अचकथत् – असुसुखत् – इसमे समान का लोप है ।

4. स्मृ, दृ, त्वर्, प्रथ्, म्रद्, स्तृ और स्पश् के पूर्व के स्वर का अ होता है ।

   उदा. असस्मरत्, अददरत्, अतत्वरत्, अपप्रथत्,
   अमम्रदत्, अतस्तरत्, अपस्पशत् ।

5. वेष्ट् और चेष्ट् के पूर्व के स्वर का विकल्प से **अ** होता हैं ।

   उदा. अववेष्टत्, अविवेष्टत् । अचचेष्टत्, अचिचेष्टत् ।

6. गण धातु के पूर्व के स्वर का ई और अ होता है ।

   उदा. अजीगणत्, अजगणत् ।

7. भ्राज्, भास्, भाष्, दीप्, पीड्, जीव्, मील्, कण्, रण्, वण्, भण्, श्रण्, ह्वे, हेठ्, लुट्, लुप और लप् का उपांत्य विकल्प से ह्रस्व होता है ।

   उदा. अबिभ्रजत् – अबभ्राजत् ।
   अबीभसत् – अबभासत् ।

अबीभषत् – अबभाषत् ।

अदीदिपत् – अदिदीपत् ।

अचीकणत् – अचकाणत् ।

हे – अजूहवत् – अजुहावत्

अजीहिठत् – अजिहेठत्

अलूलुटत् – अलुलोटत्

8. उपांत्य ॠ वर्ण का विकल्प से ॠ होता है ।

वृत् – अवीवृतत् – अववर्तत् ।

कृत् – अचीकृतत्, अचिकीर्तत् ।

9. घ्रा के उपांत्य का विकल्प से इ होता है ।

उदा. अजिघ्रिपत्, अजिघ्रपत् ।

10. स्था के उपांत्य का नित्य इ होता है ।

उदा. अतिष्ठिपत् ।

11. स्वप् का सुप्, ह्वे का हु तथा श्वि का शु विकल्प से होता है ।

उदा. असूषुपत् । अजूहवत् । अशूशवत् । अशिश्वयत् ।

12. पा (पीना) का पीप्य होता है और द्वित्व नहीं होता है ।

उदा. अपीप्यत्

**आशी:** कारि + यात् – कार्यात् कार्यास्ताम् कार्यासु:

आत्मनेपद – कारयिषीष्ट, कारयिषीयास्ताम्, कारयिषीरन्

दसवे गण में :

**अद्यतनी** – अचूचुरत्, अचकथत्, अजीगणत्, अजगणत् इत्यादि पूर्व के प्रेरक के नियम लगाकर करें ।

**आशी:** चोर्यात्, चोर्यास्ताम्, चोर्यासु:

आत्मनेपद – प्रार्थयिषीष्ट, प्रार्थयिषीयास्ताम् प्रार्थयिषीरन्

13. धारि धातु के योग में लेनदार को चतुर्थी होती है ।

धृ – धारण करना – (गण 6, आत्मनेपद)

उदा. ध्रियते शतम् ।

ध्रियमाणं शतं प्रयुङ्क्ते इति – धारयति शतम् ।

चैत्राय शतं धारयति चैत्र: चैत्र के 100 रुपए मैत्र धारण करता है।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अराति** = शत्रु | (पुंलिंग) | **रुज्** = रोग | (स्त्री लिंग) |
| **ओघ** = समुह | (पुंलिंग) | **शकुन्तला**=कण्वऋषि पोषित कन्या | (स्त्री) |
| **चामर** = चामर | (पुंलिंग) | **सुरा** = मदिरा | (स्त्री लिंग) |
| **फणीन्द्र** = शेषनाग | (पुंलिंग) | **अपत्य** = संतान | (नपुं. लिंग) |
| **बन्दिन्** = मंगल पाठक | (पुंलिंग) | **पिशित** = मांस | (नपुं. लिंग) |
| **लव** = अंश | (पुंलिंग) | **बल** = सैन्य | (नपुं. लिंग) |
| **विभाकर** = सूर्य | (पुंलिंग) | **वर्त्मन्** = मार्ग | (नपुं. लिंग) |
| **विष्णुदास** = चाणक्य | (पुंलिंग) | **विष** = जहर | (नपुं. लिंग) |
| **शक्र** = इन्द्र | (पुंलिंग) | **क्षमिन्** = क्षमावाला | (विशेषण) |
| **संश्लेष** = संबंध | (पुंलिंग) | **दुर्विदग्ध** = गर्विष्ठ | (विशेषण) |
| **क्षुल्लक** = बाल साधु | (पुंलिंग) | **वशिन्** = जितेन्द्रिय | (विशेषण) |
| **इला** = पृथ्वी | (स्त्री लिंग) | **स्फार** = ज्यादा | (विशेषण) |
| **कालपुरी** = यमपुरी | (स्त्री लिंग) | **अधस्** = नीचे | (अव्यय) |
| **ग्रीवा** = गर्दन | (स्त्री लिंग) | **असाम्प्रतम्** = अयोग्य | (अव्यय) |
| **प्रावृष्** = वर्षाऋतु | (स्त्री लिंग) | **तत्रभवत्** = आप, पूज्य | (सर्वमान) |
| **बन्दि** = कैदी | (स्त्री लिंग) | | |

## धातु

उप+नी=पास में ले जाना,देना (गण 1 उभ.)
दुष् = दूषित होना गण 4 परस्मै.
ध्वंस् = ध्वंस होना गण 1 आत्मने.
प्लु = कूदना, गण 1 आत्मनेपद
वि+प्लु = युद्ध करना
शिक्ष् = सीखना गण 1 आत्मनेपद
सम् + पद् = प्राप्त होना (गण 4 आत्मनेपदी)

## संस्कृत में अनुवाद करो

1. उस प्रकार करता हुआ राजा, उसकी रानी पुष्पवती द्वारा वरा गया, परंतु उसकी भी उसने गणना नहीं की (गण् अद्य) ।
2. हे आर्यपुत्र ! आप बिल्कुल दुःख न करो (मा-कृ अद्य. द्वितीय पुरुष एकवचन) मैं तत्काल भाई को बताती हूँ और आपका इच्छित (त्वदीप्सितम्) कराऊंगी।
3. झुकी हुई है ग्रीवा जिनकी, ऐसे यशोभद्र आदि शिष्यों ने कहा 'हे पूज्य, पहले

से ही आपने अपत्य संबंध क्यों नहीं बताया । (ज्ञा भूतकृदन्त)

4. अतिहर्षवाले आचार्य बोले, 'पुत्र संबंध को जानकर तुम मनक मुनि के पास सेवा नहीं कराते, इस कारण वह अपने स्वार्थ को छोड़ देता (वि+मुच्) ।
5. उस रंक को प्रव्रज्या प्रदान कर, उसे मोदक आदि इष्ट भोजन रुचिपूर्वक खिलाया। (भुज् - अद्य)
6. राजा अशोक ने उस बालक को मंगवाया (आ+नी-ह्य) और उसका नाम संप्रति किया। (कृ. अद्य.)
7. राजा अशोकने दश दिन के बाद संप्रति को अपने राज्य पर स्थापित किया। (नि + निश् - अद्य.)
8. कुमार ने वह लेख पढा (वच् - परोक्षा) और पढ़कर (वच्) मूक हुआ ।
9. चंद्रगुप्त को जहर देकर कोई मार न दे (हन्) इस हेतु से चाणक्य ने प्रतिदिन अधिक-अधिक विषाहार खिलाया ।
10. मौर्य को बतलाकर चाणक्य द्वारा सुबंधु को उसका (मौर्य का) प्रधान बनवाया था। (कृ - भू.कृ)
11. राजा अशोक ने दश दिन के बाद संप्रति को अपने राज्य पर स्थापित किया।

## हिन्दी में अनुवाद करो

**1. अज्ञः सुखमाराध्यः, सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः ।**
**ज्ञानलवदुर्विदग्धं, ब्रह्मापि नरं न रञ्जयति ।।**

**2. बिभेषि यदि संसारान्मोक्षप्राप्तिं च काङ्क्षसि ।**
**तदेन्द्रियजयं कर्तुं, स्फोरय स्फारपौरुषम् ।।**

**3. इतः स दैत्यः प्राप्तश्री-र्नेत एवार्हति क्षयम् ।**
**विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम् ।।**

**4. दिशः प्रसादयन्नेष तेजोभिः प्रसृतैः सदा ।**
**न कस्यानन्दमसमं विदधाति विभाकरः ।।**

**5. ''कमपि सावद्यव्यापारं न करोमि, अन्येन न कारयामि, सुखेन नीरागः सन् आसे'' इति यस्य मनसि इयान् आग्रहः तस्य भण कियान् विवेकः ?।**

**6. का हि पुंगणना तेषां, येऽन्यशिक्षाविचक्षणाः ।**
**ये स्वं शिक्षयितुं दक्षा-स्तेषां पुंगणना नृणाम् ।।**

7. बलादप्यासितो भोक्तुं न किञ्चिद् बुभुजे च सः ।
महां न रोचते किञ्चिदित्येकमवदन्मुहुः ।।
8. बुध्येत यो यथा जन्तुस्तं तथा प्रतिबोधयेत् ।
9. एतावत्येव रथं स्थापय यावदवतरामि ।
10. तत्रभवता वयमाज्ञप्ताः[१] शकुन्तलाहेतो र्वनस्पतिभ्यः कुसुमान्याहरतेति ।
11. स्व-सुख-निरभिलाषः खिद्यसे लोकहेतोः प्रतिदिनमथवा ते वृत्तिरेवंविधैव।
अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्णं शमयति परितापं छायया संश्रितानाम्।।
12. पापिष्ठजनकथा हि क्रियमाणा पापं वर्धयति यशो दूषयति[२] लाघवमाधत्ते मनो विप्लावयति धर्मबुद्धिं ध्वंसयतीति ।
13. कृष्णसर्पशिशुना चन्दनं दूष्यते ।
14. किं बहुना, अन्यदपि यत्ते मनसि वर्तते तत्सर्वमावेदय येनाऽचिरात्संपादयामि।
15. स्वयंवरायाऽऽगताः कन्याः पितृभ्यां पर्यणायि[३] सः ।
16. राक्षसः - उत्तिष्ठ, अलमिदानीं कालहरणेन, निवेद्यतां विष्णुदासाय, एष राक्षसश्चन्दनदासं मरणान्मोचयति ।
17. समग्राण्यपि कारणानि न प्राग्जन्मजनित-कर्मोदयक्षणनिरपेक्षाणि फलमुपनयन्ति ।
18. समये प्रावृडम्भोद-वर्णं सम्पूर्णलक्षणम् ।
सुमित्राऽपि जगन्मित्रं, पुत्ररत्नमजीजनत् ।।
19. नृपति र्मोचयामास, धृतान्बन्दिरिपूनपि ।
को वा न जीवति सुखं, पुरुषोत्तमजन्मनि ।।
20. सोऽजीगमत्खेदमिलां बलौघैरबोधयद् भाररुजं फणीन्द्रम् ।
अदर्शयत्कालपुरीमरातीन भोजयत्तत्पिशितं पिशाचान् ।।
21. क्षणं सक्तः क्षणं मुक्तः क्षणं क्रुद्धः क्षणं क्षमी ।
मोहाद्यैः क्रीडयैवाहं कारितः कपिचापलम् ।।

1

अपरेद्यु: शतबलो विद्याधरपति: सुधी: ।
महासत्त्वस्तत्त्वविज्ञ-श्चिन्तयामासिवानिदम् ।।
विधाय सहजाऽशौच-मुपस्कारै र्नवं नवम् ।
गोपनीयमिदं हन्त, कियत्कालं कलेवरम् ।।
सत्कृतोऽनेकशोप्येष सत्क्रियेत यदापि न ।
तदाऽपि विक्रियां याति काय: खलु खलोपम: ।।
अहो बहिर्निपतितै र्विष्ठामुत्रकफादिभि: ।
ह्रणीयन्ते प्राणिनोऽमी, कायस्याऽन्त:स्थितै र्न किम् ।।
रोगा: समुद्भवन्त्यस्मिन्नत्यन्तातङ्कदायिन: ।
दन्दशूका इव क्रूरा जरद्विटपिकोटरे ।।
निसर्गाद् गत्वरश्चायं कायोब्द इव शारद: ।
दृष्टनष्टा च तत्रेयं यौवनश्रीस्तडिन्निभा ।।
आयु: पताकाचपलं तरङ्गतरला: श्रिय: ।
भोगिभोगनिभा भोगा: सङ्गमा: स्वप्नसन्निभा: ।।
कामक्रोधादिभिस्तापैस्ताप्यमानो दिवानिशम् ।
आत्मा शरीरान्त: स्थोऽसौ पच्यते पुटपाकवत् ।।
विषयेष्वतिदु:खेषु सुखमानी मनागपि ।
नाऽहो विरज्यति जनोऽशुचिकीट इवाऽशुचौ ।।
दुरन्तविषयास्वाद-पराधीनमना जन: ।
अन्धोऽन्धुमिव पादाग्र-स्थितं मृत्युं न पश्यति ।।
आपातमात्रमधुरै-र्विषयै र्विष-सन्निभै: ।
आत्मा मूर्च्छित एवाऽऽस्ते, स्वहिताय न चेतति ।।
तुल्ये चतुर्णां पौमर्थ्ये पापयोरर्थकामयो: ।
आत्मा प्रवर्तते हन्त न पुनर्धर्ममोक्षयो: ।।
अस्मिन्नपारे संसारपारावारे शरीरिणाम् ।
महारत्नमिवाऽनर्घ्यं मानुष्यमतिदुर्लभम् ।।
मानुष्यकेऽपि सम्प्राप्ते प्राप्यन्ते पुण्ययोगत: ।

देवता भगवानर्हन् गुरवश्च सुसाधवः ।।
मानुष्यकस्य यद्यस्य वयं नादद्महे फलम् ।
मुषिताः स्मः तदधुना चौरै र्वसति पत्तने ।।

2

उपदेशो न दातव्यो यादृशे तादृशे जने ।
पश्य वानरमूर्खेण सुगृही निगृहीकृता ।।
दमनक आह– कथमेतत्?
सोऽब्रवीत् –

अस्ति कस्मिंश्चिद्वनोद्देशे शमीवृक्षः, तस्य लम्बमानशाखायां कृतावासावरण्य-चटकदम्पती वसतः स्म ।

अथ कदाचित्तयोः सुखसंस्थयो र्हेमन्तमेघो मन्दं मन्दं वर्षितुमारब्धः ।

अत्रान्तरे कश्चित्छाखामृगो वातासारसमाहतः प्रोद्धूषितशरीरो दन्तवीणां वादयन् वेपमानस्तच्छमीमूलमासाद्योपविष्टः ।
अथ तं तादृशमवलोक्य चटका प्राह, भो भद्र !
हस्तपादसमापेतो दृश्यसे पुरुषाकृतिः ।
शीतेन भिद्यसे मूढ! कथं न कुरुषे गृहम् ? ।।

एतच्छ्रुत्वा तां वानरः सकोपमाह – अधमे !
कस्मान्न त्वं मौनव्रता भवसि ?
'अहो, धार्ष्ट्र्यमस्याः अद्य मामुपहसति ।
सूचीमुखी दुराचारा, रण्डा पण्डितवादिनी ।
नाऽऽशङ्कते प्रजल्पन्ती, तत्किमेनां न हन्म्यहम्' ।।
एवं प्रलप्य तामाह–मुग्धे ! किं तव ममोपरि चिन्तया ।
उक्तं च –
वाच्यं श्रद्धासमेतस्य, पृच्छतश्च विशेषतः ।
प्रोक्तं श्रद्धाविहीनस्य, अरण्यरुदितोपमम् ।।
तत्किं बहुना तावत् । कुलायस्थितया तयाऽभिहितः स
तावत्तां शमीमारुह्य तस्याः कुलायं शतधा खण्डशोऽकरोत् ।
अतोऽहं ब्रवीमि – 'उपदेशो न दातव्यः' इति ।

3

मृगा मृगैः सङ्गमनुव्रजन्ति
गावश्च गोभिस्तुरगास्तुरङ्गैः ।
मूर्खाश्च मूर्खैः सुधियः सुधीभिः
समानशीलव्यसनेषु सख्यम् ।।

अपारे संसारे कथमपि समासाद्य नृभवम्,
न धर्मं यः कुर्याद् विषयसुखतृष्णा-तरलितः ।
ब्रुडन् पारावारे प्रवरमपहाय प्रवहणम्,
स मुख्यो मूर्खाणामुपलमुपलब्धुं प्रयतते ।।

विद्वानेव हि जानाति, विद्वज्जनपरिश्रमम् ।
न हि वन्ध्या विजानाति, गुर्वी-प्रसववेदनाम् ।।

उदेति सविता ताम्र-स्ताम्र एवास्तमेति च ।
संपत्तौ च विपत्तौ च, महतामेकरूपता ।।

अधमजातिरनिष्टसमागमः
प्रियवियोग-भयानि दरिद्रता ।
अपयशोऽखिललोकपराभवो
भवति पापतरोः फलमीदृशम् ।।

उत्कूजन्तु वटे वटे बत बकाः काका वराका अपि,
क्रां कुर्वन्तु सदा निनान्दपटवस्ते पिप्पले पिप्पले ।
सोऽन्यः कोऽपि रसालपल्लवनवग्रासोल्लसत्पाटवः,
क्रीडत्कोकिलकण्ठकूजनकलालीलाविलासक्रमः ।।

जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यम्,
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति ।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्त्तिम्,
सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम् ।

तावद् गर्जन्ति मातङ्गा वने मदभरालसाः ।
लीलोल्लालित-लाङ्गूलो यावन्नायाति केसरी ।।

संतप्तायसि संस्थितस्य पयसो नामाऽपि न ज्ञायते,

मुक्ताकारतया तदेव नलिनीपत्रस्थितं राजते ।
स्वातौ सागरशुक्ति-सम्पुटगतं तज्जायते मौक्तिकम्,
प्रायेणाधममध्यमोत्तमगुणः संवासतो जायते ।।
गुणिनः स्वगुणैरेव, सेवनीयाः किमु श्रिया ।
कथं फलर्द्धिवन्ध्योऽपि, नानन्दयति चन्दनः ।।
समानेऽपि हि दारिद्र्ये चित्तवृत्तेरहोन्तरम् ।
अदत्तमिति शोचन्ते, न लब्धमिति चापरे ।।
न ह्येके व्यसनोदेकेऽप्याद्रियन्ते विपर्ययम् ।
जहाति दह्यमानोऽपि, घनसारो न सौरभम् ।।
वाञ्छा सज्जनसङ्गमे परगुणे प्रीति र्गुरौ नम्रता,
विद्यायां व्यसनं स्वयोषिति रति र्लोकापवादाद्भयम् ।
भक्तिश्चार्हति शक्तिरात्मदमने संसर्गमुक्तिः खले,
यत्रैते निवसन्ति निर्मलगुणाः श्लाध्यास्त एव क्षितौ ।।
राज्यं च सम्पदो भोगाः कुले जन्म सुरूपता ।
पाण्डित्यमायुरारोग्यं धर्मस्यैतत्फलं विदुः ।।
समीहितं यन्न लभामहे वयं
प्रभो ! न दोषस्तव कर्मणो मम ।
दिवाप्युलूको यदि नाऽवलोकते
तदापराधः कथमंशुमालिनः ।।
अनुगन्तुं सतां वर्त्म, कृत्स्नं यदि न शक्यते ।
स्वल्पमप्यनुगन्तव्यं, मार्गस्थो नावसीदति ।।
विपद्युच्चैःस्थेयं पदमनुविधेयं च महताम्,
प्रिया न्याय्यावृत्ति-र्मलिनमसुभङ्गेप्यसुकरम् ।
असन्तो नाभ्यर्थ्याः सुहृदपि न याच्यः कृशधनः
सतां केनोद्दिष्टं विषममसिधारा-व्रतमिदम् ।।
नरः प्रमादी शक्येऽर्थे, स्यादुपालम्भ-भाजनम् ।
अशक्य-वस्तु-विषये, पुरुषो नापराध्यति ।।
योऽशक्येऽर्थे प्रवर्तेत, अनपेक्ष्य बलाबलम् ।

आत्मनश्च परेषां च, स हास्यः स्याद्विपश्चिताम् ।।
परोपकारः कर्तव्यः, सत्यां शक्तौ मनीषिणा ।
परोपकारासामर्थ्ये, कुर्यात्स्वार्थे महादरम् ।।
विद्यायां ध्यानयोगे च, स्वभ्यस्तेऽपि हितैषिणा ।
सन्तोषो नैव कर्तव्यः, स्थैर्यं हितकरं तयोः ।।
प्रणतेषु दयावन्तो, दीनाभ्युद्धरणे रताः ।
सस्नेहार्पितचित्तेषु, दत्तप्राणा हि साधवः ।।
प्रत्यक्षे गुरवः स्तुत्याः परोक्षे मित्रबान्धवाः ।
कर्मान्ते भृत्यवर्गाश्च, पुत्रा नैव मृताः स्त्रियः ।।
कश्चैकान्तं सुखमुपगतो, दुःखमेकान्ततो वा ।
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा, चक्र-नेमि-क्रमेण ।।

**4**

चाणक्यः- शोभनम् । वत्स ! मणिकारश्रेष्ठिनं चन्दनदासमिदानीं द्रष्टुमिच्छामि।

शिष्यः- तथेति । (निष्क्रम्य, चन्दनदासेन सह प्रविश्य) इत इतः श्रेष्ठिन् !।

चन्दनदास : स्वगतम्

चाणक्ये अकरुणे सहसा शब्दायितस्यापि जनस्य ।
निर्दोषस्याऽपि शङ्का किं पुन मम जातदोषस्य ।।

तस्माद्भणिता मया धनसेन-प्रमुखा निजनिवेशसंस्थिताः 'कदापि चाणक्यहतको गेहं विचाययति, तस्मादवहिता निर्वहत भर्तुरमात्यराक्षसस्य गृहजनम्, मम तावद्यद्भवति तद्भवत्विति'।

शिष्यः- (उपसृत्य) उपाध्याय ! अयं श्रेष्ठी चन्दनदासः ।

चन्दनदासः- जयत्वार्यः ।

चाणक्यः- (नाट्येनावलोक्य) श्रेष्ठिन् ! स्वागतमिदमासनमास्यताम् ।

चन्दनदासः (प्रणम्य) किं न जानात्यार्यः यथानुचित उपचारो हृदयस्य परिभवादप्यधिकं दुःखमुत्पादयति, तस्मादिहैवोचितायां भूमावुपविशामि ।

चाणक्यः- भोः श्रेष्ठिन् ! मा मैवम्, संभावितमेवेदमस्मद्विधै र्भवतस्तदुपविश्यतामासन एव ।

चन्दनदासः- (स्वगतम्) उपक्षिप्तमनेन दुष्टेन किमपि (प्रकाशम्) यदार्य आज्ञापयतीति। (उपविष्टः)

चाणक्यः- भोः श्रेष्ठिन् ! चन्दनदास ! अपि प्रचीयन्ते संव्यवहाराणां वृद्धिलाभाः?।

चन्दनदासः (स्वगतम्) अत्यादरः शङ्कनीयः, (प्रकाशम्) अथ किम्, आर्यस्य प्रसादेन अखण्डिता मे वाणिज्या ।

चाणक्यः- न खलु चन्द्रगुप्तदोषा अतिक्रान्तपार्थिव-गुणानधुना स्मारयन्ति प्रकृतीः?

चन्दनदासः- (कर्णौ पिधाय) शान्तं पापम्, शारद-निशा-समुद्गतेनेव पूर्णिमाचन्द्रेण चन्द्रेणाधिकं नन्दन्ति प्रकृतयः ।

चाणक्यः- भोः श्रेष्ठिन् ! यद्येवं प्रीताभ्यः प्रकृतिभ्यः प्रति प्रियमिच्छन्ति राजानः।

चन्दनदासः- आज्ञापयतु आर्यः । कियदस्माज्जनादिष्यत इति।

चाणक्यः- भोः श्रेष्ठिन् ! चन्द्रगुप्तराज्यमिदं न नन्दराज्यम्, यतो नन्दस्यैवार्थरुचेरर्थसम्बन्धः प्रीतिमुत्पादयति, चन्द्रगुप्तस्य तु भवतामपरिक्लेश एव।

चन्दनदासः (सहर्षम्) आर्य ! अनुगृहीतोऽस्मि ।

चाणक्यः- संक्षेपतो राजनि अविरुद्धाभि र्वृत्तिभिर्वर्तितव्यम् ।

चन्दनदासः- आर्य ! कः पुनरधन्यो राज्ञा विरुद्ध इति आर्येणावगम्यते ।

चाणक्यः- भवानेव तावत्प्रथमम् ।

चन्दनदासः (कर्णौ पिधाय) शान्तं पापम्, शान्तं पापम्, कीदृशस्तृणानामग्निना सह विरोधः?।

चाणक्यः- अयमीदृशो विरोधः, यस्त्वमद्यापि राजापथ्यकारिणोऽमात्यराक्षसस्य गृहजनं स्वगृहमभिनीय रक्षसि ।

चन्दनदासः- आर्य ! अलीकमेतद् केनाप्यनभिज्ञेन आर्यस्य निवेदितम् ।

चाणक्यः- भोः श्रेष्ठिन् ! अलमाशङ्कया, भीताः पूर्व-राजपुरुषाः पौराणामनिच्छतामपि गृहेषु गृहजनं निक्षिप्य देशान्तरं व्रजन्ति, ततस्तत्प्रच्छादनं दोषमुत्पादयति ।

चन्दनदास : एवमिदम्, तस्मिन्समये आसीदस्मद्गृहे अमात्यराक्षसस्य गृहजन इति।

चाणक्यः- पूर्वमनृतमिदानीमासीदिति परस्परविरोधिनी वचने ।

चन्दनदासः- एतावदेवास्ति मे वाक्छलम् ।

चाणक्यः- भोः श्रेष्ठिन् ! चन्द्रगुप्ते राजन्यपरिग्रहः छलानाम्, तत्समर्पय राक्षसस्य गृहजनम्, अच्छलं भवतु भवतः ।

चन्दनदासः- आर्य ! ननु विज्ञापयामि तस्मिन्समये आसीदस्मद्गृहे अमात्यराक्षसस्य गृहजन इति ।

चाणक्यः- अथेदानीं क्व गतः? ।

चन्दनदास:- न जानामि ।

चाणक्य:- (स्मितं कृत्वा) कथं न ज्ञायते नाम, भो: श्रेष्ठिन! शिरसि भयमतिदूरे तत्प्रतीकार:।

चन्दनदास:- (स्वगतम्)

उपरि घनं घनरटितं दूरे, दयिता किमेतदापतितम् ।
हिमवति दिव्यौषधय:, शीर्षे सर्प: समाविष्ट: ।।

अस्त्युज्जयिनीवर्त्मनि प्रान्तरे महान् पिप्पलीवृक्ष:। तत्र हंसकाकौ निवसत: । कदाचिद् ग्रीष्मसमये परिश्रान्त: कश्चित्पथिकस्तत्र तरुतले धनु:काण्डं संनिधाय सुप्त: । क्षणान्तरे तन्मुखाद् वृक्षच्छायापगता। तत: सूर्यतेजसा तन्मुखं व्याप्तमवलोक्य कृपया तद्वृक्षस्थितेन हंसेन पक्षौ प्रसार्य पुनस्तन्मुखे छाया कृता। तता निर्भरनिद्रासुखिना तेनाऽध्वन्येन मुखव्यादानं कृतम् । अथ परसुखमसहिष्णु: स्वभावदौर्जन्येन स काकस्तस्य मुखे पुरीषोत्सर्गं कृत्वा पलायित: । ततो यावदसौ पान्थ उत्थायोर्ध्वं निरीक्षते तावत्तेनावलोकितो हंस:, काण्डेन हत्वा व्यापादित: । अत उच्यते, दुर्जनेन समं न स्थातव्यम्।

खल: करोति दुर्वृत्तं, नूनं फलति साधुषु ।
दशाननो हरेत्सीतां, बन्धनं स्यान्महोदधे: ।।
आचार्य-हेमचन्द्रीय-साङ्ग-शब्दानुशासनात् ।
विदुषा शिवलालेन, रचितेयं प्रवेशिका ।।
गजव्योमनभोहस्त-मिते वैक्रम-वत्सरे ।
अणहिलपुरे नाम, पत्तने पूर्णतामगात् ।।

श्रीमद्गुर्जरदेशेऽणहिलपुरपत्तने श्रीसिद्धराजराज्ये आचार्य-श्रीहेमचन्द्र-सूरीश्वरविरचितसिद्धहेमचन्द्राभिधानसाङ्गशब्दानुशासनं समाश्रित्याणहिलपुरपत्तनाद् द्वादशगव्यूतिमिते दूरे उत्तरपश्चिमे दिग्विभागे वर्णासनदीतीरस्थश्रीजामपुरग्रामवास्तव-श्राद्धवर्य-श्रीनेमचन्द्रश्रेष्ठि-सुश्राविका-श्रीरतिदेवीतनुज शिवलालेन महेशाने श्रीयशोविजयजैन-संस्कृत-पाठशालायां दशाब्दीं यावद् धर्मशास्त्रन्याय-व्याकरणालङ्कारशास्त्राण्यभ्यस्य तत्रैव च तानि शास्त्राण्यभ्यासयता सता विक्रमसंवत् २००१ वर्षे प्रथमा हैमसंस्कृतप्रवेशिका रचयितुं प्रारब्धा, तत: २००४ वर्षेऽणहिलपुरपत्तने समागत्य तत्र निवासं कुर्वता २००५ वर्षे समाप्तिं नीता। तदनन्तरं चेयं द्वितीया प्रवेशिका विरचय्य २००८ वर्षे समाप्तिं नीता । एतावता यत्र सिद्धहेमव्याकरणसमवतारस्तत्रैव हैमसंस्कृतप्रवेशिका-समवतारस्संजात: ।

# परिशिष्ट 1

## पाठ 1

### संस्कृत का हिन्दी अनुवाद

1. धर्म रक्षण का साधन (त्राणम्) है और शरण भी है ।
2. यमुना गंगा में मिलती है ।
3. हे राजा ! विजय पाओ ।
4. हे पुत्र ! तुम क्या इच्छा करते हो ?
5. तुम अभी अकार्य से रुक जाओ ।
6. हे पुत्री ! तुम मेरे पीछे चलो ।
7. बालक स्तन से दूध पीता है ।
8. राजा प्रजा के हित के लिए प्रवृत्ति करे ।
9. हे वत्स ! रथ में बैठकर तेरी राजधानी की ओर प्रयाण कर ।
10. हे माता ! यह पुरुष मुझे 'पुत्र' इस प्रकार कहकर आलिंगन करता है ।
11. बड़ों के गुण अपने आप प्रगट होते हैं ।
12. अरे ! यह बालक क्या मालूम वास्तव में क्रीड़ा करने के लिए सिंह के बच्चे को जबरदस्ती खींच रहा है ।
13. तुम्हारा शस्त्र दु:खियों के रक्षण के लिए है, निरपराध पर प्रहार करने के लिए नहीं है ।
14. पैसै कमाने में दु:ख है और कमाये हुए पैसो का रक्षण करने में भी दु:ख है।
15. अगर मैं संसार समुद्र में भटक रहा हूँ, तो मेरा पुरुषार्थ कौन सा?
16. शरद्ऋतु के समय जैसा, यह प्रात: समय अभी प्रगट हो रहा है ।
17. हे पुत्री ! जिस कारण से तू मौन है, उस कारण को तू कह ।
18. हे हाथ ! मैं किसी मनोरथ की इच्छा नहीं रखता हूँ, तू फिजूल में क्यों फरक रहा है (दायाँ हाथ फरक रहा है, उसे खुद कह रहा है) ।
19. हे हृदय! तू अभिलाषा वाला बन जा, अभी संदेह का निर्णय हुआ हैं 'जिसको तुं अग्नि मान रहा हैं, वह तो स्पर्श करने योग्य रत्न हैं ।
20. हे भगवंत ! मेरे उस प्रमाद के आचरण को आप सहन करो । वास्तव में पृथ्वी की उपमा वाले महान् पुरुष हमेशा सब कुछ सहन करने वाले होते हैं ।

21. पृथ्वी, समुद्र और पर्वत को पार कर सकते हैं, लेकिन राजा के मन को किसी के द्वारा या कैसे भी, कभी भी समझ नहीं सकते।
22. वास्तव में जिसका जन्म, याचना करनेवाले मनुष्य की मनोवृत्ति को पूर्ण करने के लिए नहीं है, उसके द्वारा यह भूमि अति भारवाली है, परंतु वृक्षों से, पर्वतों से और समुद्रों से अतिभार वाली नहीं है ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **मुनयः परिषहान्सहन्ते ।**
2. **सूर्य उदयति कुमुदानि च म्लायन्ति ।**
3. **व्यवसायिभिर्जनैस्त्वर्यते ।**
4. **व्याघ्रा अपि पलायन्ते ज्वलज्ज्वलनदर्शनात् ।**
5. **स्वं न श्लाघ्यम् ।**
6. **सूर्यस्य तापेन तडागस्थतोयं उत्क्वथति ।**
7. **तव वपुः विभ्राजते ।**
8. **स्पर्धमाणाय कर्मणा नमोऽस्तु वर्धमानाय ।**

# पाठ 2

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. साधु सदाचार का पालन करते हैं ।
2. घास भी गाय के दूध के लिए समर्थ है ।
3. गधे आपस में दाँतो से काटते हैं ।
4. तू उस कथा को छुपा मत, (छुपाए बिना) कह ।
5. जो मन को नियम में जोड़ता है, वास्तव में उसके पाप नष्ट हो जाते हैं ।
6. याचकों को धन (इच्छित) देने वाले राजा ने उत्कृष्ट ख्याति प्राप्त की ।
7. कमल के पराग को चूस चूस कर भ्रमर खुश हों ।
8. वे दोनों पति-पत्नी, बार बार मीठे झरणों के पानी को पीते-पीते वृक्ष की गाढ़ छाया में आराम करते करते अलग अलग फूलों को सूंघते-सूंघते पर्वत ऊपर चढ़े।
9. उसके बाद चोरों ने सभी मनुष्यों के अलंकार आदि को लूटना शुरू किया ।
10. सूर्य के तपने पर रात्रि, लोगों की दृष्टि के आवरण के लिए कैसे समर्थ हो?

11. बजाना, (धमेत्?) बजाना (लेकिन) ज्यादा मत बजाना, ज्यादा बजाना शोभास्पद नहीं है (ज्यादा अच्छा नहीं है)
12. चंदन, अगरु, कस्तूरी और कपूर वगैरे की गंध से साँप की तरह काम भी अचानक मनुष्य पर आक्रमण करता हैं।

**हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद**

1. **भीममपि दन्दशूकं पिपीलिकाप्रकरो दशति ।**
2. **वल्लय: पर्णै: फलानि गूहन्ति ।**
3. **कुमारपालस्य कीर्तिं साधवोऽपि पणायन्ति ।**
4. **सिद्धराज: स्वीयाञ्शत्रूनधूपायत् ।**
5. **वयं जिनं पनायामहे ।**
6. **वणिज: कोटिभी रूप्यकै र्नित्यं पणन्ते ।**
7. **दन्दशूको बिलान्निरक्रामददशच्च ।**
8. **यूयमकार्येषु कथं सजथ ।**
9. **तस्य चित्तमध्ययनेऽसजत् ।**
10. **रजको राझ्या वस्त्राणि रजति ।**

## पाठ 3

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. कुंभकार के चक्र पर चढ़ी हुई मिट्टी के समान, मेरा मन भी बहुत समय से भटकता है।
2. स्त्री की खुशामद करने वाले जीव संसार में भटकते हैं ।
3. जो स्त्रियों में रागी नहीं होता है, उसकी ओर ज्ञान और विवेक आता है ।
4.
5. वास्तव में जीव जन्म लेते हैं और मरते हैं ।
6. निर्धन मनुष्यों के मनोरथ (उनके) हृदय में ही लीन हो जाते हैं ।
7. सभी प्राणी, इच्छित वस्तु को पाकर सुखी होते हैं ।
8. आज मेरा मन वैराग्य में तल्लीन है ।
9. तू ही एक मेरा भाई है, जिस कारण मेरे कार्य के लिए दु:खी हो रहा हैं।
10. जिस कारण अयोग्य भी वंदनीय होता है, वह प्रभाव वास्तव में धन का है।

11. उत्तम पुरुष, विद्यावान पुरुष सदैव प्रशंसनीय और पूजनीय होते है । विद्याहीन पुरुष विद्वान मनुष्यों की सभा में शोभा नहीं पाते है ।
12. सत्पुरुषों को वृद्धावस्था पहले चित्त में आती है, उसके बाद काया में आती है, लेकिन असत्पुरुषों को वृद्धावस्था पहले काया में आती है, लेकिन चित्त में कभी भी नहीं आती है ।
13. कुपित भाग्य के बींधने पर प्राणियों के लिए धर्म ही कवच है, अत: वह (धर्म) ही हमारा शरण हो ।
14. अति दु:खदायी ऐसे विषयों में सुख मानने वाला मनुष्य, आश्चर्य है कि (उसमें) थोड़ा भी वैराग्य पाता नहीं है, जिस प्रकार अशुचि में भी सुख मानने वाला अशुचि का कीड़ा अशुचि में वैराग्य नही पाता है ।
15. जहाँ दया नहीं, वह दीक्षा नहीं है, वह भिक्षा नहीं है, वह दान नहीं है, वह तप नहीं है, वह ध्यान नही है, (और) वह मौन नहीं है ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **कपि र्बालानभ्यधावद्, बाला अत्रस्यन्नतो रक्षायाययस्यन्नक्लाम्यंश्च किन्तु भीमो नाऽत्रसदत एव रक्षाया अयसन्नक्लामँश्च कौतुकेन कपिं द्रष्टुं समयसत्।**
2. **स सह दीव्यद्भ्यो बालेभ्य: फलानि यच्छति ।**
3. **युधि योधा इषून्निरस्यन्ति इषवश्च योधान् विध्यन्ति ।**
4. **जीर्यतो जनस्य केशा जीर्यन्ति, दन्ता जीर्यन्ति नेत्रे श्रोत्रे च जीर्यतस्तृष्णैका न जीर्यति ।**

## पाठ 4

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे पिता ! (आपके द्वारा) भरत (का) बहुत हर्ष के साथ राज्य के लिए अभिषेक कराया जाय ।
2. हे पुत्री ! तू मुझे और सखियों को मिल ।
3. ये मनुष्य मेरे रत्न और सोने वगैरे को छीन लेते हैं ।
4. सभी लोग (कर्म द्वारा) लिप्त होते हैं, ज्ञान सिद्ध लिप्त नहीं होता है ।
5. मैं सभी प्रकार से (मेरे) खुद के प्रमाद से लज्जा पाया हुआ हूँ, आप मेहरबानी

करो. (मेरे ऊपर आप प्रसन्न हो)
6. निश्चय से जो जीव मरता है, वही वापस उत्पन्न होता है ।
7. वहाँ सबका भाता और घास आदि समाप्त हो गया ।
8. यह आश्रम द्वार है, जितने में प्रवेश कर रहा हूँ (उतने में) ।
9. आश्रम स्थान शांत है और (मेरा दायाँ) हाथ हिल रहा है, यहाँ फल कहाँ से होगा अथवा अवश्य होनेवाले (कार्य) का कारण सर्वत्र होता है ।
10. मानों अंधकार अंगों को लिपटता हैं, मानों आकाश काजल को बरसाता है, असत्पुरुषों की सेवा की तरह (मेरी) दृष्टि निष्फल हुई है, (अंधा मनुष्य बोल रहा है) ।
11. अज्ञानी मनुष्य वास्तव में अज्ञान में ही मग्न रहता है, जैसे सूअर विष्ठा में मग्न रहता है, उसी प्रकार ज्ञानी ज्ञान में मग्न रहता है, जैसे हंस मान सरोवर में मग्न रहता है।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **वैद्येन व्याधिभिः म्रियमाणस्य जनस्य व्याधि ह्रियते ।**
2. **गृहाद्गच्छन्पुत्रः पितरमापृच्छत ।**
3. **वल्लभोऽद्भुतेन विनयेन शौर्येण च राज्ञश्चित्ते न्यविशत ।**
4. **गुरुः सुधातुल्यया वाचा शिष्याणां संशयं वृश्चति, येन शिष्याः स्वीयं मस्तकं धुवन्तो गुरुं नुवन्ति ।**
5. **अर्जुनो द्रोणाचार्याद्धनुर्विद्यामविन्दत ।**
6. **तेन जातेन पुत्रेण को गुणो मृतेन च कोऽवगुणो यतो यस्मिन्सति पितुर्भूमिरपरेणाक्रम्यते।**

## पाठ 5

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. स्पृहा वाले मनुष्य घास और रुई जैसे हल्के दिखते हैं ।
2. जिसके हाथ जोड़े हुए हैं ऐसे स्पृहा वाले मनुष्यों द्वारा कौन कौन प्रार्थना नहीं कराता है । (अर्थात् सभी कराते हैं)
3. फिर भी, अभी भी उनको देखकर मेरे पापों को मैं धो रहा हूँ ।
4. जैसे मेघ पानी द्वारा, उसी प्रकार उसने धर्म द्वारा विश्व को खुश किया ।
5. ग्रीष्म ऋतु में प्राणी मानो पकाए जाते हैं । धूल मानों तपाई जाती है, पानी मानों

उबलता हैं, (और) पर्वत मानों धमधमते हैं (तपते हैं)।

6. दूध पिलाना आदि क्रियाओं से धाव माताओ द्वारा लालन-पालन कराता हुआ वह राजपुत्र क्रमशः वृक्ष की तरह बढ़ा ।
7. चार (तत, वितत, घन, सुषिर) प्रकार के वाद्ययंत्र में चतुर ऐसा यह गन्धर्व वर्ग तेरे आगे संगीत के लिए सज्ज (तैयार) खड़ा है ।
8. पुत्री के वियोग रूपी नये दुःखो से क्या गृहस्थ पीड़ाते नहीं हैं? (पीड़ाते हैं)

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **लोक उद्योतकरांस्तीर्थंकरानहं कीर्तयामि ।**
2. **यो गुरो र्दोषान्छादयति स छात्रः कथ्यते ।**
3. **जनान्प्रीणयन्ज्याकर्षणेन च धनु र्धूनयन्नर्जुनो रङ्गभूमावा गच्छत् ।**
4. **जनो यानि कष्टानि धनाय सहति तानि कष्टानि धर्माय न सहति ।**

## पाठ 6

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. यदि किसी काम के लिए विलंब न हो तो अभ्युदय के लिए प्रयाण किया जाय।
2. उस राजा ने वैद्य मंडल को बुलाया । राजाओं द्वारा निष्प्रयोजन अधिकारी लोग बुलाए नहीं जाते हैं ।
3. ताजे पुष्पों की माला की तरह आपकी आज्ञा सैकड़ो राजाओं द्वारा वहन की जाती है।
4. मृग के भय से क्या जौव नहीं बोए जाते हैं? (बोते हैं)
5. और गंधर्वों ने मधुर मंगल गायनों द्वारा गाया ।
6. जिस प्रकार (मनुष्य) कुदाल के द्वारा खोद कर भूमि में से पानी लेता है, वैसे ही गुरु में रही हुई विद्या को सेवा करने वाला प्राप्त करता है ।
7. वास्तव में वह विद्या नहीं है, वह दान नहीं है, वह शिल्प (कारीगरी) नहीं है, वह कला नहीं है, वह स्थिरता नहीं है, यदि याचकों द्वारा धनवानों का गान नहीं होता। अर्थात् याचक धनवानों को सर्व गुण सम्पन्न कहते हैं ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **सूरस्स एवास्ति हि येनेन्द्रियाणि जीयेरन्, पण्डितस्स एवास्ति हि येन धर्म आचर्येत, वक्ता स एवास्ति हि येन सत्यमुद्येत, दाता च स एवास्ति हि येनाभयं दीयेत ।**

2. परीक्षकेण छात्राः प्रश्नं पृच्छ्यन्ते छात्रैः स्मर्यते परीक्षकाय चोत्तरं दीयते ।
3. तन्तून्वयति तन्तुवायः ।
4. (यः) गर्तां खनेत् स पतेत् ।
5. किङ्करैरयं भारो ग्रामं नेतुमुह्यते ।
6. तस्य भ्रात्रा पुष्करेण नलः सर्वमप्यजीयत ।
7. आचार्येण धर्मकथा कथयितुमारभ्यते ।

## पाठ 7

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. जो लोग निश्चय ही मेरे विनाश के लिए चंद्रगुप्त की सेवा में तैयार थे, वे ही मेरी सेवा क्यों कर रहे हैं?
2. उस संदेश को सुनने के लिए देव लायक हैं ।
3. अंधा मनुष्य गले में डाली हुई माला को भी सर्प की शंका से हिलाता है ।
4. कान में सुई के प्रवेश जैसा उसने पुत्री का जन्म सुना ।
5. हे आर्यपुत्र ! आपके बिना एक मुहूर्त भी रहने के लिए मैं शक्तिमान नही हूँ, इसलिए मेरे द्वारा भी अवश्य जंगल (अरण्य) में जाया जाए । यदि मेरी अवगणना करके जाते हो तो जाओ, तुम्हारा इष्ट सिद्ध हो ।
6. यह बडी कथा है, संक्षेप में कहना मुश्किल है ।
7. वर्णन कराता हुआ उसका वृत्तान्त तू सुन ।
8. दशरथ राजा ने सामंत और सचिवों को भी राम को लाने के लिए भेजा ।
9. दुःख की बात है कि हर रोज इसी प्रकार बोलती हुई मैं तुझे भी दुखी कर रही हूँ ।
10. किस प्रयोजन से मेरे द्वारा यह भेजा गया है? इस प्रकार प्रयोजन बहुत होने से वास्तव में मैं याद नहीं कर पाता हूँ ।
11. जितेन्द्रियता विनय का साधन है, विनय से गुणों की अधिकता प्राप्त होती है, गुण की अधिकता से लोग अनुरागी बनते है, और लोगो के अनुराग से संपत्ति होती है।
12. हे महानुभाव ! तू खेद मत कर, अभी वास्तव में शांत हो जा, खोज करते हुए मेरे द्वारा तेरी प्रिया प्राप्त हुई हैं ।
13. शास्त्र रूपी दीपक के बिना अदृष्ट अर्थ में दौड़ते हुए जड़ लोग कदम-कदम पर स्खलना पाते हुए अत्यंत दुःखी होते है ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. हंसा कुसुमान्यचिनोत्तेषां च स्रजमसृजत् ।
2. स शिखरिणो गुहायामुपविश्य विद्यामसाध्नोत्, विद्यादेव्यकथयत् वरं वृणु, अहं वरं दातुं शक्नोमि ।
3. सत्कार्येण जनस्य कीर्ति लोंकेऽश्नुते ।
4. अरि-सैन्यं पराजेतुं तेऽधृष्णुवन्, यथा च दात्रैस्तृणं कृणुयुस्तथासिभिशत्रु-सैन्यमकृन्तन्।
5. अरे सुशीले ! कुथमत्र प्रस्तृणु ।
6. अखिला लोका महत्त्वाय प्रस्पन्दते, किन्तु महत्त्वं मुक्तेन हस्तेन प्राप्यते ।
7. दिवसैरर्जितं खाद, मूर्ख ! एकमपि द्रम्मं मा सञ्चिनु, यतः किमपि तद्भयमापतति हि येन जन्म समाप्यते ।

## पाठ 8

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. गुणों में प्रयत्न करो, आडंबर करने से क्या प्रयोजन है?
2. 'इसका हम वध कर रहे हैं' इस की हम भक्ति कर रहे हैं, इस प्रकार जो दोनो की बुद्धि है, उन दोनों पर भी हितबुद्धि रखनी चाहिए।
3. अगर तुम वास्तव में सुख को चाहते हो, तो मन को थोड़ा भी विषयों में लिप्त मत करो और खराब काम मत करो ।
4. हे मूढ़ ! हवा की तरह चपल मन को तू स्थिर (निश्चित) कर ।
5. अहो ! अति घमण्डवाले ये चक्री पुत्र हमारा योग्य कहा हुआ भी मानते नहीं हैं । घमण्ड को धिक्कार हो !
6. भगवान सुमतिनाथ स्वामी आपके इच्छित (विस्तारों) को पूर्ण करें ।
7. देशकाल के अनुसार उचित क्रिया को करता हुआ (मनुष्य) वास्तव में दुःखी नहीं होता है ।
8. आलस्य, वास्तव में मनुष्य के शरीर में रहा हुआ बड़ा शत्रु है ।
   उद्यम जैसा कोई मित्र नहीं है, जिस (उद्यम) को करके (मनुष्य) दुःखी नहीं होता है।
9. जैसे हजारों गायों में बछड़ा अपनी माता को खोज लेता है, वैसे ही पूर्व में किया हुआ कर्म, करने वाले के पीछे चलता है ।

10. निर्गुणी प्राणियों पर साधु दया करते हैं । वास्तव में चंद्र चाण्डाल के घर से (गिरती) किरणों को रोक नहीं लेता है ।
11. कुलवानों के साथ संगति, पंडितों के साथ मित्रता और ज्ञातिजनों के साथ मेल करने वाला मनुष्य कभी विनाश नहीं पाता है ।

**हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद**

1. **अहं भरतस्य पार्श्वे एकं शोभनं पुस्तकमपश्यमवन्वि च, अपि स मह्यं तन्नायच्छत्।**
2. **लोकाः कोपं कृत्वा स्वीयां निर्बलतामाविष्कुर्वन्ति ।**
3. **भगवान् महावीरो घोरेण तपसा कर्माण्यक्षिणोत् ।**
4. **यस्स्वस्य गुणान्छादयति परस्य च गुणान्प्रकटान्करोति, तस्य सुजनस्य यूयं पूजां कुरुत।**

**पाठ 9**

**संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद**

1. मुझे छुट्टी दो, जहाँ मेरे बंधुजन है, वहाँ जाउँ।
2. उसने बर्तन बेचे ।
3. हे सारथी ! घोड़ों को हांक ! पवित्र आश्रम के दर्शन करके आत्मा को तो पवित्र करें।
4. कड़वी तुंबड़ी का पका हुआ फल भी कौन खाता है ?
5. इन फलों को आप ग्रहण करो !
6. यह आपकी स्त्री है, इसको छोडो या अपनाओ ।
7. किस कर्म से भव रूपी अटवी में भ्रमण होता है और किस कर्म से मोक्ष मिलता है, इस प्रकार जानने के लिए, हे मूढ़! जो तू समझता है (इच्छा करता है) तो जैन आगमों को देख ।
8. भासुरक ! यह सब जानता है, बाहर ले जाकर जितनी देर में कहे, तब तक तेरे द्वारा (उसे) मारा जाय ।
9. हे विजया ! क्या तू इस भूषण को पहिचानती है?
10. इस विद्या को भक्ति से नम्र मन से विकल्प किए बिना ग्रहण कर ।
11. मेरे भी चरित्र को संक्षेप में जान ।
12. हे नृपचन्द्र ! मेरे मन के संतोष के लिए तू इस पर प्रसन्न हो जा ।
13. महान् शील द्वारा वह अपने दो कुल को पवित्र करती है ।

14. रत्नों की चोरी कर और देवांगनाओं का हरण कर ।
15. यहाँ मेरा बहुत धन है, हे भाई ! उसको तू ग्रहण कर ।
16. कर्म विपाक के परवश हुए जगत को जानने वाले मुनि दुःख में दीन नहीं बनते हैं और सुख में विस्मित (आनंदित) नहीं होते हैं ।
17. अभ्यंतर (काम क्रोधादि) शत्रुओं का मंथन करने में क्रोध के आडंबर से (आवेश से) लाल नही हुई हो ऐसी पद्मप्रभ प्रभु के देह की कांति आपका कल्याण करे।
18. (मनुष्य) बाहर भेजने पर नौकर को जानता है । दुःख आने पर भाइयों को जानता (पहिचानता) है, आपत्ति आने पर मित्र को जानता (पहिचानता) है, और वैभव (ऋद्धि) का क्षय होने पर स्त्री को जानता (पहिचानता) है ।
19. भववास से विमुख बनी आत्मा को मोहराजा की नौकर ऐसी इन्द्रियाँ विषम पाश से बाँधती हैं ।
20. असार पदार्थों का भी समूह वास्तव में दुर्जय है। घास द्वारा भी डोरी बनती है जिससे हाथी भी बंध जाता है।
21. जो खुद के चरित्र द्वारा अपने पिता को खुश करता है, वह पुत्र है । जो पति का हित चाहती है वह स्त्री है। जो सुख में और दुःख में समान क्रिया वाला है, वह मित्र है, जगत् में ये तीन वस्तु पुण्य करने वाले को प्राप्त होती हैं ।

**हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद**

1. **तं दुरात्मानं निबिडै र्बन्धनै र्बधान कारागृहे च निक्षिप ।**
2. **पश्यत. मधुव्रतः पुष्पेऽलीनामधु च पिबति ।**
3. **यदा जना असत्यं गृणन्ति तदा सतां हृदयं क्षुभ्नाति ।**
4. **यूयं पुष्पाणां मालां ग्रथ्नीत वृथा न क्लिश्नीत, त्वं पुष्पं मा मुषाण, यूयन्तु कुसुमानि मृद्नीथ ।**
5. **कलिकालसर्वज्ञप्रभुश्रीहेमचन्द्रसूरेर्व्याकरणं दृष्ट्वा पण्डिता मस्तकं धुनन्ति।**
6. **कन्याः स्वीयान्घटान् जलेनापृणन् ।**
7. **तापसो वृक्षाणां पल्लवैस्स्वीयमुटजमस्तृणात् ।**
8. **जनो वृक्षात्फलानि ग्रहणाति कटूनि च पर्णानि परिवर्जयति, तदापि महाद्रुमः सुजन इव पर्णान्युत्सङ्गे धारयति ।**
9. **काले पक्वं धान्यं यथा कृषीवलो लुनाति तथा जातं प्राणिनं कृतान्तो लुनाति ।**

10. स्ववचसा परिहृतमाहारमहं कथं गृह्णीयाम् ।
11. पण्डिता: प्रियस्य वियोगविषस्य वेगं जानन्ति तत एव बिलगतं सर्पमिव प्रेम परिहरन्ति ।
12. तस्या मुखकबरीबन्धौ शोभां धरत: जाने शशिराहू मल्लयुद्धं कुरुत: ।

## पाठ 10

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. सिद्धराज ने अवन्ती नगरी को घेर लिया था ।
2. धन को धर्म में उपयोग में लेना चाहिए (मनुष्य को) ।
3. तेरे उत्सुक चित्त को रोकना चाहिए ।
4. जैसे तैसे (किसी भी प्रकार से) भी प्राणियों पर दया कर, जैसे तैसे धर्म कर, जैसे तैसे भी शांति रख । जैसे तैसे भी कर्म का छेद कर ।
5. जो रात में भी खाते हैं, वे पाप रूपी द्रह में डूबते हैं ।
6. सूखे लकड़े और मूर्ख को भेद सकते हैं। फिर भी वे झुकते नहीं हैं ।
7. हजारों मूर्खों से एक बुद्धिमान ज्यादा है – विशेष है ।
8. उसी के बुद्धिरूपी बाण से (उसी के) मर्म को भेद रहा हूँ ।
9. क्या पता ! उनके हृदय को लज्जा भेदती नहीं है ।
10. मेरे हाथियों का झुंड नगर को घेर ले ।
11. मित्र के स्नेह से विह्वल बना हुआ वह अभी मुझे साहस में जोड़ता है ।
12. यह स्त्री पानी ढो रही है, यह स्त्री सुगन्धित द्रव्यों को पीस रही है ।
13. जिसके लिए (पैसे के लिए) पुत्र पिता को, पिता पुत्र को शत्रु की तरह मारते हैं और मित्र, मित्र से मित्रता तोड़ते हैं !
14. जिस (स्पृहा या विषलता) का फल, मुखशोष, मूर्छा और दीनता है, उस स्पृहा रूपी विषलता को पंडित पुरुष ज्ञान रूपी दातरड़े से काट लेते हैं ।
15. (रोहणाचल की भूमि में भी) वहाँ भी उपाय बिना रत्न के ढेर प्राप्त नहीं होते है। सामने पड़ा हुआ भी भोजन हाथ बिना (प्रयत्न बिना) वास्तव में कौन खाता है!

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. कमपि प्राणिनं न हिंस्यात् ।
2. सन्त: सदसद् विविञ्चन्ति ।

3. त्वं सद्भिस्सह संपृङ्ग्धि तत्त्वं च विन्त्स्व ।
4. मरुद्वृक्षान्भनक्ति तथा त्वं मम मनोरथानभनक् ।
5. इष्टस्य वियोगेऽनिष्टस्य च संयोगे मूर्खा: खिन्दतेऽपि य: प्राज्ञस्स न खिन्ते, मन्यते च हि जन: कृतस्य कर्मण: फलं भुनक्ति ।
6. जनोऽन्यस्य गुणानेव व्यञ्ज्यात् ।
7. सा हरिद्रां लवणं मरिचं चाक्षुन्त तदाहं गोधुममपिनषं त्वं चाधुना पिप्पलीं पिण्ढि।
8. त्वं मामकार्यं कुर्वाणमरुणस्तच्छोभनतरमकुरुथा: ।

## पाठ 11

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. जो सत्य वचन बोलता है, जो विशेष उपशम को धारण करता है और जो शत्रु को भी मित्र समान देखता है, उसे मोक्ष मिलता है ।
2. वह इस प्रकार विचार करता हुआ जाकर राजा को बोला ।
3. जाओ ! इस प्रकार प्रधान को कहो ।
4. यह बालक मुझे महान तेज का बीज (कारण) लगता है ।
5. आप ही लोक-व्यवहार में अच्छी तरह से निपुण हो ।
6. हे स्त्री, तेरे हृदय में से दुख दूर हो ।
7. इस प्रकार गुणवान् चक्रवर्ती पुत्र को प्राप्त कर ।
8. अरे पुत्र! अरे पुत्र! अरे पुत्र इस प्रकार बोलता हुआ राजा मूर्च्छा खाकर जमीन पर गिरा और प्राणों से मुक्त हुआ ।
9. जो मन में पश्चाताप हुआ है उसे प्रगट करना शक्य नहीं है ।
10. कैकेयी ने भरत के भूषण रूप भरत नाम के पुत्र को जन्म दिया ।
11. हम आपकी बुद्धि का उल्लंघन करने में समर्थ नहीं हैं ।
12. हे माता ! खेलने गए कृष्ण ने स्वेच्छा से मिट्टी खाई है ।
    'कृष्ण ! सच्ची बात है?'
    इस प्रकार कौन कहता है?
    बलराम कहता है माता ! गलत बात है (मेरा) मुख देखो ।
13. हे भूपाल! तीन भुवन का उदर बहुत बड़ा हैं, अत: उसमें समाने के लिए अशक्य भी तेरा यश उसमें समाता है ।

14. पहले राजा, पहले साधु और पहले तीर्थंकर, ऐसे ऋषभ स्वामी की हम स्तवना करते हैं ।
15. एक ही चैतन्य बाल्यावस्था में से युवावस्था और युवावस्था में से वृद्धावस्था में जाता है वैसे एक जन्म से दूसरे जन्म में (भी) जाता है ।
16. आओ, जाओ, बैठो, खड़े हो जाओ, मौन रखो, इस प्रकार आशा रूपी ग्रह से पीड़ित याचको द्वारा धनिक क्रीड़ा करते हैं।
17. क्या करूँ ! कहाँ जाउँ ! किस की शरण स्वीकार करूं ! दुष्ट–दुर्भर उदर से मैं प्राणों द्वारा भी विडंबित हुआ हूँ ।
18. आज रात्रि के प्रारंभ में ही सोया हुआ मेरा यह छोटा पुत्र अचानक महाक्रूर सर्प द्वारा डंसा गया है ।
19. हे वत्स ! जरा से पीड़ित मनुष्य प्राय:कर दूसरों की निंदा में तत्पर होते हैं। कदम कदम पर क्रोध करते हैं और सिर्फ सोते रहते हैं ।
20. सत्य बोलना चाहिए, प्रिय बोलना चाहिए, सत्य भी अप्रिय लगे, ऐसा नहीं बोलना चाहिए और प्रिय भी असत्य नहीं बोलना चाहिए, यह शाश्वत धर्म है।
21. प्रहर की तरह दिन बीतता है और दिन की तरह मास व्यतीत होता है और मास की तरह वर्ष व्यतीत होता है। वर्ष की तरह यह यौवन व्यतीत होता है और यौवन की तरह जगत् का जीवन चलता रहता है ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **स्वं धनं दातुं दुष्करमस्ति, तप: कर्तुं न प्रतिभाति, एवमेव सुखं भोक्तुं मनोऽस्ति, अपि न भुज्यते ।**
2. **अनीतिं कुर्वाणं पुरुषमापदायाति ।**
3. **अखिलां पृथ्वीं जेतुं त्यक्तुं च व्रतं लातुं पालयितुं च भगवच्छान्तिनाथं बिना भुवनेऽन्य: कोऽपि न शक्नोति ।**
4. **सिद्धहेमव्याकरणस्याष्टाप्यध्यायानहमध्यैयि ।**
5. **अहं सिद्धहेमव्याकरणस्य कर्त्तारमाचार्यहेमचन्द्रं भक्त्या नौमि ।**
6. **प्रातर्विहगा मधुरं रुवन्ति, छात्रा आनन्देनाधीयते, वायु र्मन्दं मन्दं वाति, सर्वे स्वेष्टदेवं स्तुवन्ति, अरुण उदयति, पक्षिणस्स्वीयान्नीडान् विमुच्यारण्यं यान्ति, तन्द्रिलाश्च जना: शेरते ।**
7. **कार्यभारेणाधुनाखिलां रात्रिं मया न शय्यते ।**

## पाठ 12

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. अहो ! प्रतापवाले भी इस शरीर का विश्वास करने की योग्यता ।
2. आप मुझे आज्ञा करो ।
3. हे हृदय ! आश्वासन धर, आश्वासन धर, यह वास्तव में आर्यपुत्र है ।
4. तू क्यो रो रहा है? तेरे रोने का क्या कारण है ?
5. हृदय में नहीं समाते हुए शोक द्वारा वह खूब रोई ।
6. श्वास छोड़कर (निःश्वस्य) वह धीरे से बोली, 'हे महाभाग ! मंद भाग्यवाली मैं क्या करूँ ?
7. प्रताप से प्रकाशित दशरथ ने पृथ्वी पर राज्य किया ।
8. प्रयोजन बिना चाणक्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता है ।
9. विश्वास करने योग्य भी अपने वर्ग के विषय में हमारी बुद्धि विश्वास नहीं करती है ।
10. दमयंती ने रात्रि के शेष भाग में इस प्रकार का स्वप्न देखा, 'मैंने फले-फूले पत्ते वाले आम के वृक्ष पर चढ़कर भ्रमर के आवाज को सुनते हुए उसके फल खाए।'
11. एक भी सुपुत्र द्वारा सिंहनी निर्भय होकर सोती है, जब कि दश पुत्र होने पर भी गधी भार को वहन करती है।
12. जिसके दिन तीन वर्ग से शून्य आते हैं और जाते हैं, वह लुहार की धमण की तरह श्वास लेने पर भी जीता नहीं है।
13. जो (तत्त्वदृष्टि) सभी प्राणियों में रात्रि (समान) है, उसमें संयमी जागृत होते हैं और जिसमें (मिथ्यादृष्टि) प्राणी जागृत होते हैं, वह मुनि के लिए रात्रि समान है।
14. शकुन्तला को देखकर दुष्यन्त बोलता है - अथवा मनुष्य की स्त्रियों में यह रूप कैसे संभव हो, प्रभा से देदीप्यमान ज्योति पृथ्वीतल में उदय नही पाती है।
15. जिन सत्पुरुषों के हृदय में परोपकार की क्रिया जागृत है, उनकी विपत्तियाँ नष्ट होती हैं और कदम कदम पर संपत्तियाँ होती हैं।
16. दुर्विनीतों को शिक्षा करनेवाला पौरव राजा पृथ्वी पर राज्य करता हो तब वह कौन है, जो भोली तपस्वी कन्याओं के साथ अविनय का आचरण करता है।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. हे भ्रमर ! तं मार्गं दृष्ट्वा मा रुदिहि, यस्य वियोगे त्वं म्रियसे सा मालती देशान्तरं गतास्ति ।
2. बान्धवेषु करुणं रुदत्सु, जनो म्रियते ।
3. यथाकाशे तारामण्डले चन्द्रश्चकास्ति तथा वसुधावलये मुनिमण्डले आचार्यहेमचन्द्रश्चकास्ति ।
4. यावज्जनः श्वसिति तावत्प्राण्यात् ।
5. जैना उपवासदिने न किमपि जक्षति ।
6. ये पुरुषाः पुरुषार्थं न कुर्वते ते दरिद्राति ।

## पाठ 13

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. आप यहीं पर एक मुहूर्त तक बैठो ।
2. मारो ! मारो, पास में जाओ, पास में जाओ! पकड़ो पकड़ो ।
3. शत्रुओं को तृण समान गिनने वाला अकेला ही रथ में बैठा ।
4. क्यों भाई ! तू माता को प्रेमवाली नहीं जानता है ?
5. तृष्णा का छेद करो, क्षमा धारण करो, मद को छोडो, सत्य बोलो ।
6. अयश को साफ करने की मैं इच्छा करता हूँ ।
7. हे श्रेष्ठी ! भले आए, यह आसन, आप उस पर बैठो ।
8. वह मूर्ख से द्वेष करता है, पंडित से नहीं ।
9. स्त्री घर कहलाती है ।
10. अथवा क्या ! सूर्य को परिश्रम नहीं करना पडता है, या निश्चल (चले बिना) बैठता नहीं है।
11. शत्रु और मित्र पर समान भाव रखने वाला, सम्पूर्ण लोक को आर्द्र-करुण दृष्टि से देखने वाला, प्रमाणसर और प्रिय बोलने वाला (मनुष्य) मोक्षमार्ग में रहता है।
12. जैसे दावानल से पेडों के झुंड जलते हैं, उसी प्रकार विषय की लोलुपता से मनुष्य का विनाश होता है, इसलिए विष की तरह विषयों को दूर कर समाधि में लीन चित्त (मन) से बैठो ।

13. तपस्या के तेज से दु:सह ऐसे गुरुजन को तू प्रणाम कर, इस प्रकार हम आपको कह रहे हैं ।
14. अरे ! अरे ! राजन् ! यह आश्रम का मृग है । मारने योग्य नहीं है, मारने योग्य नहीं है ।
15. इस अशोक वृक्ष के मूल के नीचे आप तब तक बैठो, जितने में मैं आता हूँ ।
16. जो पहले, पृथ्वी के रक्षण के लिए भवनों में निवास चाहते हैं बाद में उनके लिए वृक्षों के मूल में घर बनते हैं।
17. आपने जिसको संस्कारित किया है, उसके विषय में हम सब चाहते हैं।
18. धर्म के प्रयोजन से अथवा रसनेन्द्रिय की लोलुपता से जो मनुष्य मांस खाते हैं अथवा प्राणियों को मारते हैं, वे नरक की अग्नि में पकाए जाते हैं।
19. जो शत्रु को मित्र करता है, मित्र से द्वेष रखता है, मित्र को मारता है और खराब काम करता है, उसे (लोग) मूर्ख मनवाला कहते हैं ।
20. मानो देहधारी पुण्य का समूह न हो ! ऐसे ये मुनि हताश ऐसे मेरे द्वारा मारे गए! कहाँ जाऊँ और क्या करूँ?
21. आपको नाथ (की तरह) स्वीकार करते हैं, आपकी स्तुति करते हैं, आपकी उपासना करते हैं, वास्तव में आप से अन्य (कोई) रक्षण करने वाला नहीं हैं, क्या कहूँ और क्या करूँ ।
22. पहले सभा में 'गुणवान' हैं, इस प्रकार जो कहा गया है, उसका दोष प्रतिज्ञा भंग से डरने वाले मनुष्य को बोलना नहीं चाहिए ।
23. विकसित नेत्रवाले सभी लोगों से आशीर्वाद दिया जानेवाला धन सार्थवाह प्रतिदिन सूर्य की तरह प्रयाण करता था ।
24. प्राण, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की स्थिति के लिए (आधार) प्राण हैं, उन (प्राणों) को मारते हुए क्या नहीं मारा गया और रक्षण करते हुए किसका रक्षण नहीं हुआ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **दिनेश ! त्वं तव मुखं हस्तौ पादौ च मृड्ढि नवानि च वसनानि वस्स्व ।**
2. **सायं प्रातश्च गोपो धेनू दोग्धि ।**
3. **अधुनाखिले भारतवर्षे प्रजा: प्रजा ईशते ।**

4. त्वं गुणिनं जनमीडिषे ।
5. अणहिणपुरपत्तनं गुर्जर–राष्ट्रस्य राजधानी आसीत् तद्यूयं न वित्थ ।
6. गोपालो यस्मिन्समये धेनूरधोक् तदा वयं व्याकरणमध्यैमहि ।
7. अलिः पुष्पाद् मधु लेढि ।
8. प्रातः सायं च शीतलेन जलेन नयने प्रमृज्यात् ।
9. कंचिदपि न द्विष्यात्, कंचिदपि न हन्यात् ।
10. ये प्राणिनो घ्नन्ति ते पापेन निजमात्मानं दिहन्ति ।
11. त्वमेतां वार्त्तामवेरपि मां नाऽवक् ।
12. स खड्गेन तं मस्तकेऽहन् ।

## पाठ 14

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. मिथ्या धर्म को छोड़कर सद्धर्म का आचरण कर ।
2. मैं, पति के साथ वृद्धो के सामने जाने में शरमाती हुँ ।
3. अभक्त बालकों को भी पूज्य सलाह देते हैं, परंतु छोड़ते नहीं हैं ।
4. तरुणावस्था समाप्त होने के बाद इंद्रियों की हानि होने पर भी खेद की बात हैं कि वृद्ध भी विषयों की विलासिता को छोड़ते नहीं हैं ।
5. वास्तव में शिव की जटा के समूह को, अथवा आकाश को छोड़कर क्षीण भी चंद्र पृथ्वी पर स्थान बांधता (लेता) नहीं है ।
6. दुर्दशा में पड़े हुए पति को तेरे द्वारा भी छोड़ा जाय तो निश्चय ही सूर्य पश्चिम में उगेगा ।
7. अत्यंत क्रोधायमान राजाओ को वास्तव में खुद का कोई आत्मीय नहीं है। स्पर्श किया हुआ अग्नि, अच्छी तरह से होम करने वाले को भी जला देता है ।
8. अंग शिथिल हो गया है, सिर सफेद हो गया है, मुंह में दांत गिर गये है, लकड़ी लेकर चलता है, तो भी वृद्ध मनुष्य आशा रूपी पिंड़ को छोडता नही है ।
9. जैसे भ्रमर प्रभात में, अंदर बर्फवाले मचकुंद के फूल को छोड़ने में और भोगने में समर्थ नहीं है, उसी प्रकार मैं त्याग करने और भोगने में समर्थ नहीं हूँ ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. अहं मृत्योर्न बिभेमि यतोमृतमिव जिनवचनमपिबम् ।

2. तपोऽग्नौ कर्मसमिधं जुहुधि ।
3. ते भयान्न बिभ्यति धैर्यं च न जहति ।
4. वयं मदिरा – पानमजहीम ।
5. तेऽसत्यं ब्रुवन्तो न जिह्रियति ।

## पाठ 15

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. आश्चर्यचकित दृष्टिवाले नगरजनों के द्वारा अनेक प्रकार से अभिनंदन कराता हुआ वह राजा अत्यंत खुश हुआ ।
2. हे महात्मा ! सर्व शक्ति से तुम आत्मा की रक्षा करो ।
3. किसी के साथ सज्जन मनुष्य विरोध नहीं करता है ।
4. नहीं दिया हुआ तृण जितना भी धन कदापि लेना नहीं।
5. जो वास्तव में थोड़ा खाता हैं, वह बहुत खाता है ।
6. वास्तव में जो मनुष्य अपात्र को अमृत जैसा सत्ज्ञान देता है, वह मनुष्य सज्जनों के बीच हँसी का पात्र बनता है और अनर्थ का मूल बनता है ।
7. चलने वाले मनुष्य से कहीं पर प्रमादवश भूल होती ही है, वहाँ दुर्जन हँसते हैं और सज्जन समाधान करते हैं ।
8. बड़ों को मारकर और छोटों को भी कपट से ठगकर जो राज्य ग्रहण होता है, वह बड़ा भी (राज्य) मुझे न मिले ।
9. हे पृथ्वी देवी ! प्रसन्न हो, फुटकर जगह दो । आकाश से भी गिरनेवाले को पृथ्वी ही शरण है ।
10. जैसे मूर्ख मनुष्य बोर के बदले में चिंतामणि दे देता है, उसी प्रकार अति खेद की बात है कि मनुष्य जन रंजन के द्वारा सद्धर्म को छोड देता है ।
11. ज्ञानमग्न को जो सुख होता है, उसे कहना अशक्य है। प्रिया के आलिंगन के साथ तुलना की जाए वैसा नहीं है और चन्दन के विलेपन के साथ भी तुलना की जाए वैसा नहीं है।
12. दान, भोग और नाश ये धन की तीन गतियाँ हैं, जो देता नहीं और खाता भी नहीं, उसके धन की तीसरी गति (नाश) होती है ।
13. सत्पुरुषों का अलंकार कौन सा? शील ! लेकिन सोने से बना हुआ नहीं। प्रयत्न से ग्रहण करने योग्य क्या? धर्म, लेकिन धन आदि नहीं ।

14. समुद्र सहित पृथ्वी को जीते बिना, अनेक प्रकार के यज्ञों द्वारा यज्ञ किये बिना और अर्थिजनों को दान दिए बिना, मैं राजा कैसे बनूँ ?
15. अचानक क्रीड़ा के रस के भंग को सामान्य व्यक्ति भी सहन नहीं करता है, तो लोकोत्तर तेज को धारण करनेवाला राजा क्या सहन करेगा ?
16. एकदम जल्दी से काम नहीं करें। अविवेक परम आपत्ति का स्थान है, वास्तव में सोचकर करनेवाले को, गुणों में लुब्ध संपत्ति अपने आप मिलती है ।
17. कलहंस के समूह को पास में लानेवाली, अगस्ति की दृष्टि द्वारा पानी को निर्मल करती हुई, मोती की सीप में उज्ज्वल गर्भ को धारण करनेवाली शरदऋतु विचित्र आचरण द्वारा शोभती है।
18. मलिन दो वस्त्रों को पहनती हुई, तप से शुष्क मुखवाली, एक वेणी को धारण की हुई ऐसी शुद्ध शीलवंती, अति निर्दय ऐसे मेरे दीर्घ विरह व्रत को धारण करती है ।
19. राम सोने के मृग को नहीं पहिचान सके। नहुष राजा ने ब्राह्मणों को पालकी में जोड़ा। ब्राह्मण की बछड़े वाली गाय की चोरी करने में अर्जुन की बुद्धि हुई, धर्मपुत्रने (युधिष्ठिर ने) दाँव में चार भाई और पटराणी दे दी । प्राय: सत्पुरुष भी विनाश के समय बुद्धि से भ्रष्ट हो जाते हैं ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **यदि महत्त्वमिच्छथ तर्हि दत्त न मार्गयत ।**
2. **जीवानां यावद् मध्ये विषमा कार्यगतिरायाति तावदितर–जनस्त्वास्तां सुजनोऽप्यन्तरं ददाति ।**
3. **किल न खादति न पिबति न ददाति धर्मे च न व्ययति कृपणो न जानाति यद् यमस्य दूत: क्षणात्प्रभवति ।**
4. **आशाश्वतमसारं मरणान्तं च देहावासं जानन्को जनो मृत्योरुद्विज्यात् !**
5. **केऽपि प्रणयिनो मनोरथान्पिप्रति केचिच्च कुक्षिमपि न बिभ्रति ।**
6. **सर्पस्य विषं तस्य शोणितेऽवेवेट् ।**
7. **रजकस्तडागे वस्त्राणि नेनेक्ति ।**
8. **नृपतेरिमेऽधिकारिणो भूमिं मिमते ।**
9. **अहमिमं ग्रन्थं निर्माय ममशक्तिममिमि ।**
10. **भगवान् हेमचन्द्रसूरिरणहिलपुर–पत्तने सिद्धहेमव्याकरणं निरमिमीत ।**
11. **कर्मणो मुक्तो जीव उज्जिहीते लोकाग्रमधितिष्ठति च।**

## पाठ 16

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे मित्र ! त्याज्य वस्तुओं में पौरव राजाओं का मन प्रवृत्ति नहीं करता है।
2. उस कारण पति के हाथ के स्पर्श का सुख भी मुझे मिला नहीं ।
3. वास्तव में दुर्दशा में गिरी हुई स्त्रीयों को धैर्य गुण कहाँ से होगा ?
4. पहले के न्याय और पहले के धर्म में यह (राजा) तत्पर हैं ।
5. पृथ्वी का शासन करते हुए राम राजा ने पृथ्वी को स्वर्ग जैसी कर दी ।
6. कोई भी प्राज्ञ पुरुष स्त्रीयों को स्पृहा सहित देखने में उद्यम नहीं करता है।
7. हड्डियों में धन, मांस में सुख, चमडी में भोग, आंखों में स्त्रियाँ,
   गति में वाहन, स्वर में आज्ञा मगर सत्त्व में सब कुछ प्रतिष्ठित है ।
8. जब तक मनुष्य आरंभ बिना का होता है, तभी तक लक्ष्मी विपरीत मुखवाली होती है, परंतु आरंभ सहित मनुष्य के लिए लक्ष्मी स्नेही, चपल नेत्र वाली होती है।
9. इस पृथ्वी का राज्य पवन युक्त मेघ के समान विलास वाला है, विषयों का भोग प्रारंभ में ही मधुर है। मनुष्य के प्राण घास के अग्रभाग पर रहे हुए जल बिन्दु समान हैं, वास्तव में धर्म ही परलोक की यात्रा में परम मित्र है ।
10. दूसरों के उपकार के लिए नदियाँ बहती हैं। पर के उपकार के लिए वृक्ष फलते हैं। गाय परोपकार के लिए दूध देती है। सज्जन पुरुषों की विभूतियाँ (वैभव) परोपकार के लिए होती हैं ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **त्वं दध्ना सहौदनं भुङ्क्ष्व माषान्मा भुङ्क्ष्व ।**
2. **सोऽक्ष्णा काणोऽस्ति कर्णाभ्यां च बधिरोऽस्ति ।**
3. **प्रातस्तमोभिस्सह क्रोष्टारोऽपि कुञ्जेषु निविशन्ते ।**
4. **गोः पयः प्रकृत्यातिमधुरमस्ति बुद्धिं च पुष्णाति ।**
5. **स्त्रियो वदनेन कमलं गत्या च हंसं जयन्ति ।**
6. **सत्यः स्त्रियः पत्युराज्ञां प्रभोराज्ञामिव मन्वते ।**
7. **हे वत्स ! रायं लभस्व रायम्, राया विना किमपि नास्ति जनाः कथयन्ति यद् 'वसु विना ना पशुः' ।**

## पाठ 17

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे मित्र ! यह आसन है, तू इस पर बैठ ।
2. हर मार्ग पर राज्य के लोग कुमार को प्रणाम करते हैं ।
3. जाओ, सभी प्रकार से तुम्हारा मार्ग कल्याणकारी बने ।
4. वह एक पुरुष है, जो कुटुंब का भरणपोषण करता है ।
5. हंस वास्तव में दूध को ग्रहण करता है और उसके साथ रहे हुए पानी को छोड़ देता है।
6. प्रधान, राजा, मंत्री तथा सामंतों से असहाय ऐसे मुझे, अत्यधिक सैन्य जिसने दिया उसने मुझे पवित्र दिन में भेजा ।
7. जिस प्रकार स्वर्ग में असंख्य देव हैं और आकाश में असंख्य तारे हैं, वैसे ही परमात्मा में असंख्य गुण हैं ।
8. धन के साधन रूप सामग्री को प्राप्त कर स्त्री भी धन कमाती है ।
9. आपको मुनि परमपुरुष मानते हैं ।
10. जैसे जैसे प्रयत्न भाग्य से सिद्धि प्राप्त नहीं करता है, वैसे वैसे धीरपुरुषों के हृदय में अधिक उत्साह होता है ।
11. हर ऐक महीने में कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चांदनी समान होती है, फिर भी उन दोनों में से एक पक्ष शुक्ल कहलाता है, क्योंकि यश पुण्य द्वारा प्राप्त होता है ।
12. विद्या और विनय युक्त ब्राह्मण में गाय, हाथी, कुत्ता और चांडाल में भी पंडित पुरुष समान दृष्टि वाले होते हैं ।
13. रात्रि में दीपक, समुद्र में द्वीप, मारवाड में वृक्ष, बर्फ में अग्नि, उसी प्रकार कलिकाल में दुःख से प्राप्त हो ऐसे, आपके इन चरण कमलों की रज प्राप्त हुई है।
14. असंयमी इन्द्रियों को आपत्ति का मार्ग कहा है और इन्द्रियों पर जय संपत्ति का मार्ग है, जो मार्ग इष्ट हो, उस मार्ग से जाए ।
15. अग्नि, पानी, स्त्री, मूर्ख, सर्प और राजकुल ये छह तत्काल प्राण लेने वाले हैं इसलिए इनका सेवन सावधानीपूर्वक करना चाहिए ।
16. अच्छा स्वप्न देखकर सोना नहीं और दिन में अच्छे गुरु को कहना, लेकिन खराब स्वप्न देखकर ऊपर कहा उससे विरुद्ध करना ।
17. नीति में निपुण मनुष्य, निंदा या प्रशंसा करो, लक्ष्मी आओ या इच्छा से जाओ, मृत्यु आज हो या दूसरे काल में हो, लेकिन धीर पुरुष न्याय मार्ग से एक डग भी विचलित होते हैं ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. स राजा द्विषामस्ना राक्षसानप्रीणयत् ।
2. गोप्यो यथा दधि मथ्नन्ति तथा देवा मेरुं मन्थानं कृत्वाम्भोधिममथ्नन् ।
3. यदा भगवतो जन्म भवति तदा मघवा (सौधर्माधिपतिः) सकलसुराऽसुरेन्द्रैः सह समागत्य सविनयमर्हद्भट्टारकं गृहीत्वा गत्वा कनकाद्रिशृङ्गे भगवतो जन्माभिषेकं करोति ।
4. जरस्यपि जना भोगतृष्णां न जहति ।
5. अस्मिन्नासनि भवानास्ताम् अस्मिँश्चासनेऽहमासै ।
6. अस्य यूनो मतिः शून्या लाङ्गूलमिव वक्रास्ति ।
7. आद्भिस्स्नात्वा नृपतयो ब्राह्मणेभ्यो रायं रान्ति ।
8. अस्य पुंसः स्कन्धौ दृढौ स्तः दौषौ प्रशस्यौ स्तः तस्मादयं पुमाननड्वानिवाभाति।
9. पुषा तमो हन्ति ।

## पाठ 18

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. क्या होगा ? जो होना होगा वह होगा, कोई जानता नहीं कि कल क्या होगा?
2. तू जल्दी मत कर, तेरी यह इच्छा पूर्ण होगी ।
3. हे मित्र वसुदत्त ! मैं क्या उत्तर दूंगा ?
4. नवीन पश्चाताप रूपी अग्नि से जलते देहवाला मैं एक दिन भी स्वस्थ चित्तवाला नही रहूंगा ।
5. तीव्र तप करे, अरण्य में रहे, पर्वत पर रहे परंतु जब तक वह विषयों से दूर नहीं होगा, तब तक मोक्ष प्राप्त नहीं करेगा ।
6. हाथी, घोड़ा और रथ से सज्ज नगर के द्वार को देखकर उसने सोचा, ''अगर इसी दरवाजे से प्रवेश के लिए राह देखूंगा'' तो समय का उल्लंघन होगा ।
7. मेरा शोक कैसे शांत होगा ?
8. सत्य बात कह, यदि नहीं कहेगा तो तेरा मस्तक छेद दूंगा, दुष्ट को शिक्षा करने में हत्या नहीं है ।
9. भविष्य में होने वाले अकाल को जानकर सभी दूसरे देश में गये, जहाँ जीवन है, वह देश है ।

10. आज मैं मित्र के साथ खाना खानेवाला हूँ, इसलिए दिव्य (सुंदर) रसोई बना।
11. परलोक में सुख स्वरूप धर्म की मैं लेश भी उपेक्षा नहीं करूंगा ।
12. मुझे कोई भी गलत मार्ग पर ले जाने में समर्थ नहीं है, इसलिए परलोक में सुख देने वाले मार्ग को मैं छोड़ूंगा नहीं ।
13. मलयकेतु (कहता हैं), 'आर्य ! कोइ मनुष्य है, जो कुसुमपुर जाता है, अथवा वहाँ से आता है ।
14. राक्षस – (कहता हैं), 'अब जाने आने का काम पूरा हो गया है, थोड़े दिनों में हम सब वहाँ जायेंगे ।
15. हा ! हा ! हा ! वीर ! क्या किया? इस अवसर पर मुझे अलग किया? क्या बालक की तरह आपके पीछे पडता, या केवलज्ञान में भाग मांगता? क्या मुक्ति में जगह कम पड़ती, या क्या आपको भार रूप होता? इसलिए आप मुझे छोड़कर चले गये और इस प्रकार वीर ! वीर ! इस प्रकार कहते गौतम के मुख में "वी" रह गया ।
16. 'चाणक्य से चलित भक्तिवाले मौर्य को मैं आराम से जीत लूंगा' इस कारण अभी जो यह व्यूह आपके द्वारा वास्तव में रचा है, वह सब (व्यूह) हे शठ! निश्चय ही तेरे ही दूषण के लिए होगा ।
17. इसके जैसा पति कौन होगा, इस प्रकार रात दिन उसके पिता जनक राजा चिंता करते थे ।
18. तृण से भी हल्की रुई है, रुई से भी हल्का याचक है, वह (याचक) वायु द्वारा क्यों नहीं ले जाया गया? मुझ से भी प्रार्थना करेगा, मांगेगा।
19. पुत्र वनवास जाएगा और पति प्रव्रज्या लेंगे, यह सुनकर भी हे कौशल्या ! तेरा हृदय विदीर्ण नहीं हुआ, तू वज्रमयी है।
20. प्रतिज्ञा से आप भी अगर चलायमान होते हो, तो हे प्रभो ! निश्चय ही समुद्र मर्यादा का भंग करेगा ।
21. दीपक के बिना जैसे अंधेरे में नहीं रह सकते उसी प्रकार निर्मल केवलज्ञान रूपी प्रकाश वाले आपके बिना, इस भव में हम कैसे रहेंगे ?
22. आप रक्षण करने वाले हो तो, सज्जनों को धर्म क्रिया में विघ्न कहाँ से आएगा? सूर्य तपता हो तो अंधकार कैसे प्रगट होगा ?

23. यह (सार्थवाह) मार्ग में चोरों से रक्षण करेगा, शिकारी प्राणियों के उपद्रव से भी रक्षण करेगा और बीमारो को सगे भाई की तरह पालेगा ।
24. पत्थर फेंकने वाले को छोड़कर कुत्ता पत्थर को चाटता है, लेकिन सिंह बाण को छोडकर बाण फेकने वाले के सामने जाता है ।

**हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद**

1. **अहं श्वोऽहम्मदाबादं गन्तास्मि, अपि मेघो वर्षिष्यति तर्हि मया गन्तुं न शक्यते ।**
2. **यदि त्वं मयाऽभिहितं हितं वचोऽमंस्यथा:, तर्हि त्वमस्यां दु:खगर्तायां नाऽपतिष्य:।**
3. **येयं पौर्णमास्यागामिन्यस्ति, अस्यां चैत्ये महोत्सव: प्रवर्तिष्यते ।**
4. **वयं यावज्जीवमध्येष्यामहे तत्त्वानि च भोत्स्यामहे ।**
5. **अद्य श्वो वा वयमेतान्लुण्टाकान् नूनं गृहीष्याम: ।**
6. **रामो वनमेष्यति तर्ह्यहं तमन्वेष्यामि न खलु रामं विना स्थातुं लक्ष्मण: क्षम: ।**
7. **यथा विकसितं कुसुममल्प-समये म्लायति तथेदं यौवनमल्पसमये म्लास्यति ।**
8. **यथोदयं प्राप्त: सूर्योऽस्तमेति तथेदं जीवितमप्येकदिनेऽस्तमेष्यत्येव ।**
9. **अस्मिन्मार्गेऽनेके कण्टकास्सन्ति ततोऽस्मिन्मार्गे गन्तुं ते न प्रयतिष्यन्ते ।**
10. **मया विना रामो कथं जीविष्यति तं च विनाऽहं कथं जीविष्यामि ।**
11. **यदि स समरादित्यकथामश्रोष्यत्तर्हि तस्य मनोऽवश्यं व्यरङ्क्ष्यत् ।**
12. **शिशुपालेन वरिष्यमाणा कन्या रुक्मिणी कृष्णवासुदेवेन वृता।**
13. **कपिं शीतेन कम्पमानं दृष्ट्वाऽवदत्सुगृही हे कपे ! यदि त्वमहमिव गृहमभन्त्स्यस्तर्हित्वमेवं शीतेन नाऽकम्पिष्यथा: ।**

**पाठ 19**

**संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद**

1. हाथी का वजन वास्तव में हाथियों द्वारा ही उठाया जा सकता है, दूसरों के द्वारा नहीं।
2. सैकड़ों मधुर वचनों के द्वारा भी मैं उसे वह सब पूछूंगा।

3. (हाथी के मुँह में) कवल डालना सरल है (लेकिन) हाथी के मुँह में से कवल खींचना शक्य नहीं है ।
4. 'मर जाऊँगा, मर जाऊँगा' इस प्रकार की भावनावाले सत्त्व बिना के जीव फिजूल ही जीव को धारण कर मर जाते हैं ।
5. अगर मैं वहाँ होता तो उन दुरात्माओं को नये नये बंधनों द्वारा शिक्षा करता ।
6. आपके चरणों का अवलंबन लेने वाला अज्ञानी ऐसा भी मैं संसार का पार पा जाऊँगा क्योंकि गाय की पूँछ को पकड़ने वाला ग्वाले का बालक नदी पार उतर जाता है ।
7. आपके साथ दीक्षा लूँगा, आपके साथ विहार करूंगा और आपके साथ दुःख से सहन हों ऐसे परिषहों को मैं सहन करूंगा ।
8. हे त्रिजगत्गुरु! आपके साथ उपसर्गों को सहन करूंगा, किसी भी हालत में मैं यहाँ नहीं रहूंगा, मेरे ऊपर मेहरबानी करो ।
9. भागे हुए अथवा विनाश पाए हुए, आपको छोड़कर गए हुए हमारे मुख को ऋषि के हत्यारे के मुख की तरह, स्वामी किस प्रकार देखेंगे?
10. तुम्हारे बिना गए हुए हमको देखकर आज लोग भी हसेंगे, हे हृदय! पानी छांटे हुए कच्चे घड़े की तरह तू जल्दी फूट जा।
11. मेरे द्वारा अकेली छोड़ी हुई (और बाद में) जगी हुई, यह मुग्ध नेत्रवाली (दमयंती) मेरे साथ मानों स्पर्धा से जीवन से भी मुक्त हो जाएगी ।
12. समर्पित ऐसी इसे ठगकर अन्यत्र जाने के लिए मेरा मन उत्साहित नहीं है। मेरा जीवन या मरण इसी के साथ हो ।
13. अथवा नरक जैसे जंगल में नरक के जीव की तरह अनेक दुःखो का भोगी मैं अकेला होऊँ, परंतु वह नहीं होनी चाहिए ।
14. तथा मेरे द्वारा वस्त्र में लिखी आज्ञा का अनुसरण कर यह मृगलोचना स्वयं स्वजन के घर जाकर कुशलतापूर्वक रहेगी।
15. इस प्रकार निश्चय करके और उस रात का उल्लंघन करके नल राजा पत्नी के जगने के समय से पहले ही जल्दी से चले गये ।
16. धन से मैं पूर्ण हूँ, ऐसा जानकर खुश मत हो और धन बिना मैं खाली हूँ ऐसा जानकर खेद मत कर। खाली को भरा हुआ और भरे हुए को खाली करने में

विधि (कर्म) को देर नहीं होती है ।

17. हे वीर ! तेरे बिना अब शून्य वन समान घर में कैसे जाएँ, तेरे बिना किसके साथ वार्तालाप करें और हे बन्धु ! अब तुम्हारे बिना किसके साथ भोजन करें (करेंगे)।

18. हे बन्धु ! अब हमारी आँखों को अमृत के अंजन समान अतिप्रिय तेरा दर्शन कब होगा ? हे विशाल गुणों से मनोहर ! राग रहित चित्तवाले तुम कभी हमें भी याद करना ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. वयं श्वो ज्ञानपञ्चमीदिने शुभमुहूर्ते व्याकरणमध्येतुं प्रारब्धास्महे व्याकरणमधीत्य वयं सिद्धान्तमध्येष्यामहे ।
2. यदि यूयं सदाचारे वर्त्स्यथ तर्हि सरस्वती-लक्ष्मीभ्यां वर्धिष्यध्वे ।
3. अयं मुनिरात्मनस्तपस्तेजसा कर्माणि भर्क्ष्यति शाश्वते च सुखे मङ्क्ष्यति ।
4. युष्माकं कुमारैस्स्तोकेन समयेन प्रभूता विद्या ग्राहिष्यन्ते यतस्ते विनीतास्सन्ति ।
5. एतान्युप्तानि शस्यानि पक्ष्यन्ति तदा कृषीवलैर्लाविष्यन्ते ।
6. अधुनेदं करोमि पश्चादेतत्करिष्यामि, एतद्विधाय पुनः श्वस्तत्कर्त्तास्मि एवं स्वप्नतुल्ये जीवलोके को मंस्यते ।
7. यदि रामो वने नागमिष्यद् रावणेन च सीता नाऽहारिष्यत तर्हि रामायणे ऽलेखिष्यतापि किम् ।
8. श्वः किंकरा अन्नस्येमा गोणीर्वोढारः ।
9. यूयमणहिल्लपुरपत्तनं गमिष्यथ तदा तत्रस्थितान्यतिप्राचीनानि पुस्तकभाण्डागाराणि ऐतिहासिकप्राचीनावशेषांश्च द्रक्ष्यथ ।
10. रुक्मिणी नारदायाकथयदार्य ! ममाशासीद्यद्यूयं मम पुत्रस्य प्रवृत्तिमानेष्यथ. नारदोऽकथयद्रुक्मिणि : शोकं मुञ्च तवापत्यस्य गवेषणामकृत्वा पुनस्त्वां न द्रक्ष्यामि, एष निश्चयोऽस्ति, एवं कथयित्वा नारद आकाशमार्गेणोदपतत्।
11. एतानि फलानि स्प्रष्टुमप्यस्मभ्यं न कल्प्स्यते तदा खादितुं का वार्ता ।
12. यथा सिंहं दृष्ट्वा हरिणा वनाङ्गणात्त्रश्यन्ति तथा भीमं दृष्ट्वा ते सर्वे योद्धारो रणाङ्गणान्नङ्क्ष्यन्ति ।

## पाठ 20

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. शरद ऋतु के वश से चंद्र की किरणें अधिक शोभावाली होती हैं ।
2. बलवानों से भी बलवान यह पृथ्वी बहुरत्न वाली है ।
3. विद्वानों की बुद्धि को वास्तव में दुसाध्य क्या है?
4. पुण्यशाली पुरुषो को परदेश में भी लक्ष्मी निश्चय ही साथ रहने वाली होती है।
5. दरिद्र (गरीब) मनुष्यो की स्त्रियाँ ज्यादातर जल्दी गर्भ धारण करने वाली होती हैं। **(गर्भं बिभ्रति इति गर्भ भृत:)**
6. अंजन का अंश भी धोए हुए सफेद कपड़े की शोभा के नाश के लिए होता है। **(श्रिया: छिद् = श्रीछिद् तस्यै श्रीछिदे)**
7. अपने अपने उचित कर्म को करते कमठ और धरणेन्द्र के ऊपर समान मनोवृत्ति रखनेवाले पार्श्वनाथ भगवान आपकी लक्ष्मी (शोभा) के लिए हों।
8. धर्म में धन की बुद्धि धारण कर, धन में कभी भी धन की बुद्धि धारण मत कर। सद्गुरु की कही हुई शिक्षा का सेवन कर, लेकिन स्त्री की सेवा न कर ।
9. मोह के अस्त्र को जिसने निष्फल किया है, ऐसे ज्ञान रूपी बख्तर को जो धारण करता है, उसे कर्म के संग्राम की क्रीड़ा में भय कहाँ से हो? अथवा पराजय कहाँ है?
10. आयुष्य ध्वजा समान चपल है, लक्ष्मी तरंग समान चंचल है, भोग सर्प की फणों की तरह भयंकर हैं, संगम स्वप्न तुल्य हैं ।
11. यह राजा याचकों की बड़ी आशाओं को पूर्ण करने वाला है और गाँव के नेता याज्ञिक और उनकी स्त्रियों का नित्य पूजक है ।
12. सभी गुणो की खान, पृथ्वी का भूषण ऐसे पुरुष रत्न का, विधाता सर्जन तो करता है, लेकिन उसे क्षण भंगुर बनाता है तो वह बहुत दु:ख की बात है अथवा विधाता की अज्ञानता है ।
13. निर्धन मनुष्य को लज्जा आती है, लज्जा वाला अपने तेज से भ्रष्ट होता है, तेजरहित पराभव पाता है। पराभव से कंटाला आता है। कंटाले से शोक पाता है। शोक के वश हुआ बुद्धि से रहित बनता है बुद्धि रहित क्षय पाता है अहो! निर्धनता सभी दु:खों का स्थान है।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. खलप्वां स्त्रियो यवक्रियो भवन्ति ।
2. राज्ञो राज्ञ्यः स्वप्रासादादन्यत्र मार्गं वोन्मार्गं न जानन्ति अतः कूपवर्षाभ्व इव भवन्ति।
3. सौन्दर्यतर्जितस्मरमिमं दृष्ट्वा स्त्रीणां भ्रुव उल्लसन्ति ।
4. खलप्वे इव ग्रामण्येऽयं राजा निःस्पृहोस्ति नेर्ष्यति च ।
5. यथा धनेच्छया कोऽपि खलप्वं नेच्छति तथायं राजा धनेच्छया ग्रामण्यमपि नेच्छति।
6. ग्रामण्यां सेनानीः स्निह्यति ।
7. श्रियै जनाः प्रयतन्तेऽपि धिये न प्रयतन्ते ।
8. श्रीः स्त्री वा किमप्यात्मनो न, इति तत्त्वविदो वदन्ति ।

## पाठ 21

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. अथवा क्या अरुण अंधकार को भेदनेवाला होता, अगर सूर्य उसे आगे नहीं करता।
2. आपकी प्रिय वाणी द्वारा ही आतिथ्य सत्कार हुआ है ।
3. उद्गार (ओडकार) से जैसे आहार, उसी प्रकार वाणी द्वारा भाव मालूम पड़ते हैं।
4. शास्त्र और लोकव्यवहार का अनुसरण करनेवाली वाणी आदर पात्र है।
5. वास्तव में तिर्यंच भी अपने पुत्रो को अपने प्राणों की तरह संभालते हैं।
6. तुम भी चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त करोगे ।
7. जिसकी जैसी भावना होती है, उसको वैसी सिद्धि होती है ।
8. राज्य की इच्छा करनेवाला वह मरकर मिथिला महापुरी के जनक राजा की पत्नी की कुक्षि में पुत्र के रूप में पैदा हुआ।
9. खेद की बात है कि जड़ मनुष्यो को उदय में विवेक कैसे हो?
10. ज्ञान रूपी अमृत को छोड़कर जड़ मनुष्य इन्द्रियों के विषयों में (विषयों के लिए) भागते हैं, जो इन्द्रियों के वश नहीं हुआ वह धीर पुरुषों में आगे गिना जाता है।
11. प्रकाश सहित सूर्य के बिना दिन भी मेरे लिए रात हो गई क्योंकि अंधकार के समूह से वास्तव में सभी दिशाएँ अंधी हैं।
12. वाणी और मन में स्वच्छ, बड़ों का आदर करनेवाले और उचित राज कार्य में मजबूत, ऐसे मनुष्य यहाँ राज-दरबार में हैं।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. अर्यमा प्राच्यां दिश्युदयति, प्रतीच्यां च दिश्यस्तमयति ।
2. उदीच्याम्मेरुरस्ति, अवाच्याञ्च लवणसमुद्रोऽस्ति ।
3. पुष्पाणि मुक्त्वा प्रौढस्त्रीणाम्मुखमाघ्रातुम्मधुलिडनेकश आयाति ।
4. एभिः सम्राड्भिस्तुराषाड् ह्रियमश्नुते।
5. अयं पूर्जनः शास्त्रे शमे समाधौ सूनृते च प्राङस्ति ।
6. धर्मभुद्धिः परिव्राडिभर्धर्म उपदिश्यते ।
7. काव्यं कविकीर्ति सर्वदिक्षु तनोति ।
8. वृत्रघ्न आयुधं वज्रं कथयति ।
9. जयसिंहस्य राज्याभिषेकादनन्तरं मन्त्रस्पृगृत्विग् मन्त्रपूतैर्जलाक्षतादिभिर्मङ्गलं व्यधत्त।
10. जैना परिव्राजः पादयोरुपानहौ न परिदधति ।
11. ब्राह्मणः क्षत्रियो विट् शूद्रश्चैते चत्वारो वर्णाः सन्ति ।

## पाठ 22

## संस्कृत का हिन्दी अनुवाद

1. हम किस रास्ते पर हैं?
2. बड़े मनुष्यों का प्रयत्न, अपने कार्य से ज्यादा, दूसरों के कार्य में होता है ।
3. आश्चर्य है कि काम-वासना बहुत बलवान है ।
4. वास्तव में घोड़े और पवन के लिए क्या दूरी है ?
5. पिता की मृत्यु के बाद प्रायः बड़ा पुत्र धुरंधर (मुख्य) होता है ।
6. अधिक बलवान के द्वारा घिरे हुए को, भागने के सिवाय दूसरा रक्षण का साधन नहीं है ।
7. बुद्धि से साध्य कार्यों में बलवान भी क्या कर सकते हैं ?
8. कुमार ! सचिव का व्यवसाय बहुत गहन है, इतने मात्र से जानना शक्य नहीं है।
9. जो तुमने तीन अलंकार खरीदे हैं, उसमें से एक दिया जाय।
10. यह देव इस प्रकार अपने कुल की भारी प्रशंसा करता है ।
11. इन्द्र और आप में इतना ही फर्क है ।
12. गल गए तारोंवाली रात्रि, अब थोड़ी रह गई थी।

13. नहीं देखे हुए ऊँचे-नीचे भूमि भाग पर तेरे पैर वास्तव में बराबर नहीं पड़ते हैं।
14. फूलों के गुच्छों की तरह मनस्वी मनुष्य की वृत्ति दो प्रकार की होती हैं, सर्व लोक के मस्तक के ऊपर या जंगल में ही नष्ट होते हैं ।
15. निर्गुणपना ही बहुत अच्छा है, गुण के गौरव को धिक्कार हो ।
देखो, दूसरे पेड़ आनंद करते हैं और चंदन के पेड़ काटे जाते हैं ।
16. वर्षा ऋतु में मोर अपने पंखों को मंडल रूप करके अच्छे कंठ से मधुर गीत सहित नृत्य करते हैं ।
17. सूर्यसमान देवसूरि ने वास्तव में कुमुदचन्द्र को न जीता होता तो जगत में कौन श्वेतांबर कमर ऊपर वस्त्र धारण कर सकते।
18. कु संसर्ग से कुलवान मनुष्यों का अभ्युदय कैसे होगा, बोर के पेड़ के पास कदली केले का वृक्ष कितना आनंद कर सकता है?
19. इसके द्वारा आधे राजाओं को दास बनाया गया और आधे को मारा गया, आधे हाथी और आधे घोड़े। इसके द्वारा (युद्ध में) सभी तैयार नही किये गये थे ।
20. मन, वचन और काया में पुण्यरुपी अमृत से भरे हुए उपकार की परंपरा द्वारा त्रिभुवन को खुश करनेवाले, दूसरों के परमाणु रूप गुण को भी पर्वत तुल्य मानकर अपने हृदय में खुश होनेवाले संतपुरुष कितने हैं ।

**हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद**

1. **अस्माक सैन्य इयन्तोऽरयः कति ।**
2. **कतिपयेऽपि देवाः कतिपया अपि नागा अस्य संनिभा नाभवन् ।**
3. **पर्वतेषु मेरु र्महिष्ठः प्रथिष्ठश्चास्ति ।**
4. **अन्नानां माषा गरिष्ठाः स्निग्धतमाश्च सन्ति ।**
5. **पाण्डवानां भीमसेनः स्थविष्ठो द्रढिष्ठो बलिष्ठश्चासीत् ।**
6. **हस्तस्य पञ्चाङ्गुलयः सन्ति तासां कनिष्ठा कतरा ।**
7. **भूयाननेहा गतस्तदपि रामराज्यस्य महिमानमद्यापि जना गायन्ति ।**
8. **अस्य शकटस्य धुरि द्वावनड्वाहौ संयोजितौ स्तः तयोरेकतरो गरीयानन्यतरश्च यवीयानस्ति ।**
9. **कृष्णस्याष्टाग्रमहिष्य आसँस्तासु कृष्णस्य प्रियतमा कतमासीत् ।**

10. प्लवङ्गस्य लाङ्गूलं द्राधिष्ठमुष्ट्रस्य च ह्रसिष्ठमस्ति ।
11. हिन्दुस्थानस्य नगरेषु वरिष्ठं नगरं कतरज्जैनानां च तीर्थस्थानेषु वरिष्ठं तीर्थस्थानं कतमत् ।
12. चाणक्यस्य मति स्थेष्ठा वर्षिष्ठा चासीत् ।
13. सर्वाभ्यो नदीभ्यो गङ्गानद्याः प्रथिमा द्राघिमा च साधिष्ठोऽस्ति ।
14. एते सप्त छात्रास्सन्ति तेषु प्रथमे त्रयः पटिष्ठाः चरमाश्च त्रयो मन्दतमाः सन्ति ।
15. मम पार्श्वे व्याकरणस्य द्वे पुस्तके आस्तां तयोरेकतरमहं मम सहाध्यायिनयार्पयम्।

## पाठ 23

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. विनय से धन से या विद्या से विद्या ग्रहण की जा सकती है, वास्तव में चौथा कारण नही है ।
2. प्रथम उम्र में बुद्धिमान मनुष्यों को आत्मा द्वारा (संपूर्ण मन लगाकर) विद्या ग्रहण करनी चाहिए, दूसरी (मध्य) उम्र में धन कमाना चाहिए और तीसरी उम्र में धर्म का संग्रह करना चाहिए।
3. राजा एकबार बोलता है, साधु एक बार बोलते हैं, कन्या एक बार दी जाती है, ये तीनों एक एक बार ही होते हैं ।
4. आयुष्य के बिना बत्तीस लक्षण वाला पुरुष भी प्रशंसा का पात्र नहीं है । जैसे पानी के बिना सरोवर और सुगंध के बिना पुष्प भी प्रशंसा पात्र नही है।
5. दूसरे तीसरे राजा की कीर्ति को सहन नहीं करने वाला यह राजा, इस जगत में दूसरे जगत में और तीसरे जगत में प्रसिद्ध है ।
6. 'दो!' ऐसा वचन सुनकर शरीर में रहे हुए पाँच देवता श्री, ह्रीं धी, धृति और कीर्ति उसी क्षण भाग जाते हैं।(अर्थात् 'तुम दो' ऐसे किसी के पास मांगना नहीं चाहिए)
7. एक बार, दो बार, तीन बार, चार बार या पाँच बार, महान मनुष्य अपराध को सहन करते हैं ।
8. पहला सुख तंदुरुस्ती, दूसरा सुख लक्ष्मी, तीसरा सुख यश, चौथा सुख पति के हृदय में बसी हुई पत्नी, पंचम सुख विनयवान पुत्र, छठा सुख राजा की असाधारण सौम्य दृष्टि, सातवाँ सुख बिना भय की बस्ती, ये सात सुख जिसके

घर में हैं उसके घर में प्रत्यक्ष धर्म का प्रभाव दिखता है।

9. पाँच वर्ष तक पालन करना, दश वर्ष तक ताड़न करना, लेकिन सोलहवाँ वर्ष होने पर पुत्र को मित्र की तरह गिनना चाहिऐ ।
10. सोलह विद्या देवियाँ आपका नित्य रक्षण करें ।
11. चौबीस तीर्थंकर भगवंत मुझ पर प्रसन्न हों ।
12. सभी देवो से पूजित एकसो सित्तर जिनेश्वरों को मैं वन्दन करता हूँ ।
13. इस दिन से बासठवें दिन राजा जरूर आयेंगे ।
14. वास्तव में बारहवें चंद्र में पुष्य नक्षत्र सभी अर्थ का साधक होता है।
15. सो रुपये वाला हजार रुपये की इच्छा करता है, हजार वाला करोड़ की इच्छा करता है, करोड़ वाला राजा बनने की इच्छा करता है और राजा भी वास्तव में चक्रवर्ती बनने की इच्छा करता है ।
16. विक्रम के इस 2007 वर्ष में, निर्वाण प्राप्त भगवान महावीर को दो हजार चार सौ सित्तर वर्ष हुए ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. अस्य नृपस्य सैन्यमस्य नृपस्य विशांशस्यापि नास्ति ।
2. अस्माद्दिनात्षष्ठे सप्तमे वा दिने स तव नगरे समेष्यति ।
3. सकृद् द्विर्न किन्तु शतकृत्व ऋजुकृतं शुनो लाङ्गुलमृजु न तिष्ठति ।
4. त्रिषष्टि-शलाका-पुरुषचरितस्य दश पर्वाणि सन्ति तेषां चत्वारि पवाण्यहमध्यैयि।
5. चतुर्विंशतिस्तीर्थंकरा द्वादश चक्रवर्तिनो नव बलदेवा नव वासुदेवा नव प्रतिवासुदेवाश्चेति सर्वे मिलित्वा त्रिषष्टिः शलाका-पुरुषा एकस्यामवसर्पिण्या-मेकस्याञ्चोत्सर्पिण्यां भवन्ति ।
6. स्त्रियाः चतुःषष्टिःकलाः पुरुषस्य च द्वासप्ततिः कलाः सन्ति ।
7. चैत्रमासस्य शुक्लपक्षस्य त्रयोदश्यां भगवतो महावीरस्य जन्माभवत्।
8. अयं पाठः कतिथोस्ति? इमं पाठं त्वं कतिकृत्व अध्यैथाः?
9. एतस्याचार्यस्य गच्छे अष्टशतं साधवः सन्ति ।
10. सप्तविंशे वर्षेऽहं तं मोक्ष्यामि ।
11. प्रायः द्व्यशीतिं दिनानि सोऽत्र स्थास्यति ।
12. भगवान्महावीरो द्विसप्ततितमे वर्षे मोक्षं गतवान् ।

## पाठ 24

## संस्कृत का हिन्दी

1. जो सुंदर कमलवाला नहीं है वह जल नहीं है, जो लीन भ्रमरवाला नहीं है वह कमल नहीं है, जो मधुर गुंजनवाला नहीं है वह भ्रमर नहीं है, जिसने मेरा मन हरण नहीं किया है वह गुंजन नहीं है।
2. हिरण्यकशिपु दैत्य जिस जिस दिशा को हँसकर भी देखता था, उस दिशा में भयभ्रांत देव नमस्कार करते थें ।
3. उस यात्रा में कुतूहलवश मनुष्यों द्वारा बलभद्र और कृष्ण, शुक्ल और कृष्ण पक्ष की तरह शुक्ल और कृष्ण देखे गये थे ।
4. ऋषि ने प्रणाम करने वाले राजा का हाथ द्वारा स्पर्श किया। मानों उसके अंग पर लगी हुई मार्ग की धूल को साफ न करते हों ।
5. उस आश्रम में उन दोनों भाइयों ने प्रवेश किया और नयन कमल के लिए सूर्य समान पिता को आगे देखा ।
6. और उसके बाद नौ मास और साढ़े सात दिन अधिक धारिणी ने अपनी कान्ति से जिसने सूर्य को भी न्यून किया है (सूर्य से भी अधिक तेजस्वी) ऐसे पुत्र को जन्म दिया।
7. उस सार्थ को लूटने के लिए उस (अटवी में) बाघ की तरह चोर दौड़े और सार्थ के साथ वाले सभी मनुष्य मृग की भाँति भाग गये ।
8. उस दिन से सातवें दिन विवाह का मुहूर्त तय किया ।
9. जिसको आश्चर्य हुआ है ऐसे राजा ने उस हार को निश्चल दृष्टि द्वारा देखकर उत्तरीय वस्त्र के एक भाग में बाँधा ।
10. राजपुत्रों के साथ अनेक प्रकार के क्रीड़ा सुख का अनुभव करनेवाले निरंकुशगतिवाले उस बालक के पाँच वर्ष अंतःपुर में व्यतीत हुए।
11. युद्ध में उसके दुश्मनों द्वारा सुंदर धनुषों में बुद्धि न लगाकर निर्बलता और भय को धारण किया गया।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **भीमराजस्य पुत्री दमयन्ती स्वयंवरे नलं ववार ।**
2. **अनुरक्तो लोको हाहा कर्तुं प्रचक्रमे तं हाहाकारं श्रुत्वा तत्रागत्य दमयन्ती**

जगाद, नाथ ! त्वां नाथामि यद् मयि प्रसीद द्यूतं च मुञ्च।

3. तस्या वाचं नलो न शुश्राव तां च ददर्शापि न ।
4. नल: स्वीयेन भ्रात्रा पुष्पकरेण सह दिदेव ।
5. सीता हेममृगं ददर्श रामश्च तं ग्रहीतुं दधाव ।
6. रावण: सीतामपहृत्य लङ्कामानिनाय ।
7. रामो रावणेन सह युयुधे बहवश्च योधा मम्रु: ।
8. लक्ष्मणं मृतं मत्वान्त:पुरस्य स्त्रियश्चक्रन्दु: ।
9. सीतामसतीं ज्ञात्वा रामस्तां तत्याज ।
10. पक्वं धान्यं कृषीवला लुलुवु: ।
11. भगवतो जन्म ज्ञात्वा शक्रस्स्वीयात्सिंहासनात्सप्ताष्ट पदानि दूरं गत्वा भगवन्तं तुष्टाव।
12. झंझावात उद्यानस्य सर्वान्वृक्षान्बभञ्ज ।

## पाठ 25

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे ब्राह्मण! तेरे द्वारा कलिंग में ब्राह्मण मारा गया है ? हे प्रभु ! मैं कलिंग गया ही नहीं। 'निश्चय मेरे द्वारा कलिंग में ब्राह्मण मरा है' इस प्रकार सोते हुए तुमने बोला है, तो ऐसा क्यों बोला है?
   सोते समय मैंने जो बोला, वह मिथ्या है ।
2. क्या तुम उसको इस प्रकार नहीं जानते थे कि उस लवण नाम के दानव ने ब्राह्मणों को हमेशा पराभूत किया है, मारा है और खाया है ।
3. 'अति सुंदर वर को हम दी गई हैं' – इस प्रकार उन कन्याओं ने जाना और बहुत खुश हुई ।
4. कर्ण राजा ने चमडी को, शिबिराजा ने मांस को, मेघवाहन राजा ने जीव को और दधिचि ऋषि ने हड्डियों को दिया, महात्माओं को न देने योग्य (कुछ) नहीं।
5. *उस आश्रम में मृग के बच्चों का लालन-पालन करते, तप के कष्ट को नहीं* जानते, उन स्त्री पुरुषों ने कितना समय व्यतीत किया।
6. वह भोजन नहीं खाता था, पानी भी पीता नहीं था और मौनपूर्वक योगी की तरह ध्यान में तत्पर रहता था।

7. उसके वियोग के भय से मानों उसके रत्नों के आभूषण भी तेज बिना के हो गये और मुकुट की मालाएँ मुर्झा गईं ।
8. नियत समय रहते ग्रह जैसे एक राशि में से दूसरी राशि में जाते हैं, उसी प्रकार वे (साधु) नियत समय रहते हुए, एक नगर से दूसरे नगर में, एक गाँव से दूसरे गाँव में और एक वन से दूसरे वन में विचरते थे।
9. भ्रमर जैसी वृत्तिवाले वे (साधु) पारणे में (तप के पारणे) दाता को दुःख नहीं देते हुए प्राण बचाने के लिए भिक्षा लेते थे ।
10. मोह राजा की सेना के मानों चार अंग न हों वैसे चारों कषायों को क्षमादि अस्त्रों से सर्वथा जीते ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **नलदमयन्त्यौ वन आटतुः ।**
2. **कृष्णः कंसं जघान ।**
3. **रामो रावणं जिगाय ।**
4. **अर्जुनो द्रोणाचार्याद् धनुर्विद्यामधिजगे ।**
5. **यथा सम्प्रति महान् जैननृपो बभूव तथा कुमारपालो महान्जैननृपो बभूव ।**
6. **चाणक्यो नन्दस्य राज्यमाच्छेत्तुं निश्चिकाय ।**
7. **स्वीयस्यासनस्य कम्पेनेन्द्रो भगवतो जन्म जज्ञे ।**
8. **भगवता जन्ममहोत्सवसमये स्वर्गादागद्भिरसंख्यै र्देवै राकाशं व्यानशे ।**
9. **महावीरस्य बीरतामिन्द्रः स्वीयायां सभायां नुनाव देवाश्च स्वीयानि मस्तकानि दुधुवुः ।**
10. **सीता सेनान्योमुखेन रामाय वाचिकं प्रजिघाय।**
11. **रामराज्यं को न सस्मार ।**

## पाठ 26

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. उसके बाद सुग्रीव आदि सुभटों के साथ, लक्ष्मण सहित राम ने लंका विजय की यात्रा के लिए गगन मार्ग से प्रस्थान किया ।
2. अपने सैन्य के द्वारा दिशाओं के मुख को भी ढकनेवाले करोडों महाविद्याधर राजा उसी समय राम के साथ चले ।
3. विद्याधर द्वारा प्रयाण के लिए बजाए गए अनेक वाद्ययंत्रों ने अत्यंत गंभीर

आवाज द्वारा आकाश को भर दिया ।

4. स्वामी के कार्य को सिद्ध करने में अभिमानी ऐसे विद्याधर, विमानों द्वारा, रथों द्वारा, घोड़ों द्वारा, हाथियों द्वारा और दूसरे वाहनों द्वारा आकाश में चले।
5. समुद्र के ऊपर से जा रही सेना के साथ राम क्षणभर में वेलंधर पर्वत पर वेलंधर नगर में पहुँचे ।
6. वहाँ समुद्र की तरह दुर्धर और उद्धत, समुद्र और सेतु राजा ने राम की अग्र सेना के साथ लडाई शुरू की ।
7. आप उन चार (श्रेष्ठियों) की चार पुत्री होंगी, वहाँ मनुष्य बने हुए उस (देव) के साथ तुम्हारा संगम होगा ।
8. और मनक मुनि के काल धर्म होने पर श्री शय्यंभवसूरि ने, शरद् ऋतु के मेघ के समान नयनों से अश्रुजल बरसाया ।
9. उस नगर में समान उम्र के चार वणिक् थे, वे उद्यान के वृक्ष की तरह वास्तव में साथ में वृद्धि को पाए थे ।
10. और उसके बाद सेवा के लिए पास में आए हुऐ और प्रणाम करते हुए मंत्री से राजा ने क्रोध से अपना मुँह मोड़ लिया ।
11. क्या इस (हवेली) में जाऊ अथवा 'क्या इस (महल) में जाऊं' इस प्रकार हवेलियों को देखते मुनि पुंगव पूरे नगर में घूमे ।
12. वह बोला, 'मैं मीठे और पके फल वन में से लाया हूँ, ओ महर्षियो ! आप खाओ!
13. बड़े समुद्र में से मिले हुए रत्नों से देव खुश नहीं हुए, भयंकर विष से भी भयभीत नहीं हुए, अमृत के बिना रुके नहीं, वीर पुरुष निश्चित किए लक्ष्य से रुकते नहीं हैं ।
14. ग्रहण किया है भारी किराणा जिसने और साक्षात् उत्साह समान उसने एक दिन वसंतपुर जाने के लिए इच्छा की ।
15. और बुरे आशयवाले उन्होंने प्रत्येक स्थान के चैत्यों (मंदिरों) को तोड़ डाला क्योंकि उनको जन्म से ही संपत्ति से भी धर्म को ध्वंस करने में ज्यादा रस होता है।
16. उसके बाद राम ने दशरथ को कहा, 'अगर पिताजी स्वयं म्लेच्छ का संहार करने के लिए जायेंगे, तो छोटे भाई (लक्ष्मण) के साथ राम क्या करेगा ?
17. लगता है पृथ्वी पर रहे हुए देव न हो, उस प्रकार भृकुटी को बिना हिलाए राम ने, शस्त्रों द्वारा जैसे शिकारी मृग के झुंड को मारते हैं वैसे उन करोडों को मार

डाला।

18. विद्वत्ता और राजापना कभी भी समान नहीं है (क्योंकि) राजा अपने देश में ही पूजा जाता है और विद्वान् सभी देशों में पूजे जाते हैं ।
19. सामान्य राजाओं के घर में दुर्लभ ऐसे बहुत से पुष्पों द्वारा, पत्तों द्वारा और रत्न के आभूषणों द्वारा परम भक्ति से रोमांचित शरीर वाले राजा ने मुनि की पूजा की।
20. उस कुमार ने सभी प्रतिविद्याएँ सहित चौदह विद्याएँ दश वर्ष में जान लीं। सभी कलाएँ और शास्त्र को जाना । चित्रकला और वीणावादन में विशेष निपुणता प्राप्त की ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **राजा दशरथो दीक्षां ग्रहीतुं राज्ञीः पुत्रानमात्यांश्चाऽऽपप्रच्छे ।**
2. **नमस्कारं कृत्वा भरतो बभाषे 'हे प्रभोऽहं भवता सह दीक्षामुपादास्ये' ।**
3. **तच्छ्रुत्वा कैकेयी 'मम पतिः पुत्रश्च नूनं न स्तः' इति दध्यौ उवाच च 'हे स्वामिन् स्मरसि यत्त्वया स्वयं वरो ददे' तमधुना मह्यं देहि, दशरथः कथयाञ्चकाराहं स्मरामि व्रतनिषेधं विना यद् मम हस्ते तद् वृणु, कैकेयी ययाचे यदि त्वं दीक्षां गृह्णासि तदा 'इमां पृथ्वीं भरताय देहि'।**
4. **अद्यैवेयं भूमि र्भरतेन गृह्यतामिति तामभिधाय राजा दशरथो सलक्ष्मणं राममाजुहावाभिदधे च अस्याः सारथ्येन संतुष्टोऽहं प्रथममेतस्यै वरमर्पयाञ्चकार, स वरः कैकेय्याऽधुना मृगयाञ्चक्रे यद् 'इमां पृथ्वीं भरताय देहि'।**
5. **एतच्छ्रुत्वा रामो जहर्ष जगाद च यद् माता मम भ्रात्रे भरताय राज्यं ययाचे तत्सुष्ठु चकार।**
6. **रामस्येदं वचः श्रुत्वा दशरथो यावन्मन्त्रिण आदिदेश तावद्भरतो बभाषे।**
7. **हे स्वामिन् ! मयाऽऽदावेव भवता सह दीक्षां लातुं प्रार्थितं ततो हे तात! कस्यापि वचसाऽन्यथा कर्तुं भवान्नार्हति ।**
8. **राजोवाच हे वत्स ! मम प्रतिज्ञां मिथ्या न कुरु ।**
9. **रामो राजानमुवाच 'मयि सति भरतो राज्यं न ग्रहीष्यति ततोऽहं वनवासाय गच्छामि'।**
10. **इति राजानमापृच्छय नमस्कारं च कृत्वा भरते उच्चै रुदति सति रामो वनवासाय निर्ययौ ।**

## पाठ 27

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. कर्णधार के साथ उसको मित्रता हुई ।
2. तुमने उसको नहीं देखा, इसलिए इस प्रकार बोला है ।
3. ऐसे जंगल के फल मैंने पहले भी खाए है ।
4. ये वे सरोवर हैं, जहाँ हंस की तरह मैं ने क्रीड़ा की है, ये वे ही वृक्ष हैं, जिनके फल मैंने बंदरों की भाँति खाए हैं।
5. पृथ्वी को एक छत्रवाली करनेवाले महापराक्रमी उस (राजा) की आज्ञा, इन्द्र के वज्र की तरह किसी के द्वारा खंडित नहीं की गई।
6. जलचर द्वारा सागर की तरह उसका घर घोड़े, खच्चर, ऊँट और दूसरे भी वाहनों द्वारा शोभा देता था।
7. जिससे तुमने प्रेम किया और उत्कंठा की, उसने तीर्थ में क्या दान दिया और क्या तप किया है?

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **अद्य वयमुद्यानमव्राजिष्म तत्र वयं वृक्षस्य छायायामासिष्महि विहङ्गमा मधुरं मधुरमारविषुः वयमन्तिके आम्रस्य वृक्षानैक्षिष्महि अस्माभिराम्राण्यग्राहिषताखादिषत च, आम्राणि खादित्वा वयमुद्यानस्य सौन्दर्यमीक्षमाणा अभ्रमिष्म (आटिष्म), तावत्येकस्यतरोरध ऊर्ध्वस्थितो ध्यानस्थो महामुनिरस्माभिरैक्षि, स. मुनी रविरिवादीपि, चन्द्रमा इव प्राकाशिष्ट वयं मुनिमवन्दिष्महि पश्चाच्च गृहं प्रत्यचालिष्म ।**
2. **मनो! त्वमखिलां रजनीं माटीः ।**
3. **मङ्गलपाठकानां स्तुतिं श्रुत्वा राजा जागरीत् ।**
4. **मनुष्यभवे जन्म लब्ध्वा यूयं किमग्रहीष्ट? पुण्यं वा पापम् ।**
5. **भरतेन प्रहितस्य दूतस्य वचांसि श्रुत्वा बाहुबलिरहसीत् ।**

## पाठ 28

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. जिसने परमार्थ को जाना है, ऐसे पंडितों की तू अवज्ञा मत कर । तृण के समान हल्की लक्ष्मी उनको (पंडितों को) रोक नहीं सकती है, नये मद की रेखा से श्याम हुए हैं गंडस्थल जिनके ऐसे हाथियों को कमल के तंतु रोक नहीं सकते हैं।
2. उस राजर्षि ने इस प्रकार विचार किया, 'अहो ! उन कुमंत्रियों का मैंने सन्मान किया, यह निश्चय ही राख में होम किया है' ।
3. 'यह (ऋषि) शाप नहीं दे दे' इस हेतु से भयभीत बनी वे (स्त्रियाँ) शिकारी से भयग्रस्त हिरणियों की भाँति एक दूसरे को मिले बिना जल्दी जल्दी भाग गई ।
4. वे (राजा) उसकी ओर अभिमान से आवेश करते थे, द्वेष करते थे और देखते थे। उनको इसने बाणों से ढक दिया (और) उनके प्राणों को भी हर लिया।
5. राजा ने रत्नों को ग्रहण किया (और) सोने को ग्रहण किया! ग्रहण करके उसको दिया, वह चला (और) खुश हुआ ।
6. 'स्वामी ! अवसर आने पर माँगुंगी, मेरा वरदान न्यास के रूप में रहे, इस प्रकार कैकेयी बोली राजा ने भी वह (बात) कबूल की।
7. उसने हमारा वचन सुना ।
8. दुष्यन्त राजा ने शकुन्तला से शादी की थी।
9. विद्यागुरुओं ने सभी शास्त्र उसको क्रमशः बताए।
10. दो घुड़सवारों को उसने देखा और पूछा, अरे ! इस सेना में खलभलाहट (भागदौड़) क्यों हो रही हैं ?
11. 'मेरे बारे में तू अप्रसन्न न हो और मेरे बारे में तू विरुद्ध न हो' इस प्रकार वह बोला। उसने लज्जा की और सखी को बोलने का आग्रह किया।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **यः समुद्रमधुक्षत पृथ्वींचाऽदुग्ध तस्य जयकेशिनृपस्येयं पुत्र्यस्ति।**
2. **राजा भोजनादौ नाऽराङ्क्षीत्, जलक्रीडाद्या क्रीडया नाऽरंस्त, काय-विकारस्य च चेष्टां नाऽरौत्सीत् ।**
3. **सा कन्या ''मम पतिः कर्ण एवास्ति' इत्यबुद्ध, अतस्त्वमपि तां क न्यां तथाऽबुद्धाः।**

4. हे राजन् ! अस्याः कन्याया विषये त्वामन्तरायो मा व्याहत ।
5. वचसा कस्याऽपि मर्म मा भिद्ध्वम् ।
6. अहं युष्मानधुनैवास्मार्ष यूयं च अधुनैवाऽदृग्ध्वम् ।
7. दमयन्ती हंसात्प्रशंसामश्रौषीत्, मनसा च नलमवृत ।
8. हे स्वामिन् ! खलानां वचसा यथा मामत्याक्षीः तथा जिनभाषितधर्मं मा त्याक्षीः।
9. वयमस्माकं क्षेत्रस्य भूमिममास्महि ।
10. गोपालः सायं गाः स्वगृहमनेष्ट ।
11. सो ऽमृताऽपि प्रतिज्ञां नात्याक्षीत् ।

## पाठ 29

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. कोई भी पाप नहीं करे, कोई भी दुःखी नहीं हो, और सारा संसार मुक्त हो, ये विचार मैत्री कहलाते हैं ।
2. राम जैसे दशरथ थे, दशरथ जैसे रघुराजा थे, रघुराजा जैसे अजराजा भी थे और अजराजा जैसा दिलीपवंश था, राम की यह कीर्ति आश्चर्यकारी है ।
3. मेरे वैराग्य का रंग दूसरों को ठगने के लिए था, धर्म का उपदेश मनुष्यो के रंजन के लिए था, विद्या का अध्ययन वाद के लिए था, हे प्रभु ! हास्य करनेवाला (करानेवाला) मेरा खुद का कितना (चरित्र) मैं (आपको) कहूँ ।
4. 'तुम मेरे हृदय में बसते हो' इस प्रकार मुझे प्रिय जो तुमने बोला, उसको मैं कपट मानता हूँ ।
5. मेरे इस जीवन से क्या? और बहुत से तप से भी क्या? क्योंकि खुद के पुत्र की हार कान को सुनने में आई ।
6. उन्होंने लंबे समय से खाली पड़े हुए किसी आश्रम स्थान का आश्रय लिया; सूखे पत्ते आदि का भोजन किया और घोर ऐसा तप किया ।
7. उसने खाखरे के पेड़ के पत्ते लेकर रहने के लिए झोपड़ी बनाई जो कि मृगों के लिए और मुसाफिरों के लिए (भी) ठंडी छाया देनेवाली अमृत की प्याऊ (जैसी) थी।
8. जितने में युवावस्था में (पिता का) सामने से उपकार करने के लिए (बदला

चुकाने के लिए) समर्थ हुआ, इतने में पापी अजितेन्द्रिय ऐसा मैं भाग्य से यहाँ आया हूँ ।

9. अहो ! अत्यंत घोर नरक में गिरने के लिए साक्षी समान, काम के बाण ऐसे विषयों के भेद्यपने को प्राप्त न कर ।
10. उसने युवावस्था में, कुल में उत्पन्न हुई राजकन्याओं से शादी की। उनसे युक्त वह, लता से युक्त वृक्ष की तरह शोभा देता था ।
11. कुमार ! परंतु मैं पूछूं, पूछने के लिए ही आया हूँ, अजीर्ण के बुखार से पीड़ित *की तरह तुमने भोजन को क्यों त्याग दिया है?*
12. ऊँचे फणवाले साँपों ने उसे काटने के लिए धमण समान मुख से फुत्कार करते हुए पवन छोड़ा ।
13. धनपाल का सुंदर वचन और मलय का सुंदर चंदन, हृदय में धारण कर वास्तव में ! कौन शान्त नहीं हुआ ।
14. मूर्छा पाए हुए आन्ध्रप्रदेश के राजा ने उस समय खून से पृथ्वी को लीपा और सींचा तथा बंदीवृंद ने पानी और चंदन द्वारा उसको सींचा और लीपा ।
15. तलवार से दूसरा (साथ) और दूसरा कृष्ण (कृष्ण समान) इस राजा को दूसरे और तीसरे (सर्व) देशों से आकर राजा नमस्कार करते थे ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **राजा मुनिं दृष्ट्वाऽमोदिष्ट तस्य चाऽद्भुतं तपःसामर्थ्यं चिन्तयन्सभामगात्।**
2. **अमी ते वृक्षास्सन्ति हि येष्वावां वानरवत्स्वैरमरंस्वहि ।**
3. **त्वं कं सुभगं दृष्टयाऽपा येन तवेदृशीदशाऽभूत् ।**
4. **हे सुभ्रु ! किं त्वं किंपाक-फलमच्छा आघ्राश्च वा सप्तच्छदपुष्पमच्छा-सीराघ्रासीश्च यतस्त्वमेवमार्तीभवसि ।**
5. **स बहुषु देशेष्वभ्रमत् स च बहून्यद्भुतानि वस्तून्यदर्शत् ।**
6. **युद्धे योऽनशत् तमहं नाऽऽहसि तथाऽहं रणान्नाऽनेशम् ।**
7. **अहं पापानि नाऽकार्षं तदाऽहं दुःख-गर्तायां किमपप्तम् ?**
8. **स पाणिना श्मश्रुमस्पृक्षत् ततश्च धनुरस्प्राक्षीत् ।**
9. **ये भुजबलेनाऽदृपन् मन्त्राऽस्त्रैश्चाऽद्राप्सुः, तान्प्रत्येकं स नृपो वश्यकार्षीत्।**
10. **सिंहस्य भयेन गजा अदुद्रुवन् स्थातुं ते नाऽचकमन्त ।**

## पाठ 30

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे राजन् ! आप लक्ष्मी को वरें ! शत्रुओं को ढक दिया । पृथ्वी को वरें, अत: अब सुखपूर्वक बैठ, गुरु की स्तुति करो और संध्या विधि को करो और यश द्वारा इस भुवन को ढक दो ।
2. जैसे पार्वती शंकर में संग वाली हुई और लक्ष्मी कृष्ण में संगम वाली हुई, उसी प्रकार वह (कन्या) तेरे संग वाली हो और शुभ के साथ संगवाली हो ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **सकला लब्धयो यं श्रिता: स गौतमो गणभृद्युष्मार्क श्रियं पुष्यात् ।**
2. **सरस्वती देवी सदास्माकं मुखकमले सान्निध्यं क्रियात् ।**
3. **एष पुत्रो विद्याया: पारं यायात् ।**
4. **अहं लक्ष्मीवान्भूयासं त्वं च पुत्रवान् भूया: ।**
5. **एते दुष्टा मृषीरन् ।**
6. **विवेकमुत्साहं चाऽमुश्चद्रयो युष्मभ्यं युष्माकं पुरुषार्थ: सिद्धिं देयात् ।**

## पाठ 31

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. आभूषण आदि के उपभोग से प्रभु (राजा) प्रभु नहीं होता है (परंतु) शत्रुओं से जिनकी आज्ञा पराभूत नहीं होती हैं, ऐसे आपके समान प्रभु कहलाता है ।
2. हे जिनेन्द्र! आपके दर्शन से आज मेरा जन्म सफल हुआ है, मेरी क्रिया सफल हुई है और मेरा देह धारण करना सफल हुआ है।
3. हे स्वामी ! आपकी रुप लक्ष्मी को देखने के लिए इन्द्र भी समर्थ नहीं है (और) आपके गुणों को कहने में बृहस्पति भी शक्तिशाली नहीं है ।
4. आकाश जैसा जल है (और) जल जैसा आकाश है, हंस जैसा चंद्र है और चंद्र जैसा हंस है, कुमुद जैसे आकार वाला तारा है और तारा जैसे आकारवाले फूल हैं।
5. हे मृगलोचना ! तुम्हारे मुख के आगे चंद्र तो पिंडीभूत काजल से बना हुआ हो, ऐसा लगता है ।
6. सोई हुई, अकेली, भोली, विश्वासवाली और सती ऐसी दमयन्ती को छोड़ते हुए

अल्प बुद्धिवाले नल के पाँव किस तरह उत्साहवाले हो गये ?

7. जिनकी आज्ञा अखंड है ऐसे इन्द्र समान उस राजा के होने पर एक चन्द्रवाले आकाश की तरह पृथ्वी एक छत्रवाली ही थी ।
8. दुर्बुद्धि (और) अल्पबुद्धिवाले उसके वचन को सुनकर, अच्छी बुद्धि वाला राजा इस प्रकार बोला, ''वास्तव में धिक्कार है कि बुद्धि बिना के (अथवा) मंदबुद्धि वाले, अपनी आजीविका के लिए प्राणियों को मारते हैं ।
9. हे भद्र ! तुम क्या कहना चाहते हो ?
10. शुद्ध (और) कषाय रहित हृदयवाला, इन्द्रियों के वर्ग की चेष्टाओं को जीतनेवाला, कुटुम्ब के स्नेह् को छोडनेवाला योगी मोक्ष पद प्राप्त कर संसार में नहीं आता है ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **आसन्न–दशा गुर्जर–सुभटा मत्त–बहु–मात्तङ्गे शत्रुसैन्ये आरूढसुभटानर्ध–पञ्चम–विंशानश्वानघ्नन् ।**
2. **हे वामोरु ! च हे पीनोरु ! च युवामत्रोपविशतम् ।**
3. **तीव्र–पापोदये रम्भोरुभार्यो वा शोभनभार्योऽपि वा दुःखास्पदं भवेत् ।**
4. **दक्षिणपूर्वायां दिशि स्थितोऽग्निः सतेजा भवेत् ।**
5. **समनाः कुमारः प्रणन्तुकामः पितर्यागच्छत्**
6. **सधर्माणं जनं संदृश्य सधर्माणो जनास्संतुष्यन्ति ।**
7. **स कुमार उपचतुरेषु जगत्सु समप्रथयत ।**
8. **सर्वोत्तमपुरुषा जगति द्वित्रा द्विचतुस्त्रिचतुराः पञ्चषा वा भवन्ति ।**
9. **उद्गन्धि दुग्धं सुगन्धींश्च कलमांस्त्यक्त्वा जनाः पूतिगन्धं पलं काङ्क्षन्ति ।**
10. **कुमारपालेन राज्ञा सुस्वामिकायामस्यां भुवि कोऽपि जनो जन्तून्नाऽहन् ।**
11. **प्रभूतवीर–पुरुषस्यास्य ग्रामस्य शत्रूणां भयं नोपतिष्ठते ।**

## पाठ 32

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. 'वास्तव में मेरा वर्तन पशुतुल्य है या सत्पुरुषों के समान हैं', इस प्रकार मनुष्य को अपना वर्तन हमेशा देखना चाहिए ।
2. राम का 'कल्याण हो' (ऐसा) कहना और लक्ष्मण को आशिष कहना, तेरा मार्ग

हो कल्याणकारी, हे वत्स ! अब तुम राम के पास जाओ ।

3. आपकी आज्ञा के पालन रूपी अमृतरस से जिन्होंने (खुद की) आत्मा का हमेशा सिंचन किया है, उनको नमस्कार हो, उनको यह अंजलि (हाथ जोड़ना) हो और उनकी हम उपासना करते हैं ।

4. लंबे समय पश्चात् भी सब को कर्म अवश्य ही फल देते हैं, इन्द्र से लेकर कीड़े तक संसार की स्थिति ऐसी है ।

5. अत्यंत निर्मल ऐसे शील, विनय आदि गुणों द्वारा वह, समुद्र के मध्य में लीन होनेवाली गंगा नदी की तरह पति के हृदय में लीन हो गई थी ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **अनुदिनं यथाशक्ति पठ, यथासूत्रं तपोनुतिष्ठ, अधिवेलं भुङ्क्ष्व, उपमूर्खमागाः, अधिस्त्रि न विश्वसिहि, अध्यात्मं लीयस्व, दण्डादण्डि युद्धं मा कुरु, अन्तर्वणंमाट, अनुनृपं बहुशो न गच्छ, अपविचारं मा वद, बहिर्ग्रामं न वस, अनुरूपं ज्ञानं लभस्व, यथाज्ञानं गुणानाप्नुहि ।**

## पाठ 33

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. उसके द्वारा छाती में प्रहार किये हुए रघु राजा, सैनिकों के आँसुओं के साथ भूमि ऊपर गिरे और पलक मात्र में व्यथा को दूर कर सैनिकों के हर्षनाद के साथ खड़े हो गये ।

2. पापी और शठ ऐसे उन प्रधानों ने मेरे बाल पुत्र के राज्य को छीनने का प्रारंभ किया है, उन विश्वासघातियों को धिक्कार हो।

3. धूल की क्रीड़ा के मित्र समान ये मृग मेरे भाई जैसे हैं। जिनका मैंने दूध पीया है, ऐसी ये भैंसें माता समान हैं।

4. कान से पीने योग्य, अन्य अमृत समान, देवताओं को आनंद देनेवाली उसकी कीर्ति सुधर्म सभा में अप्सराओं द्वारा गायी गई ।

5. शरीर झुक गया है, काया भी लकड़ी की शरणवाली बनी है, दांत की पंक्ति गिर गई है, कर्णयुगल सुनने में असमर्थ हो गए हैं, अंधकार के समूह से श्याम बनी आँखे निस्तेज बन गई हैं, फिर भी आश्चर्य है कि निर्लज्ज ऐसा मेरा मन विषयों की इच्छा करता है।

6. जो सुख चक्रवर्ती को भी नही है और जो सुख इन्द्र को भी नहीं है, वह सुख यहाँ लोक प्रवृत्ति से रहित साधु को है ।
7. वसंत ऋतु में ठंडी से भयभीत को यल द्वारा गाया गया, मानों कानो से सुनने की इच्छावाले न हों, इस प्रकार पानी के भीतर रहे कमल खड़े हो गए ।
8. जंबूद्वीप के मध्य में पर्वतो में मुख्य मेरु नाम का सोने का बडा पर्वत है, वह देदीप्यमान औषधियों का भंडार है और वह सभी देवों के रहने का स्थान है।
9. तुझे इन्द्र जैसा पति और जयंत जैसा पुत्र मिले, तुम इन्द्राणी जैसी बनो, दूसरी आशिष तेरे योग्य नहीं है ।
10. उसके बाद सीता के स्वयंवर के लिए जनक राजा द्वारा आमंत्रित विद्याधर राजा वहाँ आकर मंच पर बैठे ।
11. उसके बाद सखियों द्वारा घिरी हुई, दिव्य आभूषणों को धारण (पहनना) करने वाली, पृथ्वी पर चलने वाली मानों देवी न हो, ऐसी जनक राजा की पुत्री (सीता) वहाँ आई ।
12. जो सुबह में है वह दोपहर में नहीं है, जो दोपहर में है वह रात में नहीं है, इस संसार में पदार्थों की अनित्यता ही दिखाई पड़ती है ।
13. मेरे दोनों नयन हमेशा (हे प्रभु) आपके मुख को निहारते रहो, मेरे दोनों हाथ आपकी सेवा में लगे रहो, और दोनों कान आपके गुणों को सुनने में मग्न हों।
14. यदुवंश रूप समुद्र में चन्द्र समान, कर्म रूपी सूखे घास के लिए अग्नि समान, अरिष्टनेमि (२२ वें) भगवान आपके पाप को नष्ट करने वाले बनें ।
15. हे भद्रे ! तुम कौन हो? अथवा इस जिनालय में क्यों आई हो?
वह बोली, 'हे राजन् ! आप मुझे नहीं पहिचानते? मैं वास्तव में सभी राजवृन्दों ने जिसके चरण सेवे हैं ऐसी राजलक्ष्मी हूँ, तेरी इच्छित वस्तु को प्राप्त कराने के लिए आई हूँ, कहो, आपका क्या प्रिय करूँ?
16. इस भवसागर में जन्मांतर में भाई, मित्र व पदार्थों के साथ हुए नाना प्रकार के संबंध, विविध कर्म के पराधीन प्राणियों को पुनः वे अबाधित संबंध होते है ।
17. यह उस इन्द्र का मित्र दुष्यन्त है ।
18. थकान के बाद सोने वाले को निद्रा वज्रलेप की तरह लग जाती है (आ जाती है)।
19. पवित्र दिन है, पवित्र दिन हैं, खुश हो जाओ, खुश हो जाओ ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. साधिताशेषभरतं गगनस्थितं भरतचक्रवर्तिनश्चक्रमयोध्याभिमुखं चचाल।
2. आद्यप्रयाणदिनात्षष्टौ वर्षसहस्रेषु चक्रमार्गानुगो भरतोऽपि चचाल ।
3. खेचरानपिसैन्योद्धूतरजः पूरपरिस्पर्शेन मलीमसीकुर्वन्,
   प्रतिगोकुलं विकसद्दृग्गोपसुद्दशां हैयङ्गवीनार्घं गृह्णन् ।
   प्रतिवनं कुम्भिकुम्भस्थलोद्भूतमौक्तिकप्रभृतीनि प्राभृतान्याददानः ।
   प्रतिग्रामं सोत्कण्ठग्रामवृद्धानात्तानात्तैरुपानयनैरनुगृह्णन् ।
   वृक्षाधिरूढान्नु प्लवंगान्ग्रामीणदारकान्सहर्ष पश्यन्,
   मलयानिल इव शनैः शनै र्गच्छन् दुर्विनीतारिशासन ऊर्वीशो भरतोऽयोध्यां प्राप।
4. अहम्मदाबादादग्निरथेनानन्दमागच्छतोऽर्धरात्रः संजातः ।
5. आङ्लदेशे दशाहं स्थित्वा वयं जलमार्गेण हिन्दुस्तानं न्यवर्त्तामहि ।
6. त्रिलोकीतिलकं श्रीमहावीरमहं नमामि ।
7. विक्रमसंवत्पूर्वे चतुःशत्यां सप्ततौ च वर्षेषु (गतेषु) आश्विनामावास्याया अपररात्रे भगवान्श्रीमहावीरो निर्वाणं प्राप ।

## पाठ 34

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हर रोज देव, ब्राह्मण, श्रमण और गुरु की सेवा में तत्पर ऐसे उसको, अपने हाथों से उपार्जित और पूर्व पुरुषो से उपार्जित बहुत सा धन अर्थिजन मित्र, भाई और विद्वानों द्वारा भोगने के बाद बचे हुए धन को भोगनेवाले उसको अंतिम उम्र में वसुदत्ता नाम की स्त्री को सभी अपत्यो में सबसे पहला तारक नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ ।
2. वधू और वर को गाने वाली सभी वेश्याएं खड़ी रही ।
3. गगन (आकाश) गगन समान है, सागर (समुद्र) सागर समान है, राम और रावण का युद्ध राम और रावण जैसा है ।
4. पर पदार्थ की इच्छा (स्पृहा) महा दुःख है और स्पृहा (इच्छा) रहितपना (वह) महा सुख है, सुख और दुःख का यह लक्षण संक्षेप से बताया गया है ।
5. दो बैलवाला भी मैं द्वंद्व (स्त्री-पुत्र) सहित हूँ, मेरे घर में हमेशा व्यय का अभाव है। हे पुरुष ! वह कर्म बताओ, जिससे मैं बहुत धान्यवाला बनूँ ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. धिया मयूरव्यंसक–छांत्रव्यंसकौ नु तौ नृपौ पतद्भिः पत्रिभिः, पतद्भिः पत्रिभिः प्लक्ष–न्यग्रोधाविव रराजतुः ।
2. स्निग्धं वाक्त्विषं तथापीठछत्रोपानहमुद्वहन् नारदस्तौ नृपौ शस्त्रपातभयेन धवखदिरपलाशं प्रविश्यैक्षिष्ट ।
3. तौ (नृपौ) भ्रात्रोः पुत्रयो र्नु प्रजहृतुः । (अत्र नैमित्तिकमधिकरणम् तस्मात् निमित्त–सप्तमी)
4. कुमारस्य पितरौ (पार्वतीपरमेश्वरौ) प्रद्युम्नस्य च मातापितरौ (कृष्णरुक्मिण्यौ) तुभ्यं क्रुद्धौ स्तः, इति मूलराज उवाच ।
5. अश्वरथं श्रितान् द्विषो दंशमशकममन्वानो लक्षनृपश्चापं जग्राह ।
6. तस्मिन्लक्षे नृपे इषून्वर्षति ब्राह्मण क्षत्रिय–विट्शूद्रास्त्रेसुः ।
7. ब्राह्मण–क्षत्रिय–विट्–शूद्रं त्राता मूलराजोऽपि जयाय चापं जग्राह, जयाय च भेरीशङ्खमुवाद ।
8. विरोधतोहिनकुलं नु तौ (नृपौ) देवासुरैरस्तूयेताम् ।

## पाठ 35

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. प्रारंभ किए इच्छित ग्रन्थ की समाप्ति के लिए ग्रंथकार अभीष्ट देवता की स्तुति करता है ।
2. प्रयत्न से पीलनेवाला (मनुष्य) रेती में से भी तेल पा ले और प्यास से पीड़ित मृगजल से भी पानी पी ले, पर्यटन करने वाला (मनुष्य) किसी दिन मृग के शृंग को पा ले, लेकिन कदाग्रही मूर्ख मनुष्य के चित्त को कोई भी साध नहीं सकता है – बदल नहीं सकता है ।
3. हे राजन् ! अगर इस पृथ्वी रूपी गाय को दोहना चाहते हो, तो आज ही इस लोक को बछडे की तरह पुष्ट करो, अच्छी तरह निरंतर पोषण होने पर यह पृथ्वी कल्पलता की तरह अनेक प्रकार के फल देती है ।
4. मूर्ख से भी मूर्ख ऐसा मैं कहाँ ? और वीतराग प्रभु का स्तवन कहाँ ? अत: मैं चलकर बड़े जंगल को पार करने की इच्छावाले पंगु जैसा हूँ ।
5. सूरि बोले, भवदत्त ! यह तरुण कौन आया है? वह बोला हे भगवन् ! दीक्षा

ग्रहण करने की इच्छा वाला मेरा छोटा भाई है।

6. रथ की आवाज से भयभीत ये मृग, पृथ्वी को जाने छोड़ने की इच्छा नहीं रखते हो, इस प्रकार वायु ऊपर चढे हुए की तरह आकाश में चलते हैं ।
7. हे सुन्दर ! व्यापार के लिए दिग्यात्रा करने की तू इच्छा रखता है (तो) हमारी आशिष से कुशलपूर्वक दिग्यात्रा करके जल्दी आना।
8. जीतने की इच्छावाले एक मात्रा से भी अधिक, किसी को सहन नहीं करते हैं इस हेतु से मानों हे धरानाथ ! आपने धारानाथ को हराया।
9. प्राणी के प्राणों को नष्ट करके जो मांस खाने की इच्छा करता है, वह मनुष्य धर्म रूपी वृक्ष के दया नाम के मूल (जड़) को उखेड़ देता है ।
10. ये धन सार्थवाह वसंतपुर जायेंगे (जानेवाला है) (तो) जो कोई भी वहाँ (वसंतपुर) जाने की इच्छा रखता हो, वे इनके साथ चले जाएं।
11. सर्वथा जीतने की इच्छा से रहित और पाप से अत्यंत भयभीत आपके द्वारा तीनों जगत जीते गए। बड़े मनुष्यों की चतुराई अपूर्व होती है ।
12. क्रिया बिना का मात्र ज्ञान वास्तव में काम का नहीं है, रास्ते को जानने वाला भी चलने की क्रिया के बिना इच्छितनगर में नहीं पहुँचता है।
13. धन की प्राप्ति की लोलुपता वाला मैं, प्यासा भी पानी नहीं पीता हूँ, भूखा होने पर (भी) खाता नही हूँ और रात में भी सोता नहीं हूँ ।
14. पुत्र आदि परिवार के साथ राजा दशरथ भी जाकर उनको वंदन करने लगे और देशना सुनने की इच्छा से बैठे ।
15. भक्ति करने की इच्छावालो के ऊपर आत्मभाव होता हैं वैसे ही मारने की इच्छा वाले के ऊपर भी आत्मभाव रखना चाहिए ।
16. यहाँ से नजदीक रहनेवाले स्वजनों को आपकी आज्ञा से देखने की इच्छा रखता हूँ।
17. धिक्कार हो ! धिक्कार हो ! निश्चय से मरने की इच्छा रखने वाले मैंने निंदित कर्म किया।
18. कुमार सभी को अनुक्रम से कहे, 'वह पत्र क्या है? किसने भेजा है, इसमें कौन सा कार्य करने के लिए कहा गया है ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. विद्यार्थिनो यथा पिपठिषन्ति तथा न प्रयियतिषन्ते ।
2. चिकीर्षितानि कर्माणि अपूर्णानि सन्ति जनश्च मुमूर्षति ।
3. एष प्रासादः पिपतिषति, अतोयूयं तं न प्रविविक्षत ।
4. कुसुमान्यवचिचीषया सुधा उद्यानं गताऽस्ति ।
5. मुमुषिषु मुँषित्वा पिपृच्छिषुः पृष्ट्वा विविदिषु विंदित्वा जिघृक्षु गृहीत्वा सुषुप्सु सुंप्त्वेव कृतकृत्यो भवेत् तथा तस्या दुःखेनानेकशो रुरुदिषुरहं तां कन्यामस्मिन्पट आलिख्यात्र चानीय कृतकृत्यो भवामि ।
6. जना धनं संचिचीषन्ति, अपि नार्पिपयिषन्ति ।
7. यूयं न मुमूर्षथ तथान्यं न जिघांसत ।
8. शूर्पणखायाः कथनेन रावणो सीतां स्वान्तःपुरमानिनीषांचकार सीतायाश्चाग्रहेण रामो मृगं जिघृक्षांचकार ।
9. वल्लभेन सह युद्ध्वा कोऽपि नृपः स्वदोःशक्तिं नादिद्दक्षतापि सर्वे रक्षणायेष्टदेवतामसुस्मूर्षन्त ।

## पाठ 36

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. अज्ञानी मनुष्य को सुख से आराध सकते हैं (समझा सकते हैं) (और) विशेष ज्ञानी मनुष्य को बहुत सुख से आराध सकते हैं। (परंतु) थोड़े ज्ञान से गर्विष्ठ मनुष्य को ब्रह्मा भी खुश नहीं कर सकते हैं ।
2. यदि तुम संसार से डरते हो और मोक्षप्राप्ति की इच्छा करते हो, तो इन्द्रिय पर विजय पाने के लिए बडा पुरुषार्थ करो ।
3. यहाँ से (हमारे पास से) वह दैत्य, लक्ष्मी (शोभा) को पाया है, (इसलिए) यहाँ से (हमारे पास से) विनाश के योग्य नही हैं, विष वृक्ष को भी बडा करने के बाद स्वयं ही उसे नष्ट करना अयोग्य है ।
4. फैले हुए तेज द्वारा हमेशा दिशाओं को प्रसन्न करनेवाला यह सूर्य किसको अधिक आनंद नही देता है ।
5. कोई भी पाप वाला व्यापार (क्रिया) नहीं करूंगा और दूसरे के पास नहीं कराऊँगा, सुखपूर्वक रागरहित होकर बैठूंगा – इस प्रकार जिसके मन में इतना

आग्रह है, उसको तुम कहो – कितना विवेक है !

6. जो दूसरों को सलाह देने में होशियार हैं, उनकी वास्तव में पुरुषों में गणना कैसी? जो खुद को सलाह देने में होशियार हैं उन पुरुषों की पुरुषों में गणना होती है।
7. जबरदस्ती उसे खाने के लिए बैठाया, लेकिन उसने कुछ भी खाया नही, मुझे कुछ भी अच्छा नही लगता है, इस प्रकार बार बार यही बोलता था ।
8. जो मनुष्य जिस प्रकार से बोध पाता हो, उसको उस प्रकार से बोध देना चाहिए।
9. जितने समय में मैं उतरूँ (उतने समय) नजदीक में ही रथ को खड़ा रख ।
10. शकुन्तला के लिए वनस्पति में से फूल लाओ, इस प्रकार आपके द्वारा हमें आज्ञा की हुई है ।
11. अपने सुख की अभिलाषा रहित तू लोगों के लिए दुःख को झेल रहा है अथवा प्रतिदिन तेरी प्रवृत्ति इसी प्रकार की है, वास्तव में झाड, ऊपर से तीव्र (तेज) गर्मी सहन करता है (और) छाया द्वारा आश्रितों के परिताप (गर्मी) को मिटाता है।
12. पापी मनुष्य की कथा करने से वास्तव में पाप बढ़ता है, यश को दूषित करती है, लघुता को धारण करते है, मन के परिणामों को बिगाड़ते हैं और धर्म बुद्धि का नाश करते है ।
13. काले सांप के बच्चे द्वारा चंदन दूषित होता हैं ।
14. बहुत कहने से क्या? और भी तेरे मन में हो वह सब बता, जिससे मैं उसे जल्दी से सम्पन्न कर लूँ।
15. स्वयंवर में आई हुई कन्याओ के साथ माता पिता के द्वारा उसकी शादी हुई।
16. **राक्षस** – उठ उठ, अभी काल विलंब करना छोड़ दे। विष्णुदास को निवेदन करो कि यह राक्षस चंदनदास को मौत से छुड़ाता है ।
17. सभी कारण पूर्व जन्म में किये हुए कर्मों के उदय की अपेक्षा बिना फल नही देते है ।
18. सुमित्रा ने भी, वर्षा ऋतु के बादलों जैसे वर्ण वाले सम्पूर्ण लक्षणवाले (और) जगत के मित्र (समान) पुत्र रत्न को जन्म दिया ।
19. राजा ने पकड़े हुए मंगल पाठक और शत्रुओं को भी छुड़ा दिया, यानी उत्तम पुरुषों के जन्म से कौन सुख से नहीं जीता है ।
20. उसने सैन्य के समूह द्वारा पृथ्वी को दुःखी किया, शेषनाग को भार की पीड़ा बताई, शत्रुओं को यमपुरी बताई और पिशाचों को शत्रुओं का मांस खिलाया ।

21. मोह आदि द्वारा क्रीड़ा के हेतु से मैं क्षण में रागी बन, क्षण मे विरागी, क्षण में क्रोधी और क्षण में शांत बना ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. तथा कुर्वन् राजा तस्य राज्ञ्या पुष्पावत्याऽवार्यत किन्तु तामपि स नाऽजीगणत्।
2. हे आर्यपुत्र ! त्वं सर्वथा दु:खं मा कृथा:, अहमचिराद् भ्रातरं बोधयिष्यामि त्वदीप्सितं च कारयिष्ये ।
3. नमद्ग्रीवा यशोभद्रादय: शिष्या ऊचु:, भवता प्रथममस्मानपत्यसम्बन्ध: कथं न ज्ञापित: ।
4. भूरिहर्ष: सूरिरूचे, अपत्यसम्बन्धं ज्ञात्वा नूनं यूयं मणकेन मुनिनोपास्तिं नाऽकारयिष्यत तस्माच्च स स्वार्थं व्यमोक्ष्यत ।
5. तं रङ्कं प्रव्राज्य मोदकादीष्टभोजनं यथारुचि वयमबूभुजाम ।
6. राजाऽशोकस्तं बालमानाययत्तस्य च नाम सम्प्रतिरित्यकृत ।
7. राजाऽशोक:, दशाहादनन्तरं सम्प्रतिं स्वराज्ये न्यवीविशत् ।
8. कुमारस्तं लेखं वाचयामास वाचयित्वा च तूष्णीभूत: ।।
9. चन्द्रगुप्तं विषं दत्त्वा कोऽपि न घातयेदिति हेतुना चाणक्येन स दिनं प्रत्यधिकाधिकं विषाहारमभोज्यत ।
10. मौर्यमाज्ञाप्य चाणक्येन सुबन्धुस्तस्य सचिव: कारितोऽभूत् ।

# परिशिष्ट्

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

महासत्त्वशाली, तत्त्वज्ञ, सद्बुद्धिवाले, विद्याधर के स्वामी शतबल राजा एक दिन यह विचार कर रहे थे।

स्वाभाविक अपवित्र ऐसे इस शरीर को संस्कारों द्वारा पवित्र करके, खेद की बात है कि कितने समय रखेंगे?

वास्तव में खल की तरह यह काया, अनेक बार संस्कार करने पर भी जब संस्कार नहीं करते हैं, तब विकृत हो जाता है ।

आश्चर्य है कि बाहर गिरे हुए विष्ठा, मूत्र और कफ आदि से प्राणी लज्जित होते हैं परंतु काया के भीतर रही विष्ठा आदि से लज्जित नहीं होते हैं ।

जीर्ण होते वृक्ष के छिद्रों में क्रूर सर्प उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार इस शरीर में अत्यंत पीडादायी रोग पैदा होते हैं ।

शरद ऋतु के मेघ की तरह यह काया स्वभाव से ही नष्ट हो जानेवाली है और उसमें पहले देखी गई और नष्ट हुई (क्षणिक) यौवन की शोभा बिजली की तरह है ।

आयुष्य ध्वजा के समान चपल है, लक्ष्मी तरंग की तरह अस्थिर है, भोग साँप के फण समान हैं और संगम स्वप्न तुल्य है ।

काम-क्रोध-आदि ताप से रात दिन तपाता हुआ शरीर के भीतर रही आत्मा, पुटपाक की तरह पकाया जाता है।

जिस प्रकार अशुचि में सुख माननेवाला विष्ठा का कीड़ा लेश भी वैराग्य नहीं पाता है, उसी प्रकार अतिदु:खदायी विषयों में सुख माननेवाला मनुष्य, आश्चर्य है कि वह लेश भी वैराग्य नहीं पाता है ।

जिस प्रकार अंधा व्यक्ति अपने पांव के सामने रहे कुए को नहीं देखता है, उसी प्रकार खराब परिणामवाले विषयों के आस्वाद में मनवाला मनुष्य अपने पाँव के आगे रही मृत्यु को नहीं देखता है ।

प्रारंभ में ही मधुर ऐसे विष समान विषयों से आत्मा मूर्च्छित ही रहती है, वह स्वहित के लिए जागृत नहीं होती है ।

चारों का पुरुषार्थ समान होने पर भी खेद की बात है कि पापी ऐसे अर्थ-काम में आत्मा प्रवृत्ति करती है, परंतु धर्म और मोक्ष में प्रवृत्ति नहीं करती है ।

इस अपार संसार सागर में प्राणियों को महारत्न की तरह अमूल्य मनुष्यपना अति दुर्लभ है। यदि मैं मनुष्यपने का फल प्राप्त न करूँ तो अभी पाटण मे रहते हुए भी चोरों द्वारा ठगा गया हूँ।

(2)

जैसे तैसे व्यक्ति को उपदेश नहीं देना चाहिए । देखो, मूर्ख ऐसे बंदर ने सुघरी (पक्षी) को घर रहित बना दिया ।

दमनक ने कहा 'यह कैसे?'

उसने कहा, किसी वन प्रदेश में खीजड़े का वृक्ष है, उसमें लटकनेवाली शाखा में जंगली चिड़ा व चिड़िया रहते थे ।

उसके बाद किसी समय वे दोनों सुखपूर्वक रहे हुए थे, तभी हेमंतऋतु का मेघ धीरे-धीरे बरसने लगा।

उस समय पवनयुक्त बरसात से भीगा हुआ, रोमांचित देहवाला, दांतों की वीणा को बजाता हुआ और कंपता हुआ कोई बंदर खीजड़े के झाड़ के मूल को पकड़कर बैठा।

उसके बाद उसकी इस स्थिति को देखकर सुघरी ने कहाः 'हे भद्र, तू हाथ-पांव सहित पुरुष की आकृतिवाला दिखता है तो हे मूढ़! ठंड़ी से क्यों दुःखी है? घर क्यों नहीं बनाता है?

इस बात को सुनकर गुस्से में आकर उस बंदर ने कहा, 'हे अधम! तू क्यों मौन नहीं रहती है?

'अहो ! उसकी धृष्टता ! आज मुझ पर हँस रही है । सुई जैसे मुखवाली दुराचारिणी, अपने आपको पंडित माननेवाली रंडा बोलती हुई शरमाती नहीं है? तो क्यों न उसे मारूँ? इस प्रकार प्रलापकर उसको कहा ' हे मुग्धे ! तुझे मेरी चिंता करने की जरूरत नहीं है।'

कहा भी है -

'श्रद्धालु को कहो, पूछनेवाले को विशेष कहो, परंतु श्रद्धा रहित को कहना तो अरण्य रुदन जैसा ही होता है । तो (हे भाई) ज्यादा कहने से क्या फायदा?

उस समय उस बंदर ने खीजड़े के झाड़ पर चढ़कर उसके घोसले के सौ-सौ टुकड़ें कर दिए। इसलिए मैं कहता हूँ - 'जैसे तैसे व्यक्ति को उपदेश नहीं देना चाहिए'।

(3)

हिरण हिरण के साथ, गाय गाय के साथ, घोड़ा घोड़े के साथ, मूर्ख मूर्ख के साथ और समझदार समझदार के साथ संग करता है, समान आचार और आदतवालों के साथ मैत्री होती है ।

अपार इस संसार में किसी भी प्रकार से मनुष्य भव को प्राप्त कर विषयसुख की तृष्णा में डूबा हुआ जो मनुष्य धर्म नहीं करता है, वह मूर्खों में मुख्य है, वह तो समुद्र में डूबते हुए भी श्रेष्ठ जहाज को छोड़कर पत्थर पकड़ने का प्रयत्न करता है ।

विद्वान मनुष्य के परिश्रम को वास्तव में विद्वान मनुष्य ही समझता है क्योंकि वंध्या स्त्री, गर्भवाली स्त्री की प्रसव वेदना को नहीं जानती है।

सूर्य उगते समय लाल होता है और अस्त समय भी लाल होता है । बड़े व्यक्ति संपत्ति और विपत्ति में एक समान होते हैं ।

नीच जाति, अनिष्ट का समागम, प्रिय वियोग, भय, दरिद्रता, अपयश और सभी लोगों का पराभव ये सभी पाप रूपी वृक्ष के फल हैं ।

हे भाई ! कहो, सत्संगति पुरुषों को क्या नहीं करती है। वह बुद्धि की जड़ता दूर करती है, वाणी में सत्य का सिंचन करती है मान की उन्नति करती है, पाप को दूर करती है, चित्त को प्रसन्न करती है और सभी दिशाओं में कीर्ति फैलाती हैं ।

जब तक लीला से उन्नत पूंछवाला सिंह आता नहीं है, तभी तक मद से उन्मत्त बने हुए हाथी वन में गर्जना करते हैं ।

तपे हुए लोहे पर गिरे हुए पानी का नाम ही नहीं रहता है, वही पानी कमल के पत्ते पर रहा हुआ मोती के आकार से शोभता है। स्वाति नक्षत्र में सीप के संपुट में गिरा वह पानी मोती बनता हैं । प्राय: करके अधम, मध्यम और उत्तम गुण संगति के अनुसार होते हैं ।

गुणीजन अपने गुणों से ही सेवनीय हैं, लक्ष्मी से नहीं । क्या फल की ऋद्धि से रहित चंदन का वृक्ष आनंद नहीं देता है?

दरिद्रता समान होने पर भी अहो ! चित्तवृत्ति में कितना अंतर है? कुछ नहीं दे पाए' इस कारण शोक करते हैं, तो कुछ 'कुछ नहीं मिला' इस प्रकार विचार कर शोक करते हैं ।

कई (संत पुरुष) अत्यधिक दु:ख में भी विपरीत आचरण नहीं करते हैं, जलता

हुआ भी कपूर अपनी सुगंध को छोडता नहीं है ।

सज्जन के संग में इच्छा, दूसरों के गुणों में प्रीति, गुरु में नम्रता, विद्या में व्यसन, अपनी स्त्री में रति, लोक निंदा से भय, अरिहंत में भक्ति, आत्मदमन में शक्ति, दुर्जन के संग से मुक्ति – जिसमें ये निर्मल गुण रहते हैं, वे इस पृथ्वी पर प्रशंसनीय हैं ।

राज्य, संपत्ति, भोग, कुल में जन्म, सुंदर रूप पांडित्य, दीर्घ आयुष्य और आरोग्य–धर्म के ये फल हैं।

हे प्रभो ! हमें इच्छित की प्राप्ति नहीं होती है, उसमें आपका दोष नहीं है, वह हमारे ही कर्मों का दोष है, उल्लू दिन में नहीं देखता है तो उसमें सूर्य का दोष कैसे?

यदि सज्जनों के मार्ग का संपूर्ण अनुसरण शक्य न हो तो आंशिक भी अनुसरण करना चाहिए क्यों कि मार्ग में रहा हुआ खेद नहीं पाता है ।

विपत्ति में दीन न बनना महान् पुरुषों के मार्ग का अनुसरण करना, न्याययुक्त वृत्ति को प्रिय बनाना, प्राणनाश के प्रसंग में भी मलिन कार्य को करणीय नहीं मानना, दुर्जनों से प्रार्थना नहीं करना, सज्जनों के इस विषम असि धाराव्रत को किसने बताया है?

शक्य बात में प्रमादी मनुष्य ठपके का पात्र बनता है, अशक्य बात में मनुष्य अपराध के योग्य नहीं है ।

जो मनुष्य अपने और दूसरे के बल–अबल का विचार किए बिना अशक्य अर्थ में प्रवृत्ति करता है, वह विद्वानों के लिए हँसी का पात्र ही बनता है।

शक्ति होने पर बुद्धिशाली व्यक्ति को परोपकार करना चाहिए, परोपकार की शक्ति न हो तो स्व उपकार में विशेष आदर करना चाहिए ।

विद्या और ध्यानयोग में अच्छी तरह से अभ्यास होने पर भी हितेच्छु को संतोष नहीं करना चाहिए, बल्कि उन दोनों में स्थिरता ही हितकर है।

सत्पुरुष, नम्र व्यक्तियों में दयालु, दीन का उद्धार करने में तत्पर, स्नेहपूर्वक चित्त देनेवाले के विषय में अपने प्राण भी देनेवाले होते हैं ।

गुरु प्रत्यक्ष में स्तुति योग्य है। मित्र और बंधु परोक्ष में स्तुति योग्य हैं । नौकर वर्ग कार्य के अंत में स्तुति योग्य है। पुत्र स्तुति करने योग्य नहीं है और स्त्रियाँ मरने के बाद स्तुति करने योग्य हैं ।

एकांत सुख और एकांत दु:ख को पाया हुआ कौन है ? चक्र की धारा के समान मनुष्य ऊपर और नीचे जाता है ।

(4)

चाणक्य:- सुंदर! वत्स, मणिआर शेठ चन्दनदास को अभी देखने की इच्छा करता हूँ।

शिष्य:- वैसा ही करता हूँ। (बाहर निकलकर चन्दनदास के साथ प्रवेश करके) श्रेष्ठी ! इधर-इधर।

चन्दनदास (अपने मन में सोचता है)

दयाहीन चाणक्य के विषय में, अचानक बुलाए हुए निर्दोष व्यक्ति को भी शंका पैदा होती है तो दोषयुक्त मुझे शंका क्यों न हो?

इसलिए मैंने अपने घर रहे धनसेन आदि को कहा है - कदाचित् वह दुष्ट चाणक्य घर की छानबीन कराए, तो मालिक अमात्यराक्षस के गृहजनों को संभालना, मेरा जो होना हो सो हो।'

शिष्य: (पास में आकर) उपाध्याय, ये श्रेष्ठी चन्दनदास !

चन्दनदास: 'आपकी जय हो!'

चाणक्य: (देखने का नाटक करके) श्रेष्ठी ! भले पधारो। इस आसन पर बैठो।

चन्दनदास: (प्रणाम करके) क्या आप नहीं जानते हो कि अनुचित उपचार (सन्मान) हृदय को पराभव से भी अधिक दु:ख पैदा करता है, इस कारण यहीं पर उचित भूमि पर बैठता हूँ।

चाणक्य: हे श्रेष्ठी ! ऐसा नहीं है, ऐसा नहीं है, हमारे द्वारा यह संभवित ही है, अत: आप इस आसन पर बैठो।

चन्दनदास: (अपने मन में सोचता है) इस दुष्ट द्वारा कुछ बाहर लाया गया।

(प्रगट बोलता है) आप जैसी आज्ञा करते हैं, ऐसा कहकर बैठ गए।

चाणक्य: हे श्रेष्ठी चन्दनदास! क्या व्यापार में वृद्धि और लाभ मिल रहा है?

चन्दनदास: (मन में सोचता है) अति आदर शंका के पात्र है। (प्रगट बोलता है) हाँ ! आपकी मेहरबानी से मेरा व्यापार अखंडित है।

चाणक्य: चंद्रगुप्त राजा के दोष क्या याद अतिक्रांत राजा के गुणों की याद नहीं दिलाते हैं?

चन्दनदास: (कान बंद करके) पाप शांत हो, ऐसा न बोलो। शरद ऋतु की रात्रि में उदय पाए हुए पूर्णिमा के चंद्र समान चंद्रगुप्त राजा से प्रजा अधिक खुश हैं।

चाणक्य: हे श्रेष्ठी ! यदि ऐसा है तो खुश प्रजा से राजा प्रतिप्रिय (बदले में प्रिय वस्तु) चाहता है।

चन्दनदास: फरमाइए ! इस मनुष्य के पास से आप क्या चाहते हो?

चाणक्य: हे श्रेष्ठी! यह चंद्रगुप्त का राज्य है, नंद राजा का नही। अर्थरुचि ऐसे नंदराजा को ही अर्थ (धन) का संबंध प्रीति उत्पन्न करता है। चंद्रगुप्त राजा को तो आपका अक्लेश ही प्रीति उत्पन्न करता है।

चन्दनदास: (खुश होकर) हे आर्य ! आपके द्वारा मैं अनुगृहीत हूँ ।

चाणक्य: संक्षेप में राजा के विषय में अविरुद्ध वर्तन होना चाहिए।

चन्दनदास: वह कौन अभागी है, जो राजा से विरुद्ध है – ऐसा आपके द्वारा जाना गया है।

**चाणक्य:** पहले तुम ही ।

**चन्दनदास:** (कान बंद कर) पाप शांत हो, पाप शांत हो, ऐसा न बोले, ऐसा न बोलें। तृण को अग्नि के साथ विरोध कैसे?

**चाणक्य:** यह ऐसा विरोध है, जो तुम अभी भी राजा के अहितकारी अमात्य राक्षस के गृहजन को अपने घर में लाकर रखते हो।

**चन्दनदास:** आर्य! यह असत्य है, किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपको निवेदन किया है।

**चाणक्य:** हे श्रेष्ठी ! शंका रहने दो । भयग्रस्त पहले के राजपुरुष, नगरजनों को नहीं चाहते हुए भी घर में अपने लोगों को छोड़कर देशांतर में जाते है, अत: उन्हें छिपाना, गुन्हा ही है ।

**चन्दनदास:** उस समय हमारे घर में अमात्य राक्षस के गृहजन थे । **चाणक्य** पहले कहते थे 'असत्य है' और अब कहते हो 'वे थे' ये परस्पर विरोधी वचन हैं।

**चन्दनदास:** इतना ही मेरी वाणी का छल कपट है।

**चाणक्य:** चंद्रगुप्त राजा के विषय में छल का अपरिग्रह है अत: राक्षस के गृहजनों को सौंप दो । तुम्हारे छल का अभाव हो।

**चन्दनदास:** हे आर्य ! मैं आपसे विनंती करता हूँ कि उस समय, हमारे घर में अमात्य राक्षस के गृहजन थे।

**चाणक्य:** तो अब कहाँ गए?

**चन्दनदासः** मुझे पता नहीं है।

**चाणक्यः** (थोडा हँसकर) क्यों नहीं जानते हो? हे श्रेष्ठी ! सिर पर भय है, उसका प्रतिकार अतिदूर है।

चन्दनदासः (मन में बोलता है) 'क्या यह दुःख आ पड़ा है। ऊपर आकाश में मेघ की गर्जना है और स्त्री दूर है। सिर पर साँप पड़ा है और दिव्य औषधियाँ हिमालय में हैं।

(5)

उज्जयिनी नगरी के मार्ग में बीच में एक बड़ा पीपल का वृक्ष है, उसके ऊपर हंस और कौआ रहता है। एक बार ग्रीष्म ऋतु में एक थका हुआ मुसाफिर उस झाड़ के नीचे धनुष में बाण जोड़कर सोया है।

थोडी देर में उसके मुख पर से झाड की छाया चली गई, अतः सूर्य के तेज से उसके मुख को व्याप्त देखकर उस वृक्ष पर रहे हंस ने दया से अपनी पाँखों को फैलाकर उसके मुख पर छाया की।

उसके बाद अत्यंत निद्राधीन उस व्यक्ति ने अपना मुख चौडा किया।

दूसरे के सुख को सहन नहीं करनेवाला कौआ अपने दुर्जन स्वभाव से उसके मुख में बीट (विष्टा) कर भाग गया। उसी समय उस मुसाफिर ने उठकर ऊपर देखा, उसने वहां रहे हँस को देखा। उसने बाण से हंस को मार दिया। इसीलिए कहा जाता है 'दुर्जन के साथ न रहें!'

दुर्जन व्यक्ति दुष्ट आचरण करता है और निश्चय ही उसका फल सज्जनों को मिलता है। रावण ने सीता का हरण किया और बंधन समुद्र को हुआ।

# हिन्दी साहित्यकार पू. पंन्यासप्रवर श्री रत्नसेन


71



72



73



74



75


76


83



84


85



86



87


88



95


96



97



98


99





106



107



108


109


110


111



118


119


120


121


122


123


130


131


132


133


134



135

## न विजयजी म.सा. का अनमोल साहित्य वैभव




77 78 79 80 81 82




89 90 91 92 93 94




100 101 102 103 104 105




112 113 114 115 116 117




124 125 126 127 128 129




136 137 138 139 140 141

# पू. पंन्याससप्रवर श्री रत्नसेनविजयजी गणिवर्य का हिन्दी साहित्य

1. वात्सल्य के महासागर
2. सामायिक सूत्र विवेचना
3. चैत्यवन्दन सूत्र विवेचना
4. आलोचना सूत्र विवेचना
5. श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र विवेचना
6. कर्मन् की गत न्यारी
7. आनन्दघन चौबीसी विवेचना
8. मानवता तब महक उठेगी
9. मानवता के दीप जलाएं
10. जिन्दगी जिन्दादिली का नाम है
11. चेतन ! मोहनींद अब त्यागो
12. युवानो ! जागो
13. शांत सुधारस-हिन्दी विवेचना भाग-1
14. शांत सुधारस-हिन्दी विवेचना भाग-2
15. रिमझिम रिमझिम अमृत बरसे
16. मृत्यु की मंगल यात्रा
17. जीवन की मंगल यात्रा
18. महाभारत और हमारी संस्कृति-1
19. महाभारत और हमारी संस्कृति-2
20. तब चमक उठेगी युवा पीढी
21. The Light of Humanity
22. अंखियाँ प्रभुदर्शन की प्यासी
23. युवा चेतना
24. तब आंसू भी मोती बन जाते है
25. शीतल नहीं छाया रे... (गुजराती)
26. युवा संदेश
27. रामायण में संस्कृति का अमर सन्देश-1
28. रामायण में संस्कृति का अमर सन्देश-2
29. श्रावक जीवन-दर्शन (तृतीय आवृत्ति)
30. जीवन निर्माण
31. The Message for the Youth
32. यौवन-सुरक्षा विशेषांक
33. आनन्द की शोध
34. आग और पानी भाग-1
35. आग और पानी भाग-2
36. शत्रुंजय यात्रा (द्वितीय आवृत्ति)
37. सवाल आपके जवाब हमारे
38. जैन विज्ञान
39. आहार विज्ञान
40. How to live true life ?
41. भक्ति से मुक्ति (पांचवी आवृत्ति)
42. आओ ! प्रतिक्रमण करे
43. प्रिय कहानियाँ
44. अध्यात्मयोगी पूज्य गुरुदेव
45. आओ ! श्रावक बने
46. गौतमस्वामी-जंबुस्वामी
47. जैनाचार विशेषांक
48. हंस श्राद्ध व्रत दीपिका
49. कर्म को नहीं शर्म
50. मनोहर कहानियाँ
51. मृत्यु-महोत्सव
52. Chaitya-Vandan Sootra
53. सफलता की सीढ़ियाँ
54. श्रमणाचार विशेषांक
55. विविध-देववंदन (चतुर्थ आवृत्ति)
56. नवपद प्रवचन
57. ऐतिहासिक कहानियाँ
58. तेजस्वी सितारें
59. सन्नारी विशेषांक
60. मिच्छामि दुक्कडम
61. PanchPratikraman Sootra
62. जीवन ने तुं जीवी जाण (गुजराती)
63. आवो ! वार्ता कहुं (गुजराती)
64. अमृत की बुंदे
65. श्रीपाल मयणा
66. शंका और समाधान (तृतीय आवृत्ति)
67. प्रवचनधारा
68. धरती तीरथ'री
69. क्षमापना
70. भगवान महावीर
71. आओ ! पौषध करें
72. प्रवचन मोती
73. प्रतिक्रमण उपयोगी संग्रह
74. श्रावक कर्तव्य-1
75. श्रावक कर्तव्य-2
76. कर्म नचाए नाच
77. माता-पिता
78. प्रवचन रत्न
79. आओ ! तत्वज्ञान सीखें
80. क्रोध आबाद तो जीवन बरबाद
81. जिनशासन के ज्योतिर्धर
82. आहार : क्यों और कैसे ?
83. महावीर प्रभु का सचित्र जीवन
84. प्रभु दर्शन सुख संपदा
85. भाव श्रावक
86. महान ज्योतिर्धर
87. संतोषी नर-सदा सुखी
88. आओ ! पूजा पढाएँ !
89. शत्रुंजय की गौरव गाथा
90. चिंतन-मोती
91. प्रेरक-कहानियाँ
92. आई वडीलांचे उपकार
93. महासतियों का जीवन संदेश
94. श्रीमद् आनंदघनजी पद विवेचन
95. Duties towards Parents
96. चौदह गुणस्थान
97. पर्युषण अष्टाह्निका प्रवचन
98. मधुर कहानियाँ
99. पारस प्यारो लागे
100. बीसवीं सदी के महान् योगी
101. अमर-वाणी
102. कर्म विज्ञान
103. प्रवचन के बिखरे फूल
104. कल्पसूत्र के हिन्दी प्रवचन
105. आदिनाथ-शांतिनाथ चरित्र
106. ब्रह्मचर्य
107. भाव सामायिक
108. राग म्हणजे आग (मराठी)
109. आओ ! उपधान-पौषध करें !
110. प्रभो ! मन-मंदिर पधारो
111. सरस कहानियाँ
112. महावीर वाणी
113. सदगुरु-उपासना
114. चिंतन रत्न
115. जैन पर्व-प्रवचन
116. नींव के पत्थर
117. विखुरलेले प्रवचन मोती
118. शंका-समाधान भाग-2
119. श्रमण शिल्पी श्रीमद् प्रेमसूरीश्वरजी
120. भाव-चैत्यवंदन
121. Youth will shine then
122. नव तत्त्व-विवेचन
123. जीव विचार विवेचन
124. भव आलोचना
125. विविध-पूजाएँ
126. गुणवान् बनों
127. तीन-भाष्य
128. विविध-तपमाला
129. महान् चरित्र
130. आओ ! भावयात्रा करें
131. मंगल-स्मरण
132. भाव प्रतिक्रमण-1
133. भाव प्रतिक्रमण-2
134. श्रीपाल-रास और जीवन-चरित्र
135. दंडक-विवेचन
136. आओ ! पर्युषण-प्रतिक्रमण करें
137. सुखी जीवन की चाबियाँ
138. पांच प्रवचन
139. सज्झायों का स्वाध्याय
140. वैराग्य शतक
141. गुणानुवाद
142. सरलकहानियाँ
143. सुख की खोज
144. आओ ! संस्कृत सीखें ! भाग-1
145. आओ ! संस्कृत सीखें ! भाग-2
146. आध्यात्मिक का पत्र
147. शंका समाधान भाग-III

RAJUL
25010056,25010863